अर्ल स्टेनले गार्डनर

पैरी मेसन

डुप्लीकेट डैथ

उपन्यासकार

सचिन का

एक ऐसा भावनात्मक उपन्यास जिसकी
कहानी के पात्र आप और हमारे बीच
छिपे चेहरों से मिलते
जुलते ही होते हैं

प्रेरणा

डुप्लीकेट डेथ

पैरी मेसन सीरीज़

"क्या तुमने ही की उसकी हत्या···? जेल में ही पूछा था पैरी मेसन ने अपने क्लाईन्ट से ! "मि० मेसन··· सच तो यह है कि हत्या मैंने नहीं की—।" "पर यह तो निश्चित ही है कि कातिल परिवार का ही कोई··· सदस्य है—। क्या मुरेल···?" "मैं कोई जवाब नहीं देना चाहता—।" "तो क्या गिलमेन ने···?" "मैं जवाब देने को बाध्य नहीं हूं—।" "तो फिर तुम्हारी बीवी ने···?" "मैंने कहा ना कि मैं कुछ बताना नहीं चाहता—बताऊंगा भी नहीं। कभी भी नहीं—किसी को भी नहीं—।" "हूं—।" पैरी मेसन उठ खड़ा हुआ—"तो मैं स्वयं ही देखता हूं कि तुम्हारे परिवार में झूठा कौन है। और अगर वे सब जो कहते हैं—वह सच है तो···तो मुझे विश्वास हो जाएगा कि तुम ही कातिल हो वीरा मार्टल के—।"

विश्व विख्यात पैरी मेसन सरीज के अत्यन्त ही रोचक और रहस्यपूर्ण उपन्यास है " डुप्लीकेट डाल्टर" का हिन्दी अनुवाद

आगामी आकर्षण :—

पैरी मेसन

का एक और सनसनी खेज मुकदमा

दी मास्टर प्लान

पृष्ठ संख्या २३०

मूल्य ५) रुपये

अनुवादक : राजभारती

अपने पाठकों से—

एक लम्बे अन्तराल के बाद अब फिर आपके सम्मुख हूं—इस नई रचना के माध्यम से ही। आरम्भ से ही यही कोशिश रही है कि अपने पाठकों को—हिन्दी जासूसी साहित्य को कुछ नया ही दे सकूं। जेम्स बान्ड सीरीज—कौना-कौना सीरीज—और जेम्स हेडली चेस, जैसे लेखक व विश्व विख्यात रचनाओं के बाद हिन्दी पाठकों के सम्मुख अब पैरी मेसन सीरीज के उपन्यास रखते मुझे गर्व भी हो रहा है और प्रसन्नता भी।

मुझे विश्वास है—पैरी मेसन सीरीज के उपन्यास भी बहुत शीघ्र ही हिन्दी पाठकों में अपना विशेष स्थान बना लेंगे। यह भी जानता हूं कि साधारण-सी लोकप्रियता के बाद ही आपको मार्किट में हर तरफ पैरी मेसन ही नजर आयेगा। जेम्स बान्ड सीरीज व जेम्स हेडली चेस के उपन्यासों की भर-मार आप देख ही चुके हैं। स्वार्थी प्रकाशकों की इसी परिपाटी को देखते हुए इस पत्र द्वारा ही मैं वायदा करता हूं कि पैरी मेसन सीरीज के असली उपन्यासों का सरल—रोचक अनुवाद ही आपके मनोरंजार्थ प्रस्तुत करता रहूंगा।

और अन्त में…यह चाहूंगा कि प्रस्तुत उपन्यास पढ़कर आप अपनी राय जरूर लिखें। विशेष तौर पर मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या पैरी मेसन सीरीज को मूल पात्रों व नामों में ही प्रस्तुत किया जाए या हिन्दी पात्रों के साथ इसके भारतीयकरण रूप में। आशा है आप अपनी राय जरूर लिखेंगे।

शेष फिर—

द्वारा—'खेल खिलाड़ी मासिक
पश्चिमी पटेल नगर
नई दिल्ली—११०००८

विनीत
राजभारती

उपन्यास

डुप्लीकेट डेथ

अनुवादक : राज भारती

प्रकाशक : सचिन पॉकेट बुक्स
१८/४० शक्ति नगर,
दिल्ली—११०००७

मूल्य : पांच रुपये

संस्करण : १६८१

मुद्रक : प्रिन्टैक्स इण्डिया
रणजीत नगर,
नई दिल्ली-११०००८

ओम् हनुमते नमः

डायनिंग रूम से किचन में जाते हुए मुरेल गिलमेन ने दरवाजा इस सावधानी व सतर्कता से बन्द किया था कि कहीं शोर में उसकी सौतेली मां की आंख न खुल जाए ! नेनसी···उसकी सौतेली मां प्रायः देर तक ही सोने की आदी थी···और उसकी बेटी गलेमिज का उठना-सोना तो कुछ निश्चित था ही नहीं !

मुरेल के पिता—कार्टर गिलमेन आज सम्भवतः कुछ अधिक भूखे थे। तभी तो उन्होंने अपनी बेटी को आमलेट के साथ ही सासेजिस सैंक लाने को कहा था ! उनकी यह इच्छा अस्वाभाविक ही थी—शायद इसी लिए मुरेल कुछ ढीलेपन से काम कर रही थी कि पापा शायद यह सब बनाकर लाने को मना ही कर दें। उसकी समझ में तो पापा ने पहले ही काफी भारी नाश्ता ले लिया था। नाश्ते के बाद पापा की यह इच्छा सुन उसे आश्चर्य ही हुआ था। पापा कभी भी तो नाश्ते में कुछ भारी नहीं लेते थे !

गिलमेन परिवार—एक अत्यन्त ही पुराने ढंग के इस तीन मंजिले भवन में रहता था ! मुरेल की मां की मृत्यु के बाद नेनसी के आने से इमारत में काफी आधुनिकता आ गई थी ! मुरेल का तो जन्म ही इसी भवन में हुआ था—यहीं पली और बढ़ी भी थी वह। आरम्भ में इस विचार से ही उसे एक घुटन का सा अह-

सास होता था कि उसकी नई मां नेनसी—उसकी मां के कमर पर कब्जा कर लेगी। उस कमरे से मां से सम्बन्धित कितनी यादें जुड़ी थीं। पर नेनसी में जाने कौन-सा ऐसा आकर्षण था कि वह इस बारे में कभी विरोध कर ही नहीं पाई—विशेशत: नेनसी के इस घर में आने के बाद तो बिल्कुल ही नहीं।

खाना पकाना मुरेल का शौक था—और इसी शौक के कारण उसने पाक विद्या में पर्याप्त निपुणता प्राप्त कर ली थी। फिर पापा की रुचि का भी तो उसे पता था। लगन से ही स्लाईस सेंक—सासेजिस तले व दो अण्डों का आमलेट तैयार कर—करीने से ही एक ट्रे में सजा पापा के कमरे में लौट आई। यह सब तैयार करने में उसे काफी देर लग रही थी। और पापा की भूख का भी तो अहसास था उसे। दोनों हाथों में ट्रे थामे—पांव से ही दरवाजा धकेल वह अन्दर आई थी! पर कमरे में कदम रखते ही उसे ठिठक कर रह जाना पड़ा!

पापा कमरे में नहीं थे। जिस कुर्सी पर उन्हें बैठे छोड़ गई थी···वह खाली पड़ी थी। जो अखबार वह पढ़ रहे थे—वह फर्श के नीचे पड़ा था। काफी का कप भी पूर्वत: ही भरा पड़ा था। ऐशट्रे पर रखी सिगरेट में से धुंआ उठ रहा था।

प्लेटें मेज पर रखने के बाद मुरेल ने अखबार उठा लिया। फैन्सी कपड़ों का एक विज्ञापन देखते हुए ही वह प्रतीक्षा करने लगी! कुछ देर तक भी जब पापा नहीं लौटे तो वह व्यग्र हो उठी। नाश्ता ठण्डा हो जाना था। नीचे के बाथ रूम में झांक आई—पापा वहां भी नहीं थे! फिर नीचे के इन सभी कमरों को देख डाला—पर पापा का कहीं पता नहीं था।

कहीं ऐसा तो नहीं कि पापा काम पर चले गए हों—और उसने यूं ही इतनी मेहनत की है। पर स्वयं ही उसने अपने इस ख्याल को झुठला दिया। नाश्ता वह उन्हीं के कहने पर तो तैयार कर रही थी—और आवश्यकतावश उन्हें जाना ही पड़ गया।

था तोवह बताकर जरूर जाते ! बाहर से कोई फोन भी नहीं आया था जो उन्हें तत्काल ही जाना पड़ गया हो—वरना फोन की घण्टी की आवाज तो उसने भी सुनी होती।

जरूर कोई बात होगी कि पापा ऊपर नेनसी के कमरे में चले गए होंगे। कहीं नेनसी की तबियत तो खराब नहीं—? यह विचार आते ही वह तेजी से मगर दबे पांव ही ऊपर जा पहुंची। मन में अन्देशे पाले ही उसने नेनसी के कमरे के दरवाजे का हैंडल घुमा उसे अन्दर को धकेला।

उसकी सौतेली मां—नेनसी जागी हुई थी—ठीक दरवाजे के सामने ही खड़ी नजर आई—"क्यों, क्या बात है—?" मुरेल को वहां देख जैसे उसको हैरानी ही हुई थी !

"पापा—?" इतना ही कह पाई मुरेल !

नेनसी ने एक नजर डबल बेड पर डाली, फिर बोली, "वह तो एक घण्टा पहले ही उठ गए थे—।" उसके चेहरे पर उपेक्षा के ही भाव थे—पर फिर औपचारिक सी मुस्कान होंठों पर लाते पूछा— "क्यों क्या नाश्ता नहीं किया उन्होंने—?"

"नहीं—वह नाश्ता कर रहे थे। खाने को कुछ और बनवाया था—मैं उन्हें यही कहने आई थी—नाश्ता ठंडा हो रहा है—।"

नेनसी बिस्तर पर जा बैठी थी। कोमल तकिया अपनी जांघों पर रख—कोहिनियों के बल झुकते हुए ही बोली, "बहुत ख्याल रखती है अपने पापा का—।"

उसके होंठों की यह विषाक्त सी मुस्कान मुरेल को अच्छी नहीं लगी। कुछ और कहे बिना ही धीरे से दरवाजा बन्द कर वह पलट आई !

देखने को कोई और जगह शेष नहीं रही थी ! हां—अगर वह नीचे स्टोर में गए हों तो और बात थी।

और तभी...बिजली के धमाके की तरह ही एक विचार मुरेल के मस्तिष्क में कौंधा। कुछ दिनों से वह पापा को काफी

परेशान व उत्तेजित सा देख रही थी ! फिर दो दिन पूर्व ही तो उन्होंने उससे कहा भी तो था—"मुरेल, निकट भविष्य में अगर मुझसे सम्बन्धित कुछ अनूठा महसूस करो तो इस बात का ध्यान रखना कि मैं पुलिस का हस्तक्षेप पसन्द नहीं करूंगा। समझी मेरी बेटी—पुलिस की सहायता अपने किसी मामले में नहीं लेना चाहूंगा मैं—।"

तब मुरेल को हैरानी भी हुई थी और उलझन भी। पर शान्त मुस्कराहट के बीच—पापा उसे समझाने में सफल हो गए थे कि पुलिस प्रायः मामलों को उलझा देती है—और यह उलझन परेशानी का ही कारण बनता है। कुछ-कुछ समझते हुए मुरेल तब आश्वस्त हो गई थी !

पर अब इसी सोच ने उसे भयभीत भी कर दिया था और आशंकित भी। तेजी से भागते हुए वह स्टोर की तरफ आई ! सीढ़ियां भी इस तेजी से तय की थीं कि उसकी सांस फूलने लगी ! यह बड़ा सा कमरा—पुराने व काम में न आने वाले सामान से भरा पड़ा था। पर यहां ऊपर भी तो कोई नहीं था। ना छत पर ना स्टोर में। निढाल—थके क़दमों से ही वह नीचे उतर आई !

सीढ़ियों से उतरते ही उसका सामना—अपनी सौतेली बहन गलेमिज से हो गया। लम्बा कद—गौर वर्ण—भरा-भरा शरीर—हर क्षण नशे में डूबी सी मादक-मादक आंखें ! काफी सुन्दर थी गलेमिज। पारदर्शी नाईटी में उसका गुलाबी-गुलाबी बदन ही नहीं—छलक रहे थे जो बरबस ही कामुकता जगा दे। नींद की खुमारी लिए उसकी मोटी-मोटी आंखों में भी तो कामुकतापूर्ण ही निमंत्रण था जैसे !

"यह इतनी रात में तुम वहां ऊपर क्या कर रही थी...?" शुष्कता ही भरी थी उसके शब्दों में—असमय जागने पर की झुंझलाहट भी तो थी। उसके लिए तो अभी रात ही थी ना।

"ओह—मुझे खेद है—।" मुरेल नम्रता से बोली—"मैं कुछ देखने गई थी ऊपर ! मुझे दुःख है—तुम्हें असुविधा हुई—वैसे अपनी तरफ से तो मैं बहुत धीरे चली थी।"

"धीरे—।" चीख सी उठी गलेमिज, "मुझे तो यही लग रहा था जैसे घुड़दौड़ हो रही है—मेरे कमरे के ठीक ऊपर—।"

"आई एम सॉरी—।" अपने क्रोध को दबाते—नम्रता ही ओढ़े रही मुरेल।

गलेमिज हंस दी—शायद जान कर ही—"क्षमा करना मुरेल—बेवक्त जाग जाने से दिमाग गर्मा उठता है मेरा—काफी तो तैयार होगी—।"

मुरेल ने सिर हिला दिया—हां ही में !

"काफी के दो घूंट ही दिमाग को ठीक करेंगे मेरा—फिर आ कर सोऊंगी दो-एक घन्टे। अब तो तुम्हें ऊपर कोई और काम नहीं है ना—।"

"नहीं—।" मुरेल ने गर्दन हिलाई, "मुझे दुःख है—तुम्हें जगा दिया। मैंने डैडी के लिए नाश्ता तैयार किया था।"

"ऊपर स्टोर में—।" गलेमिज फिर जोर से हंसी।

मुरेल ने उसके कन्धे को थपथपाया—धीमे से ही—बोली—"तुम अपना बिस्तर सम्भालो—मैं खुद ले आती हूं काफी तुम्हारे लिए—।"

"आप शायद नाराज हो गई हैं।" उसके मनोभावों को पढ़ते बोली गलेमिज, दरअसल आपके—इनिएट का ख्याल था ! वह रात यहीं रुक गया था—और उसे नींद की सख्त जरूरत है—।"

"क्या—वह यहीं हैं—?" मुरेल को आश्चर्य ही हुआ !

"हां—सुबह जाने को तो था—पर नहीं जा सका। कार की इग्नीशन की उसने आन ही छोड़ दी थी रात को—सुबह तक बेटरी जवाब दे गई ! तब मैंने उसे यहीं सो जाने को कह दिया।

"क्या मम्मी जानती है—यह बात ?"

"ऊं—हुं—।" वह आंखों से मुस्कराई, "इतनी सी बात बताने के लिए क्या उन्हें जगाना जरूरी था और फिर मैं कोई बच्ची नहीं हूं—बीस वर्ष की हो गई हूं—और फिर इलियट...।" मोहक अन्दाज से ही जिव्हा अपने होंठों पर फेरते हंस दी वह। कितनी उन्मुक्त थी उसकी हंसी। हमेशा खुल कर ही हंसती थी! हंसते हुए ही वह कालीन बिछे कैरीडोर में अपने कमरे की तरफ बढ़ गई।

मुरेल नीचे आ गई। यही विश्वास हो चला था कि जरूर पापा को कोई आवश्यक काम याद आ गया होगा और वह जल्दी में ही—उसे कुछ कहे बिना ही आफिस चले गए होंगे! गलेमिज का नाश्ता ले वह स्वयं ही उसके कमरे में चली गई! गलेमिज बिस्तर में ही थी—उसे देखते ही बोल उठी, "कुछ खाने को भी है साथ—?"

"क्या भूख लगी है—?" मुरेल मुस्करा दी।

"पूछो मत···पेट में चूहे दौड़ रहे हैं! कुछ खाए बिना मुझसे उठा ही नहीं जाता। हैरानी होती है कि तुम यह सब कैसे कर लेती हो।"

"वह क्या—?"

"यही—इतने सारे काम—घर के बाहर के—।"

मुरेल क्या जवाब देती। बटर टोस्ट के साथ गर्म-गर्म कॉफी—नया जीवन ही पा लिया था जैसे गलेमिज ने—"ओह थंक यू डार्लिंग—थैंक्स ए लॉट···।" उसने आभार दर्शाया, "अब कुछ घन्टे आराम से सो सकूंगी।"

मुस्कराते हुए ही ट्रे उठाये मुरेल बाहर निकल आई। रसोई की तरफ जाते हुए उसकी निगाहें डायनिंग रूम में डायनिंग टेबल पर पड़ गईं। पापा के लिए तैयार किया नाश्ता पूर्ववत: ही रखा था। अन्देशे फिर सिर उठाने लगे। पापा के आज

के व्यवहार ने फिर उसे उलझा दिया था। और···तभी उसकी निगाहें पापा के ब्रीफकेस पर पड़ीं ।

ब्रीफ केस लिए बिना तो पापा किसी सूरत में भी आफिस नहीं जा सकते थे। फिर आज तो उनके ब्रीफ केस में कुछ अधिक ही महत्व के कागजात भी थे—रात भर वह इन्हीं कागजात में सिर खपाते रहे थे। प्रातः नाश्ते के समय भी ब्रीफ केस साथ ही रखे बैठे थे। तब भी वह उन्हीं कागजात के अध्ययन में व्यस्त रहे थे।

कमरे में आ—कुछ सोचते हुए ही मुरेल ने ब्रीफ केस उठाकर खोला···अनुबन्धों वाले वे कागजात उसमें ही थे। नीले रंग की उसी फाईल कवर में ही। इसी फाईल पर एक कागज भी पिन किया हुआ था। मुरेल की निगाहें सुकड़ गईं। इस कागज पर कुछ लिखा था—लेख उसके पापा का ही था। लिखा था—'आवश्यकता पड़ने पर एडवोकेट पैरीमेसिन से ही सम्बन्ध स्थापित करना—किसी अन्य से कोई बात ना की जाए—।' हाथ से लिखे इस वाक्य के बाद कार्टर गिलमेन के ही हस्ताक्षर थे। अन्तिम शब्द कुछ यूं अस्पष्ट से भी तो थे जैसे बहुत जल्दी में ही आदेश पूरा कर—फाईल ब्रीफ केस में रख दी गई हो।

फिर कुछ दिन पूर्व भी तो पापा ने कुछ अनूठा हो जाने पर पुलिस की सहायता ना लेने के बारे में उससे कहा था। किसी अनिष्ट की आशंका से मुरेल का दिल कांप गया। पापा ने यह नोट डायनिंग टेबल पर ही बैठ कर लिखा था—और तुरन्त उठ कर चले गए थे! उसकी निगाहें अब सूक्ष्मता से ही टेबल पर घूमने लगीं। नाश्ते की प्लेट के साथ नेपकिन नहीं था। दोबारा नाश्ता बनाने जाते समय नेपकिन पापा के हाथ में ही था। यानि कि वह इतनी जल्दी में थे कि हाथ का नेपकिन भी उन्होंने मेज पर नहीं रखा था—साथ ही ले गए थे! अब वह कुछ भयभीत हो उठी! जरूर कुछ अनहोनी ही हुई है। पापा गत कुछ दिनों से

उत्तेजित व गम्भीर से थे। उनका इन दिनों का व्यवहार भी कम रहस्यपूर्ण नहीं था। पापा मकान में नहीं थे—और जाते-जाते यह नोट भी तो लिख गए थे। इतनी सी देर में ऐसा क्या हो गया था जो पापा गायब हो गए थे। फिर जा भी कहां सकते हैं। भयभीत कर देने वाली इन्हीं बातों के बीच उसे वर्कशाप का ख्याल आया!

पापा—इमारत में कहीं नहीं थे। पर उसने उन्हें वर्कशाप में जाकर नहीं देखा था। इमारत से पिछवाड़े ही तो कार गेराज थे—उनसे लगते हुए ही एक कमरे को नेनसी ने अपने लिए डार्क रूम बना रखा था। फोटोग्राफी उसका शौक था। यह डार्क रूम उसने अपने निजि प्रयोग के लिए बनाया हुआ था। और उस यार्ड में अन्तिम कमरा था उसके पापा की वर्कशाप। इसी कमरे में कार्टर गिलसेन शौकिया ही लकड़ी का सामान बनाने व माटी की मूर्तियां बनाने में अपने अवकाश के क्षण बिताता था।

"पापा'''।" वर्कशाप का दरवाजा खोलते हुए उसने पुकारा। अन्दर कदम रखते ही वह ठिठकी।

एक कुर्सी उल्टी हुई नजर आई। फर्श पर फैला हुआ लाल-लाल खून बड़ा भयंकर लग रहा था। लकड़ी के बुरादे के साथ-साथ फर्श पर चारों तरफ नोट बिखरे नजर आए। सौ-सौ डालर के नोट।

कमरे के दूसरी तरफ—उसके दायें हाथ ही नेनसी के डार्क रूम का दरवाजा था। इसी दरवाजे के पास—फर्श पर पड़ा था पापा का लापता नेपकिन! नेपकिन से पांव बचाते आगे बढ़ मुरेल ने डार्क रूम का दरवाजा खोला।

'पापा—'उसने फिर पुकारा।

पर जवाब कोई ना मिला। तेजी से ही मुरेल ने गेराज में खुलने वाला दरवाजा खोला। स्पोर्टस कार गेराज में ही थी—पर लंबी सिडान वहां ना थी! धड़कते दिल से ही मुरेल सिडान के

बारे में सोचने लगी ! हालात बता रहे थे कि पापा डायनिंग टेबल से नेपकिन हाथों में ही पकड़े उठे थे—शायद शीघ्रता में ही उन्होंने ऐसा किया होगा कि नेपकिन मेज पर छोड़ने का भी ख्याल नहीं रहा। वह पहले गेराज में गए होंगे—फिर डार्क रूम में से होते हुए वह वर्कशाप में आये होंगे ! और कुछ ऐसा उन्होंने वर्कशाप में देखा होगा कि हाथ से नेपकिन गिर पड़ा होगा !

पर आखिर हुआ क्या है ? इस उल्टी पड़ी टूटी कुर्सी का क्या महत्व है ! कमरे में बिखरे सौ-सौ के नोट और···फिर वह फैला हुआ लाल-लाल खून···?

लड़खड़ाते कदमों से ही वह वर्कशाप में ही रखे टेलीफोन की तरफ बढ़ी—डायरेक्टरी में एडवोकेट पैरीमेसन का नम्बर देखा—कांपते हाथों से ही नम्बर डायल किये।

"दिस इज डैला स्ट्रीट···पैरी मेसन्स सेक्रेटरी—" एक मधुर कोमल स्वर सुनाई दिया।

स्वयं को सम्भालते मुरेल कठिनाई से ही कह पाई—"लगता है मैं पागल हो गई हूं—मेरे पापा लापता हैं और उनके ब्रीफ केस में रखे एक नोट द्वारा मुझे वे निर्देश दे गए हैं कि कुछ अनहोनी होने पर मैं मि० पैरी मेसिन से सम्बन्ध करूं···और फिर मुझे परिस्थितियां भी बड़ी रहस्यमय लग रही हैं···।"

"क्या मैं आपके पापा का नाम जान सकती हूं—?"

"कार्टर गिलमेन। मेरी मां का देहान्त हो चुका है। मैं यहां पापा और सौतेली मां और उसकी बेटी के साथ रह रही हूं—हम···।"

"और आपका नाम—?"

"मुरेल गिलमेन—।"

"आपका फोन नम्बर—?"

मुरेल ने फोन नम्बर बता दिया।

"और पता—?"

"६२३१ —बाक्स एवेन्यू—।"

"मि०मेसन आ चुके —हैं।" डैला स्ट्रीट बोली "मैं अभी पांच मिनट बाद आपको फोन करती हूं—।"

"थैंक्स···।" कहते हुए मुरेल ने रिसीवर रख दिया।

▭ ▭ ▭

अन्दर अपने कमरे की तरफ बढ़ते पैरी मेसन—डैला की मेज के पास ही रुक गया। मुस्करा कर डैला को निहारते पूछा—

"यह किससे फोन करने का वायदा किया जा रहा है—।"

"कोई मिस मुरेल गिलमेन हैं—कार्टर गिलमेन की बेटी। मैं अपने कलाईन्टस की लिस्ट चेक करना चाह रही थी। मुझे नहीं लगता कि कार्टर गिलमेन हमारे कलाईन्टों में से हो—।"

"नाम तो कुछ परिचित-सा ही है पर चक्कर क्या है ?"

"मुरेल का ख्याल है कि उसके पापा गायब हो गए हैं—।"

"गिलमेन···कार्टर गिलमेन···! ज्यूरी बोर्ड की लिस्ट में जरा इस नाम को देखो—मेरा ख्याल है वह उस केस में ज्यूरी का सदस्य था जिसमें मुलजिमा को गलत शनाखत की गई थी।"

डैला ने फाईल केबिनेट में से एक फाईल निकाली। कुछ क्षणों तक उसमें लगी सूची पर निगाहें दौड़ाती रही—। "आपका ख्याल ठीक ही है ? यह रहा कार्टर गिलमेन। वह जोनस मर्डर केस में ज्यूरी का सदस्य था। उसका यही पता है—लेकिन जरा ठहरें···।" डेला ने फाईल बन्द कर उस दिन के कार्यक्रम की लिस्ट निकाली—"एक आदमी जिसने कि अपना नाम एडवर्ड गिलमेन बताया था—कल फोन किया था और आज मुलाकात के लिए समय मांगा था। मेरे पूछने पर उसने बताया था कि वह यहां अपने एक मित्र के पास बाक्स एवेन्यू में ठहरा हुआ है ! उसने भी यही नम्बर ६२३१ ही बताया था।"

"और नाम एडवर्ड गिलमेन बताया था ?"

"जी हां—।"

"और मुरेल कहती है उसके पिता का नाम कार्टर गिलमेन है।" पैरी मेसन कुछ सोचने लगा, यह मि० एडवर्ड गिलमेन किस सम्बन्ध में मिलना चाहते थे मुझसे। कुछ बताया था ?

"सिर्फ इतना कि वह किसी निजि मामले में सलाह लेना चाहता हूँ। उसने यह भी कहा था कि उसे कम से कम आधा घन्टा लगेगा—।"

"उसे टाईम दे दिया था···?"

"हां—साढ़े ग्यारह का।"

"और अब वह लड़की—।"

"मैंने उसे कहा है कि मैं फोन करूंगी—लड़की काफी परेशान मालूम होती है—भयभीत भी।"

"तो उसे फोन करो—मैं उससे बात करना चाहता हूं—।" डेला स्ट्रीट ने नम्बर मिलाया। दूसरी तरफ से मुरेल की आवाज सुनते ही कहा—"मिस मुरेल···मि० मेसन आ गए हैं और आप से बात करना चाहते हैं।"

पैरी मेसन ने रिसीवर ले लिया और बोला—,"हां—मिस मुरेल···मुझे सविस्तार ही बताइये सारी बात—।"

"ओह मि० मेसन···। दूसरी तरफ से उभरने वाले स्वर में उतेजना थी— "देखिये मैं बहुत परेशान हूं···फिर भी कोशिश करूंगी कि आपको सब कुछ सविस्तार बता सकूं। मेरे पापा ब्रेकफास्ट कर रहे थे···उनकी इच्छा पर ही मैं उनके लिए और आमलेट आदि बनाने रसोई में गई, और जब सामान सहित लौट कर आई तो उनका कुछ पता नहीं था···।"

"क्या घर में कहीं नहीं हैं वह—?" मेसन ने पूछा।

"मैंने हर जगह देख लिया है—उनका कहीं पता नहीं है।"

"हुं—खैर एक बात बताओ—क्या उनका पहला नाम कार्टर ही है···।"

"जी—जी हां···पर यह आप क्यों पूछ रहे हैं—?"

"तो उनके बीच का नाम क्या है—?"

क्षणिक हिचकिचाहट के बाद ही मुरेल ने जवाब दिया—वास्तव में कार्टर उनके बीच का नाम है। उनका पहला नाम एडवर्ड है। यानि कि एडबर्ड कार्टर गिलमेन। परन्तु हर जगह वह अपना नाम कार्टर गिलसेन ही लिखते हैं।"

"ओह—मेसन ने एक गहरा सांस लिया, अब तुम मुझे बताओ कि हुआ क्या है ?"

"फोन पर बताना क्या उचित रहेगा।" उसके लहजे में हिचकिचाहट थी पर क्षणिक विलम्ब के बाद ही कहने लगी, "खैर—अपनी पूरी कोशिशों के बाद भी जब मैं उन्हें ढूंढ़ ना पाई तो मैं कुछ घबरा-सी गई। तब यही सोचा कि अचानक ही कुछ याद आ जाने पर वह आफिस चले गए होंगे। हालांकि अपना यह ख्याल मुझे स्वयं ही बड़ा अजीब लगा था—पापा ऐसा कभी करते जो नहीं थे। बहरहाल—जूठे बर्तन समेटते समय पता लगा कि पापा का नेपकिन भी मेज पर नहीं है, यानि कि पापा जाते हुए नेपकिन भी हाथ में लिए गए थे। इस रहस्योदघाटन ने मुझे और विचलित कर डाला— तब मैं उन्हें वर्कशाप में देखने गई···।"

"यह वर्कशाप क्या है—?" मेसन ने पूछा।

"वर्कशाप···? अब मैं आपको कैसे समझाऊं कि यह क्या है। संक्षेप में आप यह समझ सकते हैं कि पापा अपने अवकाश के क्षणों में···शौक के तौर पर वह यहां लकड़ी का काम करते हैं और कच्ची मिट्टी की मूर्तियां बनाते हैं। मैं इस समय इसी वर्कशाप से ही बोल रही हूं। यहां एक कुर्सी टूटी पड़ी है—फर्श पर नोट बिखरे पड़े हैं और—और···खून फैला हुआ है···।"

"ठीक···" मेसन ने कहा, "तुम वहीं रहो—मैं सीधा वहीं आ रहा हूं। इस बारे में तुमने किसी को कुछ बताया तो नहीं।"

"नहीं—।"

"किसी को अभी कुछ बताने की आवश्यकता नहीं है—और

ना ही किसी चीज को छूना। मैं तुरन्त पहुंच रहा हूं वहां। तुम वहीं रहो—।"

"पापा का नेपकिन भी है यहां फर्श पर···और···।"

"तुम वहीं रहो—मैं वहीं आ रहा हूं।" मेसन ने उसकी बात काट दी। यह वर्कशाप मकान के पिछवाड़े गेराज से लगी हुई बताई थी ना तुमने—?"

"जी—जी हां—"

"मैं सीधा वहीं आ रहा हूं···।" कहते हुए मेसन ने सम्बन्ध विच्छेद कर दिया। डैला की तरफ मुड़ते बोला—"मुझे जाना पड़ेगा डेला···तुम यहीं रहो—।"

"और वह साढ़े ग्यारह बजे आने वाले के बारे में···।"

"तब तक शायद मैं लौट आऊं···पर मुझे आशा नहीं है कि वह एडवर्ड गिल्मेन दर्शन दें—।" कहते हुए ही मेसन आफिस से बाहर आ गया।

लिफ्ट द्वारा नीचे आ—लगभग भागते हुए ही वह अपनी कार तक पहुंचा था। और फिर दूसरे ही क्षण कार मुख्य रोड पर थी।

बताये गए पते पर पहुंचने में उसे पच्चीस मिनट लगे। कार वह सीधी गेराज तक ही ले आया था, कार से निकला ही था कि सामने वाला दरवाजा खुला। खुले दरवाजे में ही एक आकर्षक शरीर की बीस इक्कीस वर्षीय युवती खड़ी नजर आई। उसके भोले-भाले चेहरे पर चिन्ता के भाव थे और बिल्लोरी आंखों में भय की परछाईयां।

"मि मेसन—।" उसकी निगाहें मेसन के चेहरे पर टिकी थीं! मेसन ने हां में सिर हिलाया—"तुम ही मुरेल हो—"

"हां—।"

"क्या यही वर्कशाप है—?"

"नहीं यह मेरी सौतेली मां नेनसी का डार्क रूम है।"

"और यह स्पोरट्स कार।" गेराज में सामने ही खड़ी नजर आ रही कार पर नजरें टिकाते पूछा मेसन ने।

"वह मेरे व गर्लफ्रेंड के लिए है—कभी-कभी मम्मी भी प्रयोग करती है इसे। वह दूसरी कार परिवार के प्रयोग के लिए है—।"

"परिवार के दूसरे सदस्य क्या ऊपर ही हैं?" मेसन ने पूछा।

"हां—सभी प्रायः दोपहर तक सोते रहते हैं—।"

"ठीक—आओ पहले जरा एक नजर वर्कशाप देख लें—।"

"आप मेरे पीछे ही चले आइए—।"

नेनसी के डार्क रूम में से होते हुए वे वर्कशाप में आ गए। लकड़ी के बुरादे की सुगन्ध से कमरा भरा हुआ था। कई तरह के औजार व छोटी-मोटी मशीनों से सुसज्जित थी वर्कशाप··· मशीने लकड़ी चीरने व छीलने के काम आती थीं। लकड़ी के कटे छिले टुकड़े बिखरे पड़े थे। बुरादा तो यूं बिखरा हुआ था जैसे एक मुद्दत से वर्कशाप की सफाई ही ना की गई हो।

और इसी बुरादे पर बिखरे पड़े थे सौ-सौ डालर के नोट··· और वह फैला हुआ खून भी!

"क्या वही नेपकिन था तुम्हारे पापा के हाथ में—?" मेसन ने पूछा।

"जी हां—।"

"पूरा विश्वास है कि यही है वह—।"

"जी···पापा अपना वाला नैपकिन साथ ही उठा लाए थे। और यह नैपकिन हमारे जैसा ही है—।" उसका अभिप्राय समझते जवाब दिया मुरेल ने।

मेसन ने झुकते हुए नेपकिन उठा लिया—। "इस पर तो अण्डों के निशान हैं।"

"यह वही नेपकिन है—उन्होंने नाश्ते में आमलेट और चटनी ली थी—।"

"कितने अण्डे खाए थे—?"

"दो—।"

"और क्या लिया था नाश्ते में—?"

"टोस्ट और कॉफी।"

"कोई जूस वगैरह—।"

"हां—सन्तरे का जूस—।"

कुछ क्षणों तक मेसन नैपकिन का निरीक्षण करता रहा—फिर उसे तह कर के अपने कोट की जेब में डाल लिया।

"नाश्ता करने के बाद तुम्हारे डैडी ने कहा था उन्हें और भूख लगी है—।"

"हां—उन्होंने मुझे सासेजिस बना कर लाने की प्रार्थना की थी—।"

"और यह सब तैयार करने में तुम्हें कुछ समय तो लगा ही होगा—?"

"हां—कुछ देर तो लगनी ही थी—।"

मुरेल की बातें सुनते हुए भी मेसन टहलते हुए स्थल का निरीक्षण करता रहा। मस्तिष्क भी बड़ी तेजी के साथ काम कर रहा था। उसकी निगाहें फर्श पर बिखरे लाल खून पर जमी थीं। बिखरे खून के निकट ही रुक-झुक कर उसने उंगली लगा कर देखा। उंगली और अंगूठे को आपस में रगड़ा—अब उसके होंठों पर मुस्कान थी,—"यह खून नहीं है—लाल रंग का कोई रोगन लगता है।"

"क्या—?" निश्चिन्तता व अविश्वास के मिले-जुले भाव स्पष्ट थे मुरेल के चेहरे पर—"क्या सच-सच ही वह खून नहीं है।"

"हां—यह लाल रोगन ही है और रोगन का डिब्बा भी वह पड़ा है—।" मेसन एक तरफ इशारा करते बोला ।

मुरेल उत्तेजित सी हो उस डिब्बे की तरफ बढ़ी—लेकिन मेसन ने उसे रोक दिया—"उसे छूना नहीं—उंगलियों के निशान पड़ जाएंगे। वह डिब्बा जरूर उल्टा था—और किसी ने इसे सीधा किया है। क्या बता सकती हो कि कब उल्टा था यह डिब्बा—?"

मुरेल ने सिर हिला अनभिज्ञता प्रकट की !

"और यह कुर्सी··कुछ पता है यह कब और कैसे टूटी—?"

"नहीं··पर ऐसा ख्याल है कि यहां जरूर लड़ाई-झगड़ा हुआ है—।"

"झगड़ा··लगता तो है। पर झगड़ा कब और किनमें हुआ—इस बारे में हमें जल्दी ही कोई निर्णय नहीं ले लेना चाहिए। यह भी तो हो सकता है कि जब तुम्हारे डैडी यहां पहुंचे हों—रोगन के डिब्बे को उल्टा पड़ा देखा हो—और इसे उठा कर वहां रख दिया हो ? तुम उसे मत छुओ—छूने से उंगलियों के निशान रह जाते हैं।

"वह तो प्रायः मैं पापा का काम देखने वर्कशाप में आती रहती हूं—हो सकता है पहले से ही इस डिब्बे पर मेरी उंगलियों के निशान हों—।" मुरेल ने सहमे लहजे में ही अशंका व्यक्त की।

"कुछ भी हो—हमें उसे छूना नहीं चाहिए। पहले से—किसी दूसरे के निशान भी हो सकते हैं उस पर। अब जरा इन नोटों को सम्भालो—देखें तो कितने हैं ?"

दोनों ने मिलकर ही नोट इकट्ठे किए। गिने तो पूरे सौ थे। यानि कि कुल दस हजार डालर की राशि थी वह।

"पूरे सौ हैं—।" मेसन ने उसकी तरफ देखा—"दस हजार डालर—कुछ बता सकती हो यह नोट कहां से आए—?"

उसने सिर हिला असमर्थता दर्शाई।

"रबड़ का छल्ला मिल सकता है कोई—?"

"शायद—देखती हूं। मेरा ख्याल है—नेनसी की दराज में रबड़ के छल्ले रहते हैं—।"

"पर दराज खोलते समय सतर्क रहना—तुम्हारी उंगलियों के निशान नहीं पड़ने चाहिए—।"

"तो फिर मैं दराज कैसे खोलूंगी—?"

"अपने स्कर्ट को हाथ में पकड़कर या उंगलियों पर रूमाल लपेट कर—।"

मुरेल ने स्कर्ट को हाथ में पकड़...दराज खोल ली। इसमें विचित्र आकार-प्रकार के रबड़ के छल्ले पड़े थे। मेसन ने फाउन्टेन पेन के सिरे से उनमें से कुछ छल्ले उठा—नोटों पर लपेट लिए।

"क्या तुम्हारे पास अपने डैडी का कोई फोटो है—?"

"हां—मेरे कमरे में उनकी एक फ्रेम की फोटो है—पर—।"

"पर इस समय तुम्हारा वहां जाना उचित नहीं—।" मेसन ने उसकी बात काट दी—"वहां डार्क रूम में कोई हो तो—।"

"ओह हां—यहां तो होगी ही।" मुरेल को ख्याल आया जैसे, "मैं देखती हूं—।" स्कर्ट में हाथ डाल—पहले की तरह ही मुरेल ने एक दराज खोली। ऊपर ही कार्टर गिलमेन का फोटो पड़ा था! "यह रहा—।" मेसन ने वह फोटो निकाल लिया। यह एक कैबिनेट साईज की फोटो थी।

"क्या यही हैं तुम्हारे डैडी—?"

"जी हां—।"

मेसन ने फोटो से नजरें हटा उसके चेहरे पर अपनी नजरें गड़ाते पूछा—"कितनी उम्र होगी—तुम्हारे डैडी की—?"

"ब्यालीस-तैंतालीस साल—।"

"और तुम्हारी सौतेली मां—।"

"देखने में तो चालीस की लगती हैं। पर अपनी उम्र वह बताती कभी नहीं···फिर मैंने तो कभी पूछा नहीं है।"

"और उसकी लड़की गलेमिज—?"

"वह बीस वर्ष की है—।"

"और तुम—?"

"बीस की ही—।" वह बोली—फिर हंस दी, "मिस्टर मेसन···इन बातों का पापा के गुम होने से क्या सम्बन्ध। मेरा ख्याल है वह अपनी सीडान कार में गए हैं—हमें सीडान की तलाश करवानी चाहिए—।"

मेसन ने उसकी राय की तरफ ध्यान नहीं दिया—"दोपहरोपरान्त मैं तुम्हें फोन करूंगा—मैं देखूंगा कि इस मामले में क्या किया जा सकता है ? क्या तुम्हारे पापा का इस शहर में कोई आफिस है—।"

"हां—है···।"

"कहां—?"

"पैरामाउन्ट बिल्डिग में—।"

"क्या करते हैं वह वहां—?"

"जायदाद खरीदने व बेचने का काम—।"

"उनके आफिस फोन कर तुमने यह जानने की कोशिश तो की होगी कि कहीं वह आफिस ही ना पहुंच गए हों—।"

"जी हां—आपको फोन करने से पहले मैंने वहां फोन किया था। यह मेसेज भी छोड़ दिया था कि वह जिस समय भी आएं मुझे फोन करें। मैं उन्हें उनके ब्रीफकेस के बारे में बताना चाहती थी।"

"ठीक···तो मैं दोपहर बाद तुम्हें फोन करूंगा। तुम्हें किसी बात की चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। तुम यह दस हजार डालर की रकम सम्भाल कर रख लो—।"

वह एकाएक ही फिर जैसे सहम सी गई—एकदम ही बोली, "नहीं-नहीं—मि० मेसन मैं नहीं जानती कि वह राशि किसकी है और वहां कैसे आई। इसको अपने पास रखकर मैं कोई मुसीबत मोल नहीं लेना चाहती। वैसे मुझे खेद है कि मैंने आपको कष्ट दिया। पर इसके बदले आपको आपकी फीस मिल जाएगी—सच तो यह है कि—फर्श पर बिखरे नोट···वह खून का तालाब और टूटी हुई कुर्सी ने मुझे भयभीत कर डाला था। यही सोचा जरूर कुछ अनहोनी हुई है। और पापा ने ऐसी परिस्थिति में केवल आप से ही सम्बन्ध स्थापित करने के निर्देश दिए थे।"

"मैं तुम्हारी मनोदशा समझ सकता हूं। घबराने या चिन्ता करने की कोई बात नहीं है। सब ठीक हो जाएगा। बस—किसी को मेरे यहां आने के बारे में ना बताना। और ना ही अन्य घटनाओं के बारे में किसी से कुछ कहोगी—समझ गई ना—।"

उसने समझ जाने वाले भाव में गर्दन हिला दी।

"जब तक मैं फोन ना करूं तुम्हें चुप ही रहना है—।" मेसन ने फिर ताकीद की—"और मैं दोपहर बाद फोन करूंगा—तुम फोन के पास ही रहना—।"

"जी···बहतर है—।"

अपने आफिस में वापस पहुंचते ही मेसन ने वह नोट अपनी सेक्रेटरी डैला के सम्मुख डाल दिए—"इन्हें सेफ में रख दो। और यह फोटो है मि० एडवर्ड कार्टर गिलमेन का। और हां—तुम्हारी जानकारी के लिए यह भी बता दूं कि मुरेल जिसे खून समझ रही थी···वह लाल रंग का पेन्ट था—जो डिब्बा उलट जाने से बिखर गया था—।"

"क्या ख्याल है—यह मामला सच्चा मोड़ भी ले सकता

है।" उलझे-उलझे अन्दाज में ही पूछा था डैला ने।

"अभी कुछ नहीं कहा जा सकता···अभी तो बस इतना ही लगता है कि वह सुबह उठा—नाश्ता किया और घर वालों को कुछ बताए बिना ही कार लेकर चला गया। इसमें कुछ संदिग्धता नहीं है—अमरीका में हर आदमी भागा-भागा फिरता है। हां अगर वह···।"

"वह क्या—?" मेसन की अधूरी बात ने डैला की जिज्ञासा को बढ़ाया ही था।

"वह अपनी वर्कशाप में गया हो—वहां किसी घुसपेठिए को देखा हो—उससे उलझा हो···और फिर उसे बेहोशी की हालत में ही उसी की कार में डाल कहीं ले जाया गया हो—ऐसा हुआ हो—इस बात की सम्भावना तो है। वास्तविक स्थिति का अन्दाजा तो अब साढ़े ग्यारह बजे ही लगेगा। यह तो अब आने पर—वही बता सकता है कि नकली नाम से उसने समय क्यों लिया था। तब तक तुम डाक देख लो उसके आने से पहले ही हमें खाना भी खा लेना है—।"

और अपनी सेक्रेटरी को सोचों में ही खोया छोड़ मेसन अन्दर अपने कैबिन की तरफ बढ़ गया।

□ □ □

आशा ना होते हुए भी पैरी मेसन साढ़े ग्यारह बजे आने वाले उस एडवर्ड गिलमेन की बड़ी बेसब्री से इन्तजार कर रहा था। हालात से स्पष्ट था कि एडवर्ड गिलमेन ही मुरेल के लापता डैडी हैं।

"चार मिनट ऊपर हो गए हैं—।" पैरी मेसन ने पहलू बद-

लते हुए कहा, "वह आया नहीं—।"

"पर आप ही तो कह रहे थे कि उसके आने की सम्भावना कम है।" डैला मुस्करा दी।

"हां—मेरा अब भी यही विचार है। मामला कम उलझा हुआ भी तो नहीं है। एक आदमी नाश्ता करते हुए उठता है··· अपनी वर्कशाप में जाता है। दस हजार डालर के नोट व लाल रोगन फर्श पर बिखेर कर···कार लेकर चला जाता है। और सबसे उलझी हुई बात तो यह है कि इससे पहले वह अपनी लड़की को कह चुका है कि अगर कोई असाधारण घटना घटे तो पुलिस की सहायता न लेकर केवल पैरी मेसिन को बुलाया जाए···।" पैरी मेसिन ने अब तक की परिस्थिति का विश्लेषण करते कहा।

"इससे तो लगता है जैसे उसने पहले से ही किसी की हत्या की योजना बना रखी थी—।" डैला ने शंका व्यक्त की।

"बेटी को नाश्ते में कुछ और बना लाने को कहने का तो सीधा-साधा मतलब यही निकलता है कि वह किसी बहाने मुरेल को थोड़ी देर के लिए वहां से हटाना ही नहीं बल्कि व्यस्त भी रखना चाहता था।"

"लेकिन क्यों—?"

"अभी इस बारे में हम किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। सम्भव है उसने अखबार में कुछ पढ़ा हो या यह भी सम्भव है कि खिड़की में से किसी को देखा हो—और उसने बेटी को वहां से हटा देना ही उचित समझा हो—।"

"पर यह एक विचार ही है ना···।" तभी इन्टरकाम की घण्टी बज उठी।

बाहर की काउन्टर वाली लड़की ने सूचना दी कि कोई मि० एडवर्ड गिलमेन आए हैं।

"उसे अन्दर ले आओ—।" सुनते ही मेसिन ने निश्चिन्तता

की एक गहरी सांस ली।

हेला जिस व्यक्ति के साथ वापिस लौटी उसे पहचानने में मेसिन को देर ना लगी। निस्सन्देह ही वह वही व्यक्ति था… जिसकी फोटो सुबह मुरेल ने उसे दी थी। देखने में वह चालीस वर्ष का ही लगता था।

"मुझे खेद है कि मुझे कुछ देर हो गई मि० मेसिन—।" वह मेसिन से हाथ मिलाते बोला।

"कोई बात नहीं।" मेसिन मुस्कराया, "आप मुझसे व्यवसायिक सलाह के इच्छुक हैं मि० कार्टर—।"

"हां—।"

"इससे पहले कि मैं आपको अपना कलाईन्ट बनाऊं—मैं जानना चाहूंगा कि आप किस प्रकार की सहायता चाहते हैं। मेरी व्यवसायिक सेवाएं आपको तभी प्राप्त हो सकती हैं, जब मैं संतुष्ट हो जाऊं। मेरी सेक्रेटरी के पास अपना पता लिखा है—६२३१ बाक्स एवेन्यू…ठीक है ना ?"

"ठीक…मैं इस समय वहीं ठहरा हुआ हूं—।"

"और आपका व्यवसायिक पता…?"

क्षणिक हिचकिचाहट के बाद बोला वह, "कोई नहीं…कोई नहीं…समझ लीजिए मैं एक रिटायर्ड आदमी हूं—।"

"खैर…कोई बात नहीं…आप किस सिलसिले में मिलना चाहते थे मुझसे—?"

"दरअसल मैं अपनी एक मित्र की तरफ से आपके पास आया हूं—।"

"कहते जाइए—।"

"यह मित्र एक महिला है और उसका विवाह भी मेरे एक निकटवर्ती मित्र से हुआ है—।"

"क्या नाम है तुम्हारी महिला मित्र का—?"

"नेनसी गिलमेन—। मैं आज कल उन्हीं के पास ठहरा हुआ हूं। बाक्स एवेन्यू का यह पता वास्तव में उन्हीं का है।"

"और आप मिसेज नेनसी गिलमेन के बारे में क्या सलाह चाहते हैं—।"

"उसे ब्लैक-मेल किया जा रहा है—।"

"पूर्ण विश्वास से ही कह रहे हैं आप—?"

"जी हां···।"

"और एक मित्र होने के नाते आप चाहते हैं कि मैं उसके लिए कुछ करूं—।"

"हां—पर इससे पहले मि० मेसिन—मेरा ख्याल है ब्लैक-मेल के मामले में कोई तब तक कुछ भी नहीं कर सकता जब तक यह पता ना लग जाए ब्लैकमेल किए जाने का आधार क्या है।"

"इस पर भी तो तुम्हीं प्रकाश डाल सकते हो—।"

"शायद नहीं—। यही रहस्य तो मैं जानना चाहता हूं—।"

"और क्या चाहते हैं आप—?"

"अभी तो इतना ही काफी है—उसके अतीत की छान-बीन के बाद शायद हम जान सकें कि ब्लैक-मेलर के हाथों में उसकी कौन सी कमजोर नस है—।"

पैरी मेसन कुछ क्षणों तक सोचों में खोया रहा—फिर एका-एक ही पूछा—"ब्लैक-मेलर को तो जानते होंगे आप—?"

"हां—।"

"कौन है वह—।" आशानुकूल ही उत्तर मिलने पर मेसन उत्साहित सा बोला।

वह कुछ क्षणों को हिचकिचाया···पर फिर जैसे किसी निष्कर्ष पर पहुंचने वाले अन्दाज में ही सयंत स्वर में कहने लगा —"मेरा ख्याल है—मुझे आपसे कुछ छिपाना नहीं चाहिए! ब्लैक मेलर एक प्राइवेट जासूस है···बीरा मार्टस ! उसके कार्ड

व बिजनेस स्टेशनरी पर केवल बी० एम० मार्टन लिखा होता है। उसके कार्ड अथवा स्टेशनरी से किसी बात की कोई जानकारी नहीं मिलती कि वह एक स्त्री है! उसका यहां भी एक ऑफिस है और लास बेगास में भी। वह तलाक इत्यादि के मामले में विशेषज्ञ है, और उसके अधिकांश कलाईन्ट तलाक के मामले में ही उसकी सेवायें प्राप्त करते हैं।"

"हुं—तो अब आप मुझे क्या करने के लिए कहते हैं—?"

आगन्तुक ने जेब से एक लिफाफा निकाला—उसमें से नोट निकालते हुए बोला, "मेरा ख्याल है ऐसे मामलों में पेमेन्ट केश ही करनी चाहिए! यह साढ़े सात सौ डालर हैं! इस मामले में मैं समझता हूं आपको किसी प्राईवेट जासूस की सेवायें भी प्राप्त करनी होंगी—और फिर अपनी फीस···।" उसमे नोट मेसिन के सामने मेज पर रख दिए।

पैरी मेसिन ने नोट वहीं मेज पर पड़े रहने दिए—"आप अभी कुछ दिन तो इसी शहर में रुकेंगे ही—।"

"हां—शायद जब तक यह मामला साफ नहीं हो जाता। मैं अपने मित्रों के लिए बहुत चिन्तित हूं—।"

"और आपसे सम्बन्ध स्थापित करने की आवश्यकता पर—दिए गए पते पर ही आपसे बात हो सकती है—।"

"नहीं नहीं—।" वह एकदम ही बोला—"वहां नहीं—मैं नहीं चाहता कि आप उस पते पर मुझ से मिलें या फोन करें—।"

"तो फिर—आपसे कैसे मिला जा सकेगा—।"

"मैं स्वयं ही आपको फोन कर लिया करूंगा। मैं नहीं चाहता कि वे लोग यह जानें कि मैं आपके पास आया था। इन्हें शायद अपने निजी जीवन में मेरा दखल देना पसन्द ना आए—।"

"पर आप उन लोगों के पास अभी कुछ दिन तो रहेंगे ही ना—।"

"हां—पर आप वहां मुझसे सम्बन्ध स्थापित करने की चेष्टा नहीं करेंगे···किसी हालत में भी नहीं ! मैं स्वयं ही आपको फोन कर लिया करुंगा—।"

पैरी मेसिन की निरीक्षणात्मक पैनी दृष्टि ही अब उस व्यक्ति के चेहरे पर गड़ी थी।

"आप मि० कार्टर दिन के समय वहां होते हैं ?"

वह व्यक्ति अब कुछ विचलित व अधीर सा हो उठा—"मि० मेसिन···मैं आपसे कह चुका हूं कि जरूरत पड़ने पर मैं स्वयं ही आपसे मिल लूंगा—या फोन कर लूंगा।"

"मेरा अभिप्राय उनलोगों से सम्बन्धित जानकारी मात्र प्राप्त करना ही है," मेसिन मुस्करा दिया "मैंने बतलाया था ना कि कोई भी केस हाथ में लेने से पूर्व मेरी सन्तुष्टि आवश्यक है—।"

"ओह—तो आप यह समझ लीजिए कि इस परिवार से मेरे सम्बन्ध बड़े पुराने व घनिष्ट के हैं। मि० गिलसेन मेरे पुराने व घनिष्ट मित्रों में से हैं। उनका विवाहित जीवन बड़ा मधुर व शांतमय था। उनकी एक बेटी है मुरेल। उम्र होगी लगभग बीस वर्ष—वह वहीं उसी घर में रहती है ! पर उनकी पहली बीवी का देहान्त एक दुर्घटना में हो गया—और उन्होंने दूसरी शादी कर ली। इस दूसरी बीवी का नाम नेनसी है—उसका अपने पहले पति से एक बेटी है गलेमिज—गलेमिज वार्लो। वह मुरेल की हमउम्र ही है। एक सुखी परिवार कह सकते हैं आप उन्हें—।"

कुछ क्षण रुक फिर बोला वह— "दोनों युवतियों के स्वभाव व रुचियों में अत्यधिक विभिन्नता होने पर भी परिवार के प्रति वफादार हैं दोनों ! मैं···मैं नहीं चाहता कि कोई अप्रिय घटना इस हंसते-खेलते परिवार की सुख शान्ति छीन ले—।"

"दोनों लड़कियां बहुत प्रिय हैं तुम्हें—।"

"मैं उन्हें प्यार करता हूं। बहुत ही अच्छी व परिवार को समर्पित युवतियां हैं दोनों—।"

"और मिसेज नेनसी को ब्लैकमेल किया जा रहा है—।"

"मेरा यही ख्याल है—और शायद इस ब्लैकमेलिंग का कारण उन दो बहनों में से ही कोई है—।"

"और यह मि० गिलमेन करते क्या हैं—?"

"जायदाद की खरीद-फरोक्त···अपने आप में माहिर हैं वह और दूरदर्शी भी—।"

"काफी समय से जानते हैं आप इस परिवार को—?"

"जी हां...वर्षों से ही—।"

"और मिसेज नेनसी के बारे में क्या ख्याल है—?"

"वह स्वभाव से ही कलाकार है। पेंन्टिग और फोटोग्राफी की शौकीन है। फोटोग्राफी में तो उसे कमाल की महारत हासिल है।"

"फोटोग्राफी उसका शौक मात्र है या व्यवसाय भी है।"

"नहीं—पेंन्टिग और फोटोग्राफी उसके शौक ही हैं।"

"बाई दी वे मि० कार्टर,...मि० गिलमेन का पहला नाम क्या है?"

"कार्टर—।"

"और आपका अन्तिम नाम कार्टर है, क्या कोई रिश्तेदारी है आपकी उनसे ?"

"नहीं—।"

"और अब जरा अपने इस मित्र का हुलिया भी बता दें—।"

"हु···लि···या···क्यों—वह—वह मेरी उम्र के ही हैं ! और···और···अब उनके बारे में क्या बताऊं—एक दोस्त का हुलिया···? मुझे कुछ सूझ ही नहीं रहा। बस समझ लीजिए मुझ जैसे ही हैं वह। पर—पर—आप उनसे मिलने की कोशिश

नहीं करेंगे—।" आगन्तुक किसी सोच में डूबे-डूबे ही बोला। जैसे वह कुछ याद करने का यत्न कर रहा हो।

"चलिए रहने दीजिए—मैं समझ गया और उनके बारे में जानने की हमें जरूरत भी क्या है! वैसे क्या गिलमेन जानते हैं कि आप मुझसे मिलने आए हैं।"

"नहीं—वह तो सोच भी नहीं सकते। मैंने कहा है ना कि यह सब मैं निजी तौर पर कर रहा हूं—।"

"और आप यह चाहते हैं कि मिसेज नेनसी गिलमेन के अतीत की छान-बीन करके उस तथ्य का पता लगाया जाए जिसके कारण वह एक ब्लैक मेलर की शिकार बन रही है।"

"हां—।"

"पर यह सब जान पाना आसान नहीं और इसमें खर्चा भी अधिक आएगा। क्यों न हम वीरा मार्टल से ही शुरू करें—शायद उस तरफ से ही हम वास्तविकता तक जल्दी पहुंच जायें।"

अस्वीकृति में ही जल्दी से सिर हिलाया था आगन्तुक ने, "मैं आपको नेनसी के बारे में ही खोज बीन करने को कह रहा हूं। एक वर्ष पूर्व की उससे सम्बन्धित जानकारियां मिलने पर ही हम बहुत कुछ जान सकते हैं।"

"ठीक···अब आरम्भ कैसे किया जाये···उसकी आयु क्या है और वह कहां जन्मी थी?"

"उम्र उन्तालिस वर्ष। स्थान लास ऐन्जलस। उसके सलीव वार्लो से विवाह के बारे में मैं कुछ अधिक नहीं जानता! यह एक साधारण सा विवाह था और उस समय नेनसी जवान थी और...।"

"वार्लो की मृत्यु हो गई।"

"नहीं···उन्होंने तलाक ले लिया था।"

"उनका विवाह कहां हुआ था—?"

"सान फ्रांसिको में। वार्लो वही किसी बीमा कम्पनी में मुलाजिम था।"

"क्या वार्लो ने भी दोबारा विवाह कर लिया है ?"

"मैं नहीं जानता···पर मेरा ख्याल है कि उसने भी विवाह कर लिया होगा।"

"और इन दिनों वह कहां है ?"

"लास वेगास—नवादा में।"

"क्या आपके पास उसका पता है—?"

"नहीं—।"

"और यह गलेमिज···यह कभी अपने बाप से मिलने जाती हो या वह ही अपनी बेटी से मिलने आता हो—।"

"मेरा ख्याल है कि गलेमिज कभी-कभी उससे मिलने जाती है—लास वेगास। पर मि० मेसिन—इन सब बातों का···जो मैं जानना चाहता हूं, से क्या सम्बन्ध ! मैं सिर्फ इतना ही जानना चाहता हूं कि नेनसी के अतीत में ऐसा क्या था—जो वह एक ब्लैक मेलर को राशि देने को मजबूर है। शायद हत्या···किसी की हत्या की होगी। और अपनी जान बचाने को वह ब्लैक-मेलिंग सहन कर रही होगी।"

"हत्या—।" मेसिन चौंका—"क्या तुम्हारा ख्याल है कि अपने किसी ऐसे भेद को छुपाये रखने को ही नेनसी नोटों से ब्लैक-मेलर का मुंह बन्द किए है।"

"मैंने एक सम्भावना व्यक्त की है ! वर्तमान परिस्थितियों में मैं नहीं समझता कोई और ऐसी वजह भी हो सकती है कि नेनसी असहाय होकर रह जाए।"

"ऐसा है तो हमें किसी प्राइवेट जासूस की सेवायें प्राप्त करनी पड़ेगी—।"

"और वह जासूस ऐसा होना चाहिए जो विश्वसनीय हो।"

"उसकी आप चिन्ता न करें। इसी बिल्डिंग में एक ऐजेन्सी है—ड्रेक डिटेक्टिव एजेन्सी ! यह काम मैं उन्हीं के सुपुर्द कर देता हूं—।"

आगन्तुक ने अपनी घड़ी पर नजर डाली—"ओह—खेद है मैंने आपका बहुत समय ले लिया है। अब मुझे चलना चाहिए—।"

"क्या पाल ड्रेक से नहीं मिलेंगे आप—हो सकता है कि वह आपसे कुछ और पूछना चाहे—।"

"नहीं, इस समय नहीं ! फिलहाल तो आप उससे इतना ही कहें कि वह नेनसी के अतीत के बारे में खोजबीन कर यह जानने की कोशिश करें कि वह कौन सी बात है जिसके लिए उसे ब्लेक मेल किया जा रहा है।"

"क्या आपको पूरा विश्वास है कि उसे ब्लैक-मेल किया जा रहा है।"

"इसमें सन्देह की गुन्जाईश नहीं है।"

"क्या मि० गिलमेन भी यह बात जानते हैं ?"

"नहीं—।"

"ओह··· और हां—आप यह भी चाहते हैं ना कि चाहे कुछ भी क्यों ना हो—मैं आपसे गिलमेन के मकान पर सम्बन्ध स्थापित करने की कोशिश ना करूं—।"

"इसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी—मैं स्वयं ही आपको फोन करता रहूंगा—।"

"मि० कार्टर—।" मेसिन एकाएक ही अधीर हो बोला, "आपने जो कुछ बताया और जो कुछ आप चाहते हैं—उसमें एक वकील क्या कर सकता है—यह मैं समझ नहीं पाया हूं। आपको अपनी समस्या के लिए एक वकील की नहीं—मात्र प्राई-वेट जासूस की जरूरत है। क्यों नहीं आप मि० पाल ड्रेक से

सीधे ही मित्र उसकी सेवायें प्राप्त कर लेते। वह कुशल भी है और विश्वसनीय भी—।"

"नहीं-नहीं—।" आगन्तुक बोल उठा—"आप मेरी बात समझते नहीं। मैं आपको अपना वकील निश्चित करना चाहता हूं—?"

"और एक वकील की हैसियत से आप मुझसे चाहते क्या हैं—।"

"मैं चाहता हूं कि आप गिलमेन परिवार के सदस्यों के हितों की रक्षा करें—।"

"सारे परिवार के—?"

"हां—।"

"और अगर उनके हित एक दूसरे के विपरीत हो तो—?"

"नहीं—ऐसा नहीं होगा—।"

"पर मान लो ऐसा होता है तो—?"

"तो आपको यह साढ़े सात सौ डालर रखने और इस काम से हाथ खींच लेने का अधिकार होगा।"

"और हां मि० गिलमेन की अपने गैराज के साथ वाले कमरे में एक वर्कशाप भी है ना—।" एकाएक ही पूछ लिया मेसिन ने।

"हां—है—।" कुछ ना समझ पाने वाले भाव थे आगन्तुक के चेहरे पर।

"और आप वहां जाते रहते हैं—?"

"हां कभी-कभी—।"

"उस वर्कशाप में कोई ऐसी वस्तु भी है जिसके कि आप मालिक हैं?"

"नहीं—बिलकुल नहीं। मैंने बताया था मि० मेसिन कि मैं तो उनका अतिथि हूं और कभी-कभी ही यहां आता हूं।"

"और इस परिवार के मित्र व एक हितैषी होने के नाते ही

आप मुझे उनके हितों की रक्षा करने को वकील रखना चाहते हो—।"

"हां···अगर परिवार के किसी सदस्य को आपकी आवश्यकता पड़ती है तो! पर विशेष काम तो यहीं है कि मिसेज नेनसी गिलमेन के अतीत की खोजबीन करनी है। वह एक ब्लेकमेल के शिकंजे में फंस चुकी हैं और इससे इस परिवार का अनिष्ट हो सकता है।"

मेसन कुछ सोचते हुए ही बोला—"मि० एडवर्ड कार्टर—आपने एक अनूठे व असाधारण काम में मेरी सेवायें चाही हैं, मैं तैयार हूं—पर एक शर्त पर—और ये शर्तें भी असाधारण व अनूठी ही हैं।"

"वह क्या···?"

"इन साढ़े सात सौ डालरों के अतिरिक्त—आपको यह लिखकर देना होगा कि उस वर्कशाप में—आज की तारीख में जो कुछ भी आपका होगा—उसे पा लेने के सभी अधिकार मुझे होंगे।"

आगन्तुक उलझन में पड़ गया, पर मैं आपको बता चुका हूं कि इस वर्कशाप में मेरा कुछ भी नहीं है।"

"अगर आपकी कोई भी वस्तु वहां नहीं है तो फिर आपको यह लिख कर देने म संकोच नहीं होना चाहिए—।"

"लेकिन मैं समझ नहीं पा रहा कि आप मुझे ऐसा करने को मजबूर क्यों कर रहे हैं। कहीं आप मुझे किसी जाल में तो नहीं फंसाना चाहते—।"

"नहीं—मैं केवल अपनी सुरक्षा चाहताहूं।" लापरवाही से ही कहा मेसन ने, अगर आप चाहते हैं कि मैं आपका केस हाथ में लूं तो—आपको मेरी यह शर्त माननी ही होगी। वरना शायद आपके लिए कुछ कर पाना मेरे लिए सम्भव नहीं होगा—।"

"अच्छी बात है—आप एग्रीमेन्ट तैयार करें—मैं हस्ताक्षर कर देता हूं।"

डैला स्ट्रीट ने—इकरारनामा टाईप कर सामने ला रखा—क्षणिक हिचकिचाहट के साथ ही एडवर्ड कार्टर ने उस पर हस्ताक्षर कर दिए !

"तो यह बात निश्चित है ना कि मैं आपसे मिलने की चेष्टा नहीं करूंगा, आप स्वयं ही सम्बन्ध स्थापित करेंगे।"

"जी हां—और इस बात का आपको हर समय ध्यान रखना है।"

"जरूरत पड़ने पर तो गिलमैन परिवार के सदस्यों से मिला जा सकता है ना—।"

"नहीं—इसकी भी जरूरत नहीं—।" उसके शब्दों में दृढ़ता थी, "अगर ऐसी कोई जरूरत आ पड़ी तो वे स्वयं ही आपसे सम्बन्ध स्थापित कर लेंगे—।"

"थैंक्स मि० कार्टर" मेसन ने हाथ मिलाते हुए कहा—"मेरी सेक्रेटरी आपको साढ़े सात सौ डालर की रसीद दे देगी।"

रसीद तैयार ही थी। रसीद ले जब आगन्तुक विदा ले बाहर चला गया तो डैला मेसिन से सम्बोधित हुई—"अब आप शायद पाल ड्रेक से मिलना चाहेंगे।"

"हां—उसे बुलाओ।"

डैला ने फोन पर ही पाल ड्रेक से सम्बन्ध स्थापित कर उसे तुरन्त चले आने को कहा—और फिर पूछने लगी, "मेरी समझ में नहीं आया कि आपने उससे वह एग्रीमेन्ट क्यों साईन कराया है।"

मेसन मुस्कराया—बोला, "वर्कशाप के फर्श पर बिखरे वे नोट अगर उसके हुए तो उन्हें अपने पास रखने का कानूनी अधिकार होगा मुझे और यूं मुकदमे की शहादत को बिगाड़ने का

इल्जाम भी नहीं लगेगा।"

मेसन अभी अपनी सेक्रेटरी को यह सब बता ही रहा था कि पाल ड्रेक आ पहुंचा !

"आओ पाल—तुम्हारे लिए एक काम तैयार रखा है।"

"गुड—।" ड्रेक खिल उठा, "रेस में एक मोटी रकम हार आया हूं—काम की जरूरत भी थी।"

"मोटी रकम की आशा इससे भी ना रखना—।"

"पर काम है क्या—?"

"नेनसी गिलमेन''पता है ६२३१ बाक्स एवेन्यू। इस औरत के अतीत की खोजबीन करनी है तुम्हें। वह लास ऐंजिल्स में पैदा हुई थी—सान फ्रान्सिको में किसी स्टीव वेर्लो से विवाह किया था। गलेमिज नाम की उसकी एक बेटी है—जिसकी उम्र बीस साल है ! वह अब कार्टर गिलमेन की विवाहिता है। अपने पति से उसने तलाक ले लिया था। गिलमेन विधुर था। पहली पत्नी से उसकी भी एक बेटी है। नाम मुरेल उम्र बीस वर्ष ! स्टीव वार्लो लास-वेगास में रहता है—और ऐसा विचार है कि गलेमिज उससे मिलने प्रायः वहां जाती रहती है। नेनसी को एक प्राईवेट जासूस वीरा मार्टल ब्लैक मेल कर रही है—।"

"वीरा—।" ड्रेक चौंका।

"हां—क्या तुम परिचित हो उससे ?"

"अच्छी तरह—वह पच्चास वर्ष की एक तेज तर्रार और मक्कार औरत है और सदा हवा पर सवार रहती है।"

"क्या इस वीरा मार्टल से ब्लैक मेलिंग की आशा की जा सकती है ?"

"हां, क्यों नहीं। ब्लैक-मेलिंग ही तो उसका मुख्य धन्धा है।"

"तो फिर उसका लाईसेन्स कैसे बचा हुआ है।" मेसन को आश्चर्य हुआ।

"ब्लैक मेलिंग से ही…" पाल मुस्करा दिया। 'जिस किसी ने भी उसे कानूनी—गिरफ्त में लाने की कोशिश की—वही अपनी किसी न किसी कमजोरी के कारण इस मक्कार औरत के सम्मुख असहाय-सा रह गया। वीरा पाताल तक के भेद निकाल लाने में निपुण है। मकड़ी का जाला देखा है ना उसमें फंसे शिकार को भी देखा होगा। वीरा के जाल में फंसा आदमी कुछ वैसा ही मजबूर होकर रह जाता है और वह उसका खून चूसती रहती है।"

"और अब तुम्हें यही पता लगाना है कि नेनसी को उसने किस जाल में फंसा रखा है। उसे उसके जाल से छुटकारा भी दिलाना है—।"

"बड़ा कठिन काम है—।" होंट सिकोड़ सीटी बजाई पाल ने।" वीरा के जाल में फंसा शिकार हाथ पैर हिला ही नहीं सकता। नेनसी उसके जाल में है—तो वह उसे इस बात के लिये भी विवश कर सकती है कि वह हमें इस मामले में सहयोग दे ही नहीं। मुझे तो आश्चर्य है कि मिसेज नेनसी तुम्हारे पास आने का साहस ही कैसे कर पाई ?"

"वह स्वयं नहीं आई थी—।" मेसन ने उसका आश्चर्य दूर करने को बताया !

"फिर—।" पर पाल और भी उलझ गया—

"तुम तुरन्त काम शुरू कर दो ! तुम्हें जो बता दिया है वही पर्याप्त है, उसके बारे में जितना अधिक जान सकते हो—जानने की कोशिश करो—पर मेरी तरफ से किसी मोटी राशि की आशा नहीं रखना।"

पाल उठ खड़ा हुआ—"ओ—के—मैं यह चला। जाते जाते एक चेतावनी जरूर देना चाहूंगा कि तुम वीरा से बचकर रहना। अगर उसे हवा भी लग गई कि तुम उसके किसी शिकार की रक्षा

करने जा रहे हो तो हो सकता है कि वह तुम्हारे पीछे पड़ जाये और तुम्हारी कोई कमजोरी ढूंढ कर तुम्हें ही ब्लैक मेल करना आरम्भ कर दे।"

"मेरी चिन्ता ना करो।" मेसन मुस्करा दिया।

ड्रेक अपनी ऐड़ी पर घूमा और आफिस से बाहर निकल गया।

उसके जाते ही मेसन डेला से सम्बोधित हुआ, "अब तुम मिस मुरेल को फोन करके उसे उसके पापा के कुशल क्षेम से होने की खबर दे दो। और उसे इस बात की भी ताकीद कर देना कि इस बारे में अभी वह अपने पापा से कोई बात न करे।"

□ □ □

तीन बजने में दस मिनट थे जब टेलीफोन की घन्टी बजी। डैला स्ट्रीट—रसीवर उठाते बोली—।" दिस इस मिस स्ट्रीट··· मि० मेसनस प्राईवेट सेक्रेटरी—कहिए क्या चाहते हैं आप···ओह यस···प्लीज वेट ए मिनट—मैं देखती हूं—।"

फिर माउथ पीस पर हाथ रखते हुए मेसन की तरफ देखते कुछ उत्तेजित सी ही बोली, "वीरा मार्टल का फोन है—और किसी गम्भीर समस्या पर आपसे बात करना चाहती है—।"

चौंका मेसन भी था—जल्दी से ही कहा—"तुम भी सुनती रहो और नोट करती जाओ।" उसने इधर वाले एक्सटेंशन का रसीवर उठा लिया—अब वह लाईन पर वीरा मार्टल से सम्बोधित था—यस—"मेसन स्पीकिंग···।"

दूसरी तरफ से बोलने वाली बड़ी तेजी से बोल रही थी—इतने आवेश में कि उसके कई शब्दों को अन्दाजे से ही समझना

पड़ रहा था—"मि० मेसन···मैं तुम्हें सचेत कर देना चाहती हूं कि जो लोग दूसरों के फट्टे में टांग अड़ाते हैं—उन्हें सदैव भुगतना पड़ता है !"

"तुम्हारे कहने का मतलब है कि मैंने किसी ऐसे काम में हाथ डाला है जो मुझ से सम्बन्धित नहीं था।"

"मैं तुम्हें इतना मूर्ख नहीं समझती मि० मेसन···और ना ही तुम इतने भोले ही हो जितने बन रहे हो ! अपने आपको एडवर्ड कार्टर बताने वाले एक व्यक्ति ने तुम्हारी सेवायें प्राप्त की हैं—मैं जानती हूं। पर मैं तुम्हें बता दूं कि वह शख्स एडवर्ड कार्टर गिलमेन है—नेनसी का पति। तुम्हें आंखें मून्द कर ही कोई काम हाथ में नहीं ले लेना चाहिए। मैं जानती हूं—तुम्हारे पास कोई ऐसा जादू का डन्डा भी नहीं है कि जिसे घुमाते ही तुम गिलमेन की मुश्किल हल कर दोगे—। कार्टर गिलमेन बेवकूफ है जो गढ़े मुर्दों को उखाड़ने की चेष्टा कर रहा है। यह सब इतना आसान नहीं है जितना वह मूर्ख समझ बैठा है। उसमें अगर जरा भी अक्ल होगी तो वह तुम्हें नहीं कहेगा कि साढ़े सात सौ डालर रख लो और मेरी जान छोड़ो ! हकीकत यही है कि उसने जान-बूझ कर उसी मुसीबत को अपने गले में डाला है जिससे कि वह बचना चाहता था।"

"आई एम सारी मार्टल···मेसन ने शान्त सयंत स्वर में ही जवाब दिया। पर मुझे खेद है कि तुम्हारा यह फोन मुझे अपने कलाईन्ट के लिए काम करने से नहीं रोक सकता।"

"मैं जानती हूं—।" धीमी सी शुष्क सी हंसी के मध्य ही कहा गया—"वह तुम्हारा कलाईन्ट है और उसके हितों की रक्षा करने को तुम कानूनन बाध्य हो। फिर भी मैं चाहूंगी कि तुम उसे ६३५३५ पर फोन करके एडवर्ड कार्टर से बात करो और उसे बताओ कि वीरा मार्टल ने मुझे फोन किया था और तुम्हें बस

इतना बताने को कहा था कि तुम जिसे बचाने की कोशिश कर रहे हो—उसकी उंगलियों के निशानों के ऊपर तुम्हारी उंगलियों के निशान हैं—।" बस तुम उसे यह सन्देश दे दो—इससे अधिक कुछ कहने की जरूरत नहीं। फोन नम्बर एक बार फिर सुन लो—हालांकि मैं जानती हूं कि हमारी यह बातचीत तुम्हारी खूबसूरत सेक्रेटरी नोट कर रही होगी—या इसे टेप किया जा रहा होगा! "उसने फोन नम्बर दोहरा दिया—"और अन्त में इतना फिर कहना चाहूंगी कि तुम्हारा कलाईन्ट मूर्ख है बिलकुल मूर्ख—।"

और इसके साथ ही दूसरी तरफ से सम्बन्ध विच्छेद हो गया।

"ओह" डेला अपनी पेन्सिल और नोटबुक नीचे रखते बोली, "क्या तूफानी गति से बोलती है। मेरा ख्याल है उसके बोलने की स्पीड पांच सौ शब्द प्रति मिनट से कम नहीं होगी।"

"और क्या ख्याल है?"

"मिस मार्टल अपने शिकारों के बारे में पूरी जानकारी रखती है। यह आश्चर्य की ही बात है। उसे कैसे पता लगा कि एडवर्ड कार्टर ही कार्टर गिलमेन है।"

"हमारे लिए यह कोई रहस्य नहीं है—।"

"माना...पर उसे यह पता कैसे लगा। उसे गए चार घन्टे ही हुए हैं और इसने आपको इस मामले से दूर रहने की चेतावनी दे डाली।"

"यही बात सोचने की है," मेसन के होठों पर मुस्कान थी, बहरहाल—जरा बताये नम्बर पर फोन करो। हमें अपने कलाईन्ट को उसका दिया सन्देश तो पहुंचा ही देना चाहिए।"

डैला ने नम्बर डायल किया—सम्बन्ध मिलने पर मि० कार्टर गिलमेन से बात करने की इच्छा व्यक्त की! दूसरी तरफ

से हैल्लो कहने पर डेला ने मेसन को इशारा किया कि कार्टर बोल रहा है।

"हैल्लो—" मेसन ने रिसीवर ले लिया।

"यस—कौन ?"

"पैरी मेसन—एडवोकेट।"

"क्या—?" जैसे आश्चर्य का पहाड़ टूट पड़ा हो।

"पै—रीं—री—मे—स—न—एडवोकेट बोल रहा हूं।" मेसन ने एक-एक शब्द को चबाते हुए कहा।

"ओह।" बाहरी सांस लेने की आवाज उभरी, "पर मैंने तो कहा था कि मुझसे सम्बन्ध स्थापित करने की चेष्टा ना की जाये, फिर···फिर यह नम्बर और मेरे यहां होने की सूचना आपको कहां से मिली है।"

"मिस मार्टल से···अभी-अभी उसने मुझे फोन किया था। इस नम्बर पर फोन करके आप तक एक संदेशा पहुंचाने को कहा था उसने।

"मार्टल···सन्देशा···? क्या कहा है उसने ?"

"यही कि मैं आपसे बस इतना कह दूं कि 'जिस व्यक्ति को तुम बचाने की कोशिश कर रहे हो—उसकी अंगुलियों के निशानों पर तुम्हारी अंगुलियों के निशान हैं—।' क्या इस सन्देश का कोई अर्थ या महत्व है तुम्हारे लिए ?"

दूसरी तरफ खामोशी छा गई—कार्टर किसी सोच में डूब गया था जैसे।

"हैलो—आपने मेरी बात सुनी है ?"

"हां—और मैं सोचने की कोशिश कर रहा हूं। पर···आपने उस मामले में किया कुछ—।" बात बदलने की चेष्टा की कार्टर ने।

ड्रेक डिटेक्टिव एजेंसी को काम पर लगा दिया गया है।

यहां और सान फ्रान्सिसको में उनकी शाखाएं हैं और वह मामले की गहराई तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं—।"

"हूं···" दूसरी तरफ से आने वाली आवाज में अब सन्तुलन था—जैसे किसी निर्णय पर पहुंच चुका हो वह। "मि० मेसन··· लगता है मामला उससे कुछ अधिक ही गम्भीर है जितना कि मैंने आपसे मिलते समय सोचा था। मैं आपको दिए निर्देश में कुछ परिवर्तन करना चाहता हूं···।"

"एक मिनट—।" मेसन बोल उठा, "चूंकि आप मेरे सामने नहीं हैं और मैं केवल आपकी आवाज ही सुन पा रहा हूं। सो तब तक मैं शायद आपके किसी नेक आदेश को मानने को तैयार नहीं हो सकता—जब तक कि मुझे विश्वास नहीं हो जाता कि आप ही वह व्यक्ति हैं जो मुझे मिले थे।"

"मि० मेसन···मैं ही वह व्यक्ति हूं जो आज सुबह आपसे आपके आफिस में मिला था। मैंने आपको साढ़े सात सौ डालर की राशि दी थी—जिसके बदले में आपकी सेक्रेटरी मिस डैला स्ट्रीट ने मुझे रसीद दी थी।"

"पर आपके इस कथन से मेरी तसल्ली नहीं हो रही। क्या किसी और ढंग से आप अपनी पहचान नहीं करवा सकते।"

"हद है मि० मेसन···लगता है मुझे खुल कर ही बात करनी होगी। मेरा असली नाम कार्टर गिलमेन है। मैंने ही एडवर्ड कार्टर के नाम से आपसे मुलाकात की थी। मैं आपके आफिस निश्चित समय से थोड़ा लेट ही पहुंचा था। आपकी सैक्रैटरी आपके दाहिनी तरफ एक छोटी मेज पर बैठी थी। जिस पर टेलीफोन रखा हुआ था। वह हमारी बातचीत नोट करती रही थी। आपसे हाथ मिलाकर लौटने लगा था तभी आपकी सैक्रेटरी ने रसीद मुझे दी थी।"

"ओ० के० अब कहिए—मैं देखूंगा कि कहां तक मैं आपके

निर्देश का पालन कर सकता हूं।"

मि० मेसन—जो निर्देश अब मैं आपको देने जा रहा हूं वह महत्वपूर्ण हैं। और मैं चाहता हूं कि आगे की कार्यवाही आप उसी के अनुसार करें। मेरी लड़की मुरेल—जिस पर कि मैं विश्वास कर सकता हूं—आज प्रातः मेरे घर से अचानक चले आने से बेचैन है। मैं अभी उसे फोन करके उसकी परेशानी दूर कर दूंगा। उसे ही मैं वह सब भी बता दूंगा जो मैं आपको बताना चाहता हूं। और वह आपसे मिल कर वह सब बता देगी। आप यही समझें कि वह जो कुछ कहेगी—मेरे मुंह से ही निकला हुआ है। वह तुम्हें कुछ ऐसी महत्व की खुफिया बातें बताएगी जिन्हें इस समय फोन पर बताना मैं उचित नहीं समझता। अब जबकि सारी बात खुल ही गई है और वीरा मार्टल को पता चल गया है कि मैंने आपसे सलाह ली है···और उसने मुझे इस नम्बर पर भी खोज निकाला है तो—अब नकली नाम अपनाने की शेष जरूरत नहीं रह गई है। आप अगर आधा घण्टा अपने आफिस में ही प्रतीक्षा करें तो मुरेल आपके पास पहुंच जाएगी। और जैसा वह कहे आप वैसा ही करने की कोशिश करें—।"

"एक मिनट मि० गिलमेन—।" मेसन ने विरोध किया, "लगता है अब आप किसी और सिलसिले में मेरी सेवाएं चाहते हैं, पहले आपने मुझे केवल मिसेज नेनसी के अतीत के बारे में यथा-सम्भव जानकारी प्राप्त करने को कहा था। और अब आप एक नया ही मामला मेरी झोली में डाल रहे हैं।"

"इससे क्या अन्तर पड़ता है मि० मेसन—?"

"अन्तर पड़ भी सकता है। सम्भव है जो अब आप चाहें उसमें खर्चा ज्यादा आए—।"

"उसकी आप चिन्ता ना करें। खर्चा जितना भी होगा मैं देने को तैयार हूं। खर्चा और आपकी फीस भी। वैसे भी सुबह

आपने मुझसे जो एग्रीमेंट साईन कराया है—उसके अनुसार मेरी वर्कशाप और वहां मौजूद सभी कुछ के स्वामी बन गए हो। अगर आप मेरी बेटी के साथ वहां जाओगे तो लगभग दस हजार डालर के नोट आपको वहां बिखरे मिलेंगे। मुझे आशा है आपके मुआवजे के बदले यह राशि कम नहीं है। प्लीज, मुरेल के आने तक आप प्रतीक्षा करें। मैं आपको फिर फोन करूंगा। मुझे विश्वास है आप मुरेल की इंतजार करेंगे—।"

और इसके साथ ही दूसरी तरफ से सम्बन्ध विच्छेद कर दिया गया।

मेसन ने उलझन भरी निगाहों से ही डैला की तरफ देखा।

"अब—।" रिसीवर रखते हुए उसने भी पूछा। वह भी मेसन व गिलमेन में होने वाली बातें अपने फोन पर सुनती रही थी।

"लगता है किसी सोची-समझी योजना अनुसार ही यह सब किया जा रहा है। एक आदमी हमारे आफिस में आता है—स्वयं को इस परिवार का मित्र व हितैषी बताते हुए—गुप्त रूप से ही कुछ जानकारी प्राप्त करना चाहता है। इससे पहले उसकी लड़की मुझे अपने घर बुलाती है—जहां दस हजार डालर के नोट मेरी इन्तजार कर रहे होते हैं—और इसके आद अब अचानक ही अपना विचार बदल कोई नया काम सौंपना चाहते हैं—नए निर्देशों के साथ।"

"फिर अब आप क्या करने जा रहे हैं—?"

"क्या कर सकता हूं। यह तो अब इस बात पर निर्भर है कि मुरैल यहां आकर क्या कहानी गड़ती है। मुरेल एक सीधी-सादी लड़की है। अगर उसके डैडी उससे मिल कर ही कोई नाटक खेलने का यत्न करते हैं तो मेरा ख्याल है मैं मुरेल से सच्चाई उगलवा सकूंगा—काश गिलमेन स्वयं आकर ही वह सब बताता तो अच्छा

था।"

"पर इसमें भी तो कोई सन्देह नहीं कि वही व्यक्ति गिलमेन है। मैंने भी फोन पर उसकी आवाज सुनी है और निस्सन्देह ही यह उसी व्यक्ति की आवाज है जो सुबह यहां आया था—।"

"पर यह तुम कैसे कह सकती हो कि वही गिलमेन है।"

"क्यों—उसकी तस्वीर भी तो है हमारे पास। आप ही तो लाए थे।"

पर हम विश्वास से यह भी तो नहीं कह सकते कि वह फोटो गिलमेन की ही है। वह फोटो मुरेल ने दी है—उसी ने कहा है कि वह उसके पापा की तस्वीर है। अब क्या पता मुरेल ने सच बोला है या झूठ—।" मेसन के होंठों पर हल्की-सी मुस्कान थी। "और फिर वही फोटो वाला व्यक्ति हमारे पास आ एक कहानी सुनाता है। क्या यह सम्भव नहीं कि आरंभ से अब तक जो कुछ भी हुआ है वह एक योजनाबद्ध नाटक है—और मुरेल भी उसमें सक्रिय भाग ले रही है।"

"अब खेल का दूसरा रुख देखो—कोई स्त्री टेलीफोन करती है। अपना नाम वीरा मार्टल बताते हुए गिलमेन तक एक संदेश पहुंचाने को कहती है। और संदेश भी ऐसा कि जो गिलमेन को बौखलाकर रख देता है। अब हमें क्या पता कि फोन करने वाली वीरा मार्टल ही है। सिवाय टेलीफोन की बातों और एक फोटो के अतिरिक्त हमारे पास है ही क्या—।"

"और अब केस क्या मोड़ लेता है—यह मुरेल के आने पर ही पता लगेगा।" डैला स्ट्रीट सोचते हुए बोली।

"हां—।" मेसन मुस्करा दिया, "तब तक तुम एक काम करो। वीरा मार्टल एक प्राईवेट जासूस है। जिसका आफिस यहां भी है और लास वेगास में भी। देखो अगर फोन पर वह कहीं मिल जाती है तो···।"

"अगर फोन पर मिल गई तो उससे कहोगे क्या चीफ—?"

"मैं उससे पूछूंगा कि उसने मुझे धमकी क्यों दी है। मेसन के होंठों की मुस्कान और गहरी हो गई।

"और अगर उसने इन्कार कर दिया कि इस मामले में वह कुछ जानती ही नहीं तो··।"

"तो क्या—? इस बहाने हमें उसकी आवाज पहचानने का अवसर तो मिल जाएगा। तुम उस आवाज को पहली वाली आवाज से मिलाने की कोशिश करना। अब हो जाओ शुरू।"

'ओ० के० चीफ—।" कहते हुए डैला स्ट्रीट उठी और अपने कैबिन में चली गई। लगभग पन्द्रह मिनट बाद ही वह लौट कर आई—बताया, "वीरा मार्टल के यहां के आफिस से कुछ पता नहीं लगा चीफ। उन्हें भी पता नहीं है कि वीरा मार्टल इस समय कहां है। मैंने लास वेगास का नम्बर भी ट्राई किया है—लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिला। यहां की ब्रांच सैक्रेटरी स्वयं उसके लिए चिन्तित लग रही है। उसका कहना है कि वीरा मार्टल एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण केस पर काम कर रही थी—जाने अचानक ही कहां लापता हो गई है।"

"लापता—।" मेसन हंस दिया, "कितने लोग लापता होंगे आज की तारीख में।' तभी डैला स्ट्रीट के डेस्क पर रखे फोन की घंटी बज उठी।

"हैलो—।" डैला ने रिसीवर उठाया—सुना और फिर पैरी मेसन की तरफ मुड़ते हुए बोली—"मिस मुरेल गिलमेन आई है।"

"उसे अन्दर बुला लो—।"

मुरेल ने अन्दर प्रविष्ट होते ही निश्चिन्तता की एक गहरी सांस ली—मेसन को देखते ही बोली—"मेरी परेशानी काफी कम हो गई है मि० मेसन··पापा का फोन आया है और वह

सकुशल हैं। एक जरूरी कार्यवश ही उन्हें सुबह बिना बतलाए घर से चले आना पड़ा था। उन्होंने बतलाया कि वह किसी कठिनाई में हैं और मेरी सहायता चाहते हैं। उन्होंने मुझे आपसे सहयोग करने को कहा है।"

"क्या तुमने उन्हें बता दिया कि सुबह भी तुमने मुझे बुलाया था—?"

"नहीं—आपने ही तो मना कर दिया था कि इस बारे में उनसे भी कुछ ना कहूं—।"

"अच्छा किया है—अब तुम मुझे क्या कहने आई हो—।"

"मैं पापा के आफिस गई थी—इसी आशा पर कि शायद वहां उनसे मुलाकात हो सके या फिर उनकी सैक्रेटरी टिली नारमन से···।"

"कैसी है उनकी सैक्रेटरी—।" मेसन ने बात बीच ही में काट दी—"स्मार्ट—खूबसूरत जवान···।"

"ओह नो···मि० मेसन—।" मुरेल की आंखों में एक शोख की चमक थी, "वह जवान है ना सुन्दर-बस सीधी-सादी सी एक प्रौढ़ महिला। लगभग पच्चास साल की होगी—पर उतने की लगती नहीं है। अपने काम में दक्षता है उसे—और पापा के साथ तो वह वर्षों से है।"

'खैर तो तुम पापा की तलाश में उनके आफिस में गई और वहां टिली नारमन से मिली तुम—।"

"हां—और उसी समय पापा ने वहां फोन किया था। मिस नारमन ने उन्हें बताया कि मैं उनके लिए परेशान हूं तो उन्होंने फोन पर ही उसे बात करवाने को कहा—यह भी कह दिया कि किसी को पता नहीं चले कि उन्होंने फोन किया था।

"कुछ ऐसा जरूर हुआ है जिससे पापा बहुत परेशान हैं, उसका सम्बन्ध शायद किसी फोनकाल से है। उन्होंने बताया

था कि इस बारे में आप सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विकट परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुझे कहा कि मैं आपसे मिलकर आपको साथ लेकर जाऊं और उनका ब्रीफकेस आपके सुपुर्द कर दूं। ब्रीफकेस में कुछ इकरारनामे हैं। पापा चाहते हैं कि वह कागजात उनके आफिस में उनके पार्टनर मि० कालहन के सुपुर्द कर उनसे उनकी रसीद ले ले—। उन्होंने यह भी कहा है कि आप मि० कालहन को यह भी बता दें कि आप उनके वकील की हैसियत से काम कर रहे हैं। आपने उसे यह—भी कहना है कि वह इन इकरारनामों को पूरा करा ले—

"क्या उन्होंने कहा था कि मैं इन इकरारनामों को पढ़ूं—।"

"उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं कहा है।"

"मिस मुरेल—मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि तुम्हारे पापा मुझसे क्या काम लेना चाहते हैं। वह अगर खुलकर कोई बात बताते तो सम्भव है उसका उचित हल ढूंढ़ सकूं। और अगर वह चाहते हैं कि उनके कहने पर मैं लोगों तक उनके सन्देश ही पहुंचाता रहूं तो यह मेरे लिए सम्भव नहीं है।"

"मि० मेसन—मैं आपकी पोजीशन को भलीभांति समझ पा रही हूं। लेकिन मुश्किल यह है कि पापा वास्तव में ही किसी मुसीबत में हैं और स्वयं आने में असमर्थ हैं। आप विश्वास करें, पापा कभी भी आपसे कोई गलत काम करवाने की कोशिश नहीं करेंगे—। मि० कालहन···आपकी प्रतीक्षा कर रहे होंगे। मेरा ख्याल है आपको मेरे साथ चल देना चाहिए।"

मेसन ने एक नजर डैला की तरफ देखा—फिर कुछ सोचते हुए ही मुरेल से पूछा,—"तुम्हारे डैडी का आफिस कहां है?"

"पेरामांऊंट बिल्डिग में—।"

"वह तो निकट ही है।"

"हां—।" मुरेल ने बताया।

"डैला—तुम मेरे लौटने तक यहीं ठहरना," कहते हुए मेसन उठ खड़ा हुआ, "आओ चलें—मुझे तुमसे अभी बहुत कुछ पूछना है—रास्ते में ही पूछ लूंगा।"

फिर मेसन की कार में ही वे दोनों रवाना हो गए।

□ □ □

कार मेसन ही ड्राइव कर रहा था। भीड़-भाड़ वाली सड़क पर ही मेसन ने कहा,—"मुरेल, मेरी आंखें सड़क पर रहेंगी पर कान तुम्हारी बातों पर लगे रहेंगे। और मैं बिना तुम्हारे चेहरे की तरफ देखे ही जान जाऊंगा कि तुम झूठ बोल रही हो या सच। मेरे कान सच व झूठ की पहचान करने में माहिर हो चुके हैं।"

"पर मैं झूठ बोलूंगी ही क्यों—?"

"वह मैं नहीं जानता। मैं तो बस इतना ही बता देना चाहता हूं कि अगर तुम झूठ बोलोगी तो मुझे पता लग जाएगा। अब तुम यह बताओ कि सुबह तुमने क्या-क्या झूठ बोला था?"

"सुबह—मैंने ना झूठ बोला था ना ही कुछ छुपाया था मि० मेसन—।"

"क्या तुमने अपने पापा के कहने पर ही मुझे नहीं बुलाया था—?"

"नहीं—डैडी को घर में ना पाकर मैं घबरा गई। फिर उनके ब्रीफकेस में मेरे लिए यह निर्देश भी था कि कभी कुछ अनहोनी होने पर पुलिस को ना बुलाया जाए—आपस ही सम्बन्ध स्थापित किया जाए। मेरी परेशानी इससे और भी बढ़ गई थी—तभी

आपको फोन किया था मैंने। मैंने आपको सब कुछ बता दिया था—और वह सच ही है।"

"तुम्हारे पापा ने पुलिस को ना बुलाने का कारण भी बताया होगा—।"

"नहीं—।"

"पर क्या वह अनूठी असाधारण बात नहीं थी।"

"थी तो—।" मुरेल ने सिर हिलाया, "पर शायद यह जल्दी में था। मैं आपको विवरण बताती हूं। मेरे पापा जायदादें खरीदने और उसे बेचने का काम करते हैं। कई जगहों पर वह रुपये भी सूद पर लगाते हैं। कुछ स्थाई ग्राहकों का धन भी वह लाभकारी जगहों पर लगवा देते हैं। इसके लिए उन्होंने एक कारपोरेशन बना रखी है—जिसके प्रधान वह हैं और मैनेजर कालहन। गत कुछ दिनों से पापा को सन्देह है कि मि० कालहन कुछ मोटे ग्राहकों को तोड़ रहा है। यानि कि वह कई बड़ी पार्टियों को इस कारपोरेशन के माध्यम से धन लगाने से मना कर रहा है।"

"तो क्या मि० गिलमेन को सन्देह है कि कारपोरेशन का कंट्रोल उनके हाथ से निकल जाएगा?"

"नहीं—ऐसा हो ही नहीं सकता। यही भय है कि कुछ बड़ी पार्टियां कारपोरेशन में से अपना धन निकाल लेंगी।"

"हूं ''तो अब तुम मुझे कालहन के बारे में बताओ—।" मेसन ने कार की गति धीमी करते हुए कहा।

"उसकी उम्र लगभग चौंतिस साल है। पापा के साथ काम में हाथ बटाता है।

मेसन जाने क्या सोचते हुए कुछ देर के लिए चुप हो गया।

फिर अचानक ही पूछा—"तुमने बताया था ना कि तुम पापा के आफिस गई थी। क्या तुम्हें किसी गड़बड़ी की आशंका

थी ?"

"नहीं मैं पापा की सेक्रेटरी से बात करना चाहती थी। मिस नारमन भी आफिस में नहीं थी—मेरे पहुंचने पर उसका फोन आया था। मैं चूंकि उसे ही पूछ रही थी इसलिए आपरेटर ने मेरी उससे बात करा दी—वह भी पापा को ही पूछ रही थी। उसने मुझसे पूछा कि मैं पापा के लिए इतनी परेशान क्यों हूं। कोई गड़बड़ तो नहीं है, पर मैं उसे क्या बताती—मैंने यही कहकर उसे आश्वस्त कर दिया कि मेरा पापा से मिलना जरूरी है।"

"फिर—?"

"उसने मुझे आफिस में ही रुकने को कहा—और बताया कि वह भी वहीं आ रही है।"

"तो तुम उसकी इन्तजार करती रही।"

"हां—पर मुझे अधिक इन्तजार नहीं करनी पड़ी। मिस नारमन जल्दी ही आ गई थी और उसके आने के कुछ देर बाद ही पापा का फोन भी आ गया। पापा घर पर मुझे फोन करते रहे थे—मिस नारमन ने जब उन्हें बताया कि मैं वहां ही हूं तो उन्होंने फोन पर ही मुझसे बात करने की इच्छा व्यक्त की। मेरा वहां होने का सुन उन्हें प्रसन्नता हुई थी।"

"फिर—।"

"वहीं फोन पर मैंने पापा से बात की तो उन्होंने मुझे जाकर तुरन्त आपके पास पहुंचने व आपको अपने साथ घर ले जाकर। उनका ब्रीफकेस आपके सुपुर्द करने को कहा—। ब्रीफकेस में रखे इकरारनामे आपको ही मि० कालहन के पास ले जाने हैं। मुझे यह भी कहा कि मैं आपको पापा और कालहन के सम्बन्धों व उनके बिजनिस के बारे में भी सब कुछ बता दूं—।"

"कुछ—तुम्हारी सौतेली मां के बारे में—?"

"नहीं—उनका तो उन्होंने नाम ही नहीं लिया। क्यों ? क्या उनसे सम्बन्धित भी थी कोई बात—?"

"मैं तुम्हारे पापा के आदेश जानने का यत्न कर रहा हूं।"

फिर लगभग दस मिनट तक सोचों में डूबे ही कार ड्राइव करता रहा था। फिर एकाएक ही कार उसने एक टेलीफोन बूथ के सामने रोक दी !

"मैं जरा जल्दी एक फोन कर लूं," कहते हुए वह कार से उतर गया। बूथ में घुस उसने अपने आफिस में फोन किया—और डैला स्ट्रीट से बात कराने को कहा।

"यस प्लीज—।" दूसरे ही क्षण डैला की आवाज उभरी।

"गिलमेन के आफिस फोन करो...उनसे कहो कि तुम कुछ धन कहीं लगाने के मामले में उनसे सलाह लेना चाहती हो। गिलमेन तो आफिस में होगा नहीं। उसकी सेक्रेट्री बोलेगी—उसे कोई भी नाम बताकर उससे बात करना। तुम्हें उसकी आवाज पहचानने की कोशिश करनी है।"

"क्या मतलब—?"

"वीरा मार्टल की आवाज तुमने सुनी ही थी। यही जानने की कोशिश करनी है तुम्हें कि मिस नारमन और उस आवाज में कितनी समानता है। है भी या नहीं—।"

"क्यों—क्या इस बारे में कुछ सन्देह है ?"

"एक ख्याल आया था—हमें अपने सन्देह की पुष्टि कर लेनी चाहिए।"

"ओह—और अगर उस सेक्रेटरी की आवाज वही हुई जिसने स्वयं को वीरा मार्टल कहकर बात की हुई तो उस दशा में मुझे क्या करना होगा ?"

"कुछ नहीं ! तुम केवल आवाज के बारे में ही जानने की कोशिश करो ? मैं तुम्हें फिर फोन करूंगा। आशा है तब तक

तुम किसी निष्कर्ष पर पहुंच चुकी होवोगी—ओ० के० एण्ड बाय—।"

रिसीवर रख—मेसन फिर कार में आ बैठा।

कार स्टार्ट करते हुए ही बोला—"तुम भी सोच रही होवोगी कि—किस मुसीबत में आ फंसी हो। पर मेरा काम करने का ढंग कुछ अलग ही है। आज की यह सारी घटनाएं तुम्हें तो रहस्य-पूर्ण लग रही होंगी—।"

"बहुत रहस्यपूर्ण—" फैली आंखों से ही मेसन को निहारते बोली वह। मासूम चेहरे पर मासूमियत भरी ही थीं ये निगाहें।

"अब—रात जब तुम्हारे डैडी घर आयें तो मैं यही सलाह दूंगा कि उनसे साधारण ढंग से ही बात करना। मेरे सुबह तुम्हारे घर पर आने के···और अपने शंकित हो मुझे फोन करके बुलाने के बारे में उन्हें कुछ नहीं बताना। क्या ऐसा कर पाओगी तुम ?"

"क्या ऐसा करना पापा के हित में होगा—?"

"बहुत ज्यादा हित में—।"

"तब तो मैं उन्हें कुछ नहीं बताऊंगी। आप निश्चिन्त रहें मैं आपके कथनानुसार ही सब ठीक कर लूंगी। पर उन दस हजार डालर के बारे में···उनका क्या बनेगा ?"

"हम दोनों के बारे में कोई नहीं जानता कि वर्कशाप में से वे नोट मैंने कब उठाये थे ! अब तुम्हारे घर जा ही रहे हैं—एक बार फिर वर्कशाप में भी हो आयेगें ! और तुम्हारी जान-कारी के लिए यह बता दूं कि वर्कशाप में से वे नोट उठाने का अधिकार मैं तुम्हारे पापा से प्राप्त कर चुका हूं। अब उन्हें क्या पता वह नोट मैंने कब उठाये—।"

"उन नोटों के बारे में पापा ने मुझसे तो कुछ नहीं कहा।"

"शायद जल्दीबाजी के कारण···उसे भूल जाओ। तुम्हें बस इसका ख्याल रखना है, तुम्हारे पापा तुम्हें क्या करने को कहते हैं,

तुम्हारे लिए वही जानना पर्याप्त है जो वह तुम्हें जानना देना चाहते हैं ! उन्हें हमारी सुबह की मुलाकात के बारे में बताना ठीक नहीं रहेगा—उन्हें शायद यह अच्छा ना लगे कि उनके अचानक ही चले जाने से तुमने घबरा कर मुझे बुला लिया—क्यों ?"

"हां—यह मैंने भी सोचा था।"

"इस मामले में तुम्हें चुप ही रहना है—" वे अब कोठी में पहुंच चुके थे। मेसन कार सीधी गैराज में ही ले आया !

गैराज बिलकुल खाली देख मेसन ने पूछा, "क्या घर में कोई नहीं है ?"

"पापा तो सुबह से ही सीडान कार ले गए थे। दूसरी कार मैं ले गई थी ! नेनसी और गलेमिज स्पोर्टस कार में क्लब गई हैं।"

"हूं—तो मैं वहीं वर्कशाप में तुम्हारी इन्तजार करता हूं। तुम ऊपर जाओ और ब्रीफ केस ले आओ—"

मुरेल के जाते ही मेसन की तीक्षण निगाहें वर्कशाप का निरीक्षण करने लगी। टूटी हुई कुर्सी वैसे ही पड़ी थी। फर्श पर बिखरा रंग जम चुका था। कमरे में लकड़ी के बुरादे की बू थी। जब मुरेल लौटकर आई तो मेसन गिलसेन के बनाये एक बक्से को ध्यान से देख रहा था।

"तुम्हारे डैडी—सच ही बड़ा सुन्दर काम करते हैं।"

"जी हां—वह उनकी हाबी है ! यह छोटा बक्स वह मेरे जन्म पर प्रेजेन्ट देने के लिए तैयार कर रहे हैं।"

"गुड···ब्रीफ केस ले आई तुम ?"

मुरेल ने कुछ कहे बिना ब्रीफकेस आगे बढ़ा दिया।

"इसे अब मुझे अपने पास ही रखना है। मिस्टर कालहन को वही एग्रीमेन्ट ही सौंपने हैं, ना—।"

"हां—पापा ने यही कहा था। और यह भी कि कागजात

देते समय मि० कालहन से इनकी रसीद जरूर लेनी है। और उसे यह भी कहना है कि कारपोरेशन की ओर से यह एगरीमेन्ट फाईनल करा लें।

तभी किसी कार के गेट से अन्दर आने की आवाज सुनाई दी। मुरेल ने जल्दी से बढ़ कर खिड़की से झांका।

—"ओह गलेमिज टेक्सी में लौट आई है—।" वह कुछ घबराई-घबराई सी ही बोली।

"क्यों क्या तुम नहीं चाहती कि वह इस बारे में कुछ जाने।"

"नहीं।"

"क्यों—? क्या तुम्हारे डैडी उस पर विश्वास नहीं करते?"

"यह बात नहीं है। पर मैं नहीं चाहती कि इन सब बातों का पता उसे लगे—?" मुरेल ने परेशान होते हुए कहा।

"फिर'''अब क्या करोगी—।" मेसन ने उसकी आंखों में झांकते हुए पूछा।

"मैं कोशिश करती हूं कि वह इस तरफ आये ही नहीं—हालांकि ऐसा कर सकना सम्भव नहीं है। गेराज में आपकी कार देखने के बाद वह घर भर में सूंघती फिरेगी। घर में किसी को ना पाकर वह सीधी यहीं चली आयेगी। अच्छा है अगर मैं स्वयं बाहर जा कर उससे बात करूं। पर मुझे यहां देखकर उसे आश्चर्य ही होगा कि मैं यहां क्या कर रही हूं। और अगर उसने आपको भी यहां देख लिया तो अनर्थ ही हो जायेगा—।"

"यह भी तो सम्भव है कि वह सीधे मकान में ही चली जाये—।"

"भगवान करे ऐसा ही हो! पर नहीं—उसने आपकी कार को देख लिया है! मैं बाहर जाकर उसको इधर आने से रोकने का यत्न करती हूं। पर अगर वह इधर आ ही जाए तो उसे बताना कुछ नहीं है—कुछ भी नहीं," कहने के साथ ही मुरेल बाहर निकल

गई।

वह संयत कदम उठाती लापरवाही से ही टैक्सी की तरफ बढ़ी और मेसन खिड़की में से ही देख रहा था। अब उसकी निगाहें इकहरे बदन की उस सुन्दरी पर टिकी थीं जो देखने में ही सैक्सी व चंचल सी नजर आ रही थी। सीने का उभार कामुक आकर्षण को ही बढ़ा रहा था। टैक्सी का किराया दे वह पलटी तो उसकी निगाहें मुरेल पर पड़ीं। एकदम ही बढ़कर उसने मुरेल की गर्दन में बांहें डाल दी थीं। मुरेल उसे घर की तरफ ले जाने की कोशिश में थी—पर गलेमिज जाने क्या कहे और पूछे जा रही थी।

मेसन की निगाह दाईं तरफ रखे फोन पर पड़ी, कुछ ख्याल आते ही उसने रिसीवर उठा पाल के आफिस के नम्बर डायल किये। फोन पाल ड्रेक ने ही उठाया था।

"पाल—मैं मेसन बोल रहा हूं। लगभग आधे घन्टे बाद मैं अपने आफिस के नीचे पार्किंग में पहुंचूंगा। मेरे साथ कार में एक लड़की होगी। तुमने उसका पीछा करवाना है। वह कहीं भी जाए—उस पर बराबर निगाह रखी जाए—।"

"पर इस समय तो मेरे पास कोई भी आदमी नहीं है—।"

"कोई और नहीं मिलता तो तुम स्वयं करो यह काम। यह बहुत जरूरी और महत्वपूर्ण है।" कहने के साथ ही मेसन ने रिसीवर रख दिया।

देख वह अब भी बाहर ही रहा था। दोनों लड़कियां अभी भी बातें कर रही थीं। मुरेल के भावों से स्पष्ट था कि वह उसे ऊपर ले जाने की कोशिश में थी। अब मेसन ने अपने आफिस के नम्बर डायल किये—डैला से सम्बन्ध मिलते ही पूछा—डैला—क्या फोन किया था तुमने।

"हां—और—और चीफ उसमें सन्देह नहीं कि मि० गिलमेन

की सेक्रेटरी ने ही वीरा मार्टल बन कर फोन किया था, उत्तेजित स्वर में ही बताया था डैला ने। मेसन के होंठों पर बरबस ही मुस्कान बिखर आई। इतना सुनते ही उसने रिसीवर रख दिया। दोनों लड़कियां अब इसी तरफ बढ़ आई थीं। मुरेल शायद अपने उद्देश्य में सफल नहीं हुई थी। उलझन के भाव ही थे उसके चेहरे पर।

वर्कशाप में दोनों एक साथ ही प्रविष्ट हुई थीं।

"इनसे मिलो गलेमिज—यह मिस्टर मेसन हैं। और मि० मेसन यह गलेमिज है—मेरी बहन—।"

"हऊ डू यू डू—मि० मेसन—" गलेमिज ने अपना हाथ आगे बढ़ाते कहा—मुझे मुरेल ने बताया है कि आप उसके मित्र हैं और आपको भी लकड़ी के काम में दिलचस्पी है।" पर गलेमिज की आंखों के शंकित भावों से स्पष्ट था कि उसे मुरेल के कथन पर विश्वास नहीं था।

"तुम से मिल कर बड़ी खुशी हुई मि० गलेमिज—मेसन ने उसके हाथ को कोमलता से ही थामते औपचारिकता निभाई।

मेसन पर एक उलझी-उलझी निगाह डालने के बाद ही वह मुरेल से सम्बोधित हुई—।"मुरेल दूसरी कार कहां है?"

"वह तो मैं शहर ही में छोड़ आई हूं—मि० मेसन के साथ ही चली आई थी। अब लौट कर लानी होगी—। मि० मेसन ने वापिस वहीं जाना है।"

"ओह—और वहां से कहां जाना है तुम्हें?"

"कहीं भी नहीं—सीधी घर ही लौटूंगी।"

"गुड—।" गलेमिज खिल सी गई—मुझे कार की जरूरत थी—और मैं कार के लिए ही घर आई थी। तुम्हें तो घर पर ही रहना है। मुझे पार्किंग टिकट दे दो—मैं मि० मेसन के साथ चली जाती हूं। कार वहीं से ले लूंगी। आपको कोई कष्ट तो

नहीं होगा मि० मेसन—।"

"कष्ट कैसा ?" मेसन को कहना ही पड़ा—"चाहें तो आप दोनों ही चलें।"

"मुरेल को जाने की क्या जरूरत है। उसने तो वैसे ही कार वापिस घर लानी थी। क्यों मुरेल—?"

"हां—मेरे जाने का कोई लाभ तो है नहीं। मि० मेसन क्या आप अब जाना चाहेंगे।"

"हां—मैं मिस गलेमिज को वहां छोड़ दूंगा—"मेसन ने ब्रीफ केस उठाया और आगे बढ़ आया।

गलेमिज कार का दरवाजा खोल अगली सीट पर ही बैठ गई। मेसन ने भी अपनी तरफ वाला दरवाजा खोला और ब्रीफ केस सीट पर रखते हुए स्टेयरिंग सम्भाल लिया।

गलेमिज ने हाथ हिला—गैराज के बाहर खड़ी मुरेल को बाय कहा और अब वह मेसन के साथ सड़क पर थी।

"आपका ब्रीफ केस भी बिल्कुल पापा जैसा ही है—" वह मेसन की तरफ सरकते हुए बोली। उसकी निगाहें ब्रीफ केस पर ही जमी थीं।

"ब्रीफ केस प्रायः एक से ही होते हैं—।"

"आश्चर्य की बात है कि मुरेल ने आज से पहले कभी आपके बारे में कुछ नहीं बताया—क्या आप काफी समय से मित्र हैं मि० मेसन—।" उसकी निगाहों में फिर शंका के भाव थे।

"हां—ऐसा ही समझ लो—।" मेसन ने गोल मोल सा जवाब दिया।

"क्या आपकी हाबी भी लकड़ी का काम है—?"

"हां—।"

"फिर तो आपकी भी अपनी वर्कशाप होगी—?"

"नहीं—मैं बनाने की सोच रहा हूं।"

"पर मुरेल ने पहले कभी आपके बारे में कुछ नहीं बताया।" सन्देह के भाव गहरे ही हो रहे थे उसकी आंखों में।

मेसन ने कोई जवाब नहीं दिया।

"फिर मैं यह भी नहीं समझ पा रही हूं कि आखिर मुरेल से आपकी मित्रता हो कैसे गई! जहां तक मैं जानती हूं मुरेल गम्भीर व शुष्क मिजाज वाली लड़की है। और आप"'आप भी तो ऐसे नहीं लगते कि चलते फ़िरते ही किसी से मित्रता कर बैठें? आप जो कुछ भी करते हैं मि० मेसन—मुझे विश्वास है वह कुछ हट कर ही होगा—और उसमें आपको निपुणता भी प्राप्त होगी।"

"यह तुमने कैसे जाना—?" मेसन मुस्करा दिया।

"मैं मनुष्य के चेहरे पढ़ने में माहिर हूं—इसे आप चरित्र विश्लेषण भी कह सकते हैं! यह मेरी हाबी ही है—जिससे मुझे बड़ा आनन्द प्राप्त होता है। अब मैं बता सकती हूं आप ना तो डाक्टर हैं ना ही व्यापारी। हां—सम्भव है आप वकील हों—।"

मेसन खामोशी से कार ड्राईव करता रहा। गलेमिज बड़ी बातूनी थी, फिर मेसन व मुरेल की मित्रता पर तो उसे विश्वास आ ही नहीं रहा था। जाने क्या क्या अन्देशे व तर्क देती थी। फिर अचानक ही जैसे कुछ याद आ गया हो—"मेसन—आप जरूर पैरी मेसन वकील हैं—मैंने यह नाम सुना है। आप ही पैरी मेसन होंगे—।"

लेकिन मेसन ने तब भी उसकी बात का जवाब नहीं दिया। "लो आपने मेरे विश्लेषण व अनुमान की दाद नहीं दी।" मि० मेसन—वह फिर शंकित हो उठी थी। वैसे प्रकट में उसने रुष्टता ही दिखाई थी "और फिर आपका यह व्यवहार भी तो बहुत महत्व-पूर्ण है। जरूर मुरेल के साथ घर पर आने के पीछे कोई विशेष कारण ही होगा—और यह ब्रीफकेस जो आप ले जा रहे हैं क्या डैडी का नहीं है।"

"हो सकता है—पर किसी का वकील होने के नाते भी कुछ प्रश्नों का उत्तर नहीं दिया जा सकता।" मेसन गम्भीर हो उठा।

इस रहस्योदघाटन ने गलेमिज के मन में उभरते अन्देशों को हवा ही दी थी।

वह थोड़ा और मेसन के समीप सरक आई—जाने क्या क्या जानने को आतुर थी वह—पूछने लगी—"मैं तो यह भी नहीं समझ पा रही हूं कि आप डैडी की वर्कशाप में क्या कर रहे थे?"

"मुझे भी लकड़ी के काम का शौक है—।"

"पर इस सिलसिले में आप पापा से तो कभी मिले ही नहीं। मुरेल से ही मिले हैं। और जहां तक मेरा अनुमान है—मुरेल से भी आपका परिचय पिछले चौबिस घन्टों से अधिक का नहीं हो सकता। अगर आप में पहले से परिचय होता तो—मुरेल ने कभी न कभी जरूर बताया होता—क्यों मि० मेसन—?"

मेसन ने तब भी कोई जवाब नहीं दिया।

"आप मेरी बात का जवाब नहीं दे रहे मि० मेसन···और आपका यह रहस्यपूर्ण व्यवहार मुझे तो दाल में काला नजर आ रहा है। इस बारे में मुझे गहरी खोजबीन ही करनी पड़ेगी—।"

"वह तो तुम अब भी कर रही हो—।" मेसन ने बिना उसकी तरफ देखे ही कहा।

"नहीं—यह खोजबीन नहीं है, मैं तो महज आपका चेहरा पढ़ने की कोशिश कर रही हूं जिस पर व्यग्रता व बेचैनी के भाव झलक रहे हैं। मि० मेसन—क्या आज तक आपको किसी ने बताया नहीं कि जब आप बेचैन होते हैं तो आपकी आंखों के कोने सिकुड़ने लगते हैं।"

"नहीं तो—।"

गलेमिज कुछ क्षणों तक खामोश बैठी उसे निहारती। फिर जोरदार ठहाके के साथ बोली—"मेरा अभिप्राय आपको खिन्न या

बेचैन करने का नहीं था मि० मेसन ! मैं यह भी नहीं चाहती कि आपके दिल में मेरे प्रति कोई कटु भाव भी उत्पन्न हों। इसलिए अब मैं कोई भी ऐसा प्रश्न नहीं पूछूंगी जो मुझसे सम्बन्धित ना हो। मुझे इस बात का गर्व है कि मुझे आप से सफल वकील का समीप्य प्राप्त है। और अपना यह अनुमान तो मैंने आपको पहले ही बता दिया था कि आप अपने क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ ही होंगे—।"

मेसन हौले से मुस्करा दिया—। "यह तो मानना ही पड़ेगा कि तुम व्यक्ति को पहचानने व खुशामद करने में माहिर हो।"

"थैंक्स फार कम्पलीमेंटस···।" वह खिलखिला दी, "यह मेरी आदत है। मैं लोगों को बोलते—सुनती रहती हूं। और फिर उनके चरित्र के बारे में अनुमान लगाती हूं—मैं हर मामले को बहुत गहराई तक परखने में अभ्यस्त हूं—।"

"और यही कारण होगा कि खूबसूरत व युवा होते हुए भी तुम किसी को अपना नहीं बना सकी हो।"

"यह आप कैसे कह सकते हैं—।" कुछ चकित-सी ही होते पूछा था उसने।

"क्योंकि तुम्हारे बांयें हाथ में कोई अंगूठी नहीं है—सगाई की अंगुठी—।" बड़े अन्दाज में ही मुस्करा दिया था मेसन।

"ओह—" वह झेंप-सी गई—पर फिर तुरन्त ही बोली—"अंगूठियों का जमाना अब नहीं रहा मि० मेसन—वह सब पुराने समय की बातें थीं। आजकल कौन पूछता है उन रिवाजों को।"

"रिवाज भी कभी पुराने पड़ते हैं।" मेसन ने बात बढ़ानी चाही—पर गलेमिज ने फिर अपनी खिलखिलाहट बिखेरते उसकी बात काट दी—

"बड़ी खूबसूरती से ही आपने बातों का विषय बदल दिया है मि० मेसन—आप निश्चिन्त रहें अब मैं आपसे कुछ पूछूंगी भी

नहीं—।"

"मेरा आफिस इसी बिल्डिंग में है—।" वे अपने गन्तव्य पर आ पहुंचे थे। मेसन ने कार पार्किंग की तरफ मोड़ दी।

"आपकी तो स्थाई जगह होगी—।"

"हां—।"

मेसन ने एक तरफ करके अपनी कार पार्क कर दी थी ! गलेमिज मीठी मुस्कान के साथ ही उसका धन्यवाद करती हुई उतर गई ?

मेसन सीट पर ही बैठा चारों तरफ निगाहें दौड़ाता रहा। वह पाल को ढूंढ कर उसे इशारा करना चाहता था कि गलेमिज का पीछा न करे। वह तो मुरेल की निगरानी करवाना चाहता था कि यहां से वह कहां जाती है। गलेमिज ने साथ आकर सारा मामला बिगाड़ दिया था।

पाल कहीं नजर नहीं आया तो ब्रीफकेस सम्भालते मेसन बाहर निकला। पार्किंग अटेन्डेन्ट मुरेल वाली कार निकाल लाया था। गलेमिज उस कार में अब बाहर निकल रही थी।

तभी मेसन की निगाहें पाल पर पड़ीं जो एक कार में बैठा गलेमिज की कार के बाहर निकल जाने की इन्तजार कर रहा था। उसका सारा ध्यान गलेमिज की तरफ ही था।

और फिर इससे पहले कि पैरी मेसन उसे कोई इशारा कर पाता—बन्दूक से निकली गोली की तरह ही पाल की कार गलेमिज की कार के पीछे थी।

□ □ □

'गिलमेन इन्वेस्टमेंट पूल' के आफिस में जब प्रविष्ट हुआ तो

पांच बज कर छब्बीस मिनट हो रहे थे। खूबसूरत जवान रिस्पशनिस्ट ने एक मोहक मुस्कान के साथ ही उसका स्वागत किया था।

"मेरा नाम पैरी मेसन है—।" मेसन ने कहा, मि० कालहन से अप्वाईन्टमेंट है मेरी।"

"ओह यस···वह आप ही की प्रतीक्षा कर रहे हैं।" फिर एक बटन दबाते हुए उसने पैरी मेसन के आने की सूचना दी—फिर मेसन से बोली—"आप सीधे इस कोरीडार में चले जाइए। दांई ओर का दूसरा कमरा है उनका।"

धन्यावाद कह मेसन—मोटे कालीन पर चलता हुआ कोरीडार में बढ़ गया। पहला केबिन कार्टर गिलसेन का था—साथ वाले कमरे के दरवाजे पर ही पीतल के अक्षरों में लिखा था—रोजर सी० कालहन।

दरवाजा खोल मेसन अन्दर प्रविष्ट हो गया। ताजा फूल सी खिली एक सुन्दर जवान लड़की ने ही यहां भी अपनी भीनी मुस्कान के साथ उसका स्वागत किया था—।

"मि० मेसन—?"

मेसन ने हां में ही सिर हिला दिया।

"मि० कालहन आपकी वेट कर रहे हैं—।" कोमल लम्बी उंगली से ही इशारा किया एक दरवाजे की तरफ।

मेसन ने आगे बढ़ कर वह दरवाजा खोला। खूबसूरत ढंग से सजे इस कमरे में बड़ी सी मेज के पीछे सामान्य कद का एक स्वास्थ-सा व्यक्ति नजर आया। उम्र लगभग तीस की ही थी? मेसन को देखते ही वह उठ खड़ा हुआ—"मि० मेसन—आपसे मिल कर बड़ी खुशी हुई। कृपया बैठिए—।"

मेसन आगे बढ़ इंकित कुर्सी पर बैठ गया।

"मैं एक वकील हूं—।" मेसन ने अपना परिचय दिया।

"पैरी मेसन का नाम परिचय का मोहताज नहीं है मि० मेसन। मैंने आपके बारे में बहुत कुछ सुन रखा है।"

"और मैं एक असाधारण व विशेष काम से आया हूं—।" मेसन आगे बोला "मैं यहां मि० गिलमेन की तरफ से आपको कुछ इकरारनामे सौंपने आया हूं। यह मेरे कलाईन्ट की ही इच्छा है। यह बात मैं स्पष्ट कर दूं कि इन इकरारनामों से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है और ना ही मैंने इन्हें पढ़ा है। मुझे बस यही निर्देश दिए गए थे कि मैं इन्हें आपको सौंप दूं और आपको इन्हें कारपोरेशन की तरफ से पूरा करने के लिए कहूं—।"

कालहन तो उन्हीं एग्रीमेंटस के लिए ही आया था—एकदम ही बोला—"हां-हां क्यों नहीं—यह बहुत ही आवश्यक एग्रीमेंट हैं। इन्हीं के कारण आज सारा दिन बेचैन रहा हूं मैं। इनमें से एक तो आज ही साईन होना था। वैसे क्या आप बता सकते हैं कि मि० गिलमेन कहां हैं—?"

"नहीं, मैं नहीं जानता कि इस समय वह कहां हैं," मेसन ने शब्द 'इस समय' पर कुछ विशेष ही जोर दिया था, "क्या उन्होंने आपको फोन नहीं किया?"

"नहीं···और मुझे इस पर भी आश्चर्य हो रहा है। खैर—क्या मैं एग्रीमेंटस देख सकता हूं—?"

"जरूर—क्यों नहीं—।" कहते हुए मेसन ने ब्रीफकेस खोला—प्लास्टिक के हरे रंग के लिफाफे में से वे इकरारनामे निकाले—गिनती में चार थे वह एग्रीमेंट।

वह कागजात मेसन ने कालहन की तरफ बढ़ा दिए।

"थैंक्स मि० मेसन—।" कालहन कागजात पर एक उचटती-सी निगाह डाल उन्हें समेटते हुए बोला।

"मि० कालहन···चूंकि मैं किसी की ओर से यह कागजात आपके सुपुर्द करने को भेजा गया हूं—इसलिए मैं चाहूंगा कि इनकी प्राप्ति की रसीद दे दें—ताकि अपने कलाईन्ट को दिखा-

कर आश्वस्त कर सकूं कि मैंने उसकी इच्छानुसार ही काम पूरा कर दिया है।"

कालहन क्षण भर को हिचकिचाया—पर फिर उसने एक बटन को दबा दिया। असमंजस व उलझन के भाव अब भी उसके चेहरे पर थे। दूसरे ही क्षण उसकी सैक्रेटरी दरवाजे में खड़ी थी।

"मिस कालफेक्स—क्या आप अपनी नोटबुक लेकर आएंगी।"

एक भीनी सी मुस्कान के साथ ही सैक्रेटरी ने जवाब दिया—"मैं साथ ही लाई हूं—सर?" और अन्दर आ वह एक तरफ रखे स्टूल पर बैठ गई। नोटबुक उसने अपने घुटनों पर टिका ली थी।

"आज की तारीख याने कि तेरह लिखो और समय शाम का···पांच बज कर बत्तीस मिनट। मि० पैरी मेसन के नाम एक रसीद बना दो। इसमें लिखना है कि मि० मेसन ने एक एग्रीमेंट की एक असल और तीन उसकी प्रतिलिपियां जोकि बार्कले माइनिग कारपोरेशन के खरीदने से सम्बन्धित हैं—मुझे दे दी हैं। यह भी लिख देना कि यह एग्रीमेंट मि० मेसन द्वारा मुझे दिया गया ताकि इसे साईन करवाया जा सके। यह एग्रीमेंट मि० गिलमेन को स्वीकार था—।"

"क्षमा कीजिएगा—।" मेसन ने टोकते हुए कहा, "यह शब्द आप रसीद में ना लिखें कि वह एग्रीमेंट मि० गिलमेन को स्वीकार था। मैं नहीं जानता कि इस बारे में उनकी क्या राय है। मेरा काम तो इतना ही था कि ये एग्रीमेंट आपको सौंप दूं और आपसे कहूं कि इन्हें पूरा करवा दें—।"

"पर मतलब तो वही है—मि० गिलमेन अगर इससे सहमत न होते तो इन्हें पूरा करवाने के लिए ना कहते—।"

"हो सकता है आपका ख्याल ठीक हो लेकिन मुझे तो इस

बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मि० गिलमेन इससे सहमत हैं अथवा नहीं—।"

"पर—।" कुछ सोचते हुए ही कहा कालहन ने, "मैं अपना उत्तरदायित्व देखते हुए चाहता हूं कि रसीद इसी ढंग से लिखी जाए—।"

"तब मुझे उसके ये शब्द काटने पड़ेंगे मि० कालहन—।।" रूखा सा जवाब दिया मेसन ने।

"मैं समझ नहीं पा रहा कि इतनी सी बात से क्या अन्तर पड़ता है—?"

"हो सकता है—आपके लिए इस बात का कोई महत्व ना हो—पर मुझे तो अपने कलाईन्ट का हित देखना है।"

"ठीक है—।" कालहन अपनी सैक्रेटरी से सम्बोधित हुआ, "यह वाक्य रहने देना। तुम रसीद टाइप कर लाओ—।"

"यस सर—।" सैक्रेटरी ने कहा और उठकर चल दी।

कालहन ने अपनी छड़ी की तरफ देखा फिर बोला,—"जब तक रसीद तैयार होती है मैं आपसे आपके कलाईन्ट के बारे में कुछ बातें करना चाहता हूं।"

"पर अपने कलाईन्ट की तरफ से ऐसी किसी बहस या बातों का जवाब देने की मुझे अनुमति नहीं है।" मेसन ने अपनी असमर्थता प्रकट की, "मेरा काम तो बस ये एग्रीमेंट आपको सौंप देना था।"

"पर मेरी समझ में तो कोई कारण नहीं आ रहा कि आप मेरी बात ही ना सुने।"

"बात सुनने से मैं कहां इन्कार कर रहा हूं।" मेसन मुस्कराया, "मेरा अभिप्राय तो यह है कि अपने कलाईन्ट से सम्बन्धित बातों का जवाब देने को मैं बाध्य नहीं हूं। सुनने के लिए आप कुछ भी सुनाइए…मैं सुनने को तैयार हूं।"

हाथों की उंगलियां एक-दूसरे में फंसाते—कालहन कुर्सी की पीठ पर बोझा डालते भूल सा गया। उसकी निगाहें मेसन के चेहरे पर ही जमी थीं।

"मि० मेसन—हमारा काम लोगों की पूंजी को लाभप्रद कामों में लगाना है। जिससे कि धन लगाने वाले को लाभ प्राप्त हो और हमें उससे कमिशन मिले। इसके लिए अनुभव और दूर-दर्शिता की जरूरत होती है। और इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि संस्था के संचालकों व उच्च अधिकारिओं का व्यक्तित्व व निजी जीवन ऐसा बेदाग हो कि ग्राहकों को उनके प्रति किसी प्रकार का भ्रम अथवा शंका ना हो!"

कालहन क्षण-भर के लिए रुका—वह शायद मेसन के चेहरे पर सहमति के ही भाव देखने को उत्सुक था। पर मेसन का चेहरा भावहीन था।

"मैं नहीं जानता कि आपने क्लाईन्ट के अतीत के बारे में आप कितना कुछ जानते हैं—पर फिर भी कुछ न कुछ तो आप जानते ही होगे।" इतना कहकर कालहन ने फिर मेसन की तरफ देखा—लेकिन मेसन तो एक मूक श्रोता की तरह बैठा था। किसी प्रकार की प्रतिक्रिया न मिली तो वह कहता चला गया। "मिस्टर गिलमेन के अतीत की कुछ ऐसी घटनाएं हैं जिनके बारे में मुझे भी कुछ पता नहीं था। कुछ दिन पूर्व ही पता चला है कि गिलमेन की अपनी पहली बीवी से एक बेटी है—जिसका नाम मुरेल है। वह अब लगभग बीस वर्ष की है।"

"उसकी पत्नी का देहान्त हो गया—और लगभग पांच वर्ष पहले उसने दूसरा विवाह कर लिया। नैनसी उसकी दूसरी बीवी का नाम है। नैनसी पहले स्टीव वालों नाम के एक व्यक्ति की विवाहिता थी। स्टीव वालों इन दिनों लास वेगास में है! उन दोनों के बीच तालाक हो गया था? नैनसी की भी अपने पहले

पति से एक बेटी है—जिसका नाम गलेमिज है। और उसकी आयु भी इस समय बीस वर्ष ही है।"

मेसन के चेहरे पर ही निगाहें टिकाए वह कहे गया—"मेरा सदा ही यह ख्याल रहा है कि गलेमिज नेनसी ओर वार्लो की संतान है—लेकिन इन दिनों मुझे पता लगा है कि गलेमिज की उम्र बीस वर्ष है जबकि नैनसी और वार्लो का विवाह आज से उन्नीस वर्ष पूर्व ही हुआ था। फिर मिसेज नैनसी के अतीत में कुछ और छुपा है जिसे आप अनैतिक कह सकते हैं—मेरा ख्याल है कि हाल ही में एक प्राइवेट जासूस नैनसी के भूतकाल के बारे में खोज बीन कर रहा है। और…और अगर ऐसी ही कुछ अन्य बातों को लेकर मिसेज नैनसी व उसकी बेटी को लेकर कोई सकैण्डल खड़ा हो जाता है इसका गम्भीर परिणाम हमारे बिजनेस पर पड़ सकता है।"

अपनी बात समाप्त कर कालहन इस आशा में ही मेसन की तरफ देखता रहा कि शायद वह कोई टिप्पणी करे। उसकी उत्सुकता देखते हुए ही पैरी मेसन ने बस इतना ही कहा—"बस—आपने जो कुछ कहा मैंने सुन लिया। कोई और बात ?"

कालहन को इससे निराशा ही हुई। इन्टरकाम का बटन दबाते उसने सैक्रेटरी से पूछा—"रसीद तैयार हो गई हो तो ले आओ।"

"यस सर—।" दूसरी तरफ से कहा गया। दूसरे ही क्षण दरवाजा खुला और सैक्रेटरी रसीद लेकर अन्दर आ गई। रसीद उसने कालहन के सामने रख दी।

रसीद पढ़ कालहन ने हस्ताक्षर कर दिए। और रसीद पैरी मेसन के हवाले कर दी।

मेसन बोला—"मेरा ख्याल है कि यहां पर मेरा काम पूरा हो गया है।

"मैं मिस्टर गिलमेन से मिलने को बेचैन हूं।"

"आफिस में आप कितनी देर और रहेंगे।" कुछ सोचते हुए ही पूछा मेसन ने।

"लगभग आधा घण्टा।"

"और मि० गिलमेन की सैक्रेटरी।" मेसन ने पूछा, "क्या वह आफिस में हैं—अगर हैं तो मैं उनसे मिलना चाहूंगा—।"

कालहन ने इन्टरकाम का बटन दबा अपनी सैक्रेटरी से बात की—"मिस कालफेस···देखना अगर माटिलड़ा नारमन अभी आफिस में ही हो तो···अगर हो तो उससे कहना कि मि० मेसन उससे मिलना चाहते हैं।"

थोड़ी देर बाद ही सैक्रेटरी ने इन्टरकाम पर ही सूचना दी कि वह जा चुकी है।

"मिस नारमन चली गई है। छुट्टी का समय तो कभी का हो चुका है मि० मेसन, मैंने कुछ आदमिओं को जरूरी काम से रोक रखा था।"

कालहन से विदा ले मेसन बाहर आ गया। उसका आफिस निकट की ही एक बिल्डिंग में था। पर सीधा अपने आफिस में आने की बजाय—पाल ड्रेक के दफ्तर में चला गया।

"पाल की तरफ से कोई सन्देश—।" मेसन ने टेलीफन बोर्ड पर बैठी युवती से पूछा—।

सिर हिला इन्कार करते हुए उसने जवाब दिया—"वह आप ही के काम से गए हुए हैं। तब से लौट कर नहीं आए हैं।"

"ओ० के०—।" मेसन ने कहा—"वह आये तो कह देना कि मैं अपने आफिस में ही हूं।"

वहां से निकल मेसन अपने आफिस में आ गया। डैला स्ट्रीट उसकी प्रतीक्षक ही थी।

"लो—यह रहा मि० गिलमेन का ब्रीफकेस—इसमें रखे

एग्रीमेंटस तो मैं उसके पार्टनर के सुपुर्द कर आया हूं—और देखें, इसमें क्या है ?"

दोनों ने एक-एक चीज निकाल कर देखी। कुछ विशेष ना पा सके। छः सात हवाई जहाजों के टाईम टेबल थे—उनमें से ही एक पर एक पता लिखा हुआ था—'स्टीवन० ए० वार्लो—५६८१—वर्जिनिया सिटीएवेन्यू—लास वेगास—नावेदा।

"हूं—।" कहते हुए सभी वस्तुएं यथास्थान रख मेसन ने ब्रीफकेस बन्द कर दिया—।

"तो आप गिलमेन के आफिस में गए थे—?" डैला ने पूछा।

"हां—।"

"वहां उसकी सैक्रेटरी से मिले ?"

"नहीं—मेरे पहुंचने से पहले ही वह जा चुकी थी।"

"ओह—।" डैला ने एक गहरा सांस लिया। मिस नारमन ही वही औरत है चीफ—जिसने वीरा पार्टल बनकर फोन किया था—मुझे इसमें अब तनिक भी सन्देह नहीं है। और—और उसने मि० गिलमेन को यह धमकी भरा सन्देश देने के लिए जो फोन नम्बर बताया था। वह एक पब्लिक काल बूथ का था—जो गिलमेन के आफिस से लगभग आधा किलोमीटर दूर है।"

"ओह—।" मेसन होंठ सिकोड कर रह गया, "मिस नारमन से मुलाकात हो जाती तो अच्छा ही था। उसके बारे में सिर्फ इतना पता लगा है कि वह पच्चास के लगभग की है। पर इतने की लगती नहीं। मि० कालहन से मिलकर भी प्रभावित ही हुआ हूं। वह निस्सन्देह ही एक समर्पित व निष्ठावान व्यक्ति है कम्पनी की साख के प्रति चिन्तित कालहन भी मि० गिलमेन की इन दिनों की गतिविधियों से चिन्तित है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि मि० कालहन ने यह खोज की है कि मिसेज नेनसी की

बेटी गलेमिज...उसके भूतपूर्व पति वार्लो की भी नहीं है। उसका जन्म उस शादी से भी पहले का है। और उसे भय है कि गलेमिज को लेकर कोई ऐसा सडकैंल खड़ा ना हो जाए जिससे उनकी कम्पनी के भविष्य को आघात पहुंचे।

"खैर—फिलहाल इन सब बातों को भूल कुछ खाने की सोचनी चाहिए—।"

"तो चलिए—रेस्टोरेन्ट ही में जाना पड़ेगा।"

"वह तो जाना ही पड़ेगा—" मेसन तैयार हो गया—"चलो—पाल के आफिस में से होकर जाना पड़ेगा। वहां सन्देश छोड़ देंगे कि हम कहां होंगे। मैंने उसे मुरेल का पीछा करने को कहा था। क्योंकि मैं जानना चाहता था कि मेरे पास से होने के बाद वह कहां जाती है लेकिन सारा खेल ही बिगड़ गया। वापसी वह मेरे साथ मुरेल की बहन गलेमिज लौटी थी और वह बेचारा अब गलेमिज के पीछे भागता फिर रहा होगा। दूसरे शब्दों में कह सकती हो कि उसे झक मारनी पड़ रही होगी।"

नीचे उतरने से पहले मेसन व डैला पाल ड्रेक के आफिस में ही पहुंचे—"हम लोग नीचे जा रहें हैं—ग्रीन हिल होटल में खाना खाने। अगर उसका फोन आये तो कह देना कि वह वहां मुझे फोन कर ले। और अगर वह खुद ही आ जाता है तो उसे वहीं भेज देना।"

डेस्क कलर्क को सन्देशा दे वे नीचे ग्रीन हिल होटल के वातानकुलित केबिन में आ बैठे। पैरी मेसन आज की घटनाओं का क्रमवद्ध चिन्तन करने लगा और डैला बेयरे को आर्डर देने लगी।

डैला ने पहले काकटेल का ही आर्डर दिया था।

काकटेल की चुस्कियां लेते हुए ही मेसन ने कहा, "डैला—तुम मेरा ख्याल है कि गिलमेन के घर पर फोन करो और मिस मुरेल को बुलाओ। और अगर वह फोन पर आ जाये तो उससे

पूछना कि क्या वह फोन पर बात कर सकती है—अगर जवाब हां में हो तो तुम्हें उससे···तुम रहने देना फिर मैं स्वयं ही बात करूंगा उससे।"

काकटेल के साथ ही कुछ स्नैकस लिए। बिल पर साईन करने के बाद वे उठ खड़े हुए। अब उनका रुख टेलीफोन बूथ की तरफ था।

डैला ने गिलमेन के घर के नम्बर डायल किए। दूसरी तरफ से फोन मुरेल ने ही उठाया था। अपना नाम बताते हुये डैला ने पूछा—"मिस मुरेल क्या तुम बात कर सकती हो?"

"हां—क्यों नहीं···।"

"जरा होल्ड करो—मि० मेसन तुम से बात करना चाहते हैं।" इतना कह डैला ने रिसीवर मेसन की तरफ बढ़ा दिया।

"हैलो मुरेल—क्या समाचार है। क्या तुम्हारे पापा घर आ गए हैं?"

"नहीं···आपको मिला कोई समाचार?।"

"नहीं—वे एर्गीमिन्ट मैंने पहुंचा दिए हैं—और उनके बदले में रसीद प्राप्त कर ली है।

"यह आपने अच्छा किया—।" मुरेल ने कहा—फिर बताया "पापा शायद सोचेंगे ही नहीं। उन्होंने नेनसी को फोन किया था कि वह बाहर जा रहे हैं और रात को घर नहीं लौटेंगे। सुबह समय पर ही सीधे आफिस पहुंचने का कहा है। यानि कि प्रातः नौ बजे तक ही आयेंगे वह।"

"पर वह गये कहां हैं—?"

"बिजनेस के सिलसिले में ही लास वेगास गये हैं।"

"हूं···और गलेमिज···क्या वह घर पहुंच गई।"

"नहीं—वह भी शायद रात नहीं लौटेगी।" मुरेल की हंसी उभरी "बड़ी मूडी है। उसने भी फोन किया है कि वह रात देर से

लौटेगी--और इसका मतलब है कि सुबह ही आयेगी वह—।"

"खैर—मैंने तुम्हें यही बताने के लिए फोन किया था कि वे एग्रीमेन्ट्स दे दिए हैं। बहरहाल—सुबह तो मि० गिलमेन से बात हो ही जाएगी—गुड नाईट मिस मुरेल—।"

रिसीवर रख मेसन डैला की तरफ मुड़ा—"यह भी खूब रही—पाल गलेमिज के पीछे लगा हुआ है और गलेमिज ने फोन द्वारा उन्हें सूचित किया है कि वह रात घर नहीं आ रही। हो सकता है वह कहीं लम्बा ही निकल गई हो। शायद इसी लिए हमें पाल की तरफ से भी कोई सूचना नहीं मिली।"

"पाल तो सिर पीट कर ही रह जायेगा—जब उसे पता चलेगा कि वह गलत लड़की का पीछा करता रहा है। आपने तो मुरेल का पीछा करवाना चाहा था ना चीफ—।"

"हां—तब मैं मुरेल की गतिविधियों के बारे में ही उत्सुक था पर अब इन बदलती परिस्थितियों में अच्छा ही है कि वह गलेमिज का पीछा कर रहा है। हमारे सामने दो बेटियां हैं दोनों ही एक दूसरे से बढ़ कर रहस्यपूर्ण !

"चलो अब खाना खा लें—वहीं हम डुप्लीकेट बेटियों और दूसरी शादी वाले क्लाईन्ट गिलमेन के बारे में सोचेंगे—जो कि दस हजार डालर के नोट फर्श पर बिखेरे। मुझे लगता है कि वह क्षण दूर नहीं जब हम इस मामले को और अधिक उलझा हुआ पायेंगे—।"

फिर कोई एक घन्टे बाद।

जब वह लौट कर पाल के आफिस में आये तो फोन डेस्क पर बैठी युवती ने इन्हें देखते ही अपने कानों में उंगलियां ठूंस लीं और शरारतपूर्ण मुस्कान के साथ ही बोली—"प्लीज मुझे—यह ना सुनाईयेगा कि आप क्या-क्या खा कर आए हैं! मैं आज कल डार्यटिंग पर हूं और किसी मरीज के सामने स्वादिष्ट-स्वा-

दिष्ट भोजनों का नाम लेना किसी अपराध से कम नहीं !"

"चिन्ता मत करो—हम तुम्हें अपराध करने पर नहीं उक—सोचेंगे—।" मेसन हंस दिया, "वैसे पाल की तरफ से कोई सूचना—?"

मेसन मुड़ने को ही था कि लड़की स्विच लगाते हुए बोली—"यस—पाल डिटेक्टिव एजेन्सी—ओह, आप—वह यहीं हैं।"

मेसन ठिठक गया था—युवती ने उसकी तरफ देखते कहा—"पाल ड्रेक का फोन है। वह लास वेगास से बोल रहा है।"

पैरी मेसन ने रिसीवर झपट लिया—। "हैलो पाल—तुम वहां कैसे पहुंच गए ?"

"तुमने ही तो मुझे उस पार्टी का पीछा करने को कहा था। उसके पीछे-पीछे ही यहां तक आना पड़ा है।"

"पर तुमने इससे पहले कोई फोन नहीं किया—?"

"मेरे पास समय नहीं था—फिर कोई अवसर भी तो नहीं मिला ! वह सीधी एअर पोर्ट पहुंची थी। अपनी कार पार्क कर वह सीधी बुकिंग आफिस में गई। मैं उसके पीछे-पीछे ही था। दस मिनट बाद ही लास वेगास के लिए फ्लाईट थी। उसने उसी जहाज का टिकट लिया—मुझे भी मजबूरन उसी जहाज का टिकट लेना पड़ा ! मैंने बहुत कोशिश की कि उससे दूर रहूं। पर यह सम्भव ना हो सका—लेकिन प्लेन में ही जो खाली सीट मिली वह उसके पीछे वाली थी !"

"क्या उसने तुम्हें ताड़ लिया—?"

"हां—मेरा ख्याल है कि उसे कुछ सन्देह हो गया था। मैं बताता हूं कि क्या बीती वहां—।"

"क्या—?"

"लास वेगास में उतरते ही उसने सिटी के लिए टैक्सी ली—मैं एक दूसरी टैक्सी में उसके पीछे लग गया। शहर में वह एक

बड़े कासीनो (जुआघर) के सामने रुकी। और वह जुआघर में दाखिल हो गई। मैं उसके पीछे ही था। विभिन्न मशीनों पर वह जुआ खेलती रही—और फिर मुझे डाज दे गई।"

"यह कैसे सम्भव हो सका—" मेसन हंसा था।

"कोई बीस या तीस मिनट पश्चात ही—।" पाल विवरण बताने लगा—'एक खाली टैक्सी क्लब के गेट पर आ कर रुकी। उस समय नौ बजकर ग्यारह मिनट थे। वह भाग कर ही बाहर निकली और उस टैक्सी में बैठ गई। मेरे बाहर निकलने तक वह टैक्सी स्टार्ट हो चुकी थी और फिर मेरे देखते ही देखते टैक्सी रवाना हो गई। और मैं खाली टैक्सी ही खोजता रह गया। लगता था—वह किसी ऐसे अवसर की ताक में ही थी—पाल ने एक गहरा सांस लिया—साफ है कि उसे कुछ शक हो गया था। और अब मैं तुम्हें फोन कर रहा हूं—सोचा रिपोर्ट दे दूं—।"

"लास वेगास पहुंच ही गए हो तो मैं तुम्हें एक सोरस बताता हूं। शायद तुम अपने शिकार को खोज पाओ—लास वेगास में स्टीव वार्लो नाम का व्यक्ति रहता है। यह पता नहीं है कि वह करता क्या है—पर उसके घर का पता है—५६८१, वर्जीनिया सिटी एवेन्यू। वहां एक नजर देख लेना अगर तुम्हारा शिकार तुम्हें वहां मिल जाता है तो अगली फ्लाइन्ट से ही तुरन्त लौट आना—"

"और अगर वहां ना मिले तो—"

"तो भी कोई अन्तर नहीं पड़ता। एक सरसरी नजर उस जगह पर डाल लेना—और चले आना। वहां रात रुकने का कोई फायदा नहीं है। मैं अब तुम्हें सुबह ही मिलूंगा।"

"ओके गुड नाईट—।"

"गुड नाईट—।" कहते हुए मेसन ने भी रिसीवर रख दिया। और डैला से चलने के लिए कहा!

□□□

सुबह साढ़े दस बजे !

पाल अपने विशिष्ट अन्दाज में ही पैरी मेसन के प्राईवेट आफिस का दरवाजा खटखटा रहा था।

डैला ने ही उसके लिए दरवाजा खोला—उसे देखते ही मुस्कराते हुए बोली—"ओह तुम···रात कैसा रहा जुआ का खेल। बिल में ही जोड़ दिया होगा वह खर्चा भी—।"

"नहीं जरूरत ही नहीं पड़ी। उस खेल में मैं विजयी ही रहा। लगभग पांच सौ डालर जीते मैंने।"

"तभी—आफिस देरी से आया जा रहा है। सारी रात शायद भाग्य ही अजमाते रहे हो—।" मेसन बोल उठा।

"ऊं—हुं···खेलना तो मैंने आधी रात को ही बन्द कर दिया था। फिर पहली फ्लाईट से ही सीधा आफिस आ गया ताकि सूचनायें एकत्रित कर सकूं। तुम्हें भी तो रिपोर्ट देनी थी ना। कई लोगों को उस काम पर लगा रखा है—वैसे तुम्हारा अनुमान ठीक ही था। वह लड़की उस बताए पते पर ही थी। मैं सीधा वहां पहुंचा और उसकी इन्तजार में बाहर खड़ा रहा। लगभग एक घन्टे बाद ही वह बाहर निकली और एक टैक्सी में रवाना हो गई।"

"क्या तुमने उसका पीछा किया—?"

"कर ही नहीं पाया। वहां मैंने एक कार किराये पर ले ली थी जो उस जगह से कुछ दूरी पर ही पार्क कर रखी थी। मेरे कार तक पहुंचने से पहले ही उसकी टैक्सी मोड़ पर गायब हो चुकी थी। और फिर मैंने भी उसका पीछा करने की विशेष कोशिश

नहीं की। तुमने ही तो कहा था कि खास जरूरत नहीं है।"

"खैर—जरूरत तो सच्च ही खास नहीं थी!"

"लेकिन ग्यारह बजे वह मुझे फिर मिल गई। एक जुआघर में ही फिर नजर आई वह। वह रोल्ट मशीन पर खेल रही थी!"

"क्या वहां भी उसने तुम्हें देख लिया था—?"

"नहीं—मैं उससे दूर ही था—और दूर ही रहा। कनखियों से ही उस पर नजर रखे रहा!"

"किसी और ने तो इस बात की तरफ ध्यान नहीं दिया कि तुम उस लड़की में रुचि ले रहे हो?"

"शायद नहीं—पर यह लड़की थी कौन—?" पाल ने पूछा।

"गलेमिज वालों—। वह···।"

"गलेमिज—" पाल चीख ही तो उठा, "ओह—तुमने पहले मुझे क्यों नहीं बताया।"

"क्यों उसके बारे में कोई जानकारी मिली तुम्हें—?"

"बहुत ज्यादा—यह कहानी एक विश्वस्त सूत्र से ही मुझे पता लगी है। इस बारे में अखबारों में भी कुछ विशेष नहीं छपा था। जब मैं लासवेगास में था तो इस कहानी की मुझे पता नहीं था—वरना वालों के बारे में कुछ गहराई से ही सोचता। वापिस लौटने पर—वह रिपोर्ट मेरे डैस्क पर थी। कहानी दिलचस्प भी है और मार्मिक भी—

"नेनसी—न्यूयार्क के निकट ग्रीनविच नाम के एक गांव में रहती थी। स्वतंत्र कमर्शियल आर्टिस्ट के रूप में काम करती थी वह। इसके साथ ही कहानियां भी लिखती थी वह। इन्हीं कहानियों के पारिश्रमिक से गुजारा चलता था उसका। वहीं—उसी गांव में जॉन यरसन नाम का एक लेखक भी रहता था—जो कि एक बहुत बड़ा उपन्यास लिख रहा था। उम्र में वह नेन्सी से सात-आठ वर्ष बड़ा था। वह टेक्सास का रहने वाला था—और

वहीं उसका एक चाचा रहता था। इसी चाचा के मरणोपरान्त …जॉन कई एकड़ भूमि का मालिक बन गया था।

"जॉन और नेनसी का आपस में लगाव हो गया और नेनसी गर्भवती हो गई। नेनसी ने उससे ब्याह का प्रस्ताव रखा जिसे जॉन ने ठुकरा दिया। उसका विचार था कि क्षणिक आनन्द की लालसा में ही नेनसी ने यह मुसीबत स्वयं मोल ली है—वह उसके लिए अपना जीवन नष्ट क्यों करे—। जॉन के इन्कार से नेनसी को आघात पहुंचा था। वह लगभग तीन माह तक वहां रही—और वह फिर वहां से गायब हो गई। गायब भी ऐसे कि फिर किसी को नजर नहीं आई। चाचा की जायदाद मिलने पर जॉन एकाएक ही करोड़पति हो गया। नेनसी से अलगाव ने उसकी सुप्त भावनाओं को जगा दिया और उसकी आत्मा उसे इसके लिए धिक्कारती रही कि उसने नेनसी के साथ अन्याय किया है। आत्मा की इसी कचोट के कारण उसने नेनसी को ढूंढ निकालने की बहुत कोशिश की। प्राईवेट जासूसों पर बहुत सा धन व्यय कर डाला परन्तु नेनसी का पता न लगना था न लगा। उसने समाचार पत्रों में विज्ञापन भी दिए व अन्य भी कोई साधन ऐसा नहीं छोड़ा जिससे नेनसी को ढूंढने की सम्भावना हो सकती थी—।"

"पर आखिर ऐसी कौन सी विवशता थी जिसने उसे यह सब करने को मजबूर कर दिया," मेसन सोच में पड़ गया था।

"दिल के मामले कुछ ऐसे ही होते हैं" पाल मुस्करा दिया, बाद में यही अहसास हुआ होगा कि वह नेनसी को दिल से चाहता है —उसके बिना रह नहीं सकता तो उसे ढूंढ निकालने को धरती आकाश एक कर दिया। लेखक वैसे भी तो कुछ भावुक होते हैं—।"

"होंगे—।" मेसन ने उसकी बात काट दी, "तुमने बताया ना कि जॉन के कारण ही नेनसी गर्भवती हो गई थी।"

"हां—वहां से आकर नेनसी एक दूसरे नाम से ही लास ऐंजल्लस में बस गई। वहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। वार्लो से उसकी मुलाकात बच्ची के जन्म के बाद हुई थी। वार्लो उन दिनों सान फ्रान्सिसको में रहता था। नेनसी के प्रति उसके दिल में आकर्षण जाग उठा। उन दोनों ने ब्याह कर लिया और उत्तर की तरफ चले गए। इस ब्याह के चौदह वर्ष बाद उनमें तलाक हो गया और नेनसी ने गिलमेन से शादी कर ली।"

"ओह—।" मेसन गहरी सोचों में डूबता जा रहा था।

"है ना कहानी—।" पाल बोला, "फिल्म बने तो हिट हो जाए—।"

"गलेमिज इस बारे में कितना कुछ जानती है ?"

"शायद कुछ भी नहीं—। वह समझती है कि वार्लो ही उसके पिता हैं। मैंने खुद देखा है—बहुत प्यार करती है वह वार्लो को और वार्लो भी उसे बहुत प्यार करता है। मुझे पता नहीं था कि यह वही वार्लो है। तलाक के अपने फैसले में—अदालत ने वार्लो को यह अधिकार दिया था कि वह समय-समय पर गलेमिज से मिल सकता है। शायद वार्लो के लगाव को देखते हुए ही नेनसी ने इसका विरोध नहीं किया होगा।

"और उस जॉन यरसन का क्या बना—?"

"आज से छः वर्ष पूर्व उसकी मृत्यु हो गई है। आयु पर्यन्त वह कुआंरा ही रहा था। अपने पीछे वह लाखों डालर की जायदाद छोड़ गया था और तीन लाख डालर की राशि वह उस व्यक्ति के नाम लिख गया है जो यह प्रमाणित कर दे कि वह नेनसी व उसकी औलाद है। उसने वसीयत में अन्दाजे से उसकी जन्म तिथि भी लिखी है। वसीयत वकीलों के पास है।"

"ओह तो यह मामला है—।" मामला अब कुछ और भी उलझ चला था।

"हां—और आगे की कहानी यह कि जान के नेनसी से विवाह करने से इन्कार पर नेनसी उस समय तो सब्र करके चुप हो गई थी। जॉन को उसने अपने दिल से ही निकाल दिया था। और अब पिछले दिनों जब उसे इस वसीयत का पता चला तो वह जायदाद के वारिसों के पास गई और अपना अधिकार मांगा—।"

"जॉन की जायदाद के दो वारिस थे—दोनों ही भाई बहन। उन्होंने नेनसी की बात को सुना और अपने तौर पर खोज बीन की। उन लोगों ने इस काम के लिए जासूस की सेवायें प्राप्त की थीं—उसी ने यह सब जानकारी मेरे आदमी को दी है। उसे मैंने नेनसी के बारे में जानकारियां एकत्रित करने को कहा था।"

"और नेनसी के उस दावे का क्या बना—?"

"नेनसी ने उस गांव में अपने निवास को प्रमाणित कर दिया। उन लोगों को विश्वास दिलाने की कोशिश की कि वही वह नेनसी है जो जौन यरसन की प्रेमिका थी। बर्थ सर्टीफिकेट से तो वह यह प्रमाणित नहीं कर सकती थी कि गलेमिज ही वह संतान है। क्योंकि तब उसने दूसरा नाम धारण कर रखा था। लेकिन गलेमिज की सूरत जौन से इस सीमा तक मिलती है कि—उसे देखने के बाद उन लोगों को मानना ही पड़ा कि वही उस रकम की उतराधिकारी है। उन्होंने डेढ़ लाख डालर उसे देने चाहे—और अन्ततः दो लाख डालर में फैसला हो गया। वसीयत में यह भी लिखा गया था कि इन सारी बातों को गुप्त ही रखा जाए ताकि गलेमिज को यह मालूम न हो सके कि वह नाजायज औलाद है—।"

"क्या यह सब बातें नेनसी के गिलमेन से विवाह के बाद की हैं?"

"हां—यह सारा चक्कर साल भर पहले का है।"

"गलेमिज ने तब क्या पूछा नहीं होगा कि यह धन कहां से आया—जबकि अपने पिता व उस वसीयत के बारे में वह अंधेरे में ही है।"

"नेनसी ने ही इस पर पर्दा डाला होगा—किस तरह—यह मैं नहीं जानता। मेरी कहानी तो बस यहीं तक है।"

मेसन उत्तेजित-सा नजर आने लगा,—"लो—तो यह है झगड़े की जड़—।"

"हां—और शायद ब्लैकमेल का आधार भी," पालड्रेक ने अपना संदेह व्यक्त किया, "यही रहस्य वीरा मार्टल भी किसी व्यक्ति से जान गई होगी। वह नेनसी या गलेमिज दोनों में से किसी एक को या फिर दोनों को ही ब्लैकमेल कर रही होगी।"

तभी टेलीफोन की घंटी बज उठी।

डेला ने रिसीवर उठाया—दूसरी ओर की बात सुनने के बाद रिसीवर पाल की तरफ बढ़ा दिया,—"तुम्हारे लिए है—।"

पाल ने रिसीवर लपक लिया,—"हैलो—मैं सीधा अपने आफिस आ रहा हूं—हां और कोई महत्व की बात है तो—क्या पूरे विश्वास से कह रहे हो तुम—। ओ० के० मुझे विवरण बताओ—।"

कुछ क्षणों तक पाल खामोश खड़ा दूसरी तरफ से कही जाने वाली बात सुनता रहा। फिर कुछ गम्भीरता से ही बोला, ओ० के०—अपने सारे आदमी इसी काम पर लगा दो। खर्चे की चिन्ता न करो—एक-एक बात की जानकारी मिलनी चाहिए—।" और पाल ने रिसीवर रख दिया—मारे उत्तेजना के उसका चेहरा सुर्ख हो रहा था।

"क्लाईन्टस का पैसा निर्दयता से खर्च नहीं करना चाहिए।" मेसन ने मुस्कराते हुए कहा—।

"क्लाईन्ट का नहीं तुम्हारा—यह सब खर्च तुम्हारे लिए

हो रहा है," पाल ने जवाब दिया, "फिर एक-एक शब्द को चबाते हुए बोला, "वीरा मार्टल की लाश आज सुबह पुलिस को उसकी कार में मिली है। कार एक ढलान से लुढ़क गई थी। मुल्होलेंड ड्राइव की पहाड़ियों में ही कहीं कार शायद कंट्रोल से बाहर हो गई थी।"

"ओह"—मेसन भी गम्भीर हो उठा। डैला तो मारे आश्चर्य के उछल ही पड़ी थी।

"मामले में कई बातें बहुत संदिग्ध हैं—पुलिस का ख्याल था कि कार उस खतरनाक ढलान से लुढ़क गई है। लेकिन जब लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई तो पता चला कि यह हत्या का मामला है। दुर्घटना से पहले ही वीरा मार्टल मृत थी। उस पर पुलिस को दूसरे दृष्टिकोण से खोज बीन करनी पड़ी। उन्हें वीरा मार्टल के बूटों व स्कर्ट से एक विशेष प्रकार की लकड़ी का बुरादा प्राप्त हुआ है—। यह विशेष प्रकार की लकड़ी—मंहगी होती है इसलिए उनका विचार है कि कोई शौकिया तौर पर ही उस महंगी लकड़ी का प्रयोग करता होगा—अपनी निजी वर्कशाप में ही।"

"उसे मरे कितना समय हो गया है—?"

"पुलिस का ख्याल है कि मौत कल सुबह सात बजे के बाद व दोपहर से पहले हुई है और अगर लाश कुछ दिनों तक वहीं पड़ी रहती तो शायद उसकी मौत के समय का अन्दाजा लगा पाना सम्भव ना होता। यह तो एक पुलिस पेट्रोल गाड़ी चालक की दृष्टि सड़क के किनारे की तरफ जाते टायरों के निशानों पर पड़ गई—और उसे सन्देह हो गया। उन्होंने झांक कर देखा और ढलान पर काफी नीचे वह कार उन्हें एक पेड़ के सहारे टिकी नजर आ गई। वरना वह क्षेत्र तो ऐसा है कि हफ्तों इस बात का पता ही नहीं लगता। चट्टानों व झाड़ियों ने छुपा रखा था कार

को—"

"पुलिस किस समय से इस मामले में तफतीश कर रही है—?"

"दिन चढ़े से ही—पर उन्होंने इस बारे में कोई सूचना बाहर नहीं जाने दी और अब लगता है वे लोग शायद किसी निष्कर्ष पर पहुंच चुके हैं और…।"

पाल बात पूरी नहीं कर पाया था कि फोन की घंटी एकाएक ही फिर बज उठी—डैला ने रिसीवर उठाया, बोली,—"हैलो।"

दूसरी तरफ की बात सुनने के बाद बोली। "चीफ—मुरेल बोल रही है। वह इसी समय आपसे बात करना चाहती है—काफी उत्तेजित लग रही है वह।"

"ठीक—तुम भी एक्सटेन्शन पर सुनो और नोट करती जाना, मेसन ने रिसीवर ले लिया—"हैलो—मिस मुरेल… मेसन स्पीकिंग।"

"ओह मिस्टर मेसन गजब हो गया…"मारे घबराहट केमुरेल की आवाज कांप रही थी।

"अपने आप को सम्भालो—और मुझे बताओ कि क्या हुआ—?"

"पुलिस मकान की तलाशी लेने आई थी—।"

"हूं—घर पर उस समय कौन था—?"

"हम तीनों ही थे—मैं, नेनसी और गलेडिज। लेकिन वह दोनों सो रही थीं, केवल मैं ही जाग रही थी।"

"यानि कि पुलिस ने सर्च वारन्ट तुम्हें ही दिखाया था?"

"हां—उन्होंने पूछा था कि घर का इन्चार्ज कौन है—मैंने कह दिया कि मैं ही हूं। उन्होंने मुझे सर्च वारन्ट दिखाया और कहा कि यह पापा के वर्कशाप की तलाशी लेना चाहते हैं।"

"क्या तलाशी ली उन्होंने—?"

"हां—।"

"क्या किया था उन्होंने—?"

"उनमें से एक आदमी के पास हवा सोखने का एक यन्त्र था। उसकी सहायता से उसने फर्श पर बिखरे लकड़ी के बुरादे को एकत्रित किया—टूटी हुई कुर्सी व लाल रोगन का काफी ध्यान से परीक्षण किया। रंग के डिब्बे—कुर्सी इत्यादि पर पाउडर छिड़ककर देखा। उस पर उंगलियों के निशान थे—जिनके कि उन्होंने फोटो ले ली है। फिर उन्होंने मुझे बाहर रुकने के लिए कहा और साथ ही यह चेतावनी दे दी कि मैं फोन के पास पहुंचने की कोशिश ना करूं—।"

"कितनी देर पहले की बात है यह—?"

"लगभग पौन घंटा पहले की—"

"फिर—फिर क्या हुआ—?"

"फिर वह चले गए। हालांकि उनका व्यवहार बड़ा शालीन व सभ्य रहा—पर उन्होंने मेरी किसी भी बात का जवाब देने से इन्कार कर दिया। मैंने उनसे पूछा कि बात क्या है—तो उन्होंने रुखाई से केवल इतना ही कहा कि वे जवाब देने के लिये नहीं आए हैं, उनका काम जानकारी प्राप्त करना है—जानकारी देना नहीं—।"

"खैर कोई बात नहीं—।" मेसन बोला, "और तुम्हारे पापा कहां हैं ?"

"वह तो लास वेगास में हैं।" जवाब मिला, "यही आशा थी कि वह प्रातः की फ्लाईट से ही आकर नौ बजे तक अपने आफिस पहुंच जाएंगे। पर साढ़े नौ बजे मि० कालहन का फोन आया था वह पापा को पूछ रहा था—पापा आफिस नहीं पहुंचे थे और वह पूछ रहा था कि पापा कहां हैं—।"

"तो क्या जवाब दिया कालहन को—?"

"मिस्टर मेसन—मैंने—मैंने उससे झूठ बोल दिया।"

"क्या कहा तुमने—?"

"मैंने कह दिया कि मैं नहीं जानती पापा इस समय कहां हैं। मैंने उस पर नहीं प्रकट किया कि पापा ब्रेकफास्ट के समय घर पर थे।"

"उसने यह तो पूछा होगा कि क्या वह रात घर पर थे—।"

"नहीं—ऐसा उसने कुछ भी नहीं पूछा और न ही मैंने बताया, उसने केवल इतना ही पूछा कि क्या पापा का आज आफिस आने का प्रोग्राम था तो मैंने जवाब दे दिया कि वह निश्चित समय पर आफिस पहुंचने वाले थे।"

"आल राईट—" मेसन ने कहा—फिर पूछा—"पुलिस को वहां से गये कितना समय हो चुका है।"

"लगभग दस मिनट—।"

"उसी समय तुमने मुझे फोन क्यों नहीं किया ?"

"मैं बहुत घबरा गई थी। कुछ सोच समझ ही नहीं पा रही थी कि क्या करूं—मेरे लिए तो खड़ा रहना ही कठिन हो रहा था। मैं तो यह निर्णय भी नहीं कर पाई कि नेनसी और गलेमिज को भी बताऊं या नहीं—।"

"तो—क्या किया तुमने ?"

"मैंने अभी नहीं उठाया है उन्हें—।"

"मुझे नेनसी से बात करनी होगी और गलेमिज से भी। इसके लिए ठीक रहेगा कि मैं स्वयं ही वहां आ जाऊं। मैं…"

पर वह अपनी बात पूरी नहीं कर पाया। आफिस का दरवाजा एक झटके से ही खुला था और दरवाजे में खड़ा था लैफटिनेंट ट्रग। सादे वस्त्रों में एक पुलिस आफिसर और भी उसके पीछे था।

"वैल मिस्टर मेसन···लगता है आप लोग पहले से ही काफी व्यस्त हैं—।"

"ओह—लैफ्टिनेन्ट साहब···" रिसीवर मुंह से लगाए ही मेसन ऊंचे स्वर में बोला—ताकि दूसरी तरफ मुरेल भी स्पष्टतः सुन ले, "कुशल तो है—जो पुलिस आफिसरों को यूं सुबह-सुबह ही आना पड़ गया है! और आपने आफिस का दरवाजा खटखटाने की जरूरत भी महसूस नहीं की—जो कि शायद शराफत का तकाजा है। जरूर कोई खास ही बात है—।"

"यूं ही अगर दरवाजा खटखटा अनुमति ले घरों में दाखिल हों तो शायद हमें कोई घुसने ही ना दे—या हमारे आने से पहले ही वह वस्तु वहां से हटा दी जाये—जिसके लिए हम आए हों। या जिससे फिर हम मिलना जाहते हों—वह चुप-चाप पिछले दरवाजे से खिसक जाए और उनकी खूबसूरत सैक्रेट्री बड़े भोलेपन से कह दे—'चीफ का तो पता ही नहीं है कि वह कब और कहां मिल सकेंगे—" लैफ्टि० ट्रेग ने स्वर में कहा था "खैर तुम अपनी बात पूरी कर लो—फिर हम बात करेंगे—।"

"मेरी बात तो पूरी ही है—" मेसन ने जवाब दिया, फिर इसी स्वर में बोला—"कोई और बात—?"

"ओह मि० मेसन—मेरा ख्याल है कि जरूर कोई गड़बड़ है। जरूर कोई विशेष घटना घटी है। मैं···"

पर मेसन ने उसे बात पूरी नहीं करने दी—बात काटते हुए ही बोला—"देखो—यहां पुलिस विभाग के कुछ आफिसर आ गए हैं—जो चाहते हैं कि उनके काम को प्राथमिकता दी जाए। तुमसे मैं बाद में बात करूंगा—। फिलहाल तो मेरी बस यही चेतावनी याद रखना कि इस बारे में तुम्हें किसी से कोई बात नहीं करनी है—कोई भी नहीं—समझी।"

"किस सम्बन्ध में?"

"किसी भी सम्बन्ध में—।"

"मिस्टर मेसन—मैंने उन्हें कुछ ज्यादा नहीं बताया है। उन्होंने पापा के बारे में पूछा था—और मैंने उन्हें बता दिया था कि वह लास वेगास में हैं और सुबह ही लौट आयेंगे—।"

"खैर तुम चिन्ता ना करो। मैं शीघ्र ही तुम्हें फोन करूंगा—तुम फोन के निकट ही रहना ताकि तुम्हें ढूंढने में परेशानी न हो—" इतना कहकर मेसन ने रिसीवर रख दिया। फिर ट्रैग की तरफ मुड़ते बोला, "कहिए—क्या सेवा कर सकता हूं मैं आपकी?"

ट्रैग अपने साथ आए उस सादा लिबास वाले से सम्बोधित हुआ—"मेरा ख्याल है कि तुम पैरी मेसन से परिचित हो—यह पालड्रेक है—मिस्टर मेसन के लिए जासूसी का काम यही करते हैं। और यह हैं मिस डैला स्ट्रीट—मिस्टर मेसन की सेक्रेट्री—" इतना कह ट्रैग मुस्करा दिया, "इनके प्रति किसी भ्रम में ना रहना। ये सब ही अपनी-अपनी जगह बहुत चालाक व होशियार हैं। बहरहाल—क्या मैं जान सकता हूं कि फोन पर किससे बात की जा रही थी पैरी—?"

"अपने एक कलाईन्ट से—" संक्षिप्त सा उत्तर था मेसन का।

"ओह—" ट्रैग के स्वर में व्यंग भरता चला गया, "मैं तो समझा था कि किसी अजनबी से बात कर रहे हो—जो शायद तुमसे पूछ रहा था कि पोस्ट आफिस के लिए रास्ता कौन सा है।"

मेसन के होंठों पर स्वाभाविक सी मुस्कान थी—'तभी तो कहता हूं—जल्दबाजी में किसी निर्णय पर नहीं पहुंचना चाहिए। ऐसे निर्णय प्रायः गुमराह ही करते हैं।"

"अच्छा—मुझे मालूम नहीं था।" ट्रैग निर्लज्जता से ही बोला, "खैर, क्या तुम मुझे बताओगे कि क्या गिलमेन नाम का

कोई तुम्हारा कलाईन्ट है।"

"अगर तुम पहले ही से यह नतीजा निकालकर आए हो तो मैं उसे झुठलाना जरूरी नहीं समझता।"

"मुझे स्पष्ट उत्तर दो पैरी कि तुम कार्टर गिलमेन के नाम के किसी व्यक्ति को जानते हो अथवा नहीं।"

"गिलमेन...कार्टर...क्या तुम उसका पता बता सकते हो?"

"हां—६२३१ बाक्स एवेन्यू..." ट्रैग उसे घूरते हुए बोला।

"वेल—हमें देखना पड़ेगा—" डैला की तरफ देखते मेसन फिर ट्रैग की तरफ आकर्षित हो गया—जैसे अचानक ही उसने अपना कोई विचार त्याग दिया हो। स्पष्ट शब्दों में ही बोला—"मेरा ख्याल है मैं तुम्हारे किसी भी प्रश्न का उत्तर देने को बाध्य नहीं हूं—।"

"देखा—देखी इसकी मक्कारी—" ट्रैग अपने साथ वाले सादा लिबास से सम्बोधित हुआ, "क्या ऐक्टिंग की है—जैसे यह नाम पहले कभी सुना ही नहीं—और किन शब्दों में साफ-साफ किसी बात का जवाब देने से इन्कार कर दिया। कुछ बताने से भी बच गए और झूठ भी नहीं बोलना पड़ा। मानते हो ना—। खैर" वह फिर मेसन की तरफ मुड़ा "अब मैं तुमसे एक अधिकृत प्रश्न पूछ रहा हूं—तुमने ६२३१, बाक्स एवेन्यू या उसके किसी भाग से कोई शहादत की दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तु हटाई है या नहीं।"

"शहादत—।" मेसन ने शब्द दोहराया—"इस शब्द से तुम्हारा क्या अभिप्राय है। यह भी तो हो सकता है कि जिसे तुम शहादत समझते हो—वह शहादत हो ही नहीं—।"

"शहादत बिगाड़ने का मतलब तुम बाखूबी समझते हो—पैरी—।"

"एक वकील के लिए जानना जरूरी भी तो है।" मेसन मुस्करा दिया, "सुनी-सुनाई बातों को कानूनन शहादत नहीं समझा

जा सकता और प्राय: सुनी-सुनाई बातों के आधार पर ही—।"

तभी फोन की घन्टी बज उठी। मेसन की बात बीच में रह गई, रिसीवर डैला ने ही उठाया था—दूसरी तरफ वाले की बात सुनने के बाद वह मेसन से बोली—"आपके लिए है—और मेरा ख्याल है कि यह काल आप लाईब्रेरी में ही अटेन्ड करें तो ठीक रहेगा—।"

"तुम पहले हमारे प्रश्नों का उत्तर दो—" ट्रेग उखड़ सा गया, "हम जल्दी में हैं—फोन करने वाले को तुम फिर फोन करने को कह सकते हो—"

पर मेसन ने जैसे ट्रेग की बात सुनी ही नहीं—डैला के चेहरे के भावों को ही पढ़ने का यत्न करते हुए उसने रिसीवर ले लिया—"हैलो—" वह बोला। और दूसरी तरफ से जो आवाज उसे सुनने को मिली वह कार्टर गिलमेन की थी।

"मि० मेसन—मैं कार्टर बोल रहा हूं—कार्टर गिलमेन। पुलिस ने मुझे हत्या के सन्देह में हिरासत में ले लिया है। डिस्ट्रिक एटार्नी के आफिस में ही मुझसे पूछ-ताछ की गई है। उन्होंने ही कहा है कि अगर मैं चाहूं तो अपने वकील को बुला सकता हूं—मैं इसी लिए आपको फोन कर रहा हूं—।"

"ओह—" मेसन ने जवाब दिया, "मैं वहीं आ रहा हूं। मैं नहीं जानता अब तक आप क्या-क्या बता चुके हो। पर अब ख्याल रखना—इसके बाद मेरी अनुपस्थिति में आप किसी से कुछ भी नहीं कहोगे—कुछ भी नहीं। मेरी अनुमति के बिना आप अपना मुंह नहीं खोलोगे—मौसम के बारे में बताने के लिए भी नहीं—। मेरी बात समझ रहे हो ना। मैं तुरन्त ही पहुंच रहा हूं।"

अपनी बात कह मेसन ने रिसीवर रख दिया।

ट्रेग के होंठों पर मुस्कराहट थी—। "पैरी—इन बदले हालात में तो तुम अब मेरी किसी भी बात का जवाब नहीं दोगे। और

फिर अब तुम्हें अपने मुवक्किल मिस्टर गिलमेन के पास पहुंचने की भी जल्दी होगी। हम तुम्हें रोक भी नहीं सकते। तुम्हारे विरुद्ध हमारे पास कुछ नहीं है—पर इस बार शायद हम तुम्हारे विरुद्ध भी कुछ कर सकेंगे—ऐसा मुझे विश्वास है। इस बार तुम बेदाग नहीं हो।"

"यह पुरानी बात है—खैर वह बाद की बात है। मुझे खेद है कि मैं आप लोगों को अधिक समय देने की स्थिति में नहीं हूं—मुझे शीघ्र अतिशीघ्र अपने कलाईन्ट के पास पहुंचना है। आशा है मुझे क्षमा करोगे। पर हां—आप लोग तो गाड़ी में ही आए होंगे—और आपको भी वापिस वहीं जाना है। क्या मुझे भी साथ ले जाकर मेरा समय नहीं बचा सकते—।"

"क्यों नहीं—हमें तुमसे कोई शत्रुता नहीं है। तुम चाहो तो हमारे साथ चल सकते हो। हम वहीं जा रहे हैं—यहां तुम्हारा मुवक्किल है। लेकिन एक बात मैं तुम्हें बता देना चाहता हूं कि इस बार हमारा पक्ष बड़ा मजबूत है और अगर तुमने सावधानी से काम ना लिया तो मुझे भय है कि अपने मुवक्किल के साथ-साथ तुम भी फंस जाओगे—।"

"इस चेतावनी के लिए मैं आभारी हूं" मुस्कराते हुए ही जवाब दिया और फिर डैला की तरफ मुड़ते हुए बोला—"अगर एक घण्टे मैं में लौट कर ना आऊं—या मेरी तरफ से कोई सूचना तुम्हें ना मिले तो हाई कोर्ट में मेरी जमानत की अर्जी देना ना भूलना—।"

डैला ने मुस्कराते हुए ही सिर हिला दिया था। पाल ड्रेक ने—जो अब तक एक मूक दर्शक के रूप में ही खड़ा था—ने आगे बढ़कर उन तीनों के लिए दरवाजा खोल दिया।

पैरी मेसन उन दोनों के साथ बाहर निकल गया।

□ □ □

काउन्टी जेल के मुलाकात के कमरे में कार्टर गिलमेन—पैरी मेसन के सामने बैठा था।

"हूं तो मि० गिलमेन—अब बताओ क्या चक्कर है—?"

"मि० मेसन—मैं सौगन्ध खाकर कहता हूं कि मैं कुछ नहीं जानता...मुझे कुछ भी पता नहीं है।"

"शपथ अभी रहने दो—वह तो आपको ज्यूरी के सम्मुख खानी पड़ेगी" मेसन बोल उठा, "अब तो मुझे बताओ कि क्या हुआ था ?"

"मैं लास वेगास गया हुआ था—सुबह की ही फ्लाईट से लौटा हूं। मेरा आफिस पहुंचना जरूरी था। पर मैंने यही सोचा कि घर होता हुआ चलूं। पर मुझे तो घर जाने तक का अवसर भी नहीं मिला। एयर पोर्ट पर ही पुलिस मेरी इन्तजार में थी। वहां से ये लोग सीधा पूछ-ताछ के लिए मुझे—यहां ले आए—।"

"किस बारे में पूछ-ताछ के लिए—?"

"वीरा मार्टेल की मौत के बारे में।"

"तो आप जानते हैं कि वह मर चुकी है—।"

"हां—इन लोगों ने बताया है मुझे—।"

"और आपने क्या बताया है इन्हें—?"

"मैंने उन्हें बताया कि...कि...सच तो यह है मि० मेसन कि अन्ततः मुझे उन्हें बताना पड़ा कि वीरा मार्टेल के सम्बन्ध में मैं आपसे मिला था।"

"ओह—" मेसन को बहुत ही बुरा लगा—"पर क्यों—क्या जरूरत थी यह सब बताने की—फिर कारण भी बताया ही

होगा।"

"हां--मैंने अपना यह सन्देह भी व्यक्त कर दिया कि वीरा मार्टेल सम्भवतः मेरे परिवार के किसी सदस्य को ब्लैक-मेल कर रही थी।"

"अब आप 'परिवार के किसी सदस्य' की बात कर रहे हैं। मुझे तो आपने कहा था कि वह आपकी बीवी को ब्लैकमेल कर रही है।।"

"वह मेरा ख्याल ही था। सच तो यह है मि० मेसन कि मैं इस बारे में विश्वास से अभी भी कुछ नहीं कह सकता—।"

"हूं—" मेसन की निगाहें उसके चेहरे पर गड़ी थीं—"और क्या पूछा उन्होंने ?"

"उन्होंने मेरी वर्कशाप और मेरे द्वारा प्रयोग की जाने वाली लकड़ी के बारे में प्रश्न पूछे। मुझसे यह भी पूछा कि लास वेगास में क्या करता रहा—।"

"तो क्या बताया तुमने—?"

"मैं वहां मनोरंजन के उद्देश्य से गया था—जुआ खेलता रहा—।"

"जीते—?"

"नहीं—।"

"हारे—?"

"हां काफी बुरा रहा यह ट्रिप—।"

"खैर उन्होंने यह भी पूछा होगा कि आपको सर्वप्रथम यह कब पता लगा कि वीरा मार्मेल परिवार के किसी सदस्य को ब्लैक मेल कर रही है।"

"हां—इस बारे में कई प्रश्न पूछे उन्होंने—।"

"और जवाब में तुमने क्या कहा—?"

"मैंने उन्हें बता दिया कि मैंने वीरा मार्टेल की कार को दो

बार अपने आफिस के सामने देखा और एक अवसर पर अपने घर के पास । मैंने उन्हें यह भी बताया कि मार्टल ने दो एक बार घर पर फोन भी किया था—।"

"फोन पर ही आपने उसका नाम पूछा होगा—।"

"हां—मुझे फोन पर ही बताया गया था कि वीरा मार्टल है और नेनसी से बात करना चाहती है। मुझे यह सन्देशा भी दिया गया था कि मैं नेनसी को आते ही उसे फोन करने को कहूं—।"

"और उसका यह सन्देशा आपने अपनी पत्नी तक पहुंचा दिया—।"

वह हिचकिचा कर रह गया।

"देखो—।" मेसन बोला, "हमें अब व्यर्थ की यह बातें छोड़ देनी चाहिएं। मुझे विश्वास है—वीरा मार्टल कभी आपके घर नहीं गई और ना ही उसने कभी फोन ही किया होगा! और मुझे यह भी विश्वास है कि आपने आपनी पत्नी को वीरा मार्टल का ऐसा कोई सन्देश ही दिया होगा जो वह पुलिस को बता कर आपके कथन की पुष्टि कर सके—। हां—मुझे लगता है कि वीरा मार्टल की सेवायें आपके सहयोगी कालहन ने प्राप्त की होंगी—क्योंकि आपकी बेटी गलेमिज से सम्बन्धित किसी सकेन्डल की सूचना उसे मिल चुकी होगी—और वह उस मामले की सत्यता जानने को उत्सुक था।"

वीरा मार्टल—गढ़े मुर्दे खोदने में एक्सपर्ट है। उसके हाथ कोई विशेष भेद लग गया होगा—और जैसा कि उसकी आदत है, वह इस भेद के बदले अधिक से अधिक धन प्राप्त करने के चक्कर में होगी। वह जरूर आप दोनों को तौल रही होगी कि कालहन उस भेद के बदले में कितना दे सकता है और कालहन उस भेद को ना जान सके—इसके बदले आप क्या दे सकेंगे—।"

"और—।" क्षण भर को रुक मेसन ने आगे कहा—। "अब तो यह भी कहा जा सकता है कल प्रातः आपने वीरा मार्टल को बुलाया हुआ था। उसने आपको आपकी वर्कशाप में ही मिलना था। वहां उसे दस हजार डालर की पैमेन्ट की जानी थी। पर दुर्भाग्य से वह निश्चित समय से कुछ पहले ही आ गई। और आपको अपनी बेटी को यह कह कर वहां से हटाना पड़ा कि आपको और भूख लगी हैं और वह कुछ और नाश्ता बना कर लाये।"

"क्या—।" गिलमेन के चेहरे पर हैरत के भाव थे, "यह सब आप कैसे जानते हैं ?"

"बातें जानना ही तो अपना काम है—" मेसन ने कहा "मुरेल के रसोई में जाते ही आप इतनी जल्दी में उठ कर अपनी वर्कशाप में पहुंचे कि हाथ का नैपकिन भी वापिस रखना याद नहीं रहा। वीरा मार्टल ने दस हजार हथियाने के बाद—कुछ और धन मांगा होगा—जिससे आप गुस्से में आ गए होंगे—और उस पर हमला कर बैठे। सम्भव है उसने पिस्तौल या चाकू निकाल लिया हो। पर अन्ततः शायद आवेश में ही आपने उसकी हत्या कर डाली। अब उसकी लाश को ठिकाने लगाना जरूरी था—उसे अपनी कार की डिग्गी में ही डाल आप उसे किसी ऐसी जगह ले गए जहां लाश छुपाना सम्भव था। लाश छुपा कर आप फिर लौटे और अपने घर के निकट ही कहीं खड़ी उसकी कार ले गए।"

दौरा पड़ने की सी अवस्था में ही गिलमेन अपनी गर्दन हिला रहा था।

"मेरी बात सुनो—।" मेसन आवेश में ही बोलता चला गया "उसकी कार में उसे डाल आप पहाड़ी पर ले गए और उसे उसकी कार समेत नीचे जाने दिया। उस पहाड़ी सड़क पर यह सब करना कठिन नहीं था। अब आपको चिन्ता हुई—बचाव के

लिए ऐलीबाई जरूरी थी। मुझसे आपको साढ़े ग्यारह बजे मिलना था। कोशिश करने पर भी आप निश्चित समय से कुछ लेट ही पहुंचे।"

"और मिलने पर आपने मुझे वीरा मार्टल की कहानी सुनाते हुए—उससे सम्बन्धित खोजबीन करने को कहा—यह जानते हुए भी कि वीरा मार्टल अब जिन्दा नहीं है। और अब अपने बचाव के लिए ही एक जाल बुनना आरम्भ कर दिया—। आप यह नहीं जानते थे कि वीरा मार्टल की लाश का पता कब लगता है—पर यह जरूर जानते थे कि जितना लेट लाश का पता लगेगा वह आपके हित में ही होगा।"

"इस मामले में मुझे भी जाल में फंसाने के लिए एक योजना बनाई आपने-—ताकि अपनी मौत के बाद भी वीरा मार्टल के जीवित होने की गवाही दे सकूं मैं! तुमने अपनी सेक्रेटरी को ही वीरा मार्टल बना—मुझे फोन करवाया और अपने ही नाम एक धमकी भरा सन्देश भिजवाया। मैंने वैसा किया भी—तब आपने आश्चर्य ही व्यक्त किया था कि मुझे वह फोन नम्बर व आपके यहां उपस्थित होने का पता कैसे लगा। जबकि हकीकत यह थी कि फोन करते समय सेक्रेटरी के पास आप स्वयं उपस्थित थे। बड़ी खूबसूरती से ही आपकी सेक्रेटरी ने व आपने स्वयं अपना पार्ट अदा किया—इसके लिए मुझे आपको दाद देनी होगी।"

"बाद में आप लास वेगास चले गए—एअर पोर्ट से आप यह साबित कर ही सकते थे कि आप कब रवाना हुए। लास वेगास में आपको केवल समय ही बिताना था। मैं नहीं जानता कि वहां आप क्या करते रहे। शायद जुआ ही खेलते रहे हों। पर यह निश्चित है कि वहां आपने वीरा मार्टल के आफिस में जाकर यह जरूर देखा होगा कि वहां आपसे सम्बन्धित कोई कागज-पत्र तो नहीं है।"

"मिस्टर गिलमेन—इसमें सन्देह नहीं कि आपने बड़ी चालाकी से एक शानदार नाटक स्टेज कर डाला—पर हकीकत यह थी आपने अपने आप ही मौत के दरवाजे की तरफ कदम बढ़ाए हैं। माना कि आपकी सेक्रेटरी पूर्ण वफादार है और आपके कहने पर वह कुछ भी कर सकती है। पर पुलिस के दबाव तले उसे सच्चाई उगलनी ही होगी। एक हत्यारे के सहयोगी के रूप में वरना पुलिस भी उसे मुजरिमों के कटहरे में ला खड़ा करेगी। और ऐसा हो शायद वह पसन्द ना करे।"

"इस दुर्घटना की सूचना अगर उसी समय मुझे दे देते तो शायद मैं आपकी कुछ सहायता कर पाता। पर अपने आप ही चालाकी से काम करके आपने सारा खेल बिगाड़ दिया—और अपने लिए स्वयं ही मौत की सजा निश्चित कर ली है। क्यों अब क्या ख्याल है—मेसन उसकी आंखों में झांकते हुए ही बोला था।

विक्षिप्त सी अवस्था में ही गिलमेन अपना सिर हिलाता रहा—बस इतना ही कहा—। "यह सच नहीं है—बिलकुल ही सच नहीं है।"

"तो फिर सच क्या है।"

"सच्चाई मैं आपको बताता हूं—केवल आपको। लेकिन मैं किसी और को नहीं बताऊंगा—अदालत में शपथ लेने के बाद भी।"

"आल राईट—सच्चाई क्या है?"

"वास्तविकता यह है मि० मेसन कि मैं एक ऐसे व्यक्ति को बचाना चाह रहा हूं जिसे मैं बहुत प्यार करता हूं—।"

"कौन है वह—?"

असहाय सा ही—अनिच्छा से ही जवाब दिया गिलमेन ने—"अपने परिवार के ही एक सदस्य को—।"

"पर आपको इसकी जानकारी कैसे है—?"

"वह मैं बाद में बताऊंगा—गिलमेन बताने लगा—मैं नाश्ता कर रहा था। यह भेद तो मैं जान ही चुका था कि वीरा मार्टल परिवार के किसी सदस्य के बारे में कुछ खोजबीन कर रही है।"

"यह आपने कैसे जाना था—?"

"यह भी मैं आपको बाद में बताऊंगा—।"

"हां—तो आप नाश्ता कर रहे थे—फिर—?"

"मैंने वीरा मार्टल को कोठी में दाखिल होते और नेनसी के डार्क रूम में घुसते देखा। उसे वहां देख मैं हैरान ही रह गया था। मैं यह तो सोच भी नहीं सकता था कि वह घर में आ जाएगी मुझे क्रोध आ गया—अपने आपको रोक ना सका और नीचे जाकर उससे फैसला करने की सोची। यह सच है कि मुरेल को मैंने और नाश्ता बनाकर लाने के बहाने ही वहां से हटा दिया था। मैं नहीं चाहता था—मैं नहीं चाहता था कि उसे कुछ पता लगे।"

कुछ क्षण मुरेल से बातें करने में लगे—फिर मुरेल के रसोई में जाते ही मैं तेजी से कुर्सी से उठा—अखबार वहीं फेंका और बाहर निकल गया। सामने वाली खिड़की से मैंने अब फिर झांक कर देखा—और अपने ही परिवार के एक सदस्य को घबराई अवस्था में वर्कशाप से बाहर आते देखा।"

"कौन था वह—?"

"यह मैं नहीं बताऊंगा—मैं जानता हूं कि अगर आपने मेरा केस लिया तो फिर मुझे बचाने के लिए आप किसी दूसरे को फांसी के तख्ते पर चढ़ाने से भी नहीं चूकोगे—चाहे वह मुझे कितना प्रिय क्यों ना हो और मैं ऐसा होने नहीं दूंगा—अपनी जान की कीमत पर भी नहीं—।"

"खैर—अभी उस बात को छोड़ो। आपने अपने परिवार में किसी सदस्य को घबराई अवस्था में ही वर्कशाप से निकलते देखा—फिर क्या हुआ—?"

"फिर मैं दबे पांव मुख्य दरवाजे की तरफ भागा। वैसे ही चलता हुआ मैं नेनसी के डार्करूम में जा पहुंचा—फिर बीच के दरवाजे से ही मैंने वर्कशाप में झांका—और स्तब्ध रह गया।"

"वहां क्या देखा आपने—?"

"फर्श पर लाल रंग का रोगन बिखरा पड़ा था—जिसे मैंने पहली नजर से खून ही समझा था—वहां एक कुर्सी टूटी व उल्टी पड़ी थी और सौ-सौ डालर के नोट फर्श पर बिखरे पड़े थे।

"फिर-फिर क्या किया आपने ?"

"मैं सोचने समझने की शक्ति ही खो बैठा था। नेपकिन भी मेरे हाथ से छूट वहीं गिर गया। खामोश खड़ा बस वह सब देखता ही रहा। कुछ क्षणों बाद जब कुछ सोचने योग्य हुआ तो अनुमान लगाया कि जिसे मैं खून समझा था—दरअसल वह लाल रोगन था—जो एक डिब्बे के उलट जाने से वह निकला था। आगे बढ़कर मैंने उस डिब्बे को उठाकर सीधा किया और शेल्फ पर रख दिया—तभी मैंने अनुमान लगाया कि क्या हुआ होगा।"

"क्या अनुमान था आपका—?"

"यही कि मेरे परिवार का सदस्य उस ब्लैकमेलर को देने के लिए सौ-सौ डालर के नोट लेकर नीचे गया होगा। वीरा ने ही—जैसा कि आपका ख्याल है कोई लफड़ा खड़ा कर दिया होगा—जिससे झगड़े की नौबत आई होगी—।"

"उस बारे में क्या आपने अपने परिवार के सदस्य से पूछा ?"

"नहीं—मेरे ख्याल में तो वीरा ही थी। उसे वहां नहीं देखा तो तुरन्त ही अपनी कार से उसकी तलाश में निकल आया। मुझे आशा थी कि वह दूर नहीं गई होगी। आस-पास की गलियों व सड़कों पर वह कहीं नजर नहीं आई। हां—अपने घर से कुछ दूरी पर खड़ी उसकी कार मैंने ढूंढ़ निकाली—।"

"आपको कैसे पता कि वह उसी की कार थी।"

"उस पर नेवादा का नम्बर था।"

"पर आपको यह कैसे पता लगा कि वह कार वीरा मार्टल की ही है।"

"मेरा ख्याल है आपको कुछ पिछली बातें भी बता ही दूं। मि० कालहन ने वीरा मार्टल को मेरे परिवार के एक सदस्य के भूतकाल के बारे में जानकारी एकत्रित करने को लगा रखा था। वह वीरा मार्टल आफिस में ही कालहन से मिलने आई थी। उनकी कुछ बातें कालहन की सैक्रेटरी के कानों में पड़ीं जो उसने मेरी सैक्रेटरी मिस नारमल को बता दीं। और मेरी सैक्रेटरी ने मुझे। वीरा मार्टल को नवादा से बुलाया गया है, यह भी उसी ने बताया था।"

"तब शायद आप तुरन्त उसके केबिन में जा पहुंचे होंगे—और उसे धिक्कारा भी होगा कि वह क्या चक्कर चला रहा है?"

"शायद मैं ऐसा ही करता—पर मैंने ऐसा किया नहीं।"

"फिर क्या किया आपने—?"

"मैं इस बारे में कुछ ज्यादा ही जानने को उत्सुक हो गया था—सो सीधे नीचे पार्किंग में जा पहुंचा ताकि नवादा के नम्बर प्लेट वाली कार देख सकूं—। वह कार मुझे मिल गई। कार के डेशबोर्ड में कुछ चाबियां व वीरा मार्टल का आईडेंटटी कार्ड भी था—।"

"फिर—।"

"मेरी कार में क्लेमिट्टी थी—मैं वही मिट्टी निकाल लाया और उन चाबियों की छाप उस मिट्टी पर ले ली—।"

"ऐसा क्या सोच कर किया आपने—?"

"उस समय मैं स्वयं नहीं जानता था कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं। उस समय तो इस विचार ने ही मुझे पागल बना दिया था कि कोई मेरे परिवार से सम्बन्धित किसी सकैन्डल की खोज

कर रहा है। गलेमिज के जन्म से सम्बन्धित कुछ बातों का ज्ञान मुझे था'''पर मुझे मामला उससे भी अधिक गम्भीर महसूस हुआ और शायद मैं इस मामले की तह तक पहुंचने को उत्सुक था।"

"यानि कि आपने उन चाबियों के निशान इसलिए ले लिए कि उनसे डुप्लीकेट चाबियां तैयार करवाके—जब भी अवसर मिले—वीरा मार्टेल की अनुपस्थिति में उसके आफिस की तलाशी ले सको—।"

क्षणिक हिचकिचाहट के बाद ही गिलमेन ने हां कर दी।

'और ऐसा करके आपने अपनी गरदन आप ही फंसा ली—।" मेसन चिन्तित स्वर में बोला—"रात आपने उसके आफिस की तलाशी जरूर ली होगी ?"

"हां—।"

"कुछ मिला वहां ?"

"कुछ विशेष नहीं—लगता था कोई मुझसे पहले ही वहां पहुंच गया था। आफिस की बुरी तरह तलाशी ली जा चुकी थी। सब कागज फर्श पर बिखरे पड़े थे और कुछ भी तो अपनी जगह पर नहीं था।"

"सावधानीवश आपने दस्ताने तो पहन ही रखे होंगे—।"

गिलमेन खामोश रहा—लेकिन उसके चेहरे के भावों से ही स्पष्ट था कि उसने यह सावधानी नहीं बरती।

"ओह—यानि कि वहां पर कई जगह आपकी उंगलियों के निशान रह गए होंगे, जो अब आपके विरुद्ध एक ठोस प्रमाण का काम देंगे। खैर—जब आपने वीरा की कार को अपने मकान के पास खड़े देखा तो क्या किया—?"

"वहां से सीधा मैं यहां पहुंचा जहां प्रायः अपनी कार पार्क कर मैं आफिस जाया करता था। कार वहीं पार्क की—मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। मैंने अपने आफिस के

लिए बस पकड़ी—पर मैं आफिस गया नहीं। कुछ देर इधर-उधर निरुद्देश्य ही घूमता रहा—फिर सोचा कि घर चलना चाहिए और बस से ही लौट भी पड़ा परन्तु घर पहुंचने से पहले ही मुझे याद आया कि मैंने आपसे मिलने का समय ले रखा है—मैं रास्ते से ही लौट कर आपके आफिस आ गया।"

"और हां—आपका यह सोचना कि अपनी सैक्रेटरी से वीरा मार्टल बन कर फोन करने के पीछे मेरा यह उद्देश्य था कि उस समय वीरा मार्टल के जीवित होने को एक गवाही बना सकूं—बिल्कुल गलत है। वह बस सब मैंने महज इसलिए किया था कि आप वीरा मार्टल को एक चैलेन्ज समझें और अपनी पूरी शक्ति से उसका मुकाबला करें। परन्तु आपने यह कैसे जान लिया कि वह फोन मेरी सैक्रेटरी ने किया था जबकि मैं और मेरी सैक्रेटरी के अतिरिक्त कोई और इस बात को नहीं जानता—।"

"यह समय आपके प्रश्नों का जवाब देने का नहीं है—इस समय आप मेरे सवालों का जवाब दो—।" मेसन ने शुष्क लहजे में ही कहा, "उस समय आपके घर पर आपके अलावा तीन प्राणी और थे। मुरेल, गलेमिज और मिसेज नेनसी। और उनमें से मुरेल आपके कथनानुसार ऊपर ही थी। रसोई में व्यस्त। इस दशा में उसका वर्कशाप से निकलकर आना सम्भव नहीं था। शेष बचे।"

"घर पर मेरे अतिरिक्त चार व्यक्ति और थे—।"

"चौथा कौन—?" मेसन चौंका।

"गलेमिज का एक मित्र। रात को जब वह आया तो भूल से कार की बैटरी चालू ही छोड़ दी थी उसने। रात गए जब वह वापिस जाने को हुआ तो कार स्टार्ट ही नहीं हुई। बैटरी डाउन हो चुकी थी। तब गलेमिज को उसे रात वहीं रुक जाने को कहना पड़ा। वह रात वहीं गेस्टरूम में रहा था। उसका नाम इलिएट है। हार्टले इलिएट।"

"कितने गेस्ट रूम हैं तुम्हारे —?"

"दो—।"

"कहां स्थित हैं वे—?"

"सीढ़ियां चढ़कर उत्तर की ओर···जिस कमरे में इलिएट ठहरा हुआ था वह डायनिंग रूम के ठीक ऊपर है। मुझे पहले पता नहीं था कि उसने रात वहीं हमारे घर पर बिताई है। इस बात का पता तो मुझे कल लगा।"

"इलिएट के बारे में तुम्हें किसने बताया था ?"

"मुरेल ने ही—लास बेगास से मैंने उसे फोन किया था—तब बताया था उसने इलिएट के बारे में।" मिस्टर गिलमेन ने बताया—फिर सिर झुकाते हुए कहने लगा, "मिस्टर मेसन—सच तो यह है कि मैं अपने आपको बेगुनाह नहीं कहता और ना ही अदालत में कहूंगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि किसी भी तरह आप मेरे वकील के रूप में केस को इतना कमजोर बना दें कि मुझे फांसी की सजा ना मिले। जेल अगर हो भी जाएगी तो कुछ एक सालों में छूट जाऊंगा—।"

"अब आप मेरी सुनिए—वक्त आने पर मैं आपको बता दूंगा कि आपको क्या करना है और क्या नहीं। फिलहाल तो आप यह याद रखें कि आपको अपने गुनहगार होने के बारे में किसी से कुछ नहीं कहना है। अपना मुंह आप बिल्कुल ही बन्द रखें। पुलिस वालों को भी यही कहो कि वकील ने कुछ भी कहने व बताने से मना कर दिया है। अपने परिवार या अपने व्यापार के बारे में कोई बात नहीं करनी है और अब सच-सच ही—मैं एक बात जानना चाहता हूं—।" चुप हो कुछ क्षणों तक मेसन उसकी आंखों में झांकता रहा फिर एकाएक ही पूछा,—"क्या तुमने ही की है उसकी हत्या—?"

"मि० मेसन···सच तो यह है कि हत्या मैंने नहीं की—।"

"पर यह तो निश्चित है कि कातिल परिवार का ही कोई सदस्य है। क्या मुरेल···?"

"मैं कोई जवाब नहीं देना चाहता—।"

"तो क्या गलेमिज ने ही—?"

"······।" गिलमेन खामोश रहा।

"तो फिर तुम्हारी बीवी ने—?"

"मैंने कहा ना कि मैं कुछ बताना नहीं चाहता···बताऊंगा भी नहीं। कभी भी नहीं···किसी को भी नहीं।"

"फिर वह इलिएट भी हो सकता है—।"

"नहीं···मैं इतना मूर्ख नहीं हूं कि उसके लिए मैं अपनी गर्दन फसाऊं—।"

"आप एक वफादार पति हैं—अच्छे पिता भी जो किसी दूसरे को बचाने के लिए अपने आपको मुश्किल में डाल रहे हैं या···या फिर एक अच्छे अभिनेता हों जो यह खूबसूरत कहानी गढ़ कर मेरी सहानुभूति प्राप्त करना चाहते हों। मुझे देखना है कि आप कहां तक सच्चे हैं और कहां तक झूठे। बहरहाल अब आप अपना मुंह बन्द रखेंगे—बिलकुल बन्द। इस मामले में अब आप किसी से कोई बात नहीं करेंगे—बिलकुल भी नहीं।"

"ओह अब आपका क्या इरादा है—?"

"मैं आपके घर जा रहा हूं," मेसन उठ खड़ा हुआ, "अब मुझे परिवार के अन्य सदस्यों से मिलना होगा। मुझे देखना है कि आपके परिवार में से झूठा कौन है। यह जान भी जाऊंगा—और अगर वे सब जो कहते हैं वह सच हुआ तो मुझे विश्वास हो जाएगा कि आप ही कातिल हैं मक़तूल वीरा मार्टेल के···।"

अपनी बात समाप्त कर मेसन ने दरवाजे के बाहर खड़े सन्तरी को इशारा किया कि उसकी बात पूरी हो चुकी है।

□□□

मुख्य गेट से अन्दर आ मेसन ने कार मकान के सामने ला रोकी। वह उतरा और कालबटन दबाने को ही था कि दरवाजा खुल गया। दरवाजा खोलने वाली मुरेल ही थी।

"ओह मिस्टर मेसन—यह सब क्या है-—क्या हुआ है ?"

"आप सबको एक साथ ही बताऊंगा मैं। क्या वे दोनों भी जाग चुकी हैं ?"

"मैंने उन्हें उठाया ही नहीं—आपने यही कहा था ना—"

"ठीक ही किया है," मेसन ने कहा—"अब उन्हें जगा दो—और नीचे आने को कहो। उनसे कहो कि मैं उन्हें एक जरूरी सूचना देना चाहता हूं। लेकिन मैं कहता हूं कि आप सब एक जगह हों तभी वह समाचार दूं—।"

"पर पापा कहां हैं—वह ठीक-ठाक तो हैं—किसी प्रकार का कोई खतरा तो नहीं है—?" एक ही सांस में सब पूछ गई मुरेल।

"नहीं—अभी घबराने की कोई बात नहीं। तुम नेनसी और गलेमिज को बुला लाओ—तभी कुछ बताऊंगा मैं—।"

"गलेमिज जब तक काफी न पी ले वह उठ नहीं सकती। मैं उसके लिए काफी लेकर जाती हूं—।"

"तुम यहीं भेज दो—कहना कि मैं उससे बात करना चाहता हूं। उसके लिए काफी यहीं ले आना—।"

"आप अन्दर आ जायें—मैं उन्हें बुला कर लाती हूं—।"

मुरेल के पीछे-पीछे ही मेसन शानदार ढंग से सजे ड्राइंग

रूम में आ गया।

"जब तक तुम लौट कर आती हो—मैं जरा किचन व डायनिंग रूम को एक नजर देखना चाहता हूं—।"

"हां—हां—क्यों नहीं—उन्हें उठा कर लाने में थोड़ा समय तो लगेगा ही।"

मूरेल सीढ़ियों की तरफ लपकी थी। बैठक को उचटती नजरों से देखने के बाद वह डायनिंग रूम की तरफ बढ़ गया—रसोई में खुलने वाले दरवाजे को खोल कर देखा। वह दरवाजों व खिड़कियों की स्थिति का ही अध्ययन कर रहा था। और जब तक मुरेल लौटती वह भी बैठक में आ गया।

"क्या जाग गई वे—।"

"मैंने उन्हें उठा दिया है। नेनसी तो सीधी यहां आ रही है पर गर्लेमिज के बारे में मैं कुछ कह नहीं सकती—पर जगा उसे भी आई हूं—।"

"खैर—यहां इस कमरे में खड़े-खड़े हम गैराज व वर्कशाप को देख सकते हैं—पर रसोई से उधर नहीं देखा जा सकता।"

"जी हां—।"

"मि० गिलमेन के लिए जब तुम नाश्ता तैयार करने गई थी तो वह कहां बैठे हुए थे—?"

"जहां आप खड़े हैं—इस मेज के उस तरफ—।"

"फिर तो नाश्ता करते समय तुम्हारे पापा वर्कशाप को देख पा रहे होंगे—।"

"हां—यहां से वह जगह सामने ही पड़ती है। पर...पर...आप यह सब क्यों पूछ रहे हैं—।" मुरेल शंकित हो उठी थी।

"वैसे ही—मैं अपने मस्तिष्क में एक तस्वीर बनाना चाहता हूं—अभी मैं स्वयं किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पाया हूं। हां शायद तुम्हारी सौतेली मां इस बारे में कुछ कर सकती हैं—।"

"मैं क्या कर सकती हूं मि० मेसन···।" नेनसी ने कमरे में प्रवेश करते हुए कहा, उसने शायद मेसन की बात सुन ली थी। उसने गाऊन व स्लीपर पहन रखे थे। बिना मेकअप व आकर्षक कपड़े के भी वह काफी सुन्दर लग रही थी।

"आप—मुझे आशा है आप कुछ बातों का स्पष्टीकरण कर सकती हैं मिसेज गिलमेन—।"

"शायद—" वह बोली—"मेरा नाम नेनसी है और आप शायद एडवोकेट हैं—मिस्टर पैरी मेसन। मुरेल ने बताया है कि आप मेरे पति से सम्बन्धित कोई समाचार लाए हैं। इतनी सुबह आपके आने का मतलब है कि समाचार महत्वपूर्ण ही होगा—इसलिए मैं सीधे उठ कर ही चली आई—कपड़े तक नहीं बदले—कहां है वह—?"

"वह—वह इस समय जेल में है।" मेसन ने बता देना ही उचित समझा।

"क्या-क्या कह रहे हैं आप—?"

"और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने हत्या की है।"

"हत्या—?"

"जी हां—।"

नेनसी ने एक कुर्सी खींची और उस पर बैठ गई। स्तब्ध-सी हो वह कितनी ही देर आश्चर्यपूर्ण नजरों से मेसन को घूरती रही—फिर अविश्वास भरे लहजे में ही बोली—"मैं समझी नहीं आप क्या कह रहे हैं? कहीं आप नशे में तो नहीं हैं। जो कुछ आप कह रहे हैं उसका मतलब भी समझते हैं।"

"मैं अभी-अभी जेल में से ही उनसे मिल कर आ रहा हूं—।"

"हत्या—जेल..." वह होंठों ही होंठों में बड़बड़ाई—"क्या-

क्या—शराब के नशे में कोई एक्सिडेंट कर बैठे हैं वह—?" उसने मेसन से पूछा।

मेसन की निगाहें उसके चेहरे पर जमी थीं—"नहीं, पुलिस ने उस पर पूरे होशो हवाश व योजनाबद्ध तरीके से मिस वीरा मार्टल की हत्या का अभियोग लगाया है।"

नेनसी शायद अभी भी कुछ नही समझी थी—या फिर सच ही में उसे विश्वास नहीं आ रहा था। उलझे-उलझे भाव में ही पूछा—"और यह मिस वीरा मार्टल है कौन ?"

"एक प्राईवेट जासूस—जो सम्भवत: आपको ब्लैक मेल कर रही है—।"

"ब्लैक मेल—मुझे—" नेनसी चौंक उठी।

"हां—अभी तो यही विचार है सबका।"

दृढ़ता से ही सिर हिलाते बोली नेनसी—"मुझे कोई भी ब्लेकमेल नहीं कर रहा है मि० मेसन—।"

"शायद ब्लैक मेल करने की कोशिश में थी वह—।"

"नहीं तो—।"

और उन दस हजार डालर के नोटों के बारे में आपका क्या ख्याल है।"

"कौन से दस हजार डालर मि० मेसन—। आपकी बातें किसी पहेली से कम नहीं हैं या फिर आप अपनी इच्छानुसार ही दूसरे के मुंह से कोई जानकारी उगलवाने के चक्कर में हैं।"

"फिर···फिर मुझे किस तरह हासिल करनी चाहिए जानकारी। आप ही बता दें—।" नेनसी की आंखों में ही झांकते हुए पूछा था उसने।

"यह मैं क्या कह सकती हूं—।" असहाय सी बोली वह। "मैं जानती हूं कि आप एक वकील हैं—आपकी ख्याति भी मुझसे छुपी नहीं है। पर कानूनी दृष्टिकोण आपको अदालत तक

ही सीमित रखने चाहिए मि० मेसन। एक साधारण व्यक्ति इस अन्दाज से उलझ ही सकता है—।"

"ओ...के..." मेसन उसका अभिप्राय समझते बोला, "मैं सीधे ढंग से ही बात करता हूं—पहेलियां समझने-समझाने का वक्त भी नहीं है। क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है कि कुछ ही देर में पुलिस पहुंचने वाली होगी—उस दशा में शायद आप कुछ भी नहीं छुपा सकेंगी।"

"लेकिन मैं कुछ भी नहीं छुपा रही।"

"क्या तुम उन दस हजार डालर के बारे में कुछ जानती हो?" मेसन ने भी समय नष्ट करना उचित नहीं समझा—मतलब की बात की तरफ आते पूछा।

"मुझे उसके बारे में क्या जानना चाहिए—।"

"क्या तुम जानती हो कि तुम्हारे पति ने वह राशि अपने बैंक से निकलवाई थी?"

उसने सिर हिला दिया—इन्कार में ही।

"क्या तुमने निकलवाये थे—अपने बैंक से।"

"नहीं—।"

"क्या दस हजार डालर की राशि तुम्हारे पास कैश थी?"

"नहीं—बिल्कुल नहीं—।" मेसन के प्रश्नों से वह फिर उत्तेजित हो रही थी।

"क्या वीरा मार्टल से तुम्हारी कोई बात हुई है?"

"यह वीरा मार्टल है कौन?" उलझ ही तो पड़ी वह।

"वह एक प्राईवेट जासूस है।" मेसन ने बताया, "और वह एक ब्लैक मेलर भी हो सकती है। पुलिस के पास इस बात के प्रमाण हैं कि उस पर वर्कशाप में घातक हमला किया गया—जिससे उसकी मौत हो गई। दस हजार डालर की राशि—जो शायद उसे रिश्वत के तौर पर या उसे मुंह बन्द रखने की कीमत

के रूप में दी जानी थी—वहीं पड़ी थी। जबकि कोई उसके मृत शरीर को वहां से हटा ले गया था।"

"मि० मेसन आप गम्भीर नजर आ रहे हैं—सर्यंत भी—। जो कुछ कह रहे हैं उसका अर्थ भी शायद आप समझ पा रहे हैं। पर—पर—जहां तक मेरा प्रश्न है—मुझे तो लगता है कि आपने या तो काफी मात्रा में शराब पी रखी है या फिर कोई दूसरा तेज नशा कर रखा है।" खीझते हुए ही बोली थी वह।

ठीक इसी क्षण गलेमिज ने कमरे में प्रवेश किया। झीनी पारदर्शी—नाईटी में से उसका भरा-भरा बदन कुछ और कामुक नजर आ रहा था। नींद से भरी आंखें और अधिक मादक लग रही थीं। चेहरे पर खिन्नता व क्रोध के ही भाव थे—।

"सुबह-सुबह यह क्या हंगामा है—?"

"तुमसे ,,छ पूछना था मुझे—।"

"वह बाद में भी पूछा जा सकता है।" वह शुष्क लहजे में ही बोली, 'इसके लिए मेरी नींद खराब करने की क्या जरूरत थी। और मि० मेसन—यह ख्याल अपने दिल से निकाल दें कि मैं आपके सवालों का जवाब देने को तैयार हो जाऊंगी कि कल आप से बहुत प्रभावित हुई थी मैं—।"

"कार्टर को हत्या के इलजाम में गिरफ्तार कर लिया गया है।" नेनसी बोल उठी—जैसे बेटी को मामले की गम्भीरता का अहसास कराना चाहा हो।

"क्या—हत्या के इलजाम में—।"

"हां—मि० मेसन यही कह रहे हैं। इनका कहना है कि कोई औरत जिसका नाम···! क्या नाम बताया था मि० मेसन···।"

"वीरा मार्टल—।"

"हां—वीरा मार्टल—इनका विचार है कि वीरा मार्टल की हत्या पिछवाड़े के वर्कशाप में हुई है—।"

अविश्वास भरी निगाहों से ही गलेमिज ने मेसन की तरफ देखा—"मि० मेसन—यह आप हमसे मजाक करने आये हैं या फिर हमसे कोई बात उगलवाने के लिए—आतंकित कर देने वाला यह रास्ता चुका है।"

तभी मुरेल—गर्म-गर्म कॉफी का एक कप लिए अन्दर आई—"लो—यह कॉफी है तुम्हारे लिए।" उसने कप गलेमिज की तरफ बढ़ा दिया।

पर गलेमिज ने उसकी तरफ कोई ध्यान दिया ही नहीं—पूर्वत: ही घूरती रही थी वह मेसन को।

"आपने जवाब नहीं दिया मि० मेसन—।"

"तुम्हारी मम्मी को मैं पहले बता चुका हूं और तुम्हें भी बता देना चाहता हूं कि व्यर्थ की ड्रामेबाजी में समय नष्ट करना घातक ही सिद्ध होगा। हमारे पास अधिक समय नहीं है। पुलिस किसी भी क्षण वहां पहुंच सकती है। और उनके सामने तुम लोग ना अविश्वास प्रकट कर पाओगी और ना ही जवाब देने से इन्कार। तुम सब के हित में है कि पुलिस के आने से पहले ही मेरे सवालों का जवाब दो।"

"क्या पूछना चाहते हैं आप—?"

"क्या तुम वीरा मार्टल को जानती हो—?"

"नहीं—।"

"क्या तुमने वीरा मार्टल को कोई रकम दी थी?"

"नहीं—।"

"क्या तुम दस हजार डालर के उन नोटों के बारे में कुछ जानती हो—जिसके बारे में अनुमान है कि वह वर्कशास में बिखरे पड़े थे।"

"नहीं—।"

"क्या वीरा मार्टल से कभी तुम्हारी कोई बात हुई थी?"

"नहीं—।"

"क्या तुम जानती हो कि वह कौन है ?"

"नहीं—।"

"आल राईट—अब मैं सीधा-सा प्रश्न पूछता हूं। तुम तीनों में से क्या कोई वीरा मार्टल के बारे में जानता है ?"

"मैंने कहा ना कि मैं नहीं जानती—।" तुरन्त जवाब दिया गलेमिज ने।

"और तुम—।" मेसन ने तेजसी से पूछा।

"क्या मूर्खता है—मैं आपको कितनी बार बता चुकी हूं कि मैं उसे नहीं जानती। यह नाम ही मैं जिन्दगी में पहली बार आपके मुंह से सुन रही हूं। मेरी उससे कभी कोई बात नहीं हुई है और ना ही मेरा उसके साथ किसी प्रकार का सम्बन्ध रहा है। और मि० मेसन—मैं यह भी सहन नहीं कर सकती कि कोई मुझसे अपराधिओं की तरह पूछताछ करे—चाहे वह कोई वकील ही क्यों ना हो—।"

"मेरी एक बात याद रखना।" मेसन ने उसकी खिन्नता की चिन्ता किए बिना ही कहा, "पुलिस को एक भी बात गलत बताई तो तुम सब गर्दन तक इस मामले में फंस जाओगी—और मि० कार्टर को गैस के चेम्बर तक पहुंचा दोगी। पुलिस वालों के पास सच्चाई जानने के बहुत साधन हैं—सच्चाई उनसे छिपाई नहीं जा सकती। और कत्ल—कोई साधारण अपराध नहीं है कि पुलिस इसे महत्व ना दे और आप लोग उन्हें उलझन में डाल सको—।" क्षण-भर के लिए खामोश रह मेसन उन तीनों को निहारता रहा—फिर गलेमिज के चेहरे पर निगाहें गड़ाते पूछा—

"कल—मुझसे अलग हो तुम लास वेगास गई थी।"

"ओह तो आपने ही वह आदमी लगा रखा था मेरे पीछे। मैं भी हैरान थी कि मामला क्या है। लेकिन मेरे लास वेगास

जाने में क्या विशेष बात है। मैं तो प्रायः वहां जाती रहती हूं।"

"लास वेगास में तुम करती क्या रही।"

"मनोरंजन...मैं वहां जुआ खेलती रही। फिर अपने डैडी मिस्टर वालों से मिली। जुआ में हार का ही मुंह देखना पड़ा था, इसलिए शराब भी पी और वापिस लौट आई।"

तभी दरवाजे पर दस्तक हुई। मुरेल उठी और दरवाजे की तरफ बढ़ना चाहा—पर मेसन ने रोक दिया।

गलेमिज से पूछा। "वीरा मार्टल का एक आफिस लास वेगास में भी है। क्या वहां तुम उससे मिलने गई या उसके आफिस के आस-पास ही कहीं...।" गलेमिज ने झल्लाहट में ही उसकी बात काट दी "फिर वही वीरा मार्टल—मैं बता चुकी हूं कि इस नाम की किसी औरत को मैं नहीं जानती—फिर उससे मिलने उसके आफिस क्यों जाऊंगी।"

दरवाजे को फिर खटखटाया गया—इस बार कुछ जोर से ही।

"लगता है लेफिट० ट्रेग है—अब मैं आप लोगों को सुझाव दूंगा कि उनसे बात करते समय आप बिल्कुल ही चुप रहें या फिर जो कुछ बतायें सच ही बताएं। उनसे किसी प्रकार का झूट बोलने का यत्न नहीं करना—यह आप लोगों के हित में नहीं होगा।" मेसन तेजी से ही बोले गया "—और यह भी आप लोगों के हित में है कि—अगर आप तीनों में से किसी की कोई रकम कल की तारीख में वर्कशाप में थी भी तो उसे वहां से उठाने का पूरा अधिकार आप मुझे दे दें।"

"पर ऐसा अधिकार हम आपको क्यों दें—"उलझ ही तो पड़ी गलेमिज।

"मैं राशि की नहीं—केवल मात्र स्वामीत्व का अधिकार

देने की बात कर रहा हूं। मतलब है केवल उस राशि को वहां से उठाने भर का अधिकार और अगर आप में से किसी की कोई रकम वहां थी ही नहीं तो आप यह अधिकार देने के बाद भी मुझे कुछ नहीं दे रही हैं। इसलिए आप लोगों के परेशान होने की कोई बात नहीं है।"

दरवाजा इस बार यूं खटखटाया गया जैसे तोड़ ही डालने का इरादा हो।

"ऐसा करने में हमें क्या एतराज।" नेनसी बोल उठी—"क्यों बेटी!"

दोनों युवतियों ने सहमति में ही सिर हिला दिया।

"तुम में से किसी ने पिछले दिनों कोई आभूषण—हीरा गिरवी आदि तो नहीं रखा—या कहीं से कुछ उधार लिया हो।" जल्दी में पूछा मेसन ने, "एक बात का ख्याल रखना—पुलिस इस बात का देर-सवेर में पता लगा ही लेगी।"

भारी पदचापों से भवन गूंज उठा। खटखटाने पर भी जब दरवाजा नहीं खोला गया था तो एक पुलिस आफिसर रसोई के रास्ते अन्दर डायनिंग रूम में आ गया—

"क्या आप लोग घण्टी नहीं सुन रहे और फिर दरवाजा भी तो जोरों से पीटा था हमने।" गुस्से में ही कहते हुए आगे बढ़ उसने दरवाजा खोल दिया।

"लेफ्टि० साहब चले आइए।"

"तुम पैसे के बारे में कोई बात लेफ्टि० को नहीं बताओगी—यह भी नहीं कि पैसे के बारे में मैंने कोई बात भी की थी।" धीमे स्वर में जल्दी-जल्दी बात समाप्त की मेसन ने।

लेफ्टि० ट्रैग अन्दर प्रविष्ट हुआ—"आई० एम० सारी—लेडिज—पर हमें कुछ—ओह तो मि० पैरी मेसन आपको पहले ही सब बता व समझा रहे हैं। अब वह मेसन से सम्बोधित था, मैंने

तुम्हारी कार बाहर देख ली है। तुम इस देश के स्वतन्त्र नागरिक हो—पुलिस एक वकील को अपने क्लाईन्ट या रिश्तेदारों से मिलने से नहीं रोक सकती। लेकिन हम यह भी पसन्द नहीं करते कि हम तो बाहर खड़े दरवाजा खटखटाते रहें और एक वकील हमारी गवाहियां खराब करता रहे।"

"खैर—।" व्यंग-भरी मुस्कान ही थी ट्रेग के होंठों पर—"अब जब कि आप को इन से बात करने का पूरा-पूरा अवसर मिल चुका है—अब हमें भी इन लोगों से एकांत में ही बात करने का अवसर मिलना चाहिए—। क्या अब आप यहां से जाने का कष्ट करेंगे ?"

"और अगर मैं इन्कार कर देता हूं तो क्या मुझे धक्के देकर बाहर निकाल दोगे—।"

"ऐसी आशा आप हम से क्यों रखते हैं मि० मेसन—" शान्त स्वर में ही जवाब दिया ट्रेग ने, "मैं केवल इतना ही करूंगा कि इन लोगों को मैं किसी दूसरे कमरे में ले जाऊंगा—एकान्त में बात करने के लिए। और उस कमरे के दरवाजे पर पहरेदार खड़ा कर दूंगा—जो किसी अवांछनीय तत्व को अन्दर नहीं आने देगा। या फिर—मैं इन गवाहों को पुलिस हेड क्वार्टर अपने साथ ले जाने का भी पूरा-पूरा अधिकार रखता हूं—जो शायद तुम्हारे इन सम्भ्रान्त कलाइन्टस के हित में नहीं होगा।"

गलेमिज ने मेज पर रखी कॉफी का कप उठा लिया—यह कप मुरेल ने वहीं डायनिंग टेबल पर रख दिया था।

"आईये—" एक पुलिस आफिसर ने आगे बढ़ मेसन का बाजू थाम लिया, "मैं आपको बाहर तक छोड़ आता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि लैफ्टि० के विचारानुसार अब आपका यहां कोई लाभ नहीं।"

झटके से ही बाजू छुड़ा लिया मेसन ने—"पुलिस को इन

गवाहियों से पूछ-ताछ का पूरा अधिकार है—पर शायद एकान्त में नहीं। और फिर इस बात का अधिकार तो उनके वकील यानि कि मुझे है ही कि मैं इन्हें बता दूं कि इन तीनों को भी इस बात का पूरा-पूरा अधिकार है कि वह किसी एक अथवा सभी प्रश्नों के उत्तर देने से इन्कार कर दें—तब आप इन्हें बाध्य नहीं कर सकते।"

"किस आधार पर इन्कार कर सकते हैं यह—?"

"यही आधार काफी है कि इन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया गया और अपने वकील से सलाह करने का अवसर नहीं मिला।"

"माना—यह अधिकार उन्हें है। और वह ऐसा कर भी सकती हैं। पर अगर इन्हें ग्रेन्ड ज्यूरी के सम्मुख पेश कर दिया जाए तो उन्हें शपथ लेकर सब बताना पड़ेगा—तब ये इन्कार नहीं कर सकतीं।"

"वह और बात है—।" मेसन ने कन्धे उचकाये—फिर उन तीनों की तरफ मुड़ते हुए बोला, "मैं तुम लोगों को सभी हालात बता चुका हूं—यह चेतावनी भी दे चुका हूं कि ट्रेग से किसी प्रकार का झूठ नहीं बोलना। बताना हो तो सिर्फ सच ही बताना और अगर ना बताना चाहो तो साफ इन्कार करदो—जिसका कि आपको पूरा-पूरा अधिकार है।"

"हां—यह हुई ना बात—।" ट्रेग बोल उठा, "काश! हम जान पाते कि हमारे आने से पूर्व तुम लोगों में क्या बातें हुईं। खैर—पैरी सच तो यह है कि इस केस के बारे में हमारा दृष्टि-कोण कुछ अलग ही है। जो मुझे खेद है कि मैं बता नहीं सकता। पर हां—अदालत में केस ले जाने से पूर्व मैं जरूर तुम्हें बता दूंगा—यह वायदा रहा—।"

"पैरी मेसन उस छाया का नाम है ट्रेग—जो पुलिस से सदैव दो कदम आगे ही रहती है।" गम्भीरता से ही जवाब दिया मेसन

ने—फिर दरवाजे की तरफ बढ़ते हुए—उन तीनों से बोला—"भूलना नहीं—तुम लोगों को या तो सच बताना है या फिर कुछ भी नहीं बताना।"

और वह बाहर निकल गया।

□□□

पहले नजर आने वाले टेलीफोन बूथ के निकट ही कार रोक पैरी मेसन बाहर निकला और अपने आफिस के नम्बर डायल करने लगा। डैला स्ट्रीट से सम्बन्ध स्थापित होने पर उसने पूछा—

"पाल की तरफ से कोई सन्देश मिला—कोई और जानकारी एकत्रित की हो उसने—।"

"हां·· मैं आपके फोन की ही बेचैनी से इन्तजार कर रही थी चीफ—।" डैला का स्वर उतेजना से भरा था, "पाल ने गलेमिज के ब्याय-फ्रेन्ड इलिएट को ढूंढ़ निकाला है! वह इस समय वहीं है और आपको भी तुरन्त वहीं पहुंचने के लिए कहा है।"

"पता क्या है—?" मेसन ने पूछा।

"रोसियर अपार्टमेंट—फलैट नम्बर है—७२११-६बी," डैला ने बताया। "यह बिल्डिंग बलैन्डन स्ट्रीट पर है। पाल बहुत अधीर लग रहा था।"

"अब अगर वह दोबारा फोन करे तो उससे कह देना कि मैं उसकी तरफ चल दिया हूं—। उसे यह भी बता देना कि लेफ्टि. ट्रेग अपने एक आफिसर के साथ मि० गिलमेन के घर पर है। वहां मां बेटियों के अलावा और कोई नहीं—और इस बात की सम्भावना है कि ट्रेग इन लोगों से सख्ती से पेश आए।"

"ठीक है—मैं बता दूंगी। पर चीफ मुझे तो मामला कुछ

गम्भीर ही नजर आ रहा है इस बार—कहीं सचमुच ही ड्रेग आपको भी साथ ही घसीटने का तो प्रबन्ध नहीं कर रहा—।"

"उसे आशा तो बहुत है। जाने किस दृष्टिकोण की खोजबीन कर रहे हैं वे लोग," मेसन ने जवाब दिया, "पर इस केस में कुछ ना कुछ अनूठा जरूर है—। जो अभी तक मैं समझ नहीं पाया हूं। गिलमेन के परिवार के लोगों से कुछ पूछने का अवसर मिला भी तो सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिले। मामला पहले से भी अधिक उलझ गया है। खैर, फिलहाल तो मैं पाल के पास जा रहा हूं। कोई नई बात सामने आई तो तुम्हें फोन कर दूंगा—।"

रिसीवर लटका पैरी मेसन बूथ से बाहर आ गया, कोई दस मिनट बाद ही वह डैला के बताए पते पर था! कार पार्क कर वह बताए गए फ्लेट पर पहुंचा—और काल बेल का बटन दबा दिया।

दरवाजा खोलने वाला पाल ड्रेक ही था।

पैरी मेसन को देख उसके चेहरे पर निश्चिन्तता के भाव फैलते चले गए।

"अन्दर आ जाओ—और स्वयं ही सम्भालो अब इसे—।"

लम्बे कद व इकहरे बदन का एक युवक कमरे की खिड़की के पास खड़ा था। आयु होगी लगभग अठ्ठाईस वर्ष। चेहरे पर दृढ़ता के भाव थे व आंखों में एक अनूठी सी ही चमक।

"यह हैं पैरी मेसन—इलिएट—।"

"वह संतुलित सा कदम रखता आगे बढ़ा और अपना हाथ मेसन की तरफ बढ़ा दिया—।

"मि० इलिएट···।" पाल परिचय की औपचारिकता पूरी करते हुए बोली—"मिस गलेसिज के दोस्त हैं। और मंगलवार की रात यह मिस गलेमिज के घर पर ही थे। क्यों मैं ठीक कहा रहा हूं ना—वह मंगलवार ही था ना—।"

"आप जानते तो हैं—।" शान्त भाव से ही बोला वह, "फिर बार बार उस बात को दोहराने से लाभ। यह कल सुबह की बात है—आप शायद मुझे किसी जाल में फंसाना चाह रहे हैं। रात मैंने वहां नहीं बिताई थी—वास्तव में—मैं सुबह-सुबह ही वहां गया था।"

इलिएट स्वयं खड़ा था। और उसने ना ही मेसन को और ना ही ड्रेक को बैठने को कहा था।

"मेरा मतलब है तेरह तारीख को—।" इलिएट ने बात स्पष्ट करनी चाही। ड्रेक बोल उठा—। "रात गर्म व सुहानी थी—वह काफी देर तक ऊपर छत पर इकट्ठे ही रहे। फिर इन्होंने एक साथ ही शराब भी पी। काफी रात गये जब वह विदा हो वापिस होने को हुआ तो कार ही स्टार्ट नहीं हुई। तब इसने देखा कि भूल से वह इग्नीशन आन ही छोड़ गया था। कार स्टार्ट हो ही नहीं सकती थी। फिर···संक्षेप में इतना समझ लो कि फिर रात इलिएट वहीं उनके मकान में रहा!"

"ओह—।" मेसन ने कहा उसकी निगाहें इलिएट के चेहरे पर ही गड़ी थीं।

"इसके पहले कि बात आगे बढ़े।" इलिएट बोल उठा, "मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरे में भी जुबान है और मुझे बात करनी आती है। मैं नहीं जानता कि चक्कर क्या है—फिर मैं यह भी पसन्द नहीं करता कि कोई प्राईवेट जासूस मेरे मुंह की बात अपने मुंह से कहे। फिर मेरा ख्याल है कि किसी गम्भीर मामले में मुझे किसी वकील की बातों का जवाब नहीं देना चाहिए—जब तक कि मैं अपने वकील से परामर्श नहीं कर लेता।"

"बहुत सतर्क व सावधान नजर आ रहे हो," मेसन मुस्करा दिया, "क्या कोई खास बात है?"

"अब मुझे क्या पता," इलिएट बोला, "मैं अपने घर में होता

हूं और एक प्राईवेट जासूस आता है—मेरे व गलेमिज के बारे में प्रशनों की बौछार कर देता है। मैं कहां रहा—क्या करता रहा··· और फिर वह एक वकील को फोन करके आने को कहता है ! मैं मिस्टर ड्रेक के बारे में ही कह रहा हूं। मेरी इच्छा विरुद्ध ही यह यहां रुके रहे हैं और आपकी इन्तजार करते रहे हैं। अन्ततः मुझे उन्हें यहां रुकने देना पड़ा—क्योंकि यह निन्तर यही कहते रहे कि एक गम्भीर मामले में इन्हें कुछ तथ्यों का स्पष्टीकरण चाहिए—और वह सब आपने आकर बताना था। अब आप कहिए मैं आपको क्या सहयोग दे सकता हूं—।"

"पहले आप कल सुबह के बारे में जरा विवरण से बताओ—आगे कुछ कहने सुनने से पहले मैं यह जनना चाहूंगा कि कल सुबह क्या हुआ ?"

"मैं जो जानता था—मैं बता चुका हूं—।" वह शुष्कता से बोला—अब जब तक आप मुझे यह नहीं बताते कि मामला क्या है—मैं कुछ भी नहीं बता सकता—।"

"आल राईट—मैं बताता हूं तुम्हें···क्योंकि मुझे भय है कि हमारे पास अधिक समय नहीं है। क्या तुम वीरा मार्टल को जानते हो ?"

"आई एम सारी मि० मेसन—।" इलिएट असमर्थता प्रकट करते बोला, "जब तक मैं कुछ जान नहीं लेता—मैं कुछ भी बताने को तैयार नहीं हूं—।"

"तो सुनो—।" मेसन ने कहना आरम्भ किया, "वीरा मार्टल अपनी कार में एक पहाड़ी से लुढ़क जाने के कारण मृत पाई गई है ! पहले तो पुलिस का यही अनुमान था कि कार पर नियन्त्रण खो देने से वह नीचे जा गिरी होगी—और इससे वीरा मार्टल की मौत हो गई होगी ! पर बाद में पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट से यह चौंका देने वाला तथ्य सामने आया कि उसकी मौत कार के

दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले ही हो चुकी थी ! और मौत का कारण मारपीट में लगने वाली चोट है, घातक वार से उसकी गर्दन की हड्डी टूटी हुई थी।

पुलिस वालों को उसके जूते और स्कर्ट से एक विशेष प्रकार की लकड़ी का बुरादा भी प्राप्त हुआ है। जो साधारण लकड़ी का ना होकर एक महंगी व विशेष लकड़ी का था उसी के बारे में खोजबीन करते हुए पुलिस मि० गिलमेन की वर्कशाप तक पहुंचने में सफल हो गई। वर्कशाप में उसी प्रकार का बुरादा भी पा लेने का दावा पुलिस ने किया है।"

और इस समय—मि० कार्टर गिलमेन को वीरा मार्टल की नृशंस हत्या के आरोप में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस अधिकारी इस समय उसके घर में उसकी बीवी व दोनों बेटियों से पूछताछ कर रहे हैं। इससे पहले कि पुलिस यहां पहुंचे—हम चाहते हैं कि इस बारे में जो कुछ तुम जानते हो हमें बता दो।"

इलिएट के चेहरे का रंग यूं उड़ गया जैसे एकाएक ही उसके शरीर से सारा रक्त निकाल लिया गया हो ! टांगें शरीर का बोझ सम्भाल पाने के योग्य ही न रही थीं। उसने एक कुर्सी खींची और बेजान-सा उस पर बैठ गया।

"बैठिए—आप भी बैठिए—।" वह बोला।

मेसन ने ड्रेक को इशारा किया—वे दोनों भी कुर्सियां खींच बैठ गए।

"कुछ और जानना चाहते हो—।" उसकी आंखों में ही झांकते हुए पूछा मेसन ने ! इलिएट ने कोई जवाब नहीं दिया—वह तो अभी तक स्वयं को सम्भाल पाने में लगा था।

"अब—।" मेसन ही बोला, "हमारे पास समय बहुत कम है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या तुम वीरा मार्टल को जानते हो

या कभी उसके बारे में कुछ सुना है ?"

"मार्टल—मार्टल—।" इलिएट जैसे कुछ याद करने का यत्न कर रहा था. "यह नाम""यह नाम कुछ परिचित सा लगता है। किसी ने शायद इसके बारे में कुछ पूछा था—पर कब—क्यों और किसने कुछ याद नहीं आ रहा।"

"पर शायद पुलिस तुम्हें याद दिला दे—।" मेसन के स्वर में शुष्कता थी, "उनको ऐसी भूली बातें याद कराने के तरीके आते हैं।"

"मैं—मैं—।" वह हड़बड़ा-सा उठा—पर फिर तुरन्त ही पूछने लगा, "मुझे बताओ—क्या पुलिस का यही विचार है कि हत्या वर्कशाप में की गई थी।"

"हां—फिलहाल तो उनका यही ख्याल है।"

"फिर तो उन्होंने उसकी मौत के समय का अनुमान भी लगा लिया होगा—।"

"शायद—पर पुलिस अभी कुछ खुल कर नहीं बता रही है। पर मुझे आशा है कि तुम खुल कर ही बात करोगे—। यह बात दिमाग में रखना कि अगर तुमने हमें कुछ नहीं बताया और उससे पहले ही पुलिस यहां पहुंच गई तो शायद हम गिलमेन परिवार की कोई सहायता नहीं कर सकेंगे। मामला पहले ही ज्यादा उलझ चुका है—।"

"मैं—मैं आपको जो जानता हूं वह सब बताने को तैयार हूं—।"

"यही तुम्हारे हित में भी है।"

"कल सुबह—लगभग साढ़े आठ बजे ही मेरी आंख खुल गई थी। प्रायः सात बजे के बाद फिर मुझे नींद नहीं आती। पर जाग जाने पर भी मैं बिस्तर में ही पड़ा रहा—क्योंकि मैं जानता था कि गलेमिज और उसकी मम्मी—देर से ही उठती हैं।"

"हूं—तो—?"

"मैंने किसी के सीढ़ियों से नीचे जाने की आहट सुनी—फिर काफी की खुशबू सूंघी। सुबह-सुबह काफी की इच्छा ने मुझे भी बेचैन कर दिया—और काफी पीने की अपनी इच्छा को मैं दबा नहीं पाया। मैं जानता था गलेमिज अभी उठी नहीं होगी—नीचे जरूर उसकी बहन मुरेल ही होगी। मैंने शायद मुरेल की आवाज भी सुनी थी। इससे ही काफी के लिए कहने में मुझे कुछ अनुचित ना लगा और मैं उठ कर कपड़े पहनने लगा।"

"फिर—।"

"कपड़े पहनते हुए ही मैं खिड़की के पास आ गया था। यह खिड़की डायनिंग रूम के ठीक ऊपर कोने में ही है! मैंने खिड़की से बाहर देखा—गेराज व उसके साथ लगी वर्कशाप व डार्क रूम ठीक सामने ही थे। मेरी निगाहें उधर जा पड़ी थीं। उस समय मैं अपनी पेन्ट की बेलट कस रहा था—जब मैंने देखा कि…।"

"क्या देखा तुमने—?" उसे झिझकते देख तेजी से ही पूछा मेसन ने।

"मैं नहीं जानता कि इस बात का कोई महत्व है अन्यथा नहीं—पर मैंने गेराज के दरवाजे को खुला देखा और उसमें से गलेमिज को घबराई-घबराई-सी ही बाहर निकलते हुए देखा। वह भाग कर ही वर्कशाप से बाहर आई थी—कुछ कदम बढ़ आने पर रुकी और फिर पलट कर लौटी और वर्कशाप के खुले दरवाजे को बन्द करते हुए फिर उसी तेजी से मकान की तरफ भाग आई।"

"घर की तरफ—?"

"शायद—क्योंकि इमारत के निकट आने के बाद वह मुझे नजर आनी बन्द हो गई थी। पर वह घर में ही आई होगी—।"

"फिर क्या हुआ—?"

"मि० मेसन—यह बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह सब कुछ जो मैं आपको बता रहा हूं विश्वास में लेकर बता रहा हूं! यह सब गोपनिय है और इसे आप अपने तक ही रखेंगे। और आप कुछ ऐसा नहीं करेंगे जिससे गलेमिज का कोई अहित हो—।"

"यह बाद की बातें हैं—इस समय मैं वास्तविकता की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं—।"

"आप मिस्टर गिलमेन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ना—।"

"हां—।"

"और आप मिस्टर गिलमेन के कारण ही गलेमिज के हितों की आहुति नहीं देंगे—।"

"भगवान के लिए अब इन व्यर्थ की बातों को रहने दो। हमारे पास अधिक समय नहीं है। पुलिस किसी भी वक्त यहां पहुंच सकती है—तब तुम सब कुछ बिना किसी शर्त के उगल दोगे।"

"अगर मैं कुछ बताना ही नहीं चाहूंगा तो वह मुझे इसके लिए विवश नहीं कर सकते—।"

"कर सकते हैं—।" मेसन ने बहस में पड़ना उचित नहीं समझा—उनके पास इसके लिए वैध व अवैध दोनों तरीके हैं। तुम्हारा हित इसी में है कि जो कुछ जानते हो हमें बता दो।"

"ठीक है—।" पराजित से स्वर में ही बोला इलिएट, "गलेमिज की उस समय की अवस्था ने ही मुझे सोचने पर मजबूर कर दिया कि कोई गड़बड़ जरूर है! इससे मैं कुछ चिन्तित भी हो उठा था—पर यही सोच कर चुप हो रहा कि नाश्ते के समय ही उससे बात करूंगा! सो मैं बाथरूम में जा घुसा और शेव करने लगा—।"

'फिर—?"

"शेव करते समय मैंने राहदारी में कुछ आवाजें सुनी—।"

"फिर तुमने क्या किया—?"

"मैंने चेहरे पर साबुन लगा रखा था—सो बाहर जाने योग्य तो था नहीं। पर हां मैंने गलेमिज की आवाज सुनी—तब जरा-सा दरवाजा खोलकर बाहर देखा—मैं उससे नाश्ते के बारे में पूछना चाहता था।"

"फिर क्या देखा तुमने—?"

"मैंने ऊपर जाने वाली सीढ़ियों के निकट मुरेल को खड़े देखा—गलेमिज भी वहीं थी। गलेमिज उस समय नाईटी में ही थी और मेरा ख्याल था कि इस अर्द्धनग्न अवस्था में उसे बाहर नहीं आना चाहिए था। उसको उस ड्रेस में देख मैं उन्हें सम्बोधित करने का साहस नहीं कर पाया—बस वहीं से झांकता रहा।"

"क्या उसका चेहरा तुम्हारी तरफ था?"

"पूरी तरह नहीं—वह मेरी तरफ नहीं मुरेल की तरफ देख रही थी! मैंने उसे ऊपर स्टोर के बारे में कुछ कहते सुना—जिसके जवाब में मुरेल ने पापा के बारे में कोई बात कही थी! मैंने धीरे से दरवाजा बन्द कर लिया—किसी अर्द्धनग्न युवती को यूं घूरकर देखना अभद्रता ही थी।"

"फिर क्या हुआ—?"

"मैंने शेव की और तैयार होकर प्रतीक्षा करता रहा कि गलेमिज कब मुझे नाश्ते के लिए बुलाती है। काफी की इच्छा अब और तीव्र हो उठी थी। और मुझे एक लम्बी इन्तजार ही करनी पड़ी। लगभग एक घन्टे बाद ही उसने आकर दरवाजा खटखटाया! मुझे तैयार देख उसने पूछा—ब्रेक फास्ट के लिए मैं नीचे ही क्यों नहीं आ गया। फिर हम नाश्ते के लिए नीचे आ गए। उसने मुझे बताया कि बैट्री चैक करने के लिए वह सर्विस स्टेशन फोन कर चुकी है और उनका आदमी आता ही होगा।"

"क्या नाश्ते के लिए तुम वहां ठहरे—?"

"हां—।"

"किसने तैयार किया था नाश्ता—?"

"गलेमिज ने।"

"और मुरेल कहां थी?"

"पता नहीं—मैंने उसे नहीं देखा।"

"और नेनसी—।"

"शायद सो रही थी वह।"

"नाश्ते में क्या-क्या था?"

"सासेजिस और फ्राई अन्डे चटनी के साथ।"

"कितनी देर तुम वहां रहे?"

"अधिक देर नहीं—सर्विस स्टेशन से आदमी जल्दी ही आ गया था। मेरी बेटरी चार्जिंग के लिए उतार—उसने अपने साथ लाई बेटरी लगा दी। मेरी बेटरी वह अपने साथ ही ले गया।"

"फिर क्या किया तुमने?"

"मैंने गलेमिज से कष्ट के लिए क्षमा मांगते हुए उसका धन्य-वाद किया और विदा हो गया।"

"फिर अपनी बेटरी के लिए तुम वापिस गए होगे?"

"हां—।"

"कब—?"

"कल दोपहरोपरान्त—।"

"क्या उस समय भी तुम गलेमिज से मिलने गए?"

"नहीं—पर आप यह सब कुछ क्यों पूछ रहे हैं?"

"तुम्हारी कहानी ने तो मामले को और भी गम्भीर रूप दे दिया है। यह सब सुनने के बाद पुलिस तुरन्त ही इस निष्कर्ष पर पहुंच जाएगी कि वीरा मार्टल—गलेमिज को या फिर उसकी मां को ब्लैकमेल कर रही थी। यह भी कि गलेमिज उससे अन्तिम लेन देन करने ही वर्कशाप में मिलने गई। वहीं किसी बात पर

उनमें तकरार हो गई जो झगड़े में बदल गई। और झगड़े में लगने वाली चोट में वीरा मार्टल की जान जाती रही। उसे मरा देख ही वह घबराकर वर्कशाप से निकल मकान में जा पहुंची।"

"तुम्हारी ही तरह मि० गिलमेन ने भी उसे परेशान अवस्था में वर्कशाप से निकलते देखा। किसी गड़बड़ी की आशंका से ही वह नाश्ते की मेज से उठ कर वर्कशाप में पहुंचा। वहां उसने वीरा मार्टल की लाश देखी। वह समझ गया कि क्या हुआ होगा बेटी को बचाने के लिए ही उसने वीरा मार्टल की लाश कार में डाली और बाहर निकल गया। फिर गिलमेन ने अथवा उसके किसी साथी ने वीरा मार्टल की कार भी वहां से हटा ली जहां उसने पार्क कर रखी थी। निश्चित स्थान पर पहुंच—वीरा मार्टल को उसी की कार के स्टयेरिंग पर बिठा कार सहित ढलान पर लुढ़का दिया गया।"

अब सबसे महत्वपूर्ण बात है वीरा मार्टल की मृत्यु निश्चित किस समय हुई है अगर पुलिस इस निष्कर्ष पर निकलती है कि मौत साढ़े आठ बजे और नौ बजे के बीच वाक्या हुई है तो नि-सन्देह गलेमिज को ही मुलजिम माना जाएगा और तुम इस्तगासा की तरफ से प्रमुख गवाह होवोगे—।"

"क्या-क्या—मैं ··?"

"हां तुम—और केवल मात्र तुम्हारी गवाही पर ही ग्रांड ज्यूरी गलेमिज को वीरा मार्टल की हत्या के इल्जाम में सैशन के सुपुर्द कर देगी।"

"नहीं—ऐसा कभी नहीं होगा।" वह आवेश में बोला—"यह सब कुछ मैंने आपको बताया है—किसी दूसरे को मैं यह बात बताने का ही नहीं।"

"भूलते हो।" मेसन के स्वर में डपट थी, "पुलिस तुमसे एक-एक बात उगलवा लेगी।"

"ओह—तो—तो मैं क्या करूं ?"

"अब मैं क्या बता सकता हूं। मैं तुम्हें कोई सलाह नहीं दे सकता। मैं गिलमेन का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। और अगर गलेमिज पकड़ी जाती है तो शायद उसके केस की पैरवी भी करूं। और इसके लिए सच्चाई जानना जरूरी है। क्योंकि गलेमिज इस बात से साफ इन्कार कर चुकी है कि वह वीरा मार्टल को नहीं जानती—आजतक उससे मिली तक नहीं।"

"कल सुबह अपने वर्कशाप में होने के बारे में वह क्या कहती है।"

"यह मैंने उससे नहीं पूछा, पर हो सकता है इस समय पुलिस उससे इस बारे में पूछ रही हो। अगर नहीं भी पूछा तो—तुमसे मिलने के बाद तो पुलिस उससे यह जरूर पूछेगी।"

"क्या वह मुझे बयान देने को विवश कर सकते हैं ?"

"क्यों नहीं—तुम्हारे इन्कार करने पर वह तुम्हें हेड क्वार्टर ले जायेंगे—जहां उनके पास बुलवाने के बड़-बड़े साधन हैं। मान लो तब भी तुम कुछ नहीं बताते तो वह तुम्हें ग्रांड ज्यूरी के सामने पेश कर देंगे—जहां तुम्हें शपथ लेकर सच्चाई बतानी ही होगी।"

"लेकिन मैं नहीं बोलूंगा—।" इलिएट ने किसी जिद्दी बच्चे की तरह कहा।

"अगर नहीं बताओगे तो—अदालत के अपमान करने के जुर्म में जेल में जाओगे—और अगर झूठ बोलोगे तो झूठी गवाही देने के आरोप में सजा हो जाएगी तुम्हें। नहीं इलिएट—तुम्हारे लिए सच्चाई छुपाना सम्भव नहीं है।"

"और अगर मैं बोलता हूं तो गलेमिज हत्या के आरोप में पकड़ी जाएगी—।"

"वह तो पकड़ी ही जाएगी।" मेसन ने शुष्कता से कहा, "उसे एक अवसर मिला था मुझे सच्चाई बताने का—तब

शायद सम्भव था मैं उसकी कोई सहायता कर पाता। और अपनी मूर्खता से ही उसने वह अवसर खो दिया है। अब मैं नहीं जानता कि क्या होगा।"

"मि० मेसन⋯" पूछा इलिएट ने, "अगर पुलिस मुझे ढूंढ ही नहीं पाती तब—?"

"वह तुम्हें ढूंढ लेंगे—।"

"नहीं—वह नहीं ढूंढ पायेंगे—।"

"मान लिया—वह तुम्हें नहीं ढूंढ पाते। तुम गायब हो जाते हो। और इधर पुलिस यह जान लेती है कि हत्या के समय तुम उस घर में मौजूद थे तो—तो—तुम्हारा फरार हो जाना तुम्हें भी शक के दायरे में ले आयेगा। हत्या का सीधा सन्देह तुम पर जाएगा।"

"हूं—" वह होंठ काटने लगा।

"अब जो भी निर्णय करना हो सोच समझ कर करो—।"

"क्या ख्याल है—कब तक पुलिस मेरी तलाश आरम्भ कर देगी?"

"अब मैं क्या कह सकता हूं। सम्भव है इस समय भी वह तुम्हारी तलाश में हो। तुम्हारा नाम सामने आते ही तुम्हारी तलाश होने लगेगी।"

"खैर—वह सब मैं देख लूंगा।" उसने आगे बढ़ कर दरवाजा खोल दिया, "मैंने जो कुछ बताना था—वह मैं आप लोगों को बता चुका हूं। अब आप लोग जा सकते हैं।"

"देखो—" मेसन बोल उठा, "अगर तुम फरार होने के⋯"

"मि० मेसन—यह सब सोचना अब मेरा काम है। आप लोग जा सकते हैं—मेरे पास अब और समय नहीं है।"

पैरी मेसन ने पाल की तरफ देखते इशारा किया। दोनों खुले दरवाजे से बाहर निकल कोरीडार में आ गये। इलिएट ने उनके

छे दरवाजा बन्द कर दिया। वे दोनों खामोशी से ही लिफट तक पहुंचे और फिर नीचे आ गए।

"अब—" नीचे पहुंचते ही पूछा पाल ड्रेक ने।

"तुम कार में आए हो ना—।"

"हां—क्यों क्या उसका पीछा करना है?"

"क्या जरूरत है—?"

मेसन के इस जवाब पर पाल को आश्चर्य ही हुआ—"जरूरत क्यों नही। तुम भी जानते हो कि वह अब यहां से फरार होने की ही सोचेगा—।"

"सोचेगा ही नहीं—वह फैसला कर चुका है।" मेसन के होंठों पर मुस्कराहट थी—मानो वह स्वयं यही चाहता हो कि इलिएट पुलिस के हाथ ना चढ़े, "पर हमें क्या हम उसे ऐसा ना करने की सलाह दे चुके हैं। इससे वह अपने आप को संदिग्ध व्यक्तियों की लिस्ट में सबसे ऊपर ले आएगा।"

"यही तो मैं कह रहा हूं—और अगर मैं उसकी जगह होता और जैसा कि प्रकट है—किसी लगाव के कारण मैं मिसेज को बचाना चाहूं तो मेरे सामने कोई दूसरा रास्ता नहीं है सिवाय कहीं बाहर भाग जाने के। और यह भी ऐसा ही करेगा।"

"और तुम चाहते हो कि उसकी निगरानी की जाये कि वह कहां जाता है।"

"हां—हो सकता है इससे कोई लाभ···।"

"लाभ—।" मेसन ने उसकी बात काट दी—लाभ तो है—पर हमें नहीं पुलिस को—।"

"ओह—।" पाल चिहुंक उठा—वह अब समझ गया था कि मेसन क्या सोच रहा है।

"हां—पीछा ही करना है तो मेरे पीछे-पीछे चले आओ। मैं आफिस ही जा रहा हूं—।"

"तुम्हारे पीछे—।"

"हां—" मेसन हंस दिया "बहुत सम्भव है पुलिस रास्ते में ही मुझे गिरफ्तार करने की कोशिश करे।"

और वे अपनी-अपनी कार की तरफ बढ़ गये।

□□□

अगले ही दिन—वीरा मार्टल की हत्या के इल्जाम में—स्टेट बनाम मि० कार्टर गिलमेन—की प्रारम्भिक सुनवाई—आरम्भ हो गई। इस औपचारिक सुनवाई में ही ग्रांड ज्यूरी ने इस बारे में अपना मत देना था कि मि० गिलमेन पर कथित आरोप सिद्ध होते हैं और उस पर हत्या के अभियोग में मुकदमा चलाया जा सकता है या नहीं!

पुलिस ने यह केस बड़ी मेहनत से तैयार किया था। सहायक सरकारी वकील एडवर्ड मारकिस डैरिंग—बड़ी सावधानी से ही अपने गवाह पेश कर रहा था। उसका ख्याल था कि मामला बहुत सीधा व गवाहियां ठोस हैं। इस मामले में वह विपक्ष के वकील पैरी मेसन को मात देना चाहता था। जो शायद उसके जीवन की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षा थी।

सरकारी वकील ने उस पुलिस आफिसर को बुलाया जिसने कि वीरा मार्टल की लाश ढूंढी थी। उसने बताया कि कार के पहियों के निशानों से यह बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि जब वह ढलान से नीचे लुढ़काई गई तो उसकी गति बहुत धीमी थी—यही कारण था कि बीच में आड़े आने वाली चट्टाने या पेड़-पौधे उखड़े नहीं थे।

फिर उसने कार—वीरा मार्टल और ढलान की फोटो पेश

की।

पैरी मेसन पूर्ण तन्मयता के साथ ही उसका ब्यान सुनता रहा था। और जब ज्यूरी ने उससे गवाह के विरुद्ध कहने को कहा—उसने उठते हुए मुस्करा कर केवल इतना ही कहा, "नो क्वेश्चन—यूअर आनर—।"

जज बोरिस एल्वर्ड ने कुछ चकित होकर ही मेसन की तरफ देखा था। कुछ कहना चाहा—परन्तु फिर कुछ सोचते हुए खामोश रहा। फिर सरकारी वकील को सम्बोधित कर कहा—

"अपना दूसरा गवाह बुलाओ—।"

"यस यूअर आनर—।"

दूसरा गवाह एक सर्जन था—जिसने टूटी हुई हड्डियों व आन्तरिक चोटों को प्रमाणित किया था।

"क्या आप मृत्यु के कारण पर रोशनी डालने का कष्ट करेंगे—।" सहायक सरकारी वकील ने पूछा।

"मेरे विचार से—" उसने जबाब दिया, "वीरा मार्टल की मौत मार-पीट से हुई। अन्दरूनी घाव मार-पीट के कारण ही थे। और यही आघात उसकी मौत का कारण बनी। जहां तक बाहरी घावों का सम्बन्ध है—व मौत के लगभग दो घण्टे बाद के थे।"

"क्या आप मृत्यु का सम्भावित समय बता सकते हैं ?"

"जिस दिन लाश मिली थी—उस दिन से एक दिन पहले सम्भवतः सुबह सात व ग्यारह बजे के बीच—।"

"मिस्टर मेसन—आप जिरह कर सकते हैं—।" डॅरिंग ने मुस्कराते हुए कहा था।

"मुझे कुछ नहीं पूछना—खड़े हो कह कर मेसन फिर बैठ गया।

इसके बाद इस्तगासा के वकीलों ने एक ऐसा गवाह पेश

किया जिसने अदालत को बताया कि उसने वीरा मार्टल के शव की तलाशी ली थी। उसने अपने ब्यान में कहा कि उसने वीरा के कपड़ों-जुराबों व बूटों के बीच एक विशेष प्रकार की लकड़ी का बुरादा पाया था।

"कैसा था यह बुरादा—?"

"यह एक किस्म की प्लाई लकड़ी का बुरादा था। यह विशेष किस्म की लकड़ी कई लकड़ियों के बुरादे को गूंथ कर, उसमें एक विशेष सुरेश डाल कर फिर सांचे के दबाव से तैयार की जाती है। और यह विशेष प्रकार की लकड़ी शहर में केवल एक ही व्यापारी ने तैयार की है।"

पैरी मेसन ने इस्तगासा के इस गवाह से भी कोई जिरह नहीं की।

उसके बाद बारबरा नाम के एक व्यक्ति को पेश किया गया। गवाहों के कठहरे में खड़े होकर बारबरा ने बताया कि वह एक लकड़ी का व्यापारी है और उसी ने पिछले दिनों एक विशेष प्रकार की लकड़ी तैयार की है और इसी लकड़ी का बुरादा पुलिस ने उसे दिखाया है। अपने ब्यान में उसने बताया कि स्वयं निर्मित इस लकड़ी को उसने अभी बिक्री के लिए दुकान में नहीं रखा है। बल्कि परीक्षण के तौर पर अपने तीन विशेष ग्राहकों को ही दी थी। जिनमें मि० कार्टर गिलमेन एक थे।

पैरी मेसन ने इस गवाह से भी कोई जिरह नहीं की बल्कि उसने गिलमेन के यहां से प्राप्त लकड़ी के टुकड़े को शहादत के रूप में भी रखे जाने में अपनी स्वीकृति दे दी।

उसके बाद पुलिस बिभाग के ही एक अधिकारी का ब्यान हुआ! टेक्निकल एक्सपर्ट था और उसने बताया कि उसने ही वीरा मार्टल के कपड़ों से प्राप्त होने वाले बुरादे व मि० गिल्मेन की वर्कशाप से प्राप्त किए बुरादे का परीक्षण किया है। और उसकी

रिपोर्ट है कि दोनों बुरादे एक ही लकड़ी के हैं।

"वीरा मार्टल की लाश से यह बुरादा आपने स्वयं एकत्रित किया था—।" डैरिंग ने पूछा।

"हां—।"

"और कहां-कहां मिला था यह बुरादा—?"

"दायें पांव के जूते की ऐड़ी के नीचे—दांई तरफ की स्टीरिंग में—स्कर्ट पर दोनों तरफ—।" गवाह ने बताया।

"और आपने—।" डैरिंग ने ही आगे पूछा, "मि० कार्टर गिलमेन के नाम से रजिस्टर्ड एक कार का परीक्षण भी किया था"

"जी किया था—।"

"और क्या आपने उस कार की डिग्गी में कुछ महत्वपूर्ण पाया था ?"

"जी हां—लकड़ी का वैसा ही बुरादा—जिसे शहादत के रूप में अदालत में पेश किया गया है—जो वीरा मार्टल के शरीर से लगा मिला था। उसके अतिरिक्त कुछ बाल भी मिले थे जो मेरे विचार से वीरा मार्टल के सिर के बाल थे।"

"क्या इसके अतिरिक्त भी डिग्गी में कुछ ऐसा मिला था जो आपके विचार से महत्वपूर्ण था ?"

"हां—।"

"वह क्या था—?"

"क्ले मिट्टी का एक ढेर—।"

"क्या इस मिट्टी के बारे में आप विस्तार से बता सकते हैं ?"

"यह विशेष प्रकार की मिट्टी बुत बनाने के काम आती है। अन्य मिट्टी की तरह यह सूखकर सख्त नहीं हो जाती बल्कि इसमें लचक रहती है।"

"अब आप चाहें तो जिरह कर सकते हैं—।" डैरिंग ने पैरी मेसन की तरफ देखते हुए कहा और स्वयं एक तरफ हट गया।

मेसन उठा—पहला प्रश्न ही उसने किया, "आपने यह विशेष प्रकार का बुरादा मि० गिलमेन की वर्कशाप से प्राप्त किया ?"

"जी हां—।"

"और यह बुरादा किसी भी व्यक्ति के कपड़ों से चिपकने की क्षमता रखता है।"

"विशेष परिस्थितियों में ऐसा होगा ही। हां···।"

"और अगर उसकी लाश को गाड़ी में रखा गया—तब भी आपका ख्याल है कुछ बुरादा छूट कर बिखर जाएगा—।"

"बिलकुल ऐसा तो होगा ही—पर मेरा ख्याल है कि आपका यह प्रश्न कोई प्रश्न नहीं है।"

मेसन मुस्कराया—। "मिस्टर लाटन···अब मैं यह पूछना चाहता हूं कि इस बुरादे में कोई ऐसी विशेषता भी नहीं है कि यह विशेष प्रकार के कपड़ों से ही चिपके और किसी दूसरे कपड़े से नहीं—।"

"नहीं—यह हर कपड़े से चिपकने की क्षमता रखता है—।" मेसन के प्रश्न पर उलझते हुए ही जवाब दिया गवाह ने।

"और अब···।" मेसन अपने शब्दों पर जोर देता हुआ बोला, "यह बुरादा डिफेन्डेंट मि० गिलमेन के कपड़ों से भी चिपका होगा।"

"जरूर चिपका होगा—।"

"आपके विचारानुसार—अगर मि० गिलमेन वर्कशाप में काम करते रहे हों और उन्होंने—मान लो कि एक स्पोर्ट कोट पहन रखा है—तो लकड़ी का यह बुरादा उनके कोट की बांहों से भी चिपक सकता है।"

"चिपकना चाहिए—।"

'और अगर ऐसा कुछ बुरादा—उनके कोट की बाहों पर चिपका है और उन्होंने अपनी कार की डिग्गी खोली है—उसमें

कुछ रखने या निकालने के लिए तो उस हालत में जरूरी है कि बांहों से चिपका वह बुरादा छूट कर डिग्गी में बिखर जाए—।"

"सम्भव है—।"

"थैंक यू···।" मेसन ने कहा, "बस मुझे इतना ही पूछना था।

"मोरिस को बुलाओ—।" डैरिंग ने अगले गवाह को बुलाया !

मोरिस एक ढलती उम्र का बूढा व्यक्ति था। गवाहों के कठहरे में खड़े होकर उसने शपथ ली—नाम बताया और यह भी कि वह चाबियां बनाने का काम करता है।

"क्या आप मुलजिम से परिचित हैं—।" डैरिंग का पहला प्रश्न था।

"मैं इनसे मिला था—।"

"कब मिले थे आप इनसे—?"

"तेरह तारीख की दोपहर को—।"

"क्या तुमने इनके साथ कोई व्यापारिक लेन देन भी किया था ?"

"जी हां—?"

"वह क्या ?"

"यह सज्जन···जिन्होंने अपना नाम गिलमेल बताया था—मेरे पास काली मिट्टी का एक सांचा लेकर आए थे···जिस पर पांच चाबियों के निशान बने हुए थे। उन्होंने मुझे उस छाप अनुसार ही चाबियां बनाने को कहा था। मैंने इन्हें बताया कि हम प्राय: ऐसा असाधारण काम नहीं करते। इसमें समय व परिश्रम अधिक लगता है—और अगर वह यह काम करवाना ही चाहते हैं तो उन्हें अधिक पैसा देना पड़ेगा—।"

"तो उन्होंने क्या कहा—?"

"उन्होंने कहा परिश्रमिक की चिन्ता ना करो—जितनी

जल्दी हो सके चाबियां बना दो—।"

"तो क्या आपने चाबियां बना कर दीं ?"

"जी हां—।"

"आप चाबियां बनाते कैसे हो ?"

"पहले सांचे बनाने पड़ते हैं—फिर उनसे चाबियां बनती हैं।

"आपके पास क्या वह सांचे हैं जिसकी बनी चाबियां आपने इनको दी थीं।"

"जी हां—।"

"क्या वह सांचे आप अपने साथ लाए हैं—?"

जी हां—।"

"मैं आपको पांच चाबियां दे रहा हूं—जो मकतूला वीरा मार्टल की कार में से मिली हैं—तुम इन्हें देखकर बताओ कि क्या वे सांचे इन्हीं चाबियों के हैं।"

डैरिंग ने चाबियों का एक गुच्छा उसकी तरफ बढ़ा दिया। मोरिस नामक उस बूढ़े ने एक एक चाबी अपने साथ लाए सांचे से मिलाई और फिर अपना मत व्यक्त करते हुए कहा, "जी हां—ये इनसे मिलती हैं।"

"क्या सभी—।"

"जी हां—सभी।"

"मि० मेसन—।" डैरिंग मेसन की तरफ मुड़ा, "आप जिरह कर सकते हैं।"

"नहीं—अभी मुझे इनसे कुछ नहीं पूछना है !"

जज ने दीवार घड़ी की तरफ देखा। एक बजने को था। जज ने अदालत खाने के लिए उठ जाने की घोषणा की।

अब अदालती कार्यवाही डेढ़ बजे आरम्भ होनी थी।

कार्टर गिलमेन को हथकड़ी पहनाये जो पुलिस आफिसर अदालत में लाया था मेसन ने उसके पास जाकर बोला, "क्या

आप मि० गिलमेन को अदालत में दस मिनट पहले ले आएंगे—। अदालत बैठने से पहले मैं उनसे कुछ बात करना चाहता हूं—।"

"क्यों नहीं—मैं ले आऊंगा उन्हें—।"

मेसन गिलमेन से सम्बोधित हुआ, "अब भी समय है—सोच लो—हित इसी में है कि तुम सच्चाई बता दो मुझे—।"

और उसे सोचने को ही समय दे मेसन मुड़कर डैला व पाल ड्रेक के पास आ गया।

फिर वे तीनों उठ कर निकट के ही रेस्टोरेन्ट में जा बैठे।

"उस चाबियों वाले गवाह ने हमारे कलाईन्ट को मुसीबत में डाल दिया है—भट्ठा ही बैठा दिया है इसने तो—।" ड्रैक एक कुर्सी पर धम्म से बैठते हुए बोला।

मेसन ने कोई जवाब नहीं दिया।

"वैसे मैं तो इस बात पर भी चकित हूं कि डिट्रिस्क अटार्नी मि० हैमिल्टन खुद इस मामले में अदालत में पेश क्यों नहीं हुए।"

मेसन मुस्करा दिया, "पुलिस ने केस ही इतना मजबूत व साफ बनाया है कि उसने खुद पेश होने की जरूरत ही नहीं समझी होगी।"

अभी वे बातें ही कर रहे थे कि वेटर इनके केबिन में आया। उसने बताया कि पाल ड्रेक के लिए फोन काल है!

"यहीं ले आओ—।"

थोड़ी ही देर में वेटर ने फोन केबिन में लगे पलग से ला लगाया। पाल ने रिसीवर ले लिया।

"हैल्लो—पाल ड्रेक हेयर—कौन···? हां···।"

कुछ देर तक वह दूसरी तरफ वाले की बात सुनता रहा··· फिर ओ-के कहते हुए रिसीवर रख दिया।

"पैरी—आज का दिन ही मुझे बुरा लगता है।"

"क्यों, क्या हुआ···?"

"पुलिस ने इलिएट को ढूंढ निकाला है। वह पिछले छः घन्टों से पुलिस की हिरासत में है। पर शायद तुम्हें कुछ सोचने ना देने के लिए वह उसे अदालत में नहीं लाये। पुलिस उसे दो पहर के बाद अदालत में पेश करने वाली है। इलिएट एक नकली नाम से एक होटल में ठहरा हुआ था—पुलिस ने उसे वहीं जा घेरा है। इससे पहले कई दिनों तक उस पर निगरानी रखी गई है। लगता है पुलिस इस बार हमसे दो कदम आगे ही है।"

"और इसका मतलब है कि हैमिल्टन-लन्च के बाद स्वयं अदालत में पेश होगा—इलिएट के साथ। वह शायद तुम्हें हैरान कर देना चाह रहा है। साफ है कि वह इलिएट को वह ब्यान देने पर बाध्य कर देंगे कि उसने वारदात के दिन—सुबह गलेमिज को वर्कशाप से घबराई-घबराई सी निकलते देखा था। पुलिस का विचार है कि नाश्ते की मेज पर से गिलमेन ने भी उसे देखा होगा—और फिर स्वयं वर्कशाप में जा पहुंचा। अब या तो उसने स्वयं ही झगड़े में वीरा मार्टल पर ऐसा वार किया जिससे उसकी मौत हो गई या फिर गलेमिज ने ही उसकी हत्या कर दी और बाद में गिलमेन ने अपनी बेटी को बचाने के लिए लाश वहां से हटा दी।"

"तब—ग्रांड ज्यूरी बैठेगी—फिर गलेमिज व गिलमेन पर शायद इकटठे ही मुकदमा चलाया जाए। गवाहियां ठोस हैं—व प्रमाण सभी अभियुक्तों के विरुद्ध—मुझे नहीं लगता इस मामले में अब तुम कुछ कर पाओ—।"

मेसन सोच में पड़ गया—"पर एक बात समझ में नहीं आती—गलेमिज का तो कहना है कि वह सोई हुई थी—और मुरेल के कारण ही उसकी आंख खुली।"

"वह उसी का कहना है—पर गवाहियां और हालात जो बता रहे हैं उसे न तुम नजर अन्दाज कर सकते हो ना अदालत

करेगी।" पाल के स्वर में निराशा थी—"खैर···डैला जरा आर्डर तो दे दो—अब जो होगा देखा जाएगा—।"

डैला वेटर को बुला आर्डर देने लगी।

▭ ▭ ▭

पुलिस आफिसर एक बज कर बीस मिनट पर गिलमेन को अदालत में ले आया था। दर्शक भी अदालत में एकत्रित होने शुरू हो गये थे।

मेसन गिलमेन के निकट बैठते हुए बोला—"हां अब बताओ कि सच्चाई क्या है?"

"मैं जो कुछ बता चुका हूं—उससे अधिक अब कुछ भी बताने को तैयार नहीं हूं। जिस किसी को भी बचाने की कोशिश में हूं मैं···मैं उससे धोखा नहीं कर सकता—।"

"पर बिना किसी हकीकत जाने मैं आपको भी किस तरह बचा पाऊंगा···।"

"दूसरी सूरत में आप मुझे धोखा देंगे···।'

"नहीं—मैं आपसे धोखा नहीं कर सकता—कोई भी वकील अपने कलाईन्ट से धोखा नहीं कर सकता—।"

"पर मुझे बचाने के लिए आप उस व्यक्ति को तो फंसा ही दोगे—जिसे मैं बचाने की कोशिश कर रहा हूं···।"

"हां—वह हो सकता है।"

"इसी लिए मि० मेसन—मैं आपको कुछ नहीं बता रहा हूं। मैं अपनी जान देकर भी उस भेद को दबाये रखूंगा कि मैंने किसको देखा था।"

"वह शायद अब मुमकिन नहीं हो सकेगा।" मेसन मुस्करा

दिया—"कुछ ही देर में आपको एक ऐसी खबर सुनने को मिलेगी जो आपको दहला देगी···।"

"क्या मतलब···?"

"पुलिस ने इलिएट को ढूंढ निकाला है। वारदात वाली सुबह वह—डायनिंग रूम के ऊपर वाले गेस्टरूम में था! आप ही की तरह उसने भी गलेमिज को बदहवास सी वर्कशाप से निकलते देखा था।"

"क्या—?" गिलमेन के लिए यह सूचना किसी बम विस्फोट से कम नहीं था। कई क्षणों तक तो वह अवाक् सा ही उसे विस्फारित आंखों से देखता रहा—फिर कठिनाई से ही कह पाया—"क्या उसने देखा था?"

"हां—।"

"पर···वह—आपको क्या पता?"

"उसी ने बताया था मुझे भी।"

कुछ क्षणों तक गिलमेन खामोश रहा—फिर कहना शुरू किया—"हां वह गलेमिज ही थी। मैंने वीरा मार्टल को डार्क रूम में जाते देखा था। मैं चकित था कि वह वहां क्यों आई है। मैंने मुरेल को बहाने से ही रसोई में भेज दिया ताकि वहां जा कर खुद देख सकूं! तभी थोड़ी देर बाद गलेमिज वर्कशाप से निकली—वह बहुत घबराई हुई थी और···।"

पर वह अपनी बात पूरी भी नहीं कर पाया कि जज महोदय अदालत में आ गये!

तब अदालत की कार्यवाही आरम्भ हुई!

उसी क्षण डिस्ट्रिक अटार्नी हैमिल्टन भी अन्दर आ गया और अपने सहायक डौरिंग के पास आ बैठा!

"क्या मिस्टर हैमिल्टन—इस केस को आप स्वयं ही पेश करेंगे—?" जज ने दिलचस्पी से ही हैमिल्टन की तरफ देखते

हुए पूछा था।

"यस योर आनर—।" उठ कर—सम्मान में अपने सिर को झुकाते बोला था हैमिल्टन !

"गुड—।" जज मुस्करा दिया। "अपने अगले गवाह को पेश करो—।"

डैरिंग ने उठ कर हटिले इलिएट के नाम की घोषणा की।

"यूअर आनर—।" हैमिल्टन ने कहना आरम्भ किया, "मैं अदालत को यह बता देना चाहता हूं कि मिस्टर इलिएट का महत्व एक 'होस्टाईल विटनेस' से अधिक नहीं। अदालत यह भी ख्याल रखे कि हमें विवश हो उसे पेश करना पड़ रहा है। पुलिस से दूर रहने की कोशिश में यह एक नकली नाम से एक होटल में ठहरा हुआ था।"

"अदालत सम्बन्धित प्रश्नों के पूछने की इजाजत देती है।" जज ने दो टूक जवाब दिया, "और यह भी अदालत ही देखेगी कि गवाह 'होस्टाईल' है अथवा नहीं।"

हटिले इलिएट···एक पुलिस अधिकारी की हिरासत में ही अदालत में लाया गया। जज की तीक्षण निगाहें उस पर टिकी थीं—"अपना दांया हाथ ऊपर उठा कर शपथ लो।"

इलिएट ने आज्ञा का पालन किया।

"हां—तो मिस्टर इलिएट···।" सरकारी वकील ने कहना आरम्भ किया। मैं तुम्हारा ध्यान इस माह की तेरह तारीख मंगलवार की सुबह की तरफ दिलाना चाहता हूं—उस दिन कहां थे तुम—।"

"मैं मि० गिलमेन के घर था।"

"कितने बजे पहुंचे थे तुम वहां···?'

"प्रातः के दो या ढाई बजे।"

"वहां तुमने क्या किया ?"

"मैं वहां गलेमिज वार्लो के साथ गया था—कुछ देर हम वहां इकट्ठे रहे। उसने मुझे ड्रिंक के लिए रोक लिया था।"

"और फिर—?" हैमिल्टन ने तेज स्वर में पूछा।

"तब मैंने विदा ली और अपनी कार के पास आ गया—वह तब बरामदे में खड़ी थी। भूल से ही मैं 'इग्नीशन की' आफ नहीं कर गया था। इस लिए जब कार स्टार्ट करने की कोशिश की तो सैल्फ-स्टार्टर ने काम नहीं किया।"

"फिर—।"

"मिस वार्लो ने मुझे रात वहीं रुक जाने की सलाह दी। बेटरी सुबह ही बदली जा सकती थी—।"

"फिर क्या किया तुमने ?"

"मुझे रुकना पड़ा—मैं सोने चला गया।"

"हूं—अब मैं चाहता हूं कि अदालत इस बात को भलि-भांति समझ ले कि तुम कहां और किस कमरे में सो रहे थे। जिस कमरे में तुमने रात बिताई थी उसकी स्थिति समझा सकते हो तुम।"

"वह कमरा भवन के उत्तरी तरफ पिछवाड़े की ओर है।"

"अपने उस कमरे से क्या तुम मकान के पिछवाड़े के गेराज देख सकते थे।"

"यस—।"

"और तुम्हें मिसेज गिलमेन के डार्क रूम की स्थिति का भी पता होगा कि वह कहां है ?'

"यस—

"अब मैं तुम्हारे सामने 'एसिबिट बी' रख रहा हूं। यह उस मकान का नक्शा है—जिसमें ड्राईव वे, गेराज, वर्कशाप व डार्क रूम इत्यादि की स्थिति दर्शाई गई है। क्या यह नक्शा तुम्हारी समझ में आ रहा है ?"

"जी हां—।"

"अब क्या तुम अदालत को यह बताने का कष्ट करोगे कि नक्शे के मुताबिक तुम्हारा बैड रूम कहां था ?"

"सेकेण्ड फ्लोर पर—यह कमरा—।" उसने एक जगह उंगली रखी।

"और यह डायनिंग रूम के ठीक ऊपर है—।"

"हां—मेरा यही ख्याल है।"

"और अब—मैं तुमसे पूछना चाहता हूं कि रात 'गुड-नाईट' कहने के बाद तुमने दोबारा गलेमिज को कब देखा—और उस समय क्या बजा था ?"

"मैं...मैं इस प्रश्न का उत्तर देने से इन्कार करता हूं—।"

"क्यों—किस कारण से—?"

"बस—मैं इस प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता।"

हैमिल्टन ने जज महोदय की तरफ देखा।

जज बोला—"तुम्हें इस प्रश्न का उत्तर देना ही पड़ेगा—या फिर जवाब ना देने का कोई कारण बताना होगा। मि० इलिएट यह ना भूलें कि आप किसी भी प्रश्न का उत्तर देने को कानूनन बाध्य हैं।"

"पर मैं जवाब देने से इन्कार करता हूं—।"

"बिना कोई कारण बताये—जवाब देने से इन्कार करने पर आपको अदालत का अपमान करने के आरोप में सजा हो सकती है। और फिर आपको यह भी नहीं भूलना चाहिए कि मामला कत्ल का है—आपकी गवाही महत्वपूर्ण भी हो सकती है।"

"मैं जवाब देने से इन्कार करता हूं—" इलिएट ने फिर कहा—"वह तो जैसे यह जवाब रटकर आया था।"

जब बार-बार पूछे जाने पर भी इलिएट जवाब देने से इन्कार करता रहा तो अदालत ने उसे तब तक जेल में रखने के आदेश दे

दिए—जब तक कि वह सवाल का जवाब नहीं दे देता या फिर कोई कानूनी कारण नहीं बताता।

और उसे अदालत से ले जाने का आदेश दे दिया गया।

पुलिस अधिकारी आगे बढ़ा और उसे बांह पकड़ अदालत से बाहर ले गया।

हैमिल्टन बड़े ही नाटकीय ढंग से मुड़ा—कुछ ऊंचे स्वर में ही अदालत से अपने अगले गवाह पाल ड्रेक—प्राईवेट डिटेक्टिव को पेश करने की अनुमति मांगी।

"पाल ड्रेक अदालत में मौजूद हैं—मैं उनसे विटनेस बाक्स में आने का अनुरोध करता हूं—।"

उसकी यह घोषणा इतनी आकस्मिक और विचित्र थी कि पाल चौंक उठा। चकित सा हो उसने पैरी मेसन की तरफ देखा। पर पैरी मेसन तो पूर्वतः ही शान्तभाव से बैठा था।

पाल ड्रेक विटनेस बाक्स में आ गया—हाथ उठा कर शपथ ली।

"आप एक प्राईवेट डिटेक्टिव हैं—" पहला प्रश्न था हैमिल्टन का।

"यस—।"

"लाईसैंस शुदा—?"

"यस—यस सर—।"

"और यह लाईसैंस इस माह की चौदह तारीख को भी वैध ही था।"

"यस सर—।"

"क्या आप मिस्टर इलिएट से परिचित हैं—जो इससे पहले गवाही दे रहे थे।"

"जी—जी हां—।"

"ओह ! अब मैं यह पूछना चाहता हूं कि चौदह तारीख को

मि० इलिएट के फ्लैट में आपने और मि० पैरी मेसन ने उससे कुछ बात-चीत की। मैं इस सवाल का जवाब हां या ना में चाहता हूं—।"

क्षणिक हिचकिचाहट के बाद ही जवाब दिया ड्रेक ने, "जी हां—।"

"और अब मैं पूछना चाहता हूं कि क्या पैरी मेसन की उपस्थिति में आपने उससे तेरह तारीख की सुबह के बारे में यह पूछा था कि वह कहां था और क्या इलिएट ने तब आपको यह बताया कि नहीं कि उसने उस दिन प्रातः लगभग साढ़े आठ बजे मिस गलेमिज को वर्कशाप से निकलते देखा था। मुलजिम गिलमेन की उस वर्कशाप से—जिसकी निशानदेही मि० इलिएट इस नक्शे में कर चुके हैं—और जो उस कमरे से साफ नजर आती है जिसमें वह उस दिन सो रहा था—।"

मेसन उठ खड़ा हुआ—"योर ऑनर—मैं इस सवाल पर एतराज करता हूं—क्योंकि जवाब जो भी होगा—एक सुनी-सुनाई बात होगी।"

"मि० मेसन—महज एक दोष निकाल रहे हैं।" हैमिल्टन ने मुंह बनाया।

"बात दोष की नहीं है—अगर मि० इलिएट ने इस बात पर भी जोर दिया होता कि उसने उस सुबह गलेमिज को देखा ही नहीं—तब भी मि० पाल ड्रेक का बयान एक सुनी-सुनाई बात से ज्यादा अहमियत नहीं रखती। और फिर मुख्य गवाह इलिएट ने क्या पूछ-ताछ के दौरान सरकारी वकील को यह बात साफ नही कह दी थी कि वह अदालत में तेरह तारीख की सुबह उसने क्या देखा—किसे देखा के बारे में किसी भी सवाल का जवाब देने से इन्कार कर देगा—क्या मि० हैमिल्टन—गवाह के इस रवैये से अदालत को अगाह करेंगे—।"

हैमिल्टन ने तुरन्त ही कोई जवाब नहीं दिया।

"मि० हैमिल्टन—मैं चाहता हूं कि अदालत इस मामले की पूरी तरह रोशनी में रहे।'

"इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता—" हैमिल्टन ने जवाब दिया।

"अन्तर पड़ता है—" मेसन अपने शब्दों पर जोर देते हुए बोला, "मि० पाल ड्रेक का ब्यान उस सूरत में तो अहमियत रखता था—अगर एक बार इलिएट ने इस बारे में इकरार या इन्कार किया होता और फिर बाद में अपने ब्यान से मुडकर गया हो। मी लार्ड—" वह अदालत से सम्बोधित हुआ—"मिस्टर इलिएट के इस बारे में साफ जवाब दे देने के बाद—अदालत किसी दूसरे के मुंह से बात नहीं मान सकती कि 'वह गवाह' ऐसा कहता था।"

"शायद आप ठीक कह रहे हैं।" जज ने जवाब दिया।

हैमिल्टन का चेहरा सुर्ख हो उठा—"योर आनर—कत्ल जैसे संगीन मामले में अदालत को ज्यादा टेक्निकल नहीं होना चाहिए। और फिर हम जानते हैं कि मि० इलिएट की मि० पाल ड्रेग व पैरी मेसन से चौदह तारीख को बात-चीत हुई थी। यह उसी बात-चीत का नतीजा था कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही इलिएट अपने फ्लैट से निकल भागा और नकली नाम से होटल में जा ठहरा—ताकि पुलिस उस तक पहुंच ही ना सके और उसे इस केस में गवाह ना बनाया जा सके—।"

"और अब—अदालत ध्यान दे—कि हकीकत यही है कि इलिएट ने मिस गलेमिज को ही वर्कशाप से निकलते देखा था—और यह बात उसने मि० ड्रेक व मेसन को भी बताई होगी। और उसके लापता हो जाने के पीछे बड़ी बात-चीत ही है जो इन दोनों के साथ हुई—।"

जज की निगाहें पैरी मेसन की तरफ उठ गईं।

मेसन बोला—"इस्तगासा की थ्योरी सुनने में अच्छी है। पर यु अर आनर—मुझे भी यही कहना है—वह मुलजिम के विरुद्ध इस केस में कुछ भी साबित नहीं कर पाये हैं—। केवल "सुनी-सुनाई" शहादत पर कत्ल जैसा गम्भीर आरोप किसी पर साबित नहीं किया जा सकता। परासीक्यूशन को कोई सीधा गवाह पेश करना चाहिए। मेरे मुअज्जिज दोस्त—वीरा मार्टल के कत्ल के उद्देश्य को महज 'सुनी-सुनाई' गवाहियों के दम पर ही साबित करना चाह रहे हैं। अदालत के सामने "किसने-किसको' क्या कहा का कोई महत्व नहीं है। मैं तो इतना कहूंगा कि बेमतलब की गवाहियां पेश कर मेरे मुअज्जिज दोस्त अदालत का वक्त ही जाया कर रहे हैं।"

"और आपको इस सवाल पर एतराज है—?" जज ने मतलब की बात पर आते हुए पूछा।

"यस यु अर आनर··इस आधार पर कि वह अविश्वसनीय—असम्बन्धित और एक आवश्यक सवाल है। 'सुनी-सुनाई' शहादत के लिए हम यही कह सकते हैं।" तीव्र स्वर में ही पैरी मेसन ने अपना विरोध व्यक्त किया था।

जज महोदय ने निर्णय दिया—पैरी मेसन का एतराज जायज है—गवाह से यह प्रश्न नहीं पूछा जा सकता।

'बस इतना ही पूछना था—।' हैमिल्टन आवेश से कांपते अपने अस्तित्व को संयत रखने का यत्न करते बोला—"मि० ड्रेक—आप जा सकते हैं। पर यह याद रखना कि आप एक लाइसेन्सड डिटेक्टिव हो और आपके लाइसेन्स की तारीख भी नजदीक ही है—।"

'योर आनर—" मेसन एक दम बोल उठा, "अदालत के फैसले के बाद—सरकारी वकील का गवाह पर नाजायज दबाव

डालना या धमकी देना एक अपराध है।"

जज के होंठों पर एक क्षीण सी मुस्कान बिखर आई—"मि० हैमिल्टन—आपको अदालत के सामने ऐसी बात करते हुए सावधान रहना चाहिए—। अपना अगला गवाह बुलाओ—।"

सरकारी वकील ने अपने अगले गवाह के नाम की घोषणा की—मिस गलेमिज वार्लो।

जज कुछ सावधान हो बैठा—"क्या मिस गलेमिज अदालत में हैं ?" उन्होंने उत्सुकता से ही पूछा।

"हमें उसे हिरासत में रखना पड़ा युअर आनर—" हैमिल्टन ने बताया—"चूंकि हमें शक था मिस गलेमिज अदालत में हाजिर नहीं होगी—और अदालती कार्यवाही के समय वह मिल सके या नहीं—इसलिए हमें उसे हिरासत में लेना पड़ा।"

जज ने आश्चर्य ही व्यक्त किया, "मिस्टर डिस्ट्रिक्ट एटार्नी —मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि आप स्थापित क्या करना चाह रहे हैं। यह कोई ग्रांड ज्यूरी नहीं है। इस अदालत का कार्य सिर्फ यह देखना है कि क्या अपराध हुआ है और मुलजिम उस जुर्म से निजीरूप से सम्बन्धित है या नहीं—अभियुक्त पर मुकदमा बनता भी है या नहीं—।"

"मैं समझता हूं युअर आनर—।" दबे स्वर में ही जवाब दिया हैमिल्टन ने।

"अच्छी बात है—गलेमिज को बुलाया जाए।" जज ने स्पष्टता व्यक्त की।

एक पुलिस अधिकारी गलेमिज के साथ अदालत में आया। गलेमिज को विटनेस बाक्स में ला खड़ा किया गया। शपथ दिलाई गई।

इससे पहले कि सरकारी वकील गलेमिज से कोई प्रश्न पूछता—जज ने कहना शुरू किया—

"मिस गलेमिज—मैं एक बार फिर तुम्हें याद दिलाना चाहता हूं कि इस अदालत में दिया गया तुम्हारा ब्यान ऊपर की अदालत में—तुम्हारे खिलाफ भी इस्तेमाल किया जा सकता है—अगर तुम्हें भी एक मुलजिमा की हैसियत से पेश किया जाता है तो—।"

"मैं नहीं जानती कि केस किस अदालत में चलेगा और कौन उसमें मुलजिम होगा। युअर आनर—मैं तो सिर्फ इतना जानती हूं कि इस महीने की तेरह तारीख को—सुबह साढ़े नौ बजे तक मैं सोती रही। इसके बाद तैयार होकर बाहर चली गई और सारा दिन उस वर्कशाप में—या उसके आस-पास गई ही नहीं—।"

हैमिल्टन के चेहरे पर एक अनूठी-सी मुस्कान थी—जैसे वह गलेमिज से ऐसे ही जवाब का इच्छुक रहा हो।

"हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए मिस गलेमिज—अब तुम इस नक्शे पर उस स्थान को भी इंकित कर दो—जहां ना जाने और जिसके आस-पास भी न होने का आप कह रही हैं।"

"मी लार्ड—।" मेसन ने विरोध किया, "मुझे भय है कि गवाह को जानबूझ कर एक जाल में फंसाया जा रहा है। गवाह अपने ब्यान के महत्व को नहीं समझ पा रहा और ना ही उसे अपने संवैधानिक अधिकारों का ज्ञान है।"

"अदालत गवाह को पहले ही उसके अधिकारों व मामले की गम्भीरता के बारे में बता चुकी है।" हैमिल्टन किसी सांप की तरह फुंफकारा था, फिर वह गलेमिज से सम्बोधित हुआ—"हां तो मिस गलेमिज—इस नक्शे पर तुम उस जगह पर अपने हस्ताक्षर कर दो—जो तुम्हारे विचार से मि० गिलमेन की वर्कशाप है—।"

बेझिझक ही गलेमिज ने नक्शे पर अपने साईन कर दिए।

"मिस गलेमिज—अदालत तुम्हें अगाह कर देना चाहती है कि—तुम भी इस केस में एक मुलजिमा के रूप में पेश की जा सकती हो। इसलिए किसी भी सवाल का जवाब देने से पहले यह बात सोच लेना कि तुम्हारा वह ब्यान—ऊपर की अदालत में तुम्हारे खिलाफ भी इस्तेमाल किया जा सकता है। तुम चाहो तो अपने वकील से सलाह भी कर सकती हो। तुम मेरी बात समझ रही हो ना—?"

"यस—यु अर आनर—।"

"सरकारी वकील अपनी कार्यवाही करें—।" जज ने हैमिल्टन की तरफ देखा।

"हैमिल्टन कदम बढ़ा आगे आया—।" क्या तुम मकतूला वीरा मार्टल से वाकिफ हो—या कभी तुम्हारा उससे परिचय रहा हो?"

"नहीं—मैं नहीं जानती।"

"मैं तुम्हारा ध्यान इस माह की तेरह तारीख की तरफ दिलाना चाहता हूं—उस दिन सुबह आठ—साढ़े आठ के बीच क्या तुम अपने मकान ६२३१—वाक्स एवेन्यू में थी?"

"जी हां—।"

"इस समय के बीच···या सुबह किसी दूसरे समय तुम अभियुक्त गिलमेन की वर्कशाप या उसके आस-पास थी—।"

"नहीं—मैं ना तो वर्कशाप में गई थी ना उसके आस-पास—।"

"क्या आप इस नक्शे में—उस स्थान पर निशान लगा सकती हैं जिसे आप वर्कशाप समझती हैं—या जिस स्थान पर आप न जाने के बारे मे कह रही हैं।"

"हां—क्यों नहीं—" इतना कह गलेमिज ने नक्शे की तरफ उंगली बढ़ाई—पर तभी जज ने उसे रोकते हुए कहा—

"क्रास इग्जामिनेशन—।" हैमिल्टन विजेता की-सी मुस्कान के साथ पैरी मेसन की तरफ देखते बोला।

"नो—।" मेसन ने जवाब दिया।

"अगला गवाह बुलाओ—।" जज ने कहा।

"मिसेज लेमी सी विक्र को बुलाओ—।" हैमिल्टन बोला।

अधेड़ उम्र की एक सभ्रान्त-सी महिला सामने आई। सिर झुकाते हुए जज का अभिवादन करते वह विटनेस वाक्स में आ खड़ी हुई। हाथ उठाकर शपथ ली उसने।

"मिसेज विक्र··आप कहां रहती हैं ?"

"६२२७—वाक्स एवेन्यू—।"

"आपका मकान मि० गिलमेन के मकान की किस दिशा में है ?"

"उस मकान से उत्तर की तरफ—।"

"आपके व मि० गिलमेन के मकान के बीच कोई और मकान है ?"

"जी नहीं—।"

"हूं—तो अब मैं आपका ध्यान इस महीने की तेरह तारीख की सुबह के आठ और साढ़े आठ बजे के बीच की तरफ दिलाना चाहता हूं। उस समय आप क्या कर रही थीं ?"

"मैं अपने घर में थी और नाश्ता कर रही थी—।"

"अपने घर में नाश्ता आप जिस जगह कर रही थीं वहां से क्या बाहर देखा जा सकता है—और आप बाहर क्या-क्या देख पा रही थीं।"

"खाने का हमारा कमरा पिछवाड़े की तरफ है—वहां से मि० गिलमेन के घर का पिछला भाग—उनकी गेराज—डार्क रूम व वर्कशाप साफ नजर आती है।"

"क्या मि० गिलमेन के मकान से आप परिचित हैं—।"

"रोजाना ही तो देखती हूं उस घर को—।"

"और क्या आप मिस गलेमिज वालों से भी परिचित हैं ?"

"जी हां—।"

"कितना पुराना है उससे परिचय—?"

"कोई दो वर्ष से—जब से हम इस मकान में आए हैं। ।"

"गलेमिज वालों से कभी बातचीत करने का भी अवसर मिला है।"

"सैकन्डो बार—।"

"तेरह तारीख की सुबह—आठ और साढ़े आठ के बीच क्या आपने गलेमिज को देखा था ?"

"युअर आनर—" मेसन ने खड़े होते हुए कहा, "मुझे इस
सवाल पर एतराज है। इस सवाल का मामले से कोई सम्बन्ध
नहीं है और ऐसा करके सरकारी वकील अपने ही गवाह गलेमिज
के कथन को दोषी साबित कर रहे हैं। मैं सरकारी वकील से
पहले यह जानना चाहता हूं कि इस्तगासा गलेमिज द्वारा मिस्टर
गिलमेन के अपराधी होने का क्या प्रमाण देना चाहता है ?"

"मुझे इस सवाल का जवाब देने में खुशी होगी।" हैमिल्टन
ने कहा, "इन गवाहियों द्वारा हम कुछ तथ्य ही अदालत के सामने
रखना चाह रहे हैं। वीरा मार्टल— मकतूला एक प्राइवेट जासूस
थी और किसी ऐसे काम में लगी थी जिसका सीधा प्रभाव गले-
मिज वालों पर पड़ता था। यह मैं नहीं कह सकता कि वह क्या
काम था। पर हां—यह हम साबित कर सकते हैं कि तेरह तारीख
की सुबह वीरा मार्टल गिलमेन के वर्कशाप में पहुंची जहां गले-
मिज वालों ने उसको मिलता था और मुजरिम गिलमेन ने अपने
डायनिंग रूम से उसे देखा—और आवेश में ही वीरा मार्टल से
दो टूक बात करने को वर्कशाप की तरफ भागा और फिर—
गलेमिज वालों की उपस्थिति में ही—क्रुद्ध गिलमेन ने मक-

तूला की हत्या की। फिर उसकी लाश को अपनी कार में डाल मुजरिम तुरन्त ही घर से बाहर निकल गया। इसके बाद ही मुजरिम ने वीरा मार्टल की कार को ढूंढ़ निकाला—और गलेमिज वार्लो के सहयोग से वीरा मार्टल की लाश उसकी कार में डाल उस पहाड़ी ढलान पर ले आया जहां उन्होंने कार ढलान के नीचे लुढ़का दी। ताकि वीरा मार्टल की मौत को एक एक्सीडेंट या हादसा बनाया जा सके—।"

"यानि कि तुम्हारे ख्याल से गिलमेन और गलेमिज—दोनों ही वीरा मार्टल की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। तुम्हारी इस कहानी से तो यही साबित होता है।"

"आपका ख्याल ठीक है—।"

"युअर आनर—।" मेसन अदालत से सम्बोधित हुआ, "सरकारी वकील इस अदालत का प्रयोग एक गवाह को मुजरिम बनाने के लिए करना चाह रहे हैं। गवाही के तुरन्त बाद ही गलेमिज का नाम सहयोगी अपराधी के रूप में जोड़ दिया जाता—मैं कहूंगा कि अदालत इस बात को नोट करे कि मौजूदा हालात में इस बात की कोई अहमियत नहीं है कि गलेमिज वार्लो उस समय वर्कशाप में थी या नहीं। मेरे मुअज्जिज दोस्त को पहले सीधे-सादे यह साबित करना चाहिए कि 'उस समय' वीरा मार्टल वहां उस वर्कशाप में थी—और अभियुक्त भी उस समय वहीं था और इससे भी ज्यादा महत्व की बात कि हत्या उसी समय व उसी स्थान पर हुई है।"

"हम गवाहियों द्वारा यही साबित करना चाह रहे हैं।"

"पर जब तक वह सब साबित नहीं हो जाता गलेमिज के बारे में किसी भी प्रकार का सवाल ना केवल अवांछित है बल्कि इसे एक निर्दोष को बलात मुजरिमों के कठघरे में लाखड़ा करने की कोशिश ही कही जा सकती है। युअर आनर—गलेमिज

वार्लो—इस्तगासा की गवाह है और अदालत इन्हें अपने ही गवाह में दोष निकालने की अनुमति नहीं दे सकती। इट इज इम्पीचमेंट आफ देयर ओन विटनेस।"

जज ने निर्णय दिया,—"एतराज ठीक है—अदालत प्रतिपक्ष के एतराज से सहमत है। मि० हैमिल्टन—इन हालात में अदालत किसी भी तरह गलेमिज वार्लो से सम्बन्धित प्रश्न पूछने की इजाजत नहीं देगी। आप पहले वीरा मार्टल के उस जगह पर होने के अपने कथन की सत्यता साबित करें—आरम्भिक कार्यवाही में आपको पहले मुजरिम के विरुद्ध 'प्रेमा-फेसी' केस प्रमाणित करना होगा।"

"यस युअर आनर"—कठिनाई से ही अपने रोष को दबा पा रहा था हैमिल्टन,—"मैं कोशिश करता हूं कि अदालत के सामने तथ्य ही रखे जाएं। हां तो मिसेज विक्र,—"वह फिर गवाह की तरफ आकर्षित हुआ, "क्या बताए गए समय पर आप अकेली ही कर रही थीं नाश्ता—।"

"नहीं—मेरी बेटी मोडेलिन मेरे साथ थी।"

"कितनी आयु होगी मोडेलिन की ?"

"उन्नतीस साल—।"

"यानि कि गलेमिज की हम उम्र—?"

"उससे एक साल छोटी—।"

"क्या आपकी जानकारी के अनुसार गलेमिज व मेडोलिन आपस में मित्र हैं ?"

"हां—दोनों मित्र हैं।"

"और नाश्ते के समय मेडोलिन आपके पास थी।"

"हां—और मेज पर बैठी हम दोनों ही खिड़की से बाहर देख रही थीं।"

"और क्या—आपने कुछ अनूठा या अनहोनी देखने के बाद

अपनी बेटी से भी इस बारे में कुछ कहा था ?"

जज ने पैरी मेसन की तरफ़ देखा !—"डिफ़ेन्सन को इस सवाल पर कोई एतराज तो नहीं है।"

"नो ओबजेक्शन युअर आनर,"—उठ कर कहते हुए पैरी मेसन फिर बैठ गया।

"आप अपना सवाल पूछ सकते हैं—।"

"यस,..." कुछ सोचते हुए हैमिल्टन ने मुड़कर दबे स्वर में ही अपने सहयोगी से बात की—जिसके जवाब में डैरिंग ने सिर हिला अनुमति दी। शायद उन्होंने कोई नया निर्णय ही लिया था—मुड़ते हुए ही हैमिल्टन अदालत से सम्बोधित हुआ—

'फिलहाल इस गवाह से मैं कुछ नहीं पूछना चाहता। जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर पेश किया जाएगा। मैं अदालत से अपना अगला गवाह पेश करने की इजाजत चाहता हूं—।"

"इजाजत है,"—जज के होंठों पर दबी-दबी मुस्कान थी।

इस्तगासा का अगला गवाह था—वी काउन्ट—।

वी काउन्ट मेकोये ने आगे बढ़कर शपथ ली और विटनेस बाक्स में आन खड़ा हुआ।

"मि० मेकोये कहां रहते हैं आप—?" अब डैरिंग गवाह को पेश कर रहा था।

"नेवादा—।"

"इस माह की तेरह तारीख को आप कहां थे ?"

"लास वेगास—नेवादा।"

"क्या करते हैं आप—?"

"जी मैं कार्ड डीलर हूं—।"

"क्या आप मिस गर्लेमिज वार्लों से वाकिफ हैं ?"

"जी—केवल शक्ल से ही वाकिफ हूं। हमारा परिचय नहीं है।"

"कितनी बार देखा है आपने उसे—?"

"सैंकड़ों बार—निश्चित संख्या बताना सम्भव नहीं है।"

"कहां देखा है आपने उसे?"

"जहां मैं नौकरी करता हूं—।"

"क्या इस माह की तेरह तारीख की शाम को भी आपने उसे देखा था?"

"जी हां—।"

"कहां—?"

"ऐसे असंबंधित प्रश्न पर मुझे एतराज है मी लार्ड,"—मेसन उठ खड़ा हुआ।

"मैं सम्बन्ध ही स्थापित करने की कोशिश कर रहा हूं—।"

"मुझे ऐसा नहीं लगता,"—विरोध प्रकट करते हुए ही पैरी मेसन ने स्थिति स्पष्ट की, "प्रासीक्यूशन अब मिस गलेमिज को सह-अपराधी साबित करने की कोशिश में है युअर आनर! और मैं केवल मि० गिलमेन का ही प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। मैं गलेमिज की तरफ से किसी भी गवाह से जिरह करने को तैयार नहीं हूं और मेरा ख्याल है कि मिस गलेमिज को अपना वकील करने का समय अदालत को देना चाहिए।

"मेरा भी यही विचार है,"—जज ने तुरन्त ही कहा।

"एक मिनट,"—उठते हुए बोला हैमिल्टन, इससे पहले कि अदालत इस पक्ष पर कोई मत घोषित करे—मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस्तगासा का विचार है कि—कार्टर गिलमेन ने वीरा मार्टल की हत्या की है—कार्टर गिलमेन ने ही चाबियों के निशान उठवाए और उनसे चाबियां बनवाईं। गिलमेन ने ही वह चाबियां गलेमिज को दीं—और वह दोनों के ही साझे उद्देश्य से लास वेगास गई—और अभियुक्त द्वारा दी गई चाबियों से ही लास वेगास में वीरा मार्टल के आफिस का ताला खोल

उसकी तलाशी ली—और ऐसे कागजातों को तलाश किया जो उनके लिए महत्वपूर्ण या घातक थे।

"महत्वपूर्ण—? घातक—? किसके लिए—?"

"दोनों के लिए—।"

"मेरे मुअजिज दोस्त अगर यह साबित करना चाहते हैं कि मिस गलेमिज ने अपने लिए ही महत्वपूर्ण कागजात के लिए वीरा मार्टल के आफिस की तलाशी ली तो—तो शायद इसका कोई भी सम्बन्ध मौजूदा केस से नहीं है। मैं...।"

"नो मी लार्ड—।" हैमिल्टन बीच ही में बोल उठा, "बात सिर्फ तलाशी लेने तक की नहीं है। हकीकत यह है कि गिलमेन ने चाबियां बनवा कर दीं—जिससे गलेमिज ने वीरा मार्टल के आफिस की तलाशी ली—उन्हें किसी ऐसे दस्तावेज की जरूरत थी जो उसके व उसके पिता के लिए जरूरी था। लास वेगास में ही नहीं—लास एजन्लस में भी वीरा मार्टल का आफिस ऐसे ही खंगाला गया है। सारी फाइलें व कागजात फर्श पर बिखरे पड़े मिले हैं। लास वेगास के आफिस में अभियुक्त गिलमेन की उंगलियों के निशान भी मिले हैं।"

जज के चेहरे के भावों से लगा जैसे वह हैमिल्टन की बात से प्रभावित हुआ हो।

"क्या इस्तगासा यह बता सकता है कि उंगलियों के यह निशान कब के हैं।" मेसन ने पूछा, "क्या यह साबित किया जा सकता है कि वे निशान मकतूला की हत्या के पहले के नहीं हैं—।"

"नहीं ऐसे मामलों में समय निर्धारित नहीं किया जा सकता," हैमिल्टन ने जवाब दिया।

"इससे पहले कि अदालत सरकारी वकील को इस गवाह से प्रश्न करने की इजाजत दे—अदालत यह जानना चाहती है कि सरकारी वकील इस गवाही से साबित क्या करना चाहता है।"

"योर आनर—सिर्फ इतना कि गवाह गलेमिज वालों को अच्छी तरह जानता है—उसने गलेमिज को कई बार लास वेगास में देखा है—और इसने तेरह तारीख की रात को गलेमिज को वीरा मार्टल के लास वेगास स्थित आफिस से निकलते देखा।"

'लास वेगास' में वीरा मार्टल का आफिस किसी कर्मशियल बिल्डिंग में नहीं है! बल्कि वह एक ऐसी इमारत की दूसरी मंजिल पर है जिसमें एक जुआघर है। ऊपर की मंजिलों पर कुछ रिहायशी फ्लेट हैं और कई दफ्तर भी—। हम यह साबित करना चाहते हैं कि इस गवाह ने गलेमिज को वीरा मार्टल के कमरे से निकलते देखा। दूसरे दिन वीरा मार्टल के आफिस के सभी कागजात व फाईलें बिखरी पड़ी मिली हैं।"

"क्या मैं पूछ सकता हूं कि यह घटना किस समय की थी—?" मेसन ने पूछा।

"समय था—रात के ठीक नौ बजकर पन्द्रह मिनट। गवाह को ठीक-ठीक समय इस लिए याद है कि उसी समय रेडियो ने समय बताया था। और अगर अदालत चाहे तो वहां से प्राप्त अभियुक्त गिलमेन की उंगलियों के निशान भी पेश किए जा सकते हैं।"

'मेरा एतराज अपनी जगह है युअर आनर—।" मेसन फिर बोला, "अदालत मनगढ़न्त किस्से कहानियों पर यकीन नहीं कर सकती। मैं चाहूंगा कि मेरे मुअज्जिज दोस्त पहले यह साबित करें कि मिस गलेमिज ने लास वेगास स्थित वीरा मार्टल के आफिस की चाबियां मि० गिलमेन से ही प्राप्त की थीं। या उसने स्वयं वे चाबियां उसे दी थीं।

"यह बात तो हम अनुमान से भी जान सकते हैं—।"

"पर किसी के किसी कमरे से निकलते देखकर यह अनुमान लगाना ठीक नहीं है कि वह व्यक्ति उस कमरे की तलाशी लेकर

ही निकला है। वहां अगर गिलमेन की उंगलियों के निशान हैं तो गलेमिज की उंगलियों के निशान भी होने चाहिए।"

"हो सकता है उसने दस्ताने पहने हों—फिर मुलजिमा का चोरों की भांति कमरे से निकलना—पीछे मुड़-मुड़कर देखना—आंखों में छाया भय—व घबराहट—इनसे कोई भी समझ सकता है कि क्या हुआ होगा—।"

"ठीक है—आप अपनी बात को साबित कीजिए—मैं एक-एक प्वाईन्ट पर जिरह करूंगा।"

पर इससे पहले कि सरकारी वकील गवाह से कोई प्रश्न पूछता—जज बोल उठा—"इस केस ने कई उलझनों को जन्म दे डाला है—अपने मस्तिष्क में उभरती इन उलझनों के बारे में कुछ सोचना चाहता हूं मैं। मैं चाहता हूं कि केस कल सुबह तक के लिए मुलतवी कर दिया जाए। क्या वकील सफाई को कोई एतराज है।"

"जी नहीं—।" मेसन की अपनी इच्छा नहीं थी।

"ठीक—।" जज ने कहा, "केस कल सुबह दस बजे तक मुलतवी किया जाता है। अदालत अपनी रूलिंग भी कल ही देगी सभी गवाह कल निश्चित समय पर अदालत में हाजिर होंगे।"

और अदालत उठ गई।

□□□

अदालत उठ गई—पर पैरी मेसन की आंखों में चिन्ता व उलझन के भाव और भी गहरे हो गए। कुछ सोचते हुए ही वह पाल से बोला, "पाल—हमें अब कुछ करना ही होगा। पुलिस ने तो मामले को और भी उलझा दिया है। अपने इस क्षेत्र में सबसे

दक्ष पोलीग्राफ आपरेटर कौन है ? मैं अपने कुछ आदमियों की परीक्षा लेना चाहता हूं। इसमें कोई ना कोई झूठ जरूर बोल रहा है। और अब यह जानना जरूरी है कि झूठ कौन बोल रहा है—तभी इस मामले की उलझी गुत्थियां सुलझ सकेंगी।

"कार्टमेन जेसपर पर भरोसा किया जा सकता है— उसकी फीस भी अधिक नहीं है। पर आखिर तुम परीक्षा लोगे भी तो किसकी। गिलमेन जेल में है—उसका टेस्ट पुलिस की अनुमति के बिना ले नहीं सकते। गलेम्रिज भी हिरासत में है और...।"

"नेनसी—।" पैरी मेसन ने उसकी बात काट दी, "सर्व-प्रथम मैं उसे ही टटोलना चाहता हूं। मुझे लगता है कुछ है जो वह हमसे छुपा रही है। वह तो आंखें मिला कर भी बात नहीं करती।"

"फिर—मुझसे क्या चाहते हो तुम—?"

"जेसपर को अपने आफिस में बुलाकर—टेस्ट करने के यंत्र फिट करने को कहो।"

"और तुम नेनसी को वहां लाओगे—।"

"हां—।" मेसन ने जवाब दिया—फिर अपनी सेक्रेटरी डैला की तरफ मुड़ते हुए बोला, "डैला—तुम नेनसी को लेकर आफिस में आओ। उससे कहना कि मैं उससे बात करना चाहता हूं।"

डैला ने सिर हिला स्वीकृति दी।

डैला तुरन्त ही उठ कर चली गई। उसके जाते ही मेसन फिर पाल ड्रेक की तरफ मुड़ा—। "तुम फोन करके जेसपर को बुला लो। मैं तुम्हारा टेस्ट लेना चाहता हूं—।"

"मेरा—?" पाल हैरान हो बोला।

"हां—क्योंकि तुम्हें भी शायद एक प्रमुख गवाह की हैसियत से पेश होना पड़े।"

"क्यों—?"

"वह गवाह मेकोये—शपथ लेकर कह देगा कि उसने गलेमिज को सवा नौ बजे वीरा मार्टल के आफिस से निकलते देखा था—और तुमने मुझे बताया था कि वह नौ बज कर ग्यारह मिनट पर कैसीनो में जुआ खेलती रही थी। अब यह कैसे सम्भव है कि नौ बज कर ग्यारह मिनट पर वहां से रवाना हो—वह वीरा मार्टल के आफिस में पहुंची—वहां तलाशी भी ली और सवा नौ बजे बाहर निकल आई।"

"पर मैंने यह भी तो बताया था कि वह मुझे डाज दे टैक्सी में निकल गई थी—अब यह तो मैं नहीं जानती कि वह कहां गई थी। उसके बाद मैंने तुम्हें फोन किया था—फिर कुछ समय बाद ही मैं वार्लो के यहां पहुंचा था। तब उसे वहां देखा था। इस बीच वह कहां गई—हम कुछ नहीं जानते—।"

"पर नौ बज कर ग्यारह मिनट पर तो वह जुआघर में थी।"

"हां—।"

"बस इतना ही काफी है। गवाही में तुम्हें वही बताना है जो तुम जानते हो—यानि कि नौ बज कर ग्यारह मिनट पर वह कैसीनो में थी।"

"नहीं—।" पाल ने मुंह बनाया, "मैं उसे आठ बज कर चालिस मिनट से नौ बज कर ग्यारह मिनट तक सोल्ट मशीन पर जुआ खेलते देखता रहा—और ठीक नौ बजकर बारह मिनट पर वह एक टैक्सी में बैठ मेरी नजरों से ओझल हो गई।"

मेसन मुस्करा दिया—। "गुड—अब तुम जल्दी-जल्दी सारा प्रबन्ध कर डालो। डैला नेनसी को लेकर पहुंचती ही होगी।"

"पर क्या ख्याल है—सच्चाई क्या है?" पाल अपनी उत्सुकता दबा नहीं पा रहा था।"

"मुझे पूरा विश्वास है कि नेनसी वीरा मार्टल को जानती है।" मेसन ने कुछ सोचते हुए ही जवाब दिया—।"

"तब वीरा मार्टल किसी बात पर उसे ही ब्लैकमेल कर रही होगी।"

"अभी इस बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। हमें जितनी जल्दी ही सच्चाई जाननी है। तभी हम गिलमेन के बचाव में कुछ कर सकते हैं। और यह बात तो मैं अपने अनुभव के आधार पर भी कह सकता हूं कि वह निर्दोष है।"

"पर उसे निर्दोष साबित करना कठिन है—उस चाबियां बनाने वाले की गवाही—फिर उसकी कार की डिग्गी से प्राप्त बुरादा—ऐसे ठोस प्रमाण हैं जो उसे गैस चेम्बर तक घसीट ले जायेंगे।"

"मैं जानता हूं—।" मेसन बोला, "पर एक व्यक्ति है जो उसे रिहा करवा सकता है।"

"कौन है वह ?"

"सरकारी वकील हैमिल्टन—।" पैरी मेसन के होंठों पर भेदभरी मुस्कान थी।

"क्या—दिमाग तो खराब नहीं हो गया है तुम्हारा—।" पाल उसे घूरने लगा।

"नहीं हैमिल्टन इस केस के बारे में जरूरत से ज्यादा ही आशावान है। इस केस को निपटाने में इतना अधिक उतावला हो रहा है कि जरूरत से ज्यादा चालाकी व सावधानी दिखाने से वह जज को अपने विरुद्ध करता जा रहा है। वह एक ऐसी भारी गलती कर चुका है कि सारा केस ही उसके खिलाफ चला जाएगा।

"और वह गलती क्या है ?"

"गलेमिज का वीरा मार्टल के आफिस से निकलना—।" मेसन के होंठों की मुस्कान और भी गहरी हो गई।

"पर पैरी—तुम्हें इस बात पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। हो सकता है पुलिस का गवाह जिरह में यह कह दे कि हो सकता

है समय के बारे में उसे गलती लगी हो—फिर मेरा ब्यान भी कोई महत्व नहीं रखेगा।"

"उसकी तुम चिन्ता ना करो। तुम बस अपने इस ब्यान पर दृढ़ रहो कि नौ बज कर ग्यारह मिनट पर गलेमिज कासीनो में थी। अब तुम चल दो—जेसपर को देखो। वह ना मिल सके तो कोई और सही—हमारे पास समय बहुत कम है।"

पाल उठ खड़ा हुआ।

"हम लगभग पौन घन्टे बाद तुम्हारे आफिस में होंगे—तुम तैयार रहना—।" जाते-जाते फिर ताकीद की पैरी मेसन थे।

□□□

पैरी मेसन ने जब अपने आफिस का दरवाजा खोला तो नेनसी लौट जाने को तैयार थी। उद्विग्न-सी ही डैला उसे रोकने को प्रयत्नशील थी।

"मिसेज गिलमेन—आपका मि० पैरी मेसन से मिलना बहुत जरूरी है। वह बस आते ही होंगे—।"

तभी पैरी मेसन ने अन्दर प्रवेश किया--

"हैल्लो मिसेज गिलमेन—मुझे खेद है कि आपको प्रतीक्षा करनी पड़ी। कृपया तशरीफ रखें। मुझे आपसे कुछ पूछना है।"

नेनसी गम्भीर हो गई, "मुझे भी आपसे कुछ पूछना है मि० मेसन—।"

"क्या—?"

"मैं यह सहन नहीं कर सकती कि पुलिस गलेमिज को—एक साधारण कैदी की भांति अपनी हिरासत में रखे। और वह भी महज इसलिए कि वह उसे एक गवाह के रूप में पेश करना चाहते

हैं। क्या किसी भी तरह उसे जमानत पर नहीं छुड़वाया जा सकता—।"

"क्यों नहीं—छुड़वाया जा सकता है।"

"तो फिर हम वह क्यों नहीं करते।"

"पहली बात तो यह है मिसेज गिलमेन कि मैं एक ही समय में आपके पति व आपकी बेटी का प्रतिनिधित्व नहीं करना चाहता।"

"तो क्या इसके लिए हमें किसी दूसरे वकील का प्रबन्ध करना पड़ेगा।" नेनसी ने पूछा।

"हां—।" मेसन बोला, "और मैंने इसी लिए आपको बुलाया है। मैं चाहता हूं कि उसके लिए आप किसी दूसरे वकील की सेवायें प्राप्त करें। और फिलहाल तो उसके लिए किसी जमानत की जरूरत नहीं है। सिर्फ अदालत में उसकी उपस्थिति के आश्वासन के लिए बांड भर दो—पुलिस को उसे छोड़ना ही पड़ेगा।"

"तो हमें पहले यही करना चाहिए। आप अगर एक साथ गिलमेन और गलेमिज की तरफ से पेश नहीं होना चाहते तो—किसी दूसरे वकील का प्रबन्ध तो कर सकते हैं—।"

"पर यहां एक अड़चन और भी है। मुझे लगता है अगर हम गलेमिज को जमानत पर रिहा करा भी लेते हैं तो—पुलिस उसी समय उसे दोबारा कत्ल के इल्जाम में गिरफ्तार कर लेगी। फिर मि० गिलमेन व गलेमिज पर एक साथ ही मुकद्दमा चलेगा। और अगर वह एक बार हत्या के आरोप में पकड़ी गई तो उसका जमानत पर रिहा हो पाना असम्भव हो जाएगा। और उस सूरत में—यानि कि कत्ल के इल्जाम में गिरफ्तार होने के बाद—वह जनता और अदालत की हमदर्दी खो बैठेगी। जबकि जिस ढंग से सरकारी वकील ने उसे हिरासत में ले रखा है—अदालत की सारी सहानुभूति गलेमिज के साथ है। आप मेरा अभिप्राय: समझ रही हैं ना—।"

नेनसी ने तुरन्त ही कोई जवाब नहीं दिया। कुछ देर बाद वह बोली तो अब उसके स्वर में नम्रता थी।

"मि० मेसन—मैं तो यह भी नहीं समझ पा रही कि यह सब हो क्या रहा है।" वह चिन्तित स्वर में ही बोली थी, "कार्टर एक मक्खी तक तो मार नहीं सकता—और गलेमिज—उसने कभी कुछ भी मुझ से नहीं छुपाया। वह इस बारे में सचमुच ही कुछ नहीं जानती—वह पूर्णतः बेगुनाह व अनजान है।"

"और उन गवाहों के बारे में क्या कहती हैं आप—जिन्होंने उसे वर्कशाप से निकलते देखा था।"

"वे बकवास करते हैं—।"

"क्या आप जानती हैं कि उस समय गलेमिज कहां थी।"

"नहीं मैं नहीं जानती—मैं तो खुद उस समय सोई हुई थी। लेकिन मुरेल ने मुझे बताया है कि जब वह डैडी को ढूंढती फिर रही थी तो गलेमिज अपने कमरे में थी।"

"फिर तो सारा मामला ही इस बात पर निर्भर करता है कि आप वीरा मार्टल को जानती हैं या नहीं—।" मेसन ने अपने दिल की कह डाली।

"मैंने इस चुडैल का नाम भी कभी नहीं सुना—।"

"और आपने उसे ब्लैकमेल के बदले कोई धन भी नहीं दिया—।"

"धन···।" वह चीख सी उठी, "मि० मेसन—मैं ब्लैकमेलर को ठोकर मार बाहर निकाल देने वाली हूं—आप धन देने की बात करते हैं। मैं···मैंने—मैंने अपना जीवन अपने आप बनाया है—कभी दुनिया या रिवाजों की परवाह नहीं की। मेरी एक बच्ची है जिसे लोग नाजायज कहते हैं—मैं··· मैं चाहती तो बाद में उस व्यक्ति से ब्याह कर सकती थी। लेकिन जब उसने दुनिया के डर से मुझे एक बार ठुकरा दिया तो मैंने भी अपना दिल पत्थर

कर लिया—वहां से चली आई। बाद में उसने मुझे ढूंढ़ने के लाख यत्न किए—लेकिन मुझे ढूंढ़ ही नहीं सका।"

"कोई भी मेरे अतीत की खोजबीन करे तो बहुत सी बातें जान सकता है। यह भी कि दुनियां की परवाह नहीं की मैंने—फिर किस लिए मैं किसी ब्लैकमेलिंग का शिकार बन सकती हूं। मैं किसी भी ब्लैकमेलर को उठा कर घर से बाहर फेंकने की हिम्मत रखती हूं।"

"अगर हम यह सब बातें सिद्ध कर सकें तो काफी मदद मिल सकती है इनसे।"

"क्या मतलब—?"

मेसन ने पूर्वतः ही शान्त भाव से कहा, "मिसेज गिलमेन—आप मेरी आंखों से आंखें मिला कर एक बात का जवाब दो—क्या आप झूठ बोल रही हैं?"

"नहीं मिस्टर मेसन—।" वह उसकी आंखों में झांकने लगी, "मुझे झूठ बोलने की आदत नहीं है—और हां···मैं झूठ पसन्द भी नहीं करती।"

"हूं—।" मेसन कुछ सोचते हुए बोला, "अगर ऐसी बात है तो मैं आपका टेस्ट झूठ पकड़ने वाली मशीन द्वारा लेना चाहता हूं। मैं इस बारे में पूर्णतय: निश्चित हो जाना चाहता हूं कि आप वास्तव में ही वीरा मार्टल को नहीं जानती थी—और ना ही आपने ब्लैकमेलिंग की कोई राशि उसे दी है।"

क्षण भर के लिए नैनसी घबरा सी गई।

"और अगर—।" मेसन ने कहा, "आप सच ही कह रही हैं तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है।"

"पर—पर अगर मैं परीक्षण के दौरान घबरा गई और टेस्ट लेने वाला व्यक्ति इस घबराहट और झूठ के अन्तर को न जान सका तो—।"

"आप इसकी चिन्ता न करो—इस काम के लिए जिस व्यक्ति को चुना गया है वह अपने काम में पूर्णतय: दक्ष है। मिसेज गिलमेन—मैं केवल अपनी संतुष्टी करना चाहता हूं। आपको घबराने की जरूरत नहीं है—वह आपसे सामान्य से ही प्रश्न पूछेगा—और अगर आप किसी बात का जवाब न देना चाहें तो खामोशी से उठ कर चली जायें—मैं झूठ बोलने के लिए मजबूर नहीं करूंगा—पर इस सूरत में—मैं शायद आपके पति की अधिक सहायता न कर सकूं—। आप समझ ही सकती हैं कि वह किस विकट परिस्थिति में आ फंसे हैं।"

"मैं झूठ नहीं बोल रही—।" उसने फिर अपनी बात पर जोर दिया।

"अगर यह स्थापित हो जाता है कि आप झूठ नहीं बोल रही तो—तो मैं आपके पति व बेटी की अधिक सहायता कर सकूंगा।"

"इस टेस्ट के लिए मुझे कहां जाना होगा—?"

मेसन डैला स्ट्रीट की तरफ मुड़ा, "इन्हें पाल ड्रेक के आफिस में ले जाओ—मिस्टर जेसपर वहीं होंगे—।"

"मिस स्ट्रीट...।" नेनसी उठ खड़ी हुई, "चलिए जहां भी चलना है। मैं टेस्ट देने के लिए तैयार हूं—।"

डैला उसे साथ ले बाहर निकल गई।

फिर लगभग पांच मिनट बाद ही डैला स्ट्रीट वापिस आ गई।

"क्या सब सेट था ?" मेसन ने पूछा।

"हां—वे हमारी इन्तजार ही कर रहे थे।" टेस्ट के लिए पाल ने अपने इन्टेरोगेशन रूम को चुना है। साथ वाले कमरे में खड़े होकर हम देख सकेंगे कि वहां क्या हो रहा है। छत पर एक शीशा लगा हुआ है। जिसकी सहायता से हम मशीन की सुईयों की हरकत भी देख सकते हैं।

"तो आओ चलें—।"

"पर आखिर आप किस निर्णय पर पहुंचना चाह रहे हैं चीफ—।" डैला स्ट्रीट अभी तक भी इस पोलियो ग्राफ टेस्ट का अभिप्राय नहीं समझ पाई थी।

"यह तो अभी मैं भी नहीं जानता। मामला गम्भीर है और उलझा हुआ भी। हमें हर कोशिश करके देख लेनी चाहिए—बस इसी लिए सोचा है कि कुछ न कुछ करते ही रहें—शायद कोई ठोस बात सामने आ जाए—कोई राह निकल सके—।"

दोनों बाहर आकर पाल ड्रेक के आफिस की तरफ बढ़ चले।

पाल ड्रेक इन्वेस्टीगेशन रूम के साथ वाले कमरे में खड़ा—एक शीशे में से दूसरे कमरे के अन्दर की कार्यवाही देख रहा था। वहां नेनसी गिलमेन पोलीग्राफ मशीन के सम्मुख बैठी हुई थी।

पाल ने दबे स्वर में ही पैरी मेसन को बताया—। "उसने नेनसी को काफी प्रभावित कर लिया है। उसने नेनसी को एक से दस के बीच की कोई भी संख्या सोचने को कहा—जब नेनसी ने सोच लिया तो उसने बता दिया उसने सात का अंक सोचा था।

जेसपर ने मशीन की सुइयों को सैट कर दिया था। इस कमरे में एक कोने से लाऊडस्पीकर की सहायता से उधर की आवाजें भी सुनी जा सकती थीं। जेसपर कह रहा था—। "मिसेज गिल-मेन—अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूंगा—जिनका उत्तर आपने हां या नहीं में देना है—अगर किसी प्रश्न के बारे में आप विस्तार से बताने की इच्छुक हों तो यह आप बाद में बता सकती हैं। आप मेरी बात समझ गई हैं ना?"

नेनसी ने हां में सिर हिलाया था।

"परीक्षण के दौरान आप हिलेंगी भी नहीं—आराम से बैठी रह कर केवल सवालों और जवाबों के बारे में ही सोचें—क्या आप तैयार हैं?"

"यस—।"

"क्या आप आराम से बैठी हैं ?"

"यस—!"

"क्या आपका पहला नाम नेनसी है ?"

"हां—।"

लगभग दस सेकेन्ड रुक कर जेसपर ने अगला प्रश्न पूछा, "क्या आप गलेमिज नाम की लड़की की मां हैं? —"

"यस—।"

"क्या आप धूम्रपान करती हैं—?"

"यस—।"

"क्या आप मिस्टर गिलमेन की विवाहिता हैं—?"

"यस—।"

"क्या आप वीरा मार्टल को जानती हैं—?"

"नहीं—।"

क्या आज प्रातः आपने नाश्ता किया था ?"

"जी हां—।"

"क्या गत तीन माह में किसी ने आपको ब्लैकमेल करने की कोशिश की है ?"

"नो—।"

"आपके ख्याल में वीरा मार्टल का कत्ल किसने किया है—आप जानती है ?"

"नहीं—?"

"क्या फोटोग्राफी में रुचि है आपकी ?"

"जी हां—।"

"क्या आप स्टीव वार्लो नाम के व्यक्ति को जानती हैं ?"

"जी हां—।"

"मिसेज गिलमेन—अब क्या मैं आपके निजि जीवन से सम्बन्धित प्रश्न पूछ सकता हूं—ऐसा प्रश्न जो सम्भवतः शलीन

ना हो।"

क्षणिक खामोशी के बाद ही जवाब दिया नेनसी ने— "आप पूछ सकते हैं—?"

"थैंक्स मिसेज गिलमेन—।" जेसपर ने कुछ और पूछने का इरादा त्यागते कहा था, "अब आप कुछ देर आराम कर लें। कुछ देर बाद मैं इन्हीं प्रश्नों को फिर पूछूंगा—।"

मेसन जो कि शीशे में से मशीन की तीनों सुइयों को थिरकने को देखता रहा था—बोला,—वह सच कह रही है—लेकिन।"

"लेकिन क्या," डैला उसकी तरफ ही देख रही थी।

"जब जेसपर ने उससे उसकी बेटी गलेमिज के बारे में पूछा था तो—तब सुई तनिक लड़खड़ाई थी। जैसे इस प्रश्न का जवाब देते समय उसके मस्तिष्क में कोई उलझन हो—इसका मतलब है कि इस प्रश्न के पीछे जरूर कोई गड़बड़ी है। दूसरी बार—यह प्रश्न पूछे जाने पर हम जरा ध्यान देंगे,"—सोच में डूबे डूबे ही पैरी मेसन ने शंका व्यक्त की।

एक बार फिर जेसपर ने वही प्रश्न दोहराए—और केवल इस प्रश्न पर सुई फिर लड़खड़ाई थी, स्पष्ट था कि गलेमिज से संबंधित कुछ ऐसा जरूर था उसके मस्तिष्क में जो उसे बौखला देता था।

मेसन निश्चिन्त-सा होता ही डैला की तरफ मुड़ा,—"जेसपर एक बार और अभी इसी क्रिया को दोहराएगा—मेरा ख्याल है हमें लौट चलना चाहिए, मैं नहीं चाहता कि मिसेज गिलमेन को इस बात का आभास हो कि हम उसे देखते रहे हैं।"

पालड्रेक भी उनके साथ बाहर चला आया,—"पैरी—मुझे तो लगता है कि व्यर्थ की इन कोशिशों में तुम अपना समय नष्ट कर रहे हो। वह सच्च बोल रही है।"

"पर गलेमिज सम्बन्धी जरूर कुछ है जो उसे दुविधा में डाले

दे रहा है।" मेसन ने सोचते हुए ही अपनी राय व्यक्त की। "खैर जेसपर को रिपोर्ट देने दो और हां अगर नेनसी चाहे तो उसे चले जाने देना। रोकने की जरूरत नहीं है।"

पैरी मेसन और डैला स्ट्रीट वापिस अपने आफिस में आ गए। लगभग बीस मिनट बाद ही जेसपर—हाथ में ग्राफ लिए आ पहुंचा।

"क्यों—क्या ख्याल है ?" मेसन ने पूछा।

"जहां तक केस से सम्बन्धित प्रश्न हैं वह निस्सन्देह ही सच बोल रही है। यह सच है कि वह वीरा मार्टल को नहीं जानती··· यह भी सच है कि उसे कोई ब्लैकमेल नहीं करता रहा है—लेकिन गलेमिज के बारे में वह झूठ बोल रही है,"—जेसपर ने चार्ट देखते हुए कहा।

"क्या ख्याल है—गलेमिज उसकी बेटी है ही नहीं—।"

"इस बारे में मैं कोई मत नहीं दे सकता—इसके लिए मुझे सवालों का एक अलग से सेट तैयार करना पड़ेगा। पर यह निश्चित है कि गलेमिज से सम्बन्धित कुछ भावनात्मक प्रतिक्रिया जरूर है जो उसे परेशान कर देती है—।"

"यह तो तुम जानते ही हो कि गलेमिज—उसकी शादी से पहले की सन्तान है।"

"पाल ने इस बारे में मुझे बताया था—पर ग्राफ जो दर्शा रहा है—मेरा ख्याल है कि इसका कारण वह नहीं हो सकता।"

"फिर—यह भी तो सम्भव है कि गलेमिज उसकी बेटी है ही नहीं।"

"हो सकता है—कुछ भी हो सकता है—।"

"ओह,"—मेसन फिर सोच में पड़ गया। "एक ब्लैकमेलर के लिए यह भेद काफी महत्व का हो सकता है। गलेमिज उसकी बेटी है ही नहीं—इस आधार पर तो उसे बड़ी आसानी से ब्लैक-

मेल किया जा सकता है।"

और अब मेसन कुछ और ही सोच रहा था।

▭ ▭ ▭

अपने आफिस में टहलते हुए मेसन पाल से कह रहा था—

"पाल---इस केस में आरम्भ से ही कुछ गड़बड़ी है। किसी ने बैंक से दस हजार डालर की राशि निकलवाई। यह राशि ब्लैकमेलर को देने के लिए थी। और अभी तक हम यह भी नहीं जान पाए हैं कि यह राशि किसने, कब और कहां से प्राप्त की। क्या हम यह पता नहीं लगा सकते—।"

"मैंने इस बारे में बहुत कोशिश करके देख लिया है। पर इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी है।"

"मैं इस समय एक ज्वालामुखी के दहाने पर बैठा हुआ हूं—दस हजार डालर की वह राशि मेरे सैफ में है। हो सकता है यह केस से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण शहादत हो। मैं अपने कलाईन्ट से धोखा नहीं करना चाहता—लेकिन एक शहादत को भी तो खराब नहीं किया जा सकता। मुझे पुलिस को यह सूचित करना ही होगा कि—मैंने वहां से दस हजार डालर के ये नोट उठाए हैं। अगर पुलिस अपने तौर पर यह जानकारी प्राप्त कर लेती है—यह जान जाती है कि वह राशि मैंने वहां से उठाई है तो मेरे लिए मुसीबत हो जाएगी। जितनी भी देर मैं वह राशि अपने पास रखूंगा—उतना ही बुरा होगा।"

"फिर—पहले ही क्यों नहीं कर दी इसकी रिपोर्ट—।" पाल ने पूछा।

"मैं अपने कलाईन्ट के लिए और कठिनाइयां पैदा नहीं करना

चाहता। कोई भी कदम उठाने से पहले मैं यह जानना चाहता हूं कि वह राशि आई कहां से। खैर—वीरा मार्टल सम्बन्धी कोई नई सूचना नहीं मिली तुम्हें। मैंने कहा था ना कि अपने आदमियों को यह जानने पर लगा दो कि मौत से एक सप्ताह पहले तक वीरा थी किन चक्करों में—।"

"इस काम पर मैंने कई आदमी लगा रखे हैं—पर किसी से भी कोई विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है। वह एक व्यस्त प्राईवेट जासूस थी और कई केस उसके हाथ में थे। हां—इतना पता जरूर लगा है कि कोई दस दिन पहले वह दो दिन के लिए बाहर गई हुई थी।"

"बाहर कहां—?"

"यह मालूम नहीं हो सका है।"

"मालूम करो —उसके एअर ट्रेवल कार्ड—और पैट्रोल के परमिट से वह बात जानी जा सकती है कि वह कहां-कहां गई थी।"

"पर यह कत्ल से दस दिन पहले की बात है," पाल ने विरोध किया।

तभी फोन की घंटी बज उठी।

डैला ने रिसीवर उठाया सुना, फिर माउथ पीस पर हाथ रखते हुए बताया,—"मिस मुरेल का फोन है—बहुत उत्तेजित लग रही है वह—।"

"तुम भी सुनो,"—कहते हुए मेसन ने अपने सामने रखे फोन का रिसीवर उठा लिया।

मुरेल की आवाज उभरी—वह कुछ ऐसी भावुक हो रही थी कि उसके शब्द भी ठीक से सुनाई नहीं दिए।

"मि० मेसन,"—जाने क्या-क्या कहने के बाद वह स्वयं को संयत करते बोली, "मैंने—मैंने आपको धोखा दिया है—।"

"शान्त साब से बताओ हुआ क्या है ?"

"पुलिस—वे मुझे डिस्ट्रिक अटार्नी के आफिस में ले गए। जितनी मानसिक यातनाएं मुझे सहनी पड़ी वहां कि मैं बता ही नहीं सकती। ओह गॉड—वे तो मुझे दहकते कोयलों पर धकेल ही देते—और-और मुझे उन्हें सब कुछ बता देना पड़ा—मैं—मैं मारे डर के सब कुछ बता चुकी हूं उन्हें—।"

"उन नोटों के बारे में भी—?"

"हां—नोटों के बारे में भी—।" वह हिचकियों के बीच बोली।

"क्या बताया उन नोटों के बारे में तुमने—?"

"सब कुछ—जो मैं जानती थी।"

"और क्या बताया तुमने—?"

"सब कुछ मि० मेसन—इस बारे में जो कुछ भी मैं जानती थी मुझे बताना पड़ा था।"

"अपने पापा के गायब हो जाने के बारे में—?"

"वह भी—।"

"मुझे फोन करने के बारे में भी…?"

"यह कब की बात है—?" मेसन ने चिन्तित स्वर में ही पूछा।

"अदालत उठने के बाद—पुलिस मुझे अपने साथ ले गई।"

"तुमने इन्कार क्यों नहीं कर दिया—?"

"इसके लिए मुझे समय ही नहीं मिला—एक महिला पुलिस ने मुझे कन्धों से पकड़ा और पुलिस गाड़ी में बैठने को कहा। मुझे वे सीधा डिस्ट्रिक अटार्नी के आफिस में ले गए और प्रश्न पूछने आरम्भ कर दिए—।"

"क्या इस समय भी तुम पुलिस कस्टडी में हो—?"

"नहीं—उन्होंने मुझे आने दिया है—पर उन्होंने कल अदा-

लत में पेश होने के सम्मन दिए हैं," वह फिर सिसकने लगी, "यह कितने दुख की बात है मि० मेसन—कि—कि मुझे अपने ही पापा के खिलाफ गवाही देनी पड़ेगी। अपने ही पापा के विरुद्ध—। यह कितनी भयावह बात है—मेरी तो समझ में ही नहीं आ रहा कि मैं क्या करूं—!"

"जो होना था सो हो ही गया,"—मेसन ने तसल्ली दी। तुम्हें कोई चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। तुम्हें सम्मन मिल चुके हैं—अदालत में तो पेश होना ही पड़ेगा। वह सब देखा जाएगा—अब काफी का कप पीओ और लम्बी तान कर सो जाओ—।"

"लेकिन मि० मेसन—मैंने आपको भी मुसीबत में डाल दिया है।"

"तुम चिन्ता ना करो—मैं सब सम्भाल लूंगा—तुम अब आराम करो।" कहते हुए मेसन ने रिसीवर रख दिया।

रिसीवर रख वह पाल ड्रेक की तरफ मुड़ा,—"वही हुआ जिसका खतरा था—अब मेरे नाम की किसी भी क्षण आ सकते हैं सम्मन—।"

और मेसन अपनी बात भी पूरी नहीं कर पाया था कि दरवाजा एक झटके से खुला और लफ्टि०ट्रग एक सादा लिबास वाले के साथ अन्दर प्रविष्ट हुआ।

"ओह—लेफ्टि ट्रेग—इस समय···कुशलता तो है ?"

ट्रेग मुस्कराया,—"कोई विशेष बात नहीं—मौजूदा केस में डिस्ट्रिक्ट अटार्नी तुम्हें भी एक गवाह बनाना चाहते हैं।"

"मुझे गवाह—! "मेसन ने आश्चर्य व्यक्त किया।

"हां,—ट्रेग की मुस्कान और गहरी हो गई," कल सुबह दस बजे अदालत में पेश होने के सम्मन हैं तुम्हारे नाम और तेरह तारीख की सुबह को मि० गिलमेन की वर्कशाप से दस हजार

डालर के नोट व कुछ और भी अगर तुमने उठाया हो—साथ लेकर आवें। पैरी—मैंने तुम्हें आरम्भ में ही सावधान रहने को सचेत कर दिया था—अब कत्ल के इस मुकदमे में आप पर शहादत बिगाड़ने व पुलिस से तथ्य छुपाने का इल्जाम भी लग सकता है। बहुत ज्यादा होशियारी भी आदमी के लिए कभी-कभी खतरनाक हो सकती है—।" कहने के साथ ही वह अपने साथ आए सादा लिबास वाले की तरफ मुड़ा,—"यही हैं मि० पैरी मेसन··· मैं इनकी शनाख्त करता हूं—।"

सादा लिबास वाले ने आगे बढ़कर अदालती सम्मन पैरी मेसन के सामने रख दिए।

हस्ताक्षर कर पैरी मेसन ने सम्मन ले लिया। व्यंग्यपूर्ण शब्दों में ही खेद व्यक्त करते लैफ्टि० ट्रेग लौट गया।

"अब," उनके जाते ही बोल उठा पाल, "अब तो तुम पर शहादत बिगाड़ने का आरोप लगा ही समझो—।"

"नहीं जरूरी नहीं है—मुझे इस बात का अहसास थोड़े ही था कि वे नोट किसी मामले में शहादत भी हो सकते हैं। मुझे इस बारे में किसी ने बताया ही नहीं। फिर मैं यह साबित कर दूंगा कि वह राशि गिलमेन की है—और अपनी वर्कशाप में से अपना कुछ भी उठा लेने के अधिकार वह मुझे दे ही चुके हैं।"

"पर इसके लिए भी तो आपको यह साबित करना पड़ेगा कि वह राशि गिलमेन की ही है।"

फोन की घंटी बज उठी।

डैला स्ट्रीट ने उठाया—सुना—।" हां—एक मिनट,—कहते हुए उसने पाल की तरफ देखा,—"तुम्हारा फोन है—।"

पाल ने उठकर रिसीवर ले लिया।

"हैलो—यस···क्या।" मारे हैरत के एक चीख-सी निकल

गई थी उसके मुंह से—। धम्म से ही निकट पड़ी कुर्सी में समा गया वह।

"क्या पूरे विश्वास से कह रहे हो यह तुम—खैर—सुनो वीरा मार्टल के पर्स में उसका एअर ट्रैवल कार्ड होगा—पता लगाओ कि अन्तिम बार इन कार्डों को कब प्रयोग किया गया था—हां-हां—मैं इसी फोन पर हूं—ओ० के०।"

कहते हुए रिसीवर पटक दिया उसने।

"पैरी—ठीक ही कहते हैं कि मुसीबत कभी अकेली नहीं आती, तुम्हारे लिए एक और बुरी खबर है।"

"वह क्या…?"

"वीरा मार्टल की पिछले दिनों की गतिविधियों की खोज-बीन कर रहे मेरे एक आदमी ने खबर दी है कि वीरा मार्टल ने इस महीने की तीन तारीख को अपने बैंक से दस हजार डालर निकलवाए थे—।" और गिलमेन की वर्कशाप में मिले नोट—वही हो सकते हैं।"

कुछ क्षणों तक तो मेसन भी स्तब्ध रह गया।

फिर बोला,—"लेकिन पुलिस साबित कैसे करेगी कि यह वही नोट हैं।"

"यही तो मुसीबत है कि वह साबित कर देंगे—क्योंकि कैशियर ने उसमें से कुछ नम्बर नोट कर रखे हैं—वीरा मार्टल के सौ-सौ डालर के नोट मांगने पर उसे सन्देह हो गया था कि कहीं कोई गड़बड़ जरूर है। जिज्ञासावश ही वह उन नोटों में से कुछ के नम्बर नोट करने में सफल हो गया था।"

"क्या पुलिस इस बात को जानती है ?"

"अभी नहीं—पर अखबारों में तो तुम्हारे अदालत में पेश होने की खबर छपेगी ही—वीरा मार्टल का नाम व उन दस हजार डालर के बारे में भी। तब वह कैशियर जरूर पुलिस में

सम्बन्ध स्थापित करूंगा। उसे तो पहले से ही किसी गड़बड़ की आशंका थी।"

"हूं,"—इस रहस्योद्घाटन ने उसे वास्तव में ही चिन्ता में डाल दिया।। चिन्तित मुद्रा में ही वह कमरे में टहलने लगा।

कुछ देर बाद फोन की घंटी फिर बज उठी।

यह फोन काल भी पाल के लिए ही थी।

"यस...पाल दिस साईड—यस...ओ० के० थैंक्स—।" दूसरी तरफ वाले की बात सुन उसने रिसीवर रख दिया।

"अब क्या है—?" उसके चेहरे पर गम्भीरता के भाव थे पूछा मेसन ने।

"हार्टले इलिएट,"—पाल होंठ चबाते बोला,—"आखिर उसने भी जुबान खोल दी। पुलिस ने उसे अलग कमरे में ना रख कर—शराबी, बदमाश कैदियों के साथ बन्द कर दिया। उन बदमाशों ने उसे इतना पीटा कि वह सब कुछ बताने को तैयार हो गया—।"

इस समय वह हैमिल्टन के कमरे में बैठा अपना ब्यान लिखवा रहा होगा।"

"पर पुलिस की यह हरकत—अदालत की तौहीन है—जान-बूझ कर ही उसे उन बदमाशों के साथ बन्द किया होगा—।"

पाल मुस्करा दिया—"पुलिस ऐसा ही करती है—बिगड़े दिमागों को ठीक करने के उनके अपने ही तरीके हैं—।"

इस सूचना ने मेसन को उत्तेजित ही किया था। परन्तु वह जानता था इस सिलसिले में वह कुछ नहीं कर पाएगा। उद्विग्न व चिन्तित सा ही वह पीठ बान्धे—कमरे में टहलने लगा। वह किसी गहरी सोच में ही डूबा था।

डेला स्ट्रीट चिन्तित निगाहों से ही उसको निहारे जा रही थी। हालात वास्तव में ही एक गम्भीर रूप ले रहे थे। कलाईन्ट

के बचाव में कुछ कर पाना तो एक तरफ—अब तो चीफ स्वयं भी मुसीबत में फंस गए थे।

"डैला—मेरा ख्याल है मैं चलूं—" बोझिल हो चले वातावरण की खामोशी को तोड़ा पाल ने—"जितनी देर मैं यहां रहूंगा—बुरी खबरें आती रहेंगी—।"

इतना कह एक उचटती सी नजर पैरी मेसन पर डाल वह दरवाजा खोल बाहर निकल गया। मेसन पूर्वतः ही कमरे में टहलता रहा। डैला ने भी उसे टोकना उचित नहीं समझा। लगभग बीस मिनट बाद समाप्त किया मेसन ने वह फर्श को रौंदना। वह अपनी कुर्सी पर आ बैठा।

"इस केस में अब भी कोई आशा नजर आती है।"

"हमें आखिरी दम तक लड़ना है—।"

"उन दस हजार डालर की रिपोर्ट न करना—किस सीमा तक गम्भीर हो सकता है।"

"शायद गम्भीर ही है यह बात—" मेसन ने जवाब दिया—"पर तब किसी तरह भी मुझे इसके महत्व का ज्ञान नहीं हो सकता था डैला—साफ है कि वह राशि इन में से किसी की थी ही नहीं—फिर कोई अपना अधिकार जताता भी कैसे। खैर कुछ भी है—अपने तौर पर तो मुझे यही कहना है कि मुझे क्या पता कि वह राशि वीरा मार्टल की है।"

"पर वे नोट वीरा मार्टल वहां क्यों ले गई—और उसे वह राशि वहीं छोड़नी पड़ी—।"

"यही तो मैं सोच रहा हूं—अब हमारे सामने एक नया कोण है। एक ब्लैकमेलर खुद नोट लेकर आता है—ऐसे व्यक्ति को देने के लिए जिसे वह ब्लैक मेल कर रहा है। कितनी अनूठी बात है यह।"

उसी समय फोन की घण्टी फिर बज उठी। फोन पाल ड्रेक

का था ।

"हां अब क्या है ?" मेसन ने हंसते हुए पूछा ।

"एक सूचना—रिपोर्ट मिली है कि वीरा मार्टल चार तारीख को दो दिन के लिए रेंडिंग—केलिफोर्निया गई थी ।"

"वहां किसी विश्वसनीय आदमी को तलाश करो—।"

"वहां आदमी है—विश्वसनीय भी और कुशल भी—। वह पहले पुलिस में था और आज कल प्राईवेट जासूस का काम कर रहा है ।"

"गुड—।" मेसन तेजी से ही बोला था, "उससे तुरन्त सम्पर्क स्थापित करो । रेंडिंग जैसे छोटे से शहर में वीरा मार्टल की गतिविधियां छुपी नहीं रह सकतीं । वहां प्लेन से उतरने के बाद—कोई उसे एयर पोर्ट पर लेने आया होगा—या वह अकेली ही थी तो टैक्सी द्वारा ही किसी होटल तक गई होगी—क्योंकि वहां उसकी अपनी कार तो थी नहीं । वहां वीरा क्या करती रही इसकी विस्तृत रिपोर्ट चाहिए—उस आदमी को तुरन्त व तेजी से काम करने को कह दो—। इस काम के लिए मैं तुम्हें दो घण्टे का समय दे रहा हूं—।"

इतना कह मेसन ने रिसीवर रख दिया ।

"समझ में नहीं आता कि वीरा मार्टल रेंडिंग क्या करने गई थी—और वहां वह दो दिन रुकी भी—।" उलझे-उलझे भाव में ही वह डैला से बोला था ।

"यह सारी एक पहेली ही लग रही है—क्या तुम्हें विश्वास है चीफ कि हल वीरा मार्टल से सम्बन्धित ही है—।"

"हल कहीं और पाया भी तो नहीं जा सकता—हमारे सामने अन्धेरा है—गहन अन्धेरा । और अब अन्धेरे में ही तीर मारने के अतिरिक्त हमारे पास कोई दूसरा रास्ता भी तो नहीं ।"—मेसन ने एक गहरा सांस लिया...."खैर चलो—कुछ खा

लिया जाये—।"

इच्छा न होते हुए भी डैला उठ खड़ी हुई। निकट के ही रेस्टोरेन्ट में—वे पहले बार रूम में गये। काकटेल के दो पैग पीने के बाद ही वह डायनिंग हाल में गये थे।

खाना सामने पड़ा रहा और डैला चाहते हुए भी एक भी ग्रास न तोड़ पाई थी। हालात ने उसे चिन्तित कर दिया था। एक अज्ञात सा ही भय था जो दिल की गहराईयों में उतर गया था—उतर रहा था। मेसन ने भी सोचों के बीच ही खाना समाप्त किया था। खाना खा वे फिर आफिस में ही लौट आये।

आते ही सब से पहले जो काम डैला ने किया वह पाल ड्रेक को फोन करने का ही था। पाल भी जैसे इस फोन की ही प्रतीक्षा कर रहा था। कुछ उलझे-उलझे अन्दाज में ही बोला—"मुझे लग रहा है जैसे कोई विस्फोटक रहस्योद्घाटन होने वाला है। पैरी कहां हैं—फोन उसे दो—।"

डैला ने पैरी मेसन को इशारा किया कि वह अपने फोन पर ही उससे बात कर ले—और इधर की एक्सटेन्शन का रिसीवर वह अपने कान से लगाये रही।

रिसीवर उठा—कान से लगाते पूछा मेसन ने—"यस पाल—क्या रिपोर्ट है?"

"मेरे आदमी ने पूरी रिपोर्ट दे दी है—और अब वह वहां हमारे नए आदेश की इन्तजार में फोन के पास ही बैठा है।"

"रिपोर्ट क्या है?"

"वीरा मार्टल—प्लेन से वहां गई थी। एयर पोर्ट पर—मोरीन मुनरो नाम की एक युवती—उसे मिली थी। वह अपनी कार में उसे लेने आई थी। वीरा मार्टल—उसकी कार में उसके साथ ही उसके घर गई थी।"

"मोरीन मुनरो—यह कौन है?"

"रेडिंग के धनाढ्य सभ्रांत परिवार से सम्बन्धित है वह। उसके पिता के कई उद्योग हैं। और वह स्वयं शहर भर में अपनी सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध—।"

"और वीरा मार्टल वहां करती क्या रही—?"

'मोरीन के घर वह कुछ घण्टे रही—फिर मोरीन ही उसे कार में होटल तक छोड़ कर आई। और फिर प्रथम उपलब्ध फ्लाईट से ही वीरा मार्टल वापिस लौट आई।"

"वापिस कहां—?"

"लास एन्जिलस—" पाल ने बताया।

"फिर—।"

"और फिर दूसरे ही दिन वह वहां से लास वेगास चली गई।"

"तुम्हारे उस आदमी को वह पता नहीं लगा कि वीरा मार्टल वहां करती क्या रही है?"

"नहीं—। मोरीन मुनरो लास एन्जिलस या सन फ्रान्सिसको में है और उसके डैडी ओरजन में ही किसी जगह पर—।"

मेसन कुछ देर तक जाने क्या सोचता रहा—फिर बोला—"रेडिंग में यहां तुम्हारा आदमी आदेश की इन्तजार में है—वह फोन नम्बर मुझे दो। और हां—तुम्हारे इस एजेन्ट का नाम क्या है?"

"ऐलन हेनकाक···मैंने उसे फोन के पास ही रहने को कहा है। मैं उसे ही तुम्हारा फोन नम्बर दे देता हूं—वह स्वयं तुम्हें फोन कर लेगा।"

"ठीक है—मैं उसकी काल की इन्तजार कर रहा हूं—।"

मेसन ने कहा और रिसीवर रख दिया।

"इन बातों से क्या लाभ चीफ—?" डैला भी ये बातें सुनती रही थी—पैरी मेसन से बोली—"यह कत्ल से एक सप्ताह पहले

की बातें हैं। मुझे तो नहीं लगता है कि इसका कोई सम्बन्ध इस कत्ल से हो।"

"अब क्या पता—" मेसन गम्भीर ही था, "मैंने पहले ही कहा है कि हम अन्धेरे में तीर मार रहे हैं—शायद निशाने पर लग जाए—। हालात बता रहे हैं कि मामला कहीं न कहीं तो अवश्य उलझा हुआ है पर हाथ पर हाथ रख बैठने का भी तो कोई फायदा नहीं है।"

डैला स्ट्रीट चुप हो गई।

पैरी मेसन को अब रेडिंग में ऐलन हेनकाक के फोन की प्रतीक्षा थी। और उसे अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। थोड़ी देर बाद ही फोन की घन्टी बज उठी तो पैरी मेसन ने स्वयं ही लपक कर रिसीवर उठा लिया।

दूसरे ही क्षण उधर से एक पुरुष स्वर सुनाई दिया—"मि० पैरी मेसन—रेडिंग से मैं पाल का एजेन्ट बोल रहा हूं—ऐलन हेनकाक। उसने बताया है कि आप मुझसे बात करना चाहते हैं।"

"हां—मैं इस मोनरो और उसके परिवार के बारे में सब कुछ जानना चाहता हूं—कितना कुछ बता सकते हो तुम—।"

"मोनरो—शहर के प्रमुख नागरिकों में से हैं—। धनाढ्य व सभ्रांत—।"

"उम्र क्या होगी उसकी—?"

"बावन या तरेपन साल—वह एक करोड़पति है और यह दौलत उसने लकड़ी के काम में कमाई है। अभी भी उसका मुख्य काम जंगलों के ठेके ही है।"

"और उसकी बीवी—?"

"कुछ वर्ष पूर्व उसका स्वर्गवास हो चुका है।"

"हूं—और जब वीरा मार्टल रेडिंग पहुंची—तो क्या मिस्टर

मुनरो को उससे कोई काम था।" मेसन ने पूछा, "क्या उसी ने अपनी बेटी को उसे लेने एअर-पोर्ट भेजा था। क्या कुछ अन्दाजा लग सकता है कि उनमें किस मामले में बातचीत हुई थी?"

"ऐसी कोई भी बात यकीन के साथ नहीं कही जा सकती—हां यह जरूर है कि मि० मोनरो वीरा मार्टल के प्रतीक्षक थे। वह वीरा मार्टल से ही मिलने डेन्समोयर से आया था—और अपने घर वह भी तब तक ही रहा जब तक कि वीरा मार्टल वहां से विदा न हो गई। फिर उसने अपनी बेटी को उसे होटल तक छोड़ आने को कहा—।"

"उसका पूरा नाम क्या है?"

"जार्ज वशिंगटन मोनरो—।"

"और उसकी बेटी की आयू क्या होगी—?" कुछ सोचते हुए मेसन ने पूछा।

"लगभग बीस वर्ष—।"

"देखने में कैसी लगती है?"

"सुन्दर—और जवान भी। उसके मुकाबले में तो कोई लड़की इस शहर में है नहीं—।"

"उसके बारे में कुछ—?"

"नहीं मि० मेसन—।" उसका अभिप्राय समझ वह बीच ही में बोल उठा, "वह एक सुशील व अच्छे स्वभाव की लड़की है। उसकी सगाई हो चुकी है।"

"ओह—और शादी कब हो रही है उसकी—?"

"अगले महीने—।"

"और उस सौभाग्यशाली का नाम क्या है?"

"हार्वे—सी किम्ब्रले···।"

"उसके बारे में भी कुछ जानते हो तुम?"

"कुछ विशेष नहीं—वह न्यूयार्क में है। वह भी एक बहुत

ही धनी परिवार से है। उनके कई समुन्द्री जहाज हैं। और उम्र होगी लगभग पच्चीस साल—।"

"मुझे कुछ और विवरण चाहिए मि० हेनकाक—।" मेसन अधीर-सा हो बोला, "समाचार पत्रों से उनके बारे में कुछ और जानने की कोशिश करो। जब उनकी मंगनी हुई होगी तो हो सकता है अखबारों में उनके बारे में कुछ छपा हो—।"

"ओह—हां—अखबार तो इस बारे में भरे ही पड़े थे।" हेनकाक बोला—जैसे उसे भी याद आ गया हो।

"वर—वधू व उनके परिवारों के फोटो भी छपे होंगे—।"

"हां—मुझे याद आ रहा है लोकल अखबार ने तो विशेष ध्यान दिया था इस समाचार पर—।"

"क्या तुम बूढ़ मुनरो का फोटो प्राप्त कर सकते हो?"

"क्यों नहीं—?"

"इसके लिए तुम्हें कितना समय लगेगा—।"

"अधिक नहीं—।"

"वहां से तुम बाई प्लेन यहां कब पहुंच सकते हो—?"

"कल प्रातः—।"

"ठीक—।" मेसन बोला, "जितनी जल्दी हो सके—सारे परिवार के बारे में उपलब्ध जानकारी व फोटोग्राफ एकत्रित करो—और बाई एअर यहां चले आओ। चिन्ता न करना अगर इसके लिए तुम्हें प्लेन चार्टर भी करना पड़ता है तो, सुबह दस बजे मैं तुम्हें यहां अदालत में चाहता हूं—किसी भी कीमत पर। इस बारे में जितनी भी जानकारी मिल सके ले आना—ओ···के—।"

इतना कह कर मेसन ने सम्बन्ध विच्छेद कर दिया।

अब वह कुछ उत्तेजित नजर आ रहा था। कुछ अजीब-सी ही चमक थी उसकी आंखों में।

"क्यों—कुछ आशा बन्धी—?"

"देखो—अभी तक तो कुछ विशेष नहीं है—पर विशेष हो सकती है। मेरा दिल कहता है डैला—इस कत्ल का कोई ना कोई सम्बन्ध इस मुनरो परिवार से जरूर है—।" वह शून्य में घूरते ही जाने क्या-क्या बोले गया—फिर एकाएक ही संयत होते हुए बोला, "पाल ड्रेक को फोन करो—और उसे न्यूयार्क के इस मिस्टर हार्वे का विवरण देकर कहो कि अपने किसी एजेन्ट द्वारा इस व्यक्ति से सम्बन्धित जानकारी हासिल करने की कोशिश करें—यह रिपोर्ट हमें कल सुबह दस बजे तक चाहिए—।"

और डैला स्ट्रीट पाल ड्रेक के नम्बर डायल करने लगी।

□ □ □

अगले दिन—अदालत में तिल धरने की भी जगह नहीं थी। जज ने आकर अपनी कुर्सी सम्भाली तो कमरा खचाखच भरा हुआ था। सैकड़ों दर्शक तो अदालत के बाहर खड़े थे।

जज ने आते ही कार्यवाही आरम्भ करने की घोषणा की।

हैमिल्टन ने आगे बढ़ कहा, "मुझे बताया गया है कि इलिएट ने ब्यान देने की स्वीकृति दे दी है—मैं अदालत से दरख्वास्त करूंगा कि उसे इजाजत दे दी जाए—।"

इलिएट गवाहों वाले कमरे से प्रकट हुआ।

उत्तेजित से मेसन ने अपने साथ ही बैठे पाल की तरफ देखा, "हेनकाक अभी तक नहीं पहुंचा—।"

"उड़ान लेट थी—ऐअर पोर्ट पर धुन्ध छाई है। शायद लैंडिंग में ही कठिनाई हो रही होगी—। मेरा ख्याल है अब तक वह नीचे उतर चुका होगा।"

"पता करो—एअर पोर्ट पर फोन करो—यह जानने की

कोशिश करो कि क्या स्थिति है। अगर वह समय पर नहीं पहुंचा तो शायद मुकदमे की कार्यवाही मुल्तवी करने के लिए अदालत से कहना पड़े—।"

इलिएट विटनेस बाक्स में आ खड़ा हुआ था।

"अदालत को बताया गया है कि तुम अदालत से सहयोग करने को तैयार हो और अपना ब्यान देना चाहते हो—।" जज उससे पूछ रहा था।

"यस—युअर आनर—।"

"गुड—सरकारी वकील अपने सवाल कर सकता है। अगर मि० इलिएट ने सभी सवालों का जवाब दे दिया तो—इसे अदालत की मान हानि के आरोप की सजा से छूट मिल जाएगी—मि० डिस्ट्रिकट अटार्नी—कार्यवाही शुरू करो—।"

हैमिल्टन बर्गर के चेहरे पर विजय की चमक थी—उत्साह भरे लहजे में ही पूछा उसने।

"मि० इलिएट—मैं तुमसे पूछना चाहता हूं कि तेरह तारीख की सुबह तुमने गलेमिज को सबसे पहले कब और कहां देखा। समझे सबसे पहले देखने के बारे में पूछ रहा हूं मैं, अपना सवाल कुछ और साफ कर दूं—अदालत यह जानना चाहती है कि तेरह तारीख की सुबह जब तुम जागे तो उसके बाद—व उस समय कितने बजे थे जब तुमने गलेमिज को देखा—।"

"आठ बज कर पच्चीस मिनट—।"

"समय के बारे में पूरा विश्वास है तुम्हें ?"

"यस—सर—।"

"और उस समय तुम थे कहां ?"

"मैं गेस्ट-रूम में था और खिड़की में से बाहर देख रहा था।"

और तब तुमने मिस गलेमिज को देखा ?"

"यस—।"

"उस समय कहां थी वह—जब तुमने उसे देखा ?"

'वह वर्कशाप के दरवाजे में से निकल रही थी।"

और फिर हैमिल्टन के आदेश पर इलिएट ने—गिलमेन के मकान के नक्शे पर उस स्थान की निशानदेही भी कर दी—जो उसके ध्यान के मुताबिक वर्कशाप थी और जिसके दरवाजे से उसने गलेमिग को निकलते देखा था।

"गुड—अब जरा विस्तार से इस बारे में बता दो—।"

पहले तो इलिएट झिझका—पर फिर कहने लगा, "वह वर्कशाप के दरवाजे से निकली—उसने बड़े ध्यान से दायें-बायें देखा फिर पलट कर वर्कशाप का दरवाजा बन्द किया—और फिर मकान की तरफ भाग आई—।"

"और उसके बाद उसे तुमने कब देखा—?"

"कोई दस मिनट बाद—।"

"इस बार कहां देखा तुमने उसे—?"

"मैंने कारीडार में उसकी आवाज सुनी—दरवाजा जरा खोल कर देखा मैंने तो वह एक पारदर्शी नाईट गाऊन में थी और मुरेल से बातें कर रही थी—। मुझे अपना यूं झांकना अच्छा नहीं लगा सो मैंने दरवाजा धीरे से बन्द कर दिया—।"

"क्या तुमने उनमें होने वाली बातचीत सुनी—।"

"मैंने मुरेल को कहते सुना कि वह पापा को ढूंढ़ रही है—।"

"बस—।" कहते हुए हैमिल्टन पैरीमेसन की तरफ मुड़ा—।" "क्रास इग्जामिनेशन —इफ यू प्लीस—।"

और फिर इससे पूर्व कि मेसन उठ खड़ा होता—हैमिल्टन ने अदालत को सम्बोधित करते हुए कहा,—"युअर आनर—इस्तगासा का अगला गवाह मि० पैरी मेसन हैं। उन्हें इसके लिए सम्मन दे दिए गए हैं। उन्हें यह भी आदेश दे दिया गया है कि वह मि० गिलमेन के मकान से—गैर कानूनी ढंग से उठाया गया

वह सब सामान भी साथ लाएं। इससे पहले कि वकील सफाई गवाह से जिरह करे—मैं चाहता हूं कि वह अदालत को बता दें कि क्या वह-वह सब कुछ अपने साथ लाए हैं—जिसका आदेश बजरिए सम्मन उन्हें दिया गया था।"

"आप सफाई वकील को ही अभियुक्त के खिलाफ बतौर गवाह पेश करना चाहते हैं—?" जज ने आश्चर्य व्यक्त किया।

"यस—युअर आनर—।"

"आपको कुछ कहना है मि० मेसन—?"

"यस युअर आनर—मुझे इस बात पर कोई एतराज नहीं है कि मेरे मुअज्जिज दोस्त एक गवाह की सूरत में मुझसे क्या पूछते हैं—मैं पेश होने को तैयार भी हूं—पर इससे पहले मुझे इस बात का पूरा-पूरा हक है कि सफाई वकील होने के नाते मैं पेश की गई गवाहियों से जिरह कर सकूं—। मैं फिलहाल अदालत की कार्यवाही को सामान्य रूप से चलने देने की इजाजत चाहूंगा—।"

"हूं,"—कुछ सोचते हुए स्वीकृति दी जज ने,—"यू परोसीड मि० मेसन—।

"थैंक्स युअर आनर।" कहते हुए मेसन ने मुड़कर पाल ड्रेक की तरफ देखा—।

पाल ने सिर हिलाया—यानि कि रेंडिग से आने वाला एजेंट आ पहुंचा था। निश्चिन्तता की एक गहरी सांस ली मेसन ने और गवाह इलिएट की तरफ आकर्षित हो गया।

"मि० इलिएट—आप गलेमिज को कब से जानते हैं?"

पिछले दो महीनों से।

"और आप करते क्या हैं?

"मैं कई निर्माताओं का प्रतिनिधि हूं।"

और उनका प्रतिनिधित्व आप किस-किस प्रदेश में करते हैं?

"केलिफोरनिया के लिए—।"

"यानि कि सम्पूर्ण केलिफोरनिया स्टेट में आप अपने सभी निर्माताओं को रिपरेसेन्ट करते हैं—।"

"अधिकांश को तो करता हूं—पर एक निर्माता के लिए अब दक्षिणी क्षेत्र ही है। कई निर्माताओं ने तो वाशिंगटन—ओरजन और नेवादा का प्रदेश भी मेरे सुपुर्द कर रखा है—"

"आई० सी," मेसन ने कहा—फिर पूछा, "आपका कोई ऐसा निर्माता भी है जिसने अरीजोना स्टेट भी तुम्हें सौंप रखी हो—?"

"जी नहीं—।"

"कभी किसी ने वह क्षेत्र भी तुम्हारे सपुर्द किया है ?"

"हां—पर चूंकि आर्थिक दृष्टिकोण से वह अनुबन्ध लाभदायक नहीं थे—मैंने वह अनुबन्ध छोड़ दिए—।"

"तब तो पूरे स्टेट में आपका इधर-उधर आना-जाना लगा रहता होगा।"—मेसन का अगला प्रश्न था।

मेसन के इन प्रश्नों ने जहां इलिएट को उलझन में डाल दिया था वहीं डिस्ट्रिक एटार्नी हैमिल्टन को भी उत्तेजित कर दिया था।

हैमिल्टन स्वयं को रोक नहीं सका—उठ खड़ा हुआ—"युअर आनर—मेरी समझ में नहीं आता कि वकील सफाई गवाह से ऐसे सवाल क्यों पूछ रहा है जिसका केस से कोई सम्बन्ध ही नहीं है। वकील सफाई शायद इस जिरह को लम्बा करना चाहते हैं ताकि एक गवाह के रूप में उन्हें कटहरे में खड़े होने में ज्यादा समय मिल सके—।"

जज मुस्करा दिया—"अदालत ऐसा नहीं समझती। गवाह इस केस में चूकि शायद सबसे ज्यादा अहमियत रखता हे—इसलिए वकील सफाई को अपने तौर पर खुली जिरह का पूरा-पूरा खुला मौका मिलना चाहिए। मेरे ख्याल से वकील सफाई के यह सवाल महज गवाह के व्यक्तित्व की पृष्ठभूति को उजागर करने वाले ही हैं—और अब शायद वह यह पूछने वाले हैं कि गवाह अब तक

मिस वार्लो से कितनी बार मिल चुका है—और यह सब यह सोचने के लिए शायद जरूरी भी है कि कहीं गवाह को उसे पहचानने में धोखा ही न हुआ हो।"

"फिर सफाई वकील को सीधे-सीधे ही पूछना चाहिए कि वह मिस वार्लो से कितनी बार मिला है—उसे कितनी अच्छी तरह जानता है—।

सफाई वकील शायद बहतर जानते हैं कि कौन-सा सवाल उन्हें कब और कैसे पूछना है,—जज ने कुछ रूखे स्वर में ही जैसे अपना मत दिया। "यस मि० मेसन—प्लीज गो अहेड—।"

"यस युअर आनर,—धीमे से मेसन फिर इलिएट की तरफ मुड़ा,—हां तो मि० इलिएट तुम्हारी रिहायश कहां है—मेरा मतलब है कि स्थाई निवास—जहां तुम्हारा वोट बना हो।"

"रेडिंग में—।"

"रेडिंग में ?" मेसन ने पुनः पूछा।

"जी हां—आफिस रेडिंग में है—। मैंने रेडिंग से ही अपना व्यापार आरम्भ किया था—सारी डाक वहीं से हैंडल होती है। लास एन्जलस में मैं आफिस खोलने की सोच रहा हूं।"

"क्या सोच रहे हो इसको रहने दो—।" हैमिल्टन ने टोक दिया उसे, "मि०मेसन जो पूछ रहे हैं—बस उसी का जवाब दो।"

इस बीच मेसन ने पलट कर काउन्सल टेबल की तरफ देखा था—डैला उत्तेजित सी ही उसे इशारे कर रही थी।

"एक मिनट—अगर अदालत इजाजत दे तो—।" मेसन ने जज से अनुमति चाही।

"जरूर—पर जरा जल्दी करना—।"

पैरी मेसन डैला स्ट्रीट के पास जा पहुंचा।

"पाल ड्रेक ने—यह सब मुझे दिये हैं। ऐलन हेनकाक यह कागजात अपने साथ लाया है।"

कागजात—विभिन्न अखबारों की कटिंग ही थीं—समाचार व छपे हुए फोटो—उत्तेजना से कांपते स्वर में ही डैला फुसफुसाई थी—

"जरा मिस मोनरो के फोटो को तो देखो—।"

पुलन्दे पर सबसे ऊपर ही वह फोटो था। फोटो देखते ही जैसे मेसन का भी सिर छूम गया। पर दूसरे ही क्षण उसके होंठों पर वही भेद-भरी मुस्कान थी। वह पलट कर फिर गवाह की तरफ आ गया। अब उसके चेहरे पर आत्मविश्वास व दृढ़ता की एक अनूठी-सी चमक थी।

"हां तो मि० इलिएट—तुम रेडिंग में रहते थे ?"

"यस—।"

"और रेडिंग में तुम्हारे आफिस खोलने के पीछे यही कारण था कि तुम वहां के निवासी थे—क्या मैं पूछ सकता हूं इस ऐजेंसी बिजनेस में ही तुम क्यों आये—?"

"ओह—।" हैमिल्टन ने खड़े होते हुए फिर विरोध किया। "युअर आनर—आप इसे एक उचित क्रास इग्जामिनशन नहीं कह सकते—।"

"मि० मेसन—आपको अब दो या तीन सवाल पूछने की इजाजत और दी जाती है।" जज ने कहा।

"मेरे सवाल का जवाब दो—।"

"फौज की सेवा से वापिस लौटने के बाद मैं बेकार था—तभी मैंने एक निर्माता का एक विज्ञापन देखा—उसे सैल्समैन की जरूरत थी। बस मैंने वहीं से सैल्समैन का यह धन्धा शुरू कर दिया। उसके बाद कई और निर्माताओं की एजेंसी भी मुझे मिल गई। धन्धा चल निकला और अपने परिश्रम से ही मैंने आज उसे इतना बढ़ा लिया है।"

"गुड—तो तुमने अपनी शिक्षा भी रेडिंग में ही प्रारम्भ की

होगी ?"

"हां—मेरा बचपन वहीं बीता है। पढ़ाई वहीं की और फिर बिजनेस भी वहीं से आरम्भ किया—।"

"जब तुम रेडिंग के निवासी हो तो फिर जरूर मुनरो परिवार से भी परिचित होगे।"

इलिएट को तो जैसे सांप ही सूंघ गया। उसने कोई जवाब नहीं दिया—चेहरे के रंग भी तो बदल गए थे। खामोशी लम्बी हो चली तो मेसन ने ही पूछा—

"तुमने जवाब नहीं दिया।"

"आपका मतलब क्या उद्योगपति जार्ज वशिंगटन मुनरो के परिवार से है—।"

"हां—।"

"मैं उन्हें जानता हूं—हां···मैं उन्हें जानता हूं—।"

"और—।" मेसन ने अपनी निगाहें उसके चेहरे पर गढ़ा दीं—"मोरीन मुनरो को भी जानते हो—?"

"जी हां—जानता हूं—।"

"हूं—।" मेसन ने एक गहरा सांस लिया—"मि० इलिएट—अदालत को अपने ब्यान में बता चुके हो कि इस महीने की तेरह तारीख को सुबह तुमने मिस गलेमिज को घबराई-घबराई अवस्था में ही बकंशाम से निकलते देखा था। अब मैं तुम्हें एक फोटोग्राफ दिखा रहा हूं—फोटो ध्यान से देखने के बाद तुम्हें इसकी पुष्टि करनी है कि क्या तुमने इसी लड़की को वहां से निकलते देखा था ?"

"ओबजेक्शन युअर आनर—" हैमिल्टन की आवाज इतनी तेज थी कि सभी उसकी तरफ देखने लगे—जज भी—।" युअर आनर—इससे पहले कि वह फोटो गवाह को दिखाया जाये—मैं खुद उसे देखना चाहता हूं।" तेजी से ही वह आगे भी बढ़

आया था।

मेसन ने फोटो उसे थमा दी—'पहले आप देख लें।"

हैमिल्टन ने फोटो पर एक उचटती-सी नजर डाली—फिर मुस्करा दिया—"मुझे कोई एतराज नहीं है। नो ओबजेक्शन युअर आनर—।"

अब पैरी मेसन ने यह फोटो इलिएट के सामने रख दी—"बस सवाल का ही जवाब देना।" वह सख्ती से बोला, "क्या यह उस लड़की का फोटो नहीं। जिसे तुमने वर्कशाप से निकलते देखा था। क्या तुमने मोरीन मुनरो को नहीं देखा—मिस गलेमिज की जगह।"

यह शब्द किसी बम विस्फोट से कम नहीं थे। अदालत में एकदम खामोशी छा गई। गवाह के चेहरे के उड़ते रंग देख हैमिल्टन भी चौंका। एकदम ही लपक कर फिर आगे आ गया। गवाह का हौसला बढ़ाने को ही बोला—

"युअर आनर—वकील सफाई गवाह को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। यह फोटो मिस गलेमिज वालों की ही है—और—।"

"अपने मुअजिज दोस्त से मेरी दरख्वास्त है कि वह फोटो को जरा ध्यान से देखे—फोटो के नीचे के शब्दों से स्पष्ट है कि यह फोटो मोरीन मोनरो की है—मोरीन मोनरो सपुत्री जी० डब्ल्यु० वशिगटंन जिसकी सगाई की घोषणा कुछ दिन पूर्व ही हुई है। यह फोटो उसी अवसर का है।"

"जरा मुझे दिखाओ फोटो—"

पैरी ने फोटो उन्हें पकड़ा दिया।

"जवाब दो—" मेसन ने फिर कहा इलिएट से और याद रखना तुमने शपथ ली हुई है। क्या वह गलेमिज वालों थी या मोरीन मोनरो—जिसे वर्कशाप से भाग कर निकलते देखा था।"

"मुझे एतराज है युअर आनर—अभी इस फोटो की प्रमाणिकता के बारे में कुछ भी स्थापित नहीं किया गया है।"

"ओब्जेक्शन ओवररूलड—एतराज रद्द किया जाता है" जज ने रूखे शब्दों में कहा, "गवाह सवाल का जवाब देगा।"

"मैं···मैं नहीं जानता। मैंने दरअसल खिड़की में से देखा था इलिएट ने फोटो को ध्यान से देखते हुए जवाब दिया—"इनमें वास्तव में ही बहुत अधिक समानता है।"

"आई० सी०" मेसन मुस्करा दिया—"तो अब तुम शपथ लेकर यह नहीं कह सकते कि वह गलेमिज वार्लो ही थी जिसे तुमने वर्कशाप ने भाग कर निकलते देखा था।"

"जी—नहीं—।"

"यानि कि तुम पूरे विश्वास के साथ नहीं कह सकते कि वह गलेमिज वार्लो ही थी।"

"जी हां—।"

"खैर—अब तुम यह बताओ कि तुम वीरा मार्टल को कब से जानते हो?"

गवाह कुर्सी में बेचैनी से पहलू बदल कर रह गया।

"तुमने शपथ ली हुई है चेतावनी दी मेसन ने—फिर पूछा कब से जानते हो तुम वीरा मार्टल को—।"

"मैं···मैं लगभग एक माह पूर्व ही उससे मिला था।"

"कहां—?"

"लास वेगान्स—नावादा में।"

"और उससे कैसे मिले थे तुम—?"

"मेरे एक मित्र ने ही मिलाया था मुझे। उसने बताया था कि वह एक प्रभावशाली कुशल प्राईवेट जासूस है।"

"और अब—" उंगली उसकी तरफ उठाते तेजी से ही पूछा उसने "क्या तुमने वीरा मार्टल के साथ कोई व्यवसायिक सम्बन्ध

किया था—मेरा मतलब है किसी काम के लिए उस की सेवायें प्राप्त की हों तुमने ?"

गवाह कांप-सा गया। कठिनाई से ही बोला—"मैं···मैं जवाब देने से इन्कार करता हूं।"

जज आगे को झुका—पूछा—"क्यों—किस कारण से इंकार करते हो तुम ?"

गवाह ने अब स्वयं को सम्भाल लिया था—दृढ़ संतुलित स्वर में ही जवाब दिया—"हो सकता है इस सवाल का जवाब देने से मैं खुद ही फंस जाऊं।"

और निगाहें झुका लीं इलिएट ने।

"थैंक्स—।" मेसन ने पीछे हट बैठते हुए कहा···"बस···मुझे कुछ और नहीं पूछना है।"

सरकारी वकील उठ खड़ा हुआ—"युअर आनर···केस ने यह जो नया रूप लिया है—आश्चर्य-जनक है। इसके बारे में फिर से तफतीश की जरूरत है। इस फोटो के बारे में भी जांच करना चाहता हूं। प्रेस वालों की भूल से भी यह फोटो छप सकता है—जिसका फायदा उठाते हुए वकील सफाई ने गवाह को चक्कर में डाल दिया है। मैं अदालत से दरख्वास्त करता हूं कि तब तक मुकदमें की सुनवाई मुल्तवी (स्थगित) कर दी जाए—जब तक कि इन सब बातों की जांच नहीं हो जाती।"

"मुझे कोई एतराज नहीं है।" मेसन ने कहा—"मैं खुद चाहता हूं कि मेरे मुअज्जिज दोस्त इस फोटो के बारे में तसल्ली कर लें। मैं अपने मुअज्जिस दोस्त से यह भी कहना चाहूंगा कि आगे की खोजबीन में वह इस बात को भी ध्यान में रखे कि मि० इलिएट ने अपने वीरा मार्टल के साथ व्यवसायिक सम्बन्धों के मेरे सवाल का जवाब देने से क्यों इंकार कर दिया।"

जज ने जिज्ञासा वश ही मेसन से पूछा—"मि० मेसन—मैं

आपसे पूछना चाहता हूं कि इस फोटो या इसके नीचे छपे विवरण में कोई भूल तो नहीं है ?"

"नहीं युअर आनर—यह फोटो लेकर हमारा एक एजेंट सीधा रेडिंग से यहां आया है। मैंने उसे कल फोन पर ही मोरीन मोनरो के फोटोग्राफ लाने को कहा था—।"

इसके बाद की खामोशी को तोड़ा था किसी नारी कंठ से निकलने वाली सिसकियों ने ही।

जज के साथ ही पैरी मेसन की निगाहें नेनसी गिलमेन की ओर उठ गईं। अगली सीटों पर ही बैठी वह जोर-जोर से रो रही थी।

"अदालत की कार्यवाही—कल सुबह दस बजे तक के लिए मुल्तवी की जाती है—"जज ने घोषणा की और फिर सरकारी वकील से सम्बोधित हुए -"और तब तक मैं चाहता हूं कि पुलिस मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश करे। केस की पूर्णरूपेण खोजबीन जरूरी है।"

"यस युअर आनर—"पराजित-सा हो सिर झुकाते बोला हैमिल्टन।

और फिर जज के उठते ही सभी उठ खड़े हुए।

▭ ▭ ▭

उस दिन दोपहरोपरान्त···पाल ड्रेक दनदनाता हुआ ही पैरी मेसन के आफिस में प्रविष्ट हुआ था।

"हार्टले इलिएट ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है—।" उसने आते ही घोषणा की,—"मिसेज नेनसी गिलमेन के ब्यान देने के बाद—उसे भी टूटना ही पड़ा—।"

और फ़िर वह नेनसी का ब्यान सुनाने लगा।

नेनसी ने जुड़वां लड़कियों को जन्म दिया था। दोनों बहनों की शकलें एक-सी ही थीं। उन परिस्थितियों में नेनसी ने दोनों के पालन-पोषण में स्वयं को असमर्थ पाया। उसे किसी तरह पता लगा कि रेडिंग के मोनरो परिवार की पत्नी ने एक मरे हुए बच्चे को जन्म दिया है। धनाढ्य परिवार—अपनी बेटी के उज्जवल भविष्य का ही सोच नेनसी ने अपनी एक बेटी उस मृत जन्मे बच्चे से बदल दी। मिसेज मोनरो एक खूबसूरत बच्ची के साथ रेडिंग लौटी।"

दोनों लड़कियों में सच ही अत्यधिक समानता है। अब भी उन दोनों में भेद कर पाना असम्भव है। इलिएट मोनरो से परिचित था और जब उसने गलेमिज को देखा तो हैरान ही रह गया मोनरो से वह भलभांति परिचित था—और इस विचित्र संयोग पर वह यकीन नहीं कर पा रहा था।

उसने इस बारे में खोजबीन करवाने की सोची और इसके लिए उसने प्राइवेट जासूस वीरा मार्टल की सेवायें प्राप्त कीं।

वीरा मार्टल को नेनसी के अतीत के बारे में जानने और इस मामले की तह तक पहुंचने में ज्यादा देर नहीं लगी। हकीकत जानने के बाद—जैसा कि वीरा मार्टल का व्यवहार रहा है—उसने डबल क्रास करने की ठानी और उसकी यही सोच ही उसे मौत के मुंह में ले आई। इलिएट को सन्देह हो गया कि वीरा मार्टल या तो यह जानकारी गिलमेन के पार्टनर कालहन को बीच देगी या फिर नेनसी को ही ब्लैकमेल करने की कोशिश करेगी।"

"पर वीरा यह हकीकत जान चुकी थी कि नेनसी के पहले प्रेमी ने—इस प्रेम-स्वरूप पैदा होने वाली नेनसी की सन्तान के नाम एक मोटी रकम छोड़ी थी। उसने यह भी पता लगा लिया कि नेनसी ने अपने उस प्रेमी जौन यरमन के वारिसों को

सन्तुष्ट कर दिया कि गलेमि ही यरमन की बेटी है और बदले में उनसे समझौता कर लिया था। इस समझौते के बदले नेनसी को एक मोटी रकम मिली थी। यहां एक कानूनी प्वाईन्ट अभी बीच में था। नेनसी ने अपने उस प्रेमी की वसीयत के अनुसार जायदाद या हिस्सा नहीं लिया था—केवल मात्र इन लोगों से समझौता करके—समझौते की राशि ही प्राप्त की थी।"

यहां एक बात और महत्व की है कि मोरीन को मोनरो परिवार ने कभी भी विधिवत गोद नहीं लिया था। वह तो एक धोखे—एक भ्रम के परिणामस्वरूप ही उस परिवार की सदस्य के रूप में पली-बढ़ी थी। ब्लैकमेल करने से अच्छा वीरा ने मोरीन से उसके इस वसीयत के अधिकार ही ले लेना समझा। वह मोरीन से मिली और उसे बताया कि उसके नाम कुछ जायदाद है—जिसके बारे में वह नहीं जानती और इस कथित जायदाद के आधे भाग के अधिकारों के बदले वीरा मार्टल ने उसे दस हजार डालर में—उससे सौदा कर लिया।"

मोरीन ने दस हजार डालर के बदले अधिकार वीरा मार्टल के नाम कर दिए थे। मि० मोनरो को इस समझौते या सौदे का कोई ज्ञान नहीं था। उस रात वह रेडिंग अपने घर वीरा मार्टल से मिलने नहीं—अपने ही किसी काम से आया था।

पर शीघ्र ही मोरीन को यह कटु वास्तविकता भी पता लग गई कि वह मोनरो परिवार की सन्तान नहीं है—बल्कि उसे गोद लिया गया है। यह सब उसे मिस्टर मोनरो ने ही बताया—। अब मोरीन के दिल में एक शंका जाग उठी कि वीरा मार्टल इस हकीकत को जानती है—और अगर यह बात उसके मंगेतर तक पहुंच जाती है तो कहीं वह एक नाजायज सन्तान से विवाह करने से इन्कार ही न कर दे। उसकी ससुराल वाले कुछ ऐसे ही रूढ़ी-वादी विचारों के थे।

और फिर यह जानने के लिए कि वीरा मार्टल के मस्तिष्क में क्या है वह उसके पीछे लग गई। और उसका पीछा करते हुए ही मोनरो गिलमेन के मकान तक जा पहुंची। वह गलेमिज के चक्कर में थी। पर इन सब बातों का कुछ भी पता गलेमिज को नहीं था। हां—कार्टर गिलमेन को कुछ सन्देह जरूर था कि कोई गड़बड़ जरूर है। उसे पता लग गया था कि वीरा मार्टल नाम की प्राइवेट जासूस उसकी पत्नी के अतीत के बारे में खोजबीन कर रही है। इसीलिए गिलमेन ने तुम्हें फोन करके समय लिया था—ताकि इस मामले में कुछ सुझाव प्राप्त करे—।"

इतना बता पाल ड्रेक क्षण भर को रुका—पैरी मेसन व डैला स्ट्रीट बड़ी तन्मयता से ही यह सब सुन रहे थे।

पाल ने आगे कहना शुरू किया—

"मोरीन वीरा मार्टल के पीछे ही गिलमेन के मकान पर पहुंची थी। वीरा तेजी से ही पिछवाड़े के बड़े गैराज की तरफ गई थी और फिर वहां डार्क रूम में से होकर वर्कशाप में आ गई। यहां उसे अपने सहयोगी से मिलना था—जो नेनसी व गलेमिज को अपने साथ लेकर आने वाला था। वीरा—नेनसी और गलेमिज से भी सौदेबाजी के चक्कर में यहां तक आई थी।

मोरीन उसके पीछे-पीछे सीधी उसी कमरे में जा पहुंची। वहां उसने वीरा मार्टल को एक धूर्त व मक्कार औरत कहा और उसकी दी वह दस हजार डालर की राशि उसके मुंह पर दे मारी। और फिर वहां से निकल बाहर आ गई। फिर किसी तरह उसने लास वेगास स्थित वीरा मार्टल के आफिस की डुप्लीकेट चाबी प्राप्त की और उसकी तलाशी भी ले डाली। वह अपने से सम्बन्धित किसी कागजाती प्रमाण की तलाश में थी।"

गैराज में वीरा मार्टल को उसके जिस सहयोगी से मिलना था—वह इलिएट ही है। उसने अपने बयान में कहा है कि बेटरी

डाउन होना एक सोची, समझी योजना के अन्तर्गत ही था ताकि वह रात वहीं रुक सके। वहां वीरा ने उसे अब तक की अपनी रिपोर्ट देनी थी और उससे आगे के लिए निर्देश भी लेने थे। वीरा मार्टल को आते देख वह अन्धेरे में एक तरफ को दुबक गया था। और मोरीन के वीरा मार्टल को खरी-खोटी सुना लौट जाने के बाद---उसे पता लग गया कि वीरा मार्टल उसकी खोज को ही आधार बना अपने तौर पर कोई लम्बा चक्कर चला रही है। उसे गुस्सा आ गया और फलस्वरूप उन दोनों में झगड़ा हो गया।

उसने अपनी अपराध स्वीकृति में कहा है कि वीरा मार्टल की जान ले लेने का उसका कोई इरादा नहीं था। वह केवल मात्र उसे भयभीत करना चाहता था ताकि आगे वह उससे कोई चालाकी ना कर सके। फिर जब उसने देखा कि वीरा मार्टल उसके हाथों मर चुकी है उसने उसकी लाश गिलमेन की कार की डिग्गी में छुपा दी।

तभी उसने गिलमेन को मकान से निकल इधर आते देखा—और फिर जब तक वह डार्क रूम में से होता हुआ वर्कशाप तक पहुंचता—इलिएट दूसरे दरवाजे से निकल—भाग कर अपने कमरे में जा पहुंचा। इस तरह उसे वह नोट उठाने का अवसर भी ना मिल सका जो मोरीन वीरा मार्टल के मुंह पर मार गई थी और अब वहीं वर्कशाप में बिखरे पड़े थे।"

डैला स्ट्रीट बोल उठी—"यानि कि गिलमेन ने वीरा मार्टल को गेराज में जाते हुए देखा था।"

"हां—" ड्रेक ने बताया—"वह नाश्ता कर रहा था—और अनायास ही उसकी नजरें वीरा मार्टल पर जा पड़ी जो गेराज में जा रही थी। इससे वह विचलित हो उठा। और फिर बाद में उसने मोरीन को भाग कर वर्कशाप से बाहर निकलते देखा—तो

निस्सन्देह ही उसने यही समझा कि वह गलेमिज ही है।"

अपनी बेटी मुरेल को और नाश्ता बना लाने के बहाने रसोई में भेज वह स्वयं सीधे वर्कशाप में आ पहुंचा। वहां उसने झगड़े के लक्षण देखे और फर्श पर बिखरे नोट भी। वहां किसी को ना पा उसने अपनी कार निकाली और आस-पास सब तरफ वीरा मार्टल की तलाश कर डाली। उसने वीरा मार्टल की कार तो एक जगह खड़ी देख ली—पर वीरा मार्टल को वह कहीं ना ढूंढ सका। वह तो वह सोच ही नहीं सकता था कि जिस वीरा मार्टल को वह खोजता फिर रहा है—उसकी लाश इस समय उसकी अपनी कार की डिग्गी में ही है। जब वह वीरा मार्टल को तलाशने में असफल रहा तो उसने अपनी कार वहीं पार्क कर दी जहां वह रोजाना पार्क किया करता था—और वहां से बस पकड़ शहर आ गया।

हार्टले इलिएट के पास वीरा मार्टल की कार की चाबियां और उसका पर्स था वह सर्वप्रथम वीरा मार्टल की कार को वहां से हटाना चाहता था। पर जब उसने गिलमेन की कार को बस स्टाप पर खड़े देखा तो उसे भी अपने भाग्य पर विश्वास नहीं आया। वह तो वीरा मार्टल की लाश के लिए चिन्तित हो रहा था।

वह पहले गिलमेन की कार को पार्किंग से निकाल ले गया। और पहाड़ी क्षेत्र में पहुंच उसने उसमें से वीरा मार्टल की लाश निकाल एक जगह छुपा दी और गिलमेन की कार वापिस ला पार्क की। वीरा मार्टल की लाश से छुटकारा पाने की योजना वह बना चुका था। अब वह वीरा मार्टल की कार लेकर फिर उसी जगह जा पहुंचा जहां उसने उसकी लाश छुपाई थी। वीरा मार्टल को उसकी कार के स्टेयरिंग पर बिठा—उसे ढलान से नीचे लुढ़का दिया। अब वह निश्चिन्त था—उसे विश्वास था कि अब पुलिस वीरा मार्टल की मौत को दुर्घटनावश ही समझेगी या अगर हत्या का सन्देह किया भी तो—वह सन्देह सीधा गिलमेन पर ही जाएगा—।"

और अब इलिएट के पास वह इच्छित जानकारियां तो थी ही जिसके आधार पर अब वह कई लोगों को ब्लैकमेल कर रहा है। पर उसने यह मामला ठण्डा पड़ जाने तक इन्तजार ही

करना उचित समझा।

"इलिएट से पुलिस ने यह अपराध स्वीकृति प्राप्त कैसे कर ली आखिर—" एक गहरा सांस लिया मेसन ने।

"इसके लिए लैफ्टि० ट्रेक को धन्यवाद दो। दो और दो चार ही होते हैं—यह समझने में उसे देर ना लगी। फिर एक मुजरिम की जुबान खुलवाने में पुलिस कोई दया नहीं दर्शाती—इलिएट को सच्चाई उगलनी ही पड़ी।

"और मोरीन—?" डैला ने सहानुभूति पूर्ण लहजे में पूछा।

"उसकी ससुराल वाले सहृदय व्यक्ति हैं—वास्तविकता जानने पर उनके दिल में अपनी होने वाली बहू के लिए अब और भी हमदर्दी के भाव हैं। फिर मोरीन के चरित्र पर तो कोई लांछन नहीं है—उन्होंने शादी की तैयारियां और भी उत्साह से करनी आरम्भ कर दी हैं।"

डैला ने यूं एक गहरा सांस लिया जैसे कोई बहुत भारी बोझ उसके सिर से उतर गया हो।

"देखा मैं कहता था ना कि एक वकील को हाथ पर हाथ रख कर नहीं बैठना चाहिए।" मेसन मुस्कराया।

"पर क्या आपको इन सब बातों का कोई अन्देशा था।"

"कुछ न कुछ गड़बड़ का अहसास तो हो ही रहा था।" मेसन ने जवाब दिया, "पोलोग्राफ टैस्ट में नेनसी का बेटी से सम्बन्धित प्रश्न पर ही हड़बड़ा जाना—इस सन्देह को जरूर बल दे रहा था कि बेटी से सम्बन्धित कोई भावनात्मक बात उसके मन में जरूर है जिसे वह उजागर नहीं कर पा रही। फिर हेनकाक की रिपोर्ट के बाद एक नई सम्भावना ने मेरे मस्तिष्क में कुलबुलाना शुरू कर दिया था। पर तब भी कुछ निश्चित नहीं था मेरे मन में—मैं एक जुआ ही खेल रहा था। और भगवान ने इस बार भी साथ दिया ही है।"

"कर्मशील व्यक्ति का भगवान सदैव ही साथ देता है—" पाल ड्रेक ने हंसते हुए कहा।

डैला स्ट्रीट और पैरी मेसन भी मुस्करा रहे थे। केस ने कितना अनूठा मोड़ लिया था—इसकी तो कल्पना भी उनके मस्तिष्क में नहीं थी।

□ एक सनसनीखेज मार्मिक कहानी

अपराध दूसरों का

—राज भारती

बच्चा इतना कमजोर था कि उसकी पसलियां साफ गिनी जा सकती थीं। डाक्टर ने इसके शरीर से स्टेथ स्कोप हटाया और खिन्नतापूर्वक लहजे में बड़बड़ाया—

"कोई फायदा नहीं...।" फिर कोमल स्वर में बच्चे से सम्बोधित हुआ, "कमीज पहन लो बच्चे...कहीं सर्दी न लग जाए।"

फिर वह बच्चे के मां बाप की तरफ मुड़ा और अप्रसन्नता से ही बोला—। "तुमने उसके सिरहाने जो दवाएं सजा रखी हैं उनसे बच्चे को कोई फायदा नहीं होगा। इन्हें उठाकर बाहर फेंक दो, ये दवाएं उसके रोग का इलाज नहीं हैं। दो माह पहले ही तुम्हें कह चुका हूं कि इसे किसी ऐसे इलाके में ले जाओ जहां मौसम गर्म हो। मेरा कहना न मान तुम बच्चे की जिन्दगी और मेरा वक्त जाया कर रहे हो—।"

बच्चे की मां एपरिन में मुंह छुपाए बे आवाज-सी रो रही थी। डाक्टर ने झटके से अपना बेग बन्द किया और कमरे से बाहर आ गया। बच्चे का बाप सावनेसन उसके पीछे-पीछे लपका।

"लेकिन डाक्टर मेरे पास तो...।" उसने कहना चाहा।

डाक्टर ने उसकी बात काट दी—। "मुझे मालूम है कि तुम्हारे पास पैसे नहीं हैं। और बच्चे को किसी स्वास्थवर्द्धक स्थान पर ले जाने के लिए कम से कम एक हजार डालर चाहिएं।

कमरे से बच्चे के खांसते की आवाजें आ रही थी। उसकी आवाज ने जैसे डाक्टर को और अधिक बेचैन कर दिया। आखिर था तो वह भी एक इन्सान ही ना...और बेबसी के अहसास ने ही उसके व्यवहार में झुंझलाहट पैदा कर दी थी।

"यह आवाज सुन रहे हो—?" उसने क्रूरतापूर्ण लहजे में सावनसन से पूछा, "अगर तुमने शीघ्र ही कोई प्रबन्ध न कर लिया तो यह आवाज भी अधिक दिन न सुन सकोगे—।"

'मुझे तो कोई भी रास्ता सुझाई नहीं देता।" सावनसन ने बेबसी से कहा।

डाक्टर के विदा हो जाने के बाद वह उदास व व्यग्र सा ही कमरे में वापिस आया'''उसका सिर झुका हुआ था। बेबसी चिन्ता बन चली थी। उसकी पत्नी बच्चे को बिस्तर से उतार रही थी। उसके हाथ में एक कपड़ा था। सावनसन को देखकर उसने कपड़ा पीछे छुपा लिया। लेकिन सावनसन जानता था कि इस कपड़े से बच्चे के होंठ साफ किए गए होंगे—और उस पर खून के धब्बे पड़ चुके होंगे।

वह दोनों हाथों से सिर थामते'''तिपाई पर कोहनियां टिका कर बैठ गया। उसके सामने मेजपोश पर अखबार फैला हुआ था, धन कहां से प्राप्त हो सके—मस्तिष्क में यही सोच थी। बेचैन-सी सोच—जानता था कि किसी भी भान्ति कहीं से भी वह इच्छित राशि प्राप्त नहीं कर सकता। किसी से कर्ज मिलने की आशा नहीं थी—कर्ज भी तो उन्हें ही मिल पाता है जिनसे वापिस मिलने की आशा हो। एक बेरोजगार व्यक्ति को ऋण कौन देता है? बैंक में डकैती भी अब आधुनिक तौर-तरीकों से की जा सकती है। यह एक अकेले और असमर्थ व्यक्ति के बस का रोग नहीं था। किसी की जेब काट कर भी एक साथ एक हजार डालर मिल जाने की उम्मीद नहीं थी।

सोचों में डूबे सावनसन की निगाहें सामने फैले अखबार पर जमी हुई थीं।

"जरूरत है" का कालम देखने की भी कोई जरूरत नहीं थी। मान लो कि वह नौकरी पा भी लेता है तो एक हजार डालर एडवांस नहीं पा सकता था। और बच्चे का जीवन बचाने के लिए एक-एक क्षण बहुमूल्य था।

अखबार का एक शीर्षक उसकी निगाहों के सामने था।

"रैन्गर की हत्या के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सकता।"

सावनसन को इस वक्त कत्ल की सनसनीखेज खबर या किसी

भी खबर में क्या रुचि हो सकती थी। सारी दुनियां भी कत्ल हो जाती तो उसी की बला से। उसने अखबार उठा कर नीचे फर्श पर फेंक दिया। पृष्ठ फड़फड़ाया तो अचानक उसकी नजर डालर के निशान पर पड़ी। इस निशान के सामने पूरे एक हजार डालर की राशि अंकित थी। उसने जल्दी से अखबार उठा लिया। मन-मस्तिष्क में इस समय एक हजार डालर की राशि ही तो घूम रही थी। हाशिये में छपी वह एक घोषणा थी—जिसका शीर्षक था—

"एक हजार डालर इनाम।"

विवरण यह था कि दैनिक पत्र 'सन' ने पुलिस विभाग के प्रति सहयोग की भावनावश ही उस व्यक्ति को एक हजार डालर इनाम देने की घोषणा की थी जो रैन्गर के कातिल को गिरफ्तार करायेगा या उसके बारे में कोई ऐसी सूचना देगा जिससे उसकी गिरफ्तारी सम्भव हो सके। अन्त में लिखा था—फोन पर सम्बन्ध स्थापित न करें। दैनिक 'सन' के सिटी एडिटर से निजि तौर पर ही मिले।

सावनसन कुर्सी पर सम्भलकर बैठ गया—और रैन्गर की हत्या सम्बन्धित विवरण ध्यान से पढ़ने लगा। फिर वह उठ कर किचन में आ गया—और दो तीन दिन पहले के अखबार उठा उनका अध्ययन करने लगा। दो दिन पूर्व के अखबार में हत्या का विवरण और मृतक का चित्र प्रकाशित था। विवरण पढ़ उसने आंखें मूंद लीं जैसे सब कुछ दिमाग में बिठा रहा हो।

राबर्ट रैन्गर एक धनाढय व्यक्ति था—जो बीते बुध की रात अपने आलीशान मकान के रिहायशी कमरे में मुर्दा पाया गया था। किसी ने उसके सर पर हथौड़े का वार कर मार डाला था। कमरे में भयंकर हाथापाई के प्रमाण पाए गए थे। पुलिस के विचारानुसार यह वारदात किसी चोर की थी। रैन्गर की जेब की साधारण सी राशि उड़ा ली गई थी। पर कमरे में मौजूद भारी रकम व अन्य कीमती वस्तुओं को नजर अन्दाज कर दिया गया था। लुटेरा सम्भवतः अपने अपराध की संगीनी देख कर बदहवास हो गया था—तलाशी इत्यादि का इरादा छोड़ निकल भागा था।

घटना की रात रैन्गर व उसकी बीवी को एक डिनर में शामिल होना था—और उसके बाद थिएटर जाना था। पर अन्तिम क्षणों में ही उसके सिर में इतना तीव्र दर्द उठा कि उसने कहीं भी जाने का विचार त्याग दिया। पर इस ख्याल से कि उसकी बीवी बोर ना हो उसे खाने पर भेज दिया। उसने अपने बिजनेस पार्टनर एलन कोर्क को फोन कर दिया कि वह समारोह में उसकी बीवी का साथ देने के लिए रेस्टोरेन्ट में पहुंच जाए। मिसेज रैन्गर अन्धेरा फैलने पर घर से निकली थी। बाहर खड़ी उसकी कार का दरवाजा उसके लिए एक निर्धन शख्स ने खोला था। इस किस्म के शख्स प्राय: बख्शीश की आस में कारों के गिर्द मंडराते रहते हैं।

मिसेज रैन्गर का ख्याल था कि शायद इसी शख्स ने बाद में यह वारदात की थी। वह यह सोच कर घर में घुसा होगा कि अन्दर कोई नहीं है—क्योंकि रैन्गर लाईट आफ करके अपने कमरे में लेट चुका था, पर मिसेज रैन्गर इस शख्स का हुलिया बताने में असमर्थ थी। उसने उस शख्स की तरफ विशेष ध्यान नहीं दिया था। हां—यह निश्चित था कि रैन्गर की हत्या मिसेज रैन्गर के घर से जाने के तुरन्त बाद ही नहीं हुई थी। क्योंकि मिसेज रैन्गर ने साढ़े आठ बजे थिएटर से घर फोन किया था तो रैन्गर ने स्वयं ही जवाब दिया था—बताया था कि दवा खाने से वह सिर दर्द में राहत महसूस कर रहा है। फिर आधी रात के करीब मिसेज रैन्गर वापिस आई तो···

"हेलन···।" सावनसन ने आंखें खोलते अचानक ही अपनी बीवी को पुकारा, वह दरवाजे पर आई और मजबूर व भीगी निगाहों से उसकी तरफ देखने लगी। उसकी सारी उम्मीदें आंसुओं के साथ बह चुकी थीं।

"बच्चों को तैयार करो।" सावनसन ने कहा, "और तुम भी अपना सामान बांध लो। आज रात तुम उसे लेकर टेस्कन रवाना हो रही हो।"

"पर कैसे—।" आंसूओं से भीगा चेहरा लिए ही वह पति के पास आ बैठी। और फिर जो कुछ सावनसन ने उसे बताया—वह उछल पड़ी। दुख व पीड़ा आंसू बन फिर बह निकले—मजबूरी ने

क्या क्या सोचने पर विवश कर दिया था उसके पति को। जाने कितनी ही देर वह सहमे सहज लहजे में अपने पति को समझाती रही कि—आखिर एक बार पुलिस के फन्दे में फंस जाने के बाद तुम अपनी बेगुनाही कैसे साबित करोगे ? तुम पर हत्या का इल्जाम साबित भी हो सकता है।"

"वहीं तो मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत होगी।" सावनसन ने कहा, "तुम मेरी बेगुनाही का जीता जागता सबूत होवोगी। तुम जानती हो कि बीते बुध की रात को मैं बाहर ही नहीं गया। मैं फ्लेट में तुम्हारे और बच्चे के पास बैठा था। और कोई रास्ता नहीं है हेलन—बस अब तुम चलने की तैयारी करो। मुझे जब तुम्हारी जरूरत होगी तो मैं टेलीग्राम दे दूंगा। तुम बच्चे को वहीं इलाज कराते छोड़ लौट आना और मेरी बेगुनाही की गवाही दे देना। बच्चे की खातिर मुझे कुछ दिन अगर जेल में भी रहना पड़ा तो यह कोई महंगा नहीं है।"

"लेकिन मैं तुम्हारी बीवी हूं—क्या मेरी गवाही पर यकीन कर लिया जायेगा—" हेलन ने लर्जती आवाज में पूछा।

"तब डाक्टर भी तो मौजूद है—बीते बुध की रात वह भी यहीं मौजूद था और वह जानता है कि मैं उस रात बारह बजे तक तो घर ही में था। कत्ल की वारदात से मेरा सम्बन्ध बस इतना ही होगा कि मैं अपनी जुबान से अपने आप को कातिल कह रहा हूं। पर मेरी बेगुनाही की गवाही देने वाले दो गवाह मौजूद होंगे। क्या दो आदमियों की गवाही मेरे बचाने के लिए काफी नहीं ?"

सावनसन की जिद्द···व हर संकल्प के सामने अन्ततः हेलन को हथियार डालने पड़े और उसने चलने के लिए तैयारी पूरी कर ली। बच्चे को उसने कम्बल में लपेट लिया—और सामान एक सूटकेस में पैक कर लिया था। सवानसन ने उन्हें एक बस में सवार करा दिया—और कांपते होंठों से ही बच्चे का विदाई चुम्बन लेते हुए कहा—। "तुम बस टर्मिनल पर वेटिंग रूम में इन्तजार करना। मैं रकम देकर किसी को भेजूंगा। रकम मिलते ही तुरन्त बस पकड़ लेना—वहां एक पल भी नहीं रुकना सकभी।"

उन्हें विदा कर सावनसन चल दिया। निराशा अब भी एक गहरी धुन्ध की सीमाहीन समुन्दर की भान्ति उसके सामने फैली हुई थी। मगर निराशाओं के अन्धेरे में अब एक क्षीण-सी आशा की किरण झिलमिलाने लगी थी। उसे कुछ भी पता नहीं लगा कि कब और कैसे वह उस भव्य इमारत के सम्मुख आ रुका था जिस पर दैनिक 'सन' का बड़ा सा बोर्ड भी लगा था।

रिसैप्शन पर पहुंच कर सावनसन ने कहा, "मैं सिटी एडिटर से मिलना चाहता हूं।"

"लो—एक और आ गया—।" एक गहरी सांस लेते—रिसेपशनिस्ट युवती ने जैसे अपने आप से कहा था—फिर एक बेन्च की तरफ इशारा करते हुए बोली, "उनके साथ बैठ जाईए।"

सावनसन ने देखा कि उस बेन्च पर और भी तीन चार व्यक्ति इन्तजार में बैठे थे। निबट का ही एक शीशे का दरवाजा खुला और अन्दर वाले कमरे से एक चपरासी एक औरत को लगभग खींचते हुए ही बाहर लाया। वह बार-बार चिल्ला रही थी—। "मैंने सचमुच ही हत्यारे को देखा—मैं हीटर लेने गई कि वह मुझे नजर आ गया।"

अन्दरूनी कमरे से टाईप राईटर की खटखट के बीच एक झुन्झलाई हुई सी आवाज सुनाई दी—"तुम दोबारा हीटर लेने जाओ···वह फिर नजर आएगा।"

चपरासी इन्तजार में बैठे इन लोगों से सम्बोधित हुआ—। "साहब—अब किसी से नहीं मिलेंगे—झूठी खबरें ले ले कर आने वालों ने नाक में दम कर दिया है।"

"मुझे अन्दर ले चलो—मैं सचमुच काम की खबर लाया हूं—।" सावनसन ने अत्यधिक गम्भीरता के साथ कहा और स्वयं ही उठ कर दरवाजे की तरफ बढ़ गया। उसके लहजे में कोई ऐसी बात थी कि चपरासी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की।

यह दरवाजा एक विशाल हाल का था—जहां विभिन्न मेजों पर टाईप राईटर की खटखट गूंज रही थी। एक कोने में एक केबिन पर 'सिटी एडिटर' की तख्ती लगी हुई थी। सावनसन सीधा केबिन में चला गया।

"गेट आऊट···" सिटी एडिटर अपनी ऐनक सम्भालते हुए गुर्राया ! ',शहर का जो सनकी है—मुंह उठाए चला आ रहा है···" पर फिर एकाएक ही वह सावनसन के चेहरे पर छाई हुई गम्भीरता देख कर खामोश हो गया। सावनसन की गम्भीरता ने उसे प्रभावित ही किया था।

"कहो···तुम कातिल के बारे में कुछ जानते हो ?"

"अगर न जानता होता तो यहां न आता—।" सावनसन खुश्क लहजे में बोला।

"कहां है वह—?" बेताबी से पूछा गया।

"पहले यह बताओ कि इनाम की राशि की अदायगी किस तरह होगी," सावनसन पूर्णतः गम्भीर था।

'सूचना की प्रमाणिकता सिद्ध होते ही चैक काट दिया जाएगा—।"

"मेरा भी यही ख्याल था—पर मुझे रकम तुरन्त व कैश चाहिए—। पेमेंट इस ढंग से होगी कि तुम्हारा एक आदमी कैश ले कर दरवाजे पर खड़ा रहेगा—और जैसे ही मैं कातिल के बारे में बताऊंगा वह मेरी बताई जगह पर उसी क्षण इनाम की राशि ले कर चला जाएगा। इसके अलावा तुम मुझे यह भी वचन दोगे कि उस जगह के बारे में बाद में पुलिस को भी नहीं बताया जाएगा—जहां मैं वह रकम भिजवाऊंगा—।" दृढ़ शब्दों में ही कहा था सावनसन ने।

"हम ऐसा नहीं कर सकते। हमें क्या पता कि जो सूचना तुम दोगे वह वास्तव में ही ठीक होगी।" सिटी एडीटर अब उसकी आंखों में झांकने लगा था। उसे सावनसन का व्यवहार अब बड़ा रहस्य पूर्ण लग रहा था।

यह तो तुम्हें मेरी बात सुनते ही विश्वास हो जाएगा कि उसमें कितनी सत्यता है। अब तुम हां या ना में फैसला करो वरना मैं किसी और अखबार का रुख करता हूं—यह खबर किसी भी अखबार वाले के लिए सनसनीखेज हो सकती है।"

सावनसन के स्वर की दृढ़ता व उसकी गम्भीरता ने ही सिटी एडीटर को तुरन्त ही निर्णय लेने पर विवश कर दिया। उसने अपने चीफ एडिटर—कैशियर और प्रेस वालों को फोन

किए और फिर दस मिनट बाद उसकी मेज पर नोटों से भरा हुआ एक लिफाफा पहुंच गया।

"लो…तुम्हारी शर्त पूरी हो गई—।" लिफाफा उठा सावनसन को दिखाते हुए बोला एडिटर—"अब बताओ—रैन्गर का कातिल कौन है और किस जगह है ?"

"रैन्गर का कातिल इस समय तुम्हारे सामने खड़ा तुमसे सम्बोधित है।" सावनसन ने शान्त भाव से ही जवाब दिया और लिफाफा उसके हाथ से झपट लिया।

"क्या…?" सिटी एडिटर अपनी कुर्सी से उछल पड़ा और ऐनक उसकी नाक से गिरते-गिरते बची, "तुम अब तक कहां छुपे हुए थे ?"

"दिन भर फिल्में देखता था और रात रेलवे स्टेशन पर बिताता था—" पहले से ही सोच रखा जवाब उगल दिया सावनसन ने।

"अच्छा एक मिनट—यह बताओ कि जब तुम रैन्गर के कमरे में घुसे तो दरवाजे के निकट बांयें हाथ पर क्या चीज थी—?" सिटी एडिटर ने तेजी से पूछा।

"नीले रंग का एक बड़ा सा बुत…जो बाद में मेरी ठोकर लगने से टूट गया था...।" सावनसन ने अखबार में पढ़े विवरण के आधार पर ही तुरन्त जवाब दे दिया।

"हत्या का हथियार—यानि कि हथौड़े का क्या किया तुमने—?"

"दस्ता तोड़ कर मैंने दरिया में फेंक दिया था। दस्ता कुछ दिन तो जेब में डाले फिरता रहा—फिर अवसर पा कूड़ा जलाने वाली एक भट्ठी में फेंक दिया था।" सावनसन यह सब बताने में किंचित भी नहीं झिझक रहा था—।

"कातिल—सचमुच ही तुम लगते हो——।" सिटी एडिटर जैसे सन्तुष्ट हो गया, "अब यह बताओ कि तुमने मि० रैन्गर की हत्या की क्यों—?"

"धन के लिए…और किस लिए—। पर अफसोस कि अधिक माल हाथ न लग सका। खैर—अब तुम अपने आदमी को बुलाओ—।" सावनसन ने कहा।

सिटी एडिटर ने जिस व्यक्ति को बुलाया—सावनसन उसे ले कर एक कोने में आ गया। लिफाफा उसे थमाते हुए दबे स्वर में ही बोला—"यह लिफाफा—तुम बस टर्मिनल पर ले जाओ—वेटिंग रूम में—हरे लिबास वाली एक औरत बैठी होगी। उसकी गोद में कम्बल में लिपटा हुआ एक बच्चा होगा, यह लिफाफा तुम उसे जा कर दोगे—पर उससे कोई बात नहीं करोगे—।"

सावनसन पलट कर फिर एडिटर के सामने आ बैठा। वह ऐनक के पीछे से अपनी आंखों को हरकत देते—अब भी गौर से सावनसन का निरीक्षण कर रहा था।

"नोट—शायद तुमने अपनी मेहबूबा को भिजवाये हैं। हमारे पाठकों के लिए यह कहानी बड़ी दिलचस्प और सनसनीखेज रहेगी।

"वायदे के अनुसार तुम्हें यह बात पुलिस और अपने पाठकों से छुपाये रखनी है कि मैंने राशि कहां भिजवाई है," सावनसन गुर्राया, "वैसे तुम्हारी तसल्ली के लिए बता देता हूं कि मेरी कोई मेहबूबा नहीं है। मैं तो इस दुनिया में बिल्कुल अकेला हूं। यह राशि एक जरूरतमन्द मां को भिजवा कर—दर असल मैंने अपनी आत्मा के बोझ को हल्का करने की कोशिश की है।"

"ठहरो—मुझे मुख्य पृष्ठ के लिए सनसनी खेज कहानी तो बना लेने दो—" एडिटर कुछ उत्तेजित सा बोला था—फिर झपट कर इन्टरकाम का रिसीवर उठाया और किसी को निर्देश देने लगा। "पहला पेज प्रैस में मत भेजना—।" रिसीवर रख वह फिर स्टाफ के जाने किस-किस व्यक्ति को पुकारने लगा।

"फोटोग्राफर—रिपोर्टर—सब लोग आ जाओ—रैन्सम का कातिल मेरे कमरे में मौजूद है।"

एक मिनट में ही सिटी एडिटर का कैबिन स्टाफ के लोगों से खचाखच भरा हुआ था। हर कोई पन्जों के बल उचक-उचक कर सावनसन को देखने की कोशिश में था। एक शोर सा ही मच गया था।

"खामोश—।" अन्ततः सिटी एडिटर चिल्लाया—और फिर खामोशी छा जाने पर सावनसन से सम्बोधित हुआ—"हां—अब

अपनी कहानी शुरू करो—।" सावनसन ने छत पर निगाहें जमा दीं।

"पिछले बुध—शाम के लगभग छ: बजे की बात है—।" उसने स्वप्निल अन्दाज में कहना आरम्भ किया और पूरे आफिस में खामोशी छा गई। मरघट की सी खामोशी।

सभी सांस रोके उस कातिल का ब्यान सुन रहे थे—जिसकी खोज में पुलिस की नींद कई दिनों से हराम थी।

□□□

पुलिस वाले रात के दो बजे आंधी तुफान की तरह अखबार के आफिस में प्रविष्ट हुए। और उन्होंने भ्रमवश ही एक रिपोर्टर को रैन्गर का हत्यारा समझ आ दबोचा। इस रिपोर्टर की शेव बढ़ी हुई थी।

"नहीं-नहीं—।" सिटी एडिटर चिल्लाया—"यह तो रिपोर्टर है—कातिल मेरे कमरे में मौजूद है।"

सावनसन को देख कर पुलिस अधिकारी विश्वास ही नहीं कर पाए कि वही कातिल हो सकता है। क्योंकि पूरे आफिस में—कोई व्यक्ति निश्चिन्त व शान्त नजर आ रहा था वह सावनसन ही था। वह कुर्सी पर आराम से टांग पर टांग रखे बैठा···धीमे-धीमे सिगरेट के कश ले रहा था। खट से एक हथकड़ी उसकी कलाई में पहना दी गई। उसने ध्यान से ही हथकड़ी की ओर देखा और सिगरेट दूसरे हाथ में थाम ली। फिर उसे झटके से खड़ा किया गया। अपने घेरे में ले पुलिस वाले उसे बाहर ले आये।

पुलिस स्टेशन पर भी हर एक ने उसे उचक-उचक कर देखा। और अन्तत: उसे इमारत के एक पिछवाड़े के कमरे में ले जाया गया। जिस की खिड़कियों पर धूल की तहें जमी हुई थीं। छत के मध्य में एक सब्ज बल्ब लटक रहा था। उसकी रोशनी के दायरे में एक कुर्सी पर सावनसन को बिठा दिया गया। सवाल-जवाब का अभ्यास तो अखबार के आफिस में ही हो गया था। इसलिए वह यहां भी फर-फर बोलता गया। पुलिस अधिकारी चकित थे—वह न तो अपने जुर्म से इन्कार कर रहा था और न ही बचाव की कोशिश। पर अपने समस्त प्रयत्नों के बावजूद भी

—एक प्रश्न पर अन्ततः सावनसन हड़बड़ा ही गया।

एक पुलिस आफिसर ने पूछ लिया था—"सावनसन—तुम्हारा कहना है कि वारदात की रात के बाद से तुमने अपनी रातें रेलवे स्टेशन पर बिताई हैं। पर तुम्हारे कपड़ों पर तो कुछ अधिक सिलवटें नहीं हैं।"

सावनसन तुरन्त ही सम्भल गया—"मैंने यह नहीं कहा कि रेलवे स्टेशन पर मैं सोता रहता हूं—ऐसे सार्वजनिक स्थान पर नींद आती भी कैसे। नींद तो मैं सिनेमा हाल ही में पूरी कर लेता था।" उसने सहज भाव से ही जवाब दिया था।

पूछ-ताछ अन्ततः समाप्त हो गई। और अपने जुर्म को स्वीकार कर वह यूं प्रसन्नता महसूस कर रहा था मानो उसने अपनी बेगुनाही साबित कर दी हो। उसने अपने ब्यान पर हस्ताक्षर भी कर दिए। अपना पता उसने एक ऐसे फ्लैट का लिखवाया था जहां वह और हेलन छः माह पूर्व रहते थे। फिलहाल अपने आप को उसने बेघर ही प्रकट किया था।

उसे हवालात की एक कोठरी में पहुंचा दिया गया। जहां उसे नाश्ते में एक सैंडविच और गर्म-गर्म काफी दी गई। उसने मजे ले-लेकर सैंडविच खाया और काफी पीकर सिगरेट के कश लेने लगा। चबूतरानुमा बिस्तर जिस पर वह लेटा हुआ था—उसके घर के टूटे हुए स्टील के पलंग से कहीं ज्यादा आरामदायक था। उस पर लेट कर वह हेलन के बारे में सोचने लगा। अबतक वह यकीनन बच्चे को लेकर यहां से बहुत दूर जा चुकी होगी।

यह सोचकर वह मुस्कराया और इतमिनान से टांगें पसार सो गया।

दिन चढ़े उसे उठाया गया—और हवालात से निकाल एक कार में बिठाया गया। पुलिस वाले उसके साथ थे। जब कार किसी अज्ञात मंजिल को रवाना हुई तो सावनसन ने पूछा—"मुझे कहां ले जाया जा रहा है?"

"पुलिस के फिल्म प्रभाग में। हम चाहते हैं कि अपराध स्वीकृति की अपनी क्रिया व कथन को फिल्म पर उतार लिया जाए—ताकि बाद में तुम अपने ब्यान से मुकर न सको।" एक

पुलिस आफिसर ने जवाब दिया।

फिल्म प्रभाग के एक कमरे में ले जाकर उसे निर्देश दिए गए कि वह बुध की रात की अपनी सारी आपबीती दोहराए—कब, कैसे और क्यों हुई थी वह घटना। एक पुलिस डिटेक्टिव रेंगर का रोल अदा कर रहा था। बड़ी-बड़ी लाईटें प्रकाशित हो चुकी थीं। क्षण भर को तो सावनसन का दिल डूब गया। यह काम मौखिक पूछताछ से अधिक ही कठिन था। एक जरा-सी गलती उसका भांडाफोड़ सकती थी। हथौड़ा हाथ में लेकर उसने अभिनय शुरू किया—परिस्थिति का विवरण तो उसके मस्तिष्क में अंकित था—मगर क्रियाश्रित करने में उसने अनाड़ीपन का ही प्रदर्शन किया। क्योंकि उसने तो कभी ख्वाब में भी कोई कत्ल नहीं किया था। फिर भी वह अपने अनाड़ीपन को बहानेबाजी ब अपनी घबराहट की आड़ में छुपाता चला गया।

अन्ततः यह कठिन पड़ाव भी पार हो ही गया और उसे वापिस हवालात में पहुंचा दिया गया। दोपहर को उसे कोठरी से निकाल फिर आफिस में ले आया गया जहां सुनहरे बालों वाली एक जवान व सुन्दर महिला मौजूद थी। औरत उसके लिए अजनबी थी। कुछ क्षणों तक वह एक दूसरे को देखते रहे फिर एकाएक ही उस औरत ने रूमाल निकालकर अपनी आंखों पर रख लिया।

"क्या यही है वह शख्स जिसे आपने उस दुर्भाग्यपूर्ण रात को अपने घर के पास मंडराते देखा था—।" एक पुलिस आफिसर ने उस औरत से पूछा।

"जी हां—यह वही है। मैंने पहली नजर में ही उसे पहचान लिया है।" औरत ने अपनी हिचकियां रोकने का यत्न करते जवाब दिया। लेकिन सावनसन को जाने क्यों अहसास हो रहा था कि यह औरत वास्तव में जरा भी दुखी नहीं है—बल्कि दिल में निश्चिन्त है जैसे किसी ने उसका बोझ हल्का कर दिया हो। फिर एकाएक ही जैसे वह भावावेश में आ—सावनसन की तरफ झपटते हुए बोली—

"तुमने क्यों मेरे शौहर को मुझसे छीन लिया—?"

पुलिस आफिसर ने उसका हाथ रोक लिया···सावनसन ने

महसूस किया वह औरत वैसे भी उसका चेहरा नोचने का कोई इरादा नहीं रखती थी। शायद वह भी सावनसन की भांति ही अभिनय कर रही थी। हकीकत यही थी कि उसे अपने पति की मौत का कोई दुख नहीं था।

हां वह सावनसन से भयभीत जरूर लग रही थी। जैसे कि प्राय इन्सान उससे भयभीत रहता है—जिससे किसी भेद के खुल जाने का अन्देशा हो। महिला का भय भी कुछ ऐसा ही था।

सावनसन को कोठरी में भेज दिया गया।

अगले दिन कोठरी में ही एक व्यक्ति उससे मिलने आया। उसकी ठोड़ी पर छोटी-सी दाढ़ी थी जिसमें कहीं-कहीं सफेद बाल चमक रहे थे।

"मेरा नाम जान मार्को है," आगन्तुक ने बताया, "सरकार की तरफ से मुझे तुम्हारा वकील निश्चित किया गया है। तुम्हें किसी के जीवन से नहीं खेलना चाहिए था। खैर—मेरी कोशिश रहेगी कि तुम्हारे बचाव के लिए कुछ कर सकूं—। इन निराशा-पूर्ण परिस्थितिओं में कोई ऐसा रास्ता ढूंढ़ना होगा—जिससे तुम्हारी जान बच सके।" उसने ऐनक उतारकर उसके शीशे साफ किए और उसे पुनः नाक पर जमा लिया। "पागलपन का बहाना कैसा रहेगा···?"

सावनसन उछलकर खड़ा हो गया। वह खौफ से थर-थर कांप रहा था। जनसाधारण की भांति उसने भी सुन रखा था कि पागलों का दिमाग सामान्य पर लाने के लिए उनपर अजीब अनूठे तरीकों से काम लिया जाता है। इलैक्ट्रिक शाट इत्यादि···।

"नहीं-नहीं!"—वह चिल्ला उठा, 'मुझे पागलखाने न भिजवाएं—वहां से मैं जिन्दा वापिस नहीं आ सकूंगा। मैं सचमुच पागल हो जाऊंगा—।"

"मत भूलो कि तुमने कत्ल किया है जिसकी सजा से बचने का तुम्हारे सामने और कोई रास्ता नहीं है।" वकील ने सर्द लहजे में कहा, "मैं तुम्हारे निरीक्षण का प्रबन्ध करता हूं।" उसने जैसे बात ही खत्म कर दी और विजयात्मक मुस्कान के साथ विदा हो गया।

उसके जाते ही सावनसन ने सलाखों वाला दरवाजा पकड़कर

हिलाना और चीख-चीख कर गार्डों को बुलाना शुरू कर दिया। उसकी चीखें सुन आखिर एक गार्ड आ ही गया। वह यह देखकर चकित था कि अब तक बिल्कुल खामोश और शान्त रहने वाला शान्तिप्रिय-सा कैदी इस समय आसमान सिर पर उठाए हुए था और ना जाने किस खौफ से उसका चेहरा अचानक ही पीला पड़ गया था।

"मुझे"—सावनसन गिड़गिड़ाया,—भगवान के लिए मुझे एक कागज और पेंसिल ला दो—मैं एक टेलीग्राम भिजवाना चाहता हूं।"

गार्ड ने कागज-पेंसिल ला दिया तो सावनसन ने हेलन के नाम—जनरल डिलिवरी द्वारा टसकन के पत्ते पर टेलीग्राम के लिए यह सन्देश लिखा।

"तुरन्त वापिस आ जाओ—मैं सख्त मुसीबत में हूं—सावनसन।"

"यह टेलीग्राम तुरन्त भिजवा दो—।" उसने अनुनय की।

"बात क्या है—आखिर एकाएक यह तुम्हें हो क्या गया है?" गार्ड ने सांत्वनापूर्ण लहजे में कहा और सलाखों के बीच से ताजा अखबार उसकी तरफ बढ़ाते हुए बोला,—"लो—यह आज का अखबार पढ़ो—ध्यान बंट जाएगा।"

अखबार सावनसन को पकड़ाकर वह लौट गया। अभी वह राहदारी के मोड़ तक ही पहुंचा होगा कि उसने पीछे से सावनसन की चीख-सी सुनी। वह दौड़ता हुआ वापिस आया। सावनसन वहीं संज्ञा-शून्य-सा बैठा था। फटी-फटी आंखों से वह एकटक अखबार को घूर रहा था जो उसके सामने फर्श पर पड़ा था।

गार्ड ने कोठरी का ताला खोला और यह देखने के लिए अखबार उठा लिया कि आखिर वह कौन-सी खबर है जिसने कैदी को भयभीत व आतंकित कर दिया है। पहले पृष्ठ पर ही मोटे-मोटे अक्षरों में सुर्खी थी—

टसकन जाने वाली बस दुर्घटना ग्रस्त·· सात यात्री मरे।

मरने वालों की छपी सूची में मिसेज हेलन सावनसन का नाम था। उसका बच्चा साधारण रूप से घायल हुआ था और अस्पताल में था।

सावनसन एकाएक ही उठ खड़ा हुआ—गार्ड को पकड़कर झंझोड़ने ही तो लगा वह ।

“मुझे रिहा कर दो···मुझे जाने दो। मेरा बच्चा अकेला है···मैंने कत्ल नहीं किया···मैं बेगुनाह हूं···बेगुनाह—।”

□ □ □

“मुझे बताया गया है कि तुम मुझसे मिलना चाहते हो।” पुलिस डिटेक्टिव बटलर ने कोठरी में कदम रखते हुए कहा।

“हां—मैंने सुना है कि आप ही सबसे अधिक सहृदय और दयावान आफिसर हैं। इसीलिए मैंने आपसे मिलने की ही प्रार्थना की थी।” सावनसन ने कहा।

“बात क्या है—?” बटलर ने स्पष्ट लहजों में पूछा।

“कल्पना कीजिए···भगवान न करे···आपका बच्चा एड़ियां रगड़-रगड़कर मर रहा हो, आपकी बीवी भूखों मर रही हो और आपकी जेब में एक सिक्का भी न हो और···और इस अवस्था में आप अखबार में एक घोषणा पढ़ें कि एक कातिल को पकड़वाने वाले को एक हजार डालर इनाम दिया जाएगा···तो आप क्या करेंगे ?” विक्षिप्तों की सी अवस्था में एक-ही सांस में कह-पूछ गया था सावनसन ।

“कोई भी तुम्हारे इस सवाल का सही जवाब उस वक्त तक नहीं दे सकता जब तक वह सचमुच ही इन परिस्थितियों से ना घिरा हो—।” बटलर उसके चेहरे पर निगाहें डालते बोला, “क्या तुम मुझे यह बताने की कोशिश कर रहे हो कि तुम इसी तरह यहां पहुंचे हो।”

“हां—आप बिल्कुल सही समझे हैं—।” सावनसन ने एक गहरा सांस लिया, “पर सिर्फ इतना ही नहीं—मैं एक बार फिर मिसेज रेंगर से मिलना चाहता हूं। मुझे यकीन है कि उसने मुझे पहचानने में गलती की है···लेकिन अब वह बहुत से लोगों में अपनी इस भूल को सुधारने में हिचकिचाएगी। इसलिए मेरा अनुनय है कि मुझे उससे एकान्त में मिला दिया जाए। मेरे बचाव का एकमात्र स्रोत केवल वही औरत है। मुझे एक बार उसकी गलतफहमी दूर करने का अवसर जरूर मिलना चाहिए।”

बटलर उठ खड़ा हुआ—कोठरी से निकलने के बाद बोला।

"मैं कोशिश करूंगा—।" और सावनसन को लगा जैसे वह इस पुलिस आफिसर को प्रभावित करने में सफल हो गया है।

सावनसन की इच्छा पूरी कर दी गई। मिसेज रैंगर एक पुलिस आफिसर के साथ उस कमरे में आई जहां सावनसन को पहले ही बिठाया गया था। सावनसन पर नजर पड़ते ही वह बिगड़ उठी।

"मुझे नहीं मालूम था कि मुझे दोबारा इस कातिल का चेहरा देखने के लिए यहां बुलाया गया है। आप लोग नहीं जानते यह मेरे लिए कितना कष्टप्रद है—कितना असहनीय है। वह पुलिस आफिसर की तरफ मुड़ी—लेकिन वह वापिस जा रहा था। मिसेज रैंगर लगभग चीख उठी। "तुम कहां जा रहे हो? मुझे एक हत्यारे के पास अकेले छोड़े जा रहे हो? क्या जानते नहीं कि यह कितनी खतरनाक बात है?"

"हम बाहर दरवाजे के निकट ही मौजूद हैं मिसेज रैंगर।" पुलिस आफिसर ने जवाब दिया, "आप डरें नहीं—उसने अकेले में आपसे मिलने की इच्छा की है। शायद उससे वात करने में आपका कोई फायदा हो।"

आफिसर कमरे से निकल गया—दरवाजा उसने बाहर से बन्द कर दिया। मिसेज रैंगर सावनसन की तरफ मुड़ी—। "कहो अब तुमने क्या कहने है हत्यारे—।" कहते हुए उसने एक सिगरेट सुलगा लिया।

"मुझे गौर से देखिए मिसेज रैंगर—।" सावनसन ने धीमे स्वर में कहा, "मैं वह शख्स नहीं हूं जो वारदात की रात···आपके घर के सामने—आपकी कार के निकट मंडला रहा था। आपने शायद मुझे पहचानने में गलती की है—भ्रमवश ही मिसेज रैंगर···। आप जानती हैं कि मैं वह शख्स नहीं हूं।"

"क्या सचमुच ही नहीं जानती मैं···।" अजीब से अन्दाज में बोली वह—होंठों से धुंआ उगलते हुए ही।

"यह वात केवल हम दोनों के बीच ही है मिसेज रैंगर—।" अब सावनसन का लहजा भी बदला हुआ था।

मिसेज रैंगर की भौंहें तन गईं। "तुम ही वही शख्स हो·।" वह एक-एक शब्द पर जोर देते बोली, "जिसे उस रात मैंने देखा

था—।"
"यह नहीं हो सकता—आपको यकीनन गलतफहमी हुई है।"
उसे सूझ नहीं रहा था कि किस भान्ति इस औरत को कायल
करे। अन्ततः उसके मस्तिष्क में वही एक दलील आई जिसका
उसे सहारा था—। 'इस शहर में एक ऐसा डाक्टर भी मौजूद
है जो गवाही देगा कि उस रात मैं अपने घर में ही मौजूद था।
वह हमारे बच्चे को देखने के लिए आया हुआ था। उसका नाम
ब्राडले मेरड़ है। तुम मेरे कथन की सत्यता उनसे जान सकती
हो।"
"डाक्टर ब्राडले मेरड···।" मिसेज रैंगर विचित्र से भाव में
बड़बड़ाई और उठ खड़ी हुई। सिगरेट उसकी उंगलियों में कांप
रहा था और यह एकटक सावनसन को घूर रही थी। फिर उसने
सिगरेट फर्श पर फेंक कर जूते की ऐड़ी से कुचल दिया।
"मुझे उससे सत्यता जानने की जरूरत नहीं—।" वह कठो-
रता से बोली, "मैं अब भी यही कहूंगी कि तुम ही मेरे शौहर
के कातिल हो।" फिर वह तेजी से दरवाजे की तरफ बढ़ी और
बाहर जाते वक्त मानों दूसरों को सुनाने को ही ऊंची आवाज
में बोली, "मुझे पता होता कि मुझे दोबारा इस निर्दयी दरिन्दे
का सामना करना पड़ेगा तो मैं कभी यहां न आती—।"
ठीक उसी क्षण साथ वाले कमरे में डिटेक्टिव बटलर ने डेकटा
फोन का स्विच आफ किया और गहरी सांस लेकर बोला, "श्रीमति
जी को सिर्फ कमरे से निकलते वक्त गुस्सा आया है ताकि दूसरे
देख सकें—।" वह डेक्टाफोन पर ही उस कमरे में हुई एक-एक
बात सुनता रहा था।
दूसरे ही क्षण फोन का रिसीवर—उठा वह आपरेटर को
कह रहा था—। "डाक्टर ब्राडले मेरड का पता तलाश कर के
बताओ—तुरन्त।"
थोड़ी ही देर बाद—आपरेटर ने फोन कर डाक्टर का पता
उसे लिखवा दिया। बटलर ने कुछ जरूरी काम जल्दी-जल्दी निप-
टाये और हैट उठाकर आफिस से निकल आया। वह पैदल ही
एक तरफ रवाना हो गया। गन्तव्य स्थल पर पहुंचने के लिए उसे
खासी दूरी तय करनी पड़ी थी। उसकी मंजिल डाक्टर की

क्लिनिक ही थी।

यहीं आकर जाना कि क्लिनिक वास्तव में डाक्टर के घर में ही थी। एक पुराना सा भवन था यह। उसने इस फ्लैट की घंटी बजाई तो एक प्रौढ़ावस्था की घरेलू-सी औरत ने दरवाजा खोला।

बटलर ने डाक्टर से मिलने की इच्छा व्यक्त की।

"वह कुछ देर पहले ही घर से गए हैं—।" महिला शलीन अन्दाज में बोली, "एक एमरजेन्सी काल आई थी। आप चाहें तो प्रतीक्षा कर लें। वह शीघ्र ही लौट आएंगे—।"

बटलर उसके पीछे-पीछे वेटिंग रूम में पहुंचा और एक पुराने से कौच पर बैठ गया।

"क्या आपकी उनसे मुलाकात तय है—।" महिला ने पूछा। वह निस्सन्देह ही डाक्टर की पत्नी थी और शायद अपने पति की सेक्रेटरी के कर्त्तव्य भी वही निभाती थी।

"मैं मरीज नहीं हूं—।" बटलर ने उसकी तसल्ली के लिए कहा। लेकिन यह नहीं बताया कि उसका सम्बन्ध पुलिस विभाग से है—फिर कुछ सोचते हुए पूछा, "क्या आप बता सकती हैं कि डाक्टर के मरीजों में सावनसन नाम का कोई व्यक्ति भी है—दरअसल मैं निश्चिन्त हो जाना चाहता हूं कि मैं सही जगह आया हूं कि नहीं।"

"मैं उनके बिलों में यह नाम ढूंढती हूं·· जिनकी पैमेंट नहीं हुई। अधिकांश बिल ऐसे ही—।" उसे वाक्य पूरा करने की जरूरत नहीं थी—क्योंकि मेज पर रखे बिलों के जिस ढेर में उसने हाथ मारना आरम्भ किया था—वह काफी ऊंचा था। उसे पांच छः मिनट लग गए। अन्ततः उसने सिर उठाया—। "हां—जेरोम सावनसन नाम का एक मरीज है तो सही—।" फिर एकाएक ही उसने नाक सुकोड़ हवा में कुछ सूंघा—। "ओह—शायद सब्जी जल रही है—।" वह पलटी और दौड़ती हुई अन्दर चली गई।

बटलर ने एक लम्बी सांस ली। डाक्टर बेचारा बहुत ही शरीफ आदमी था और अपने रोगियों से बिल भी वसूल नहीं कर पाता था। वक्त बिताने को ही वह वहां पड़ी पुरानी पत्रिकाओं को उलटने-पलटने लगा। आधा घन्टा बीत गया। इस बीच दर-

बाजे या टेलीफोन की घन्टी एक बार भी नहीं बजी। आखिर डाक्टर की पत्नी अन्दर और कमरे में झांकते हुए हैरानी से बोली, "वह अभी तक वापिस नहीं आए—हैरत है। जाते हुए उन्होंने कहा था कि वह दस मिनट में वापिस आ जाएंगे। क्लिनिक का वक्त भी हो चुका है।"

बटलर स्वयं भी एक अनूठी सी बेचैनी महसूस कर रहा था, "क्या वह काल उसके किसी पुराने मरीज की थी—।" उसने पूछा।

"मेरा ख्याल है कि अगर ऐसा होता तो मुझे वह नाम जरूर बताते।" उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा था था कि किसी औरत का फोन है जिसके बच्चे ने कुछ निगल लिया है।"

"जरा देखिए—उन्होंने शायद वह एड्रेस नोट किया हो—जहां वह जा रहे थे—।" कुछ सोचते हुए कहा बटलर ने।

औरत डाक्टर की मेज तक गई और राईटिंग पैड देखने के बाद बोली—। "उन्होंने एड्रेस लिखा तो था—पर लगता है जाते समय ऊपर का वह पेज फाड़ कर साथ ही ले गए हैं—कि कहीं पता भूल न जाए।"

बटलर ने स्वयं उठ कर राईटिंग पैड का निरीक्षण किया—उसकी बेचैनी बढ़ती जा रही थी—। "क्या आप मुझे थोड़ा सा कोयले का चूरा ला कर दे सकती हैं—।"

वह दौड़ती हुई अन्दर चली गई और थोड़ी ही देर बाद एक कागज पर कोयले का चूरा लिए वापिस आई—बटलर ने वह पाउडर राईटिंग पैड के ऊपरी पृष्ठ पर बिखेरा और फूंक मारकर उड़ा दिया। अब कागज पर कुछ स्याह शब्द उजागर नजर आ रहे थे। दरअसल ऊपर वाले कागज पर लिखते समय—कलम के दबाव से इस नीचे वाले पेज पर भी निशान पड़ गए थे—जिनमें कोयले का चूरण भर गया तो स्पष्ट—उजागर नजर आने लगे।

"पच्चहत्तर···हनसन रोड···।" बटलर ने झुक कर वे शब्द पढ़े, "यह जगह तो यहां से काफी दूर है। और अति आवश्यक परिस्थितियों में इतनी दूरी से डाक्टर को बुलाना बड़ी अजीब बात है। क्या डाक्टर कार पर गए हैं ?"

"जी हां—हमारे पास एक पुरानी कार है—।"

"तब तो उन्हें अब तक वापिस आ जाना चाहिए था।" बटलर ने कहा, "मुझे उस कार का नम्बर बता दीजिए···।" नम्बर नोट करने के बाद वह बोला, "मैं जा रहा हूं···अगर डाक्टर साहब मेरी अनुपस्थिति में आ जायें तो उनसे कहना मेरा इन्तजार करें···।" वह यह कहते हुए रुक गया था कि वैसे डाक्टर की वापसी की आशा कम ही है। क्योंकि यह सुनकर औरत और भी भयभीत हो जाती।

गली में आकर उसने एक टैक्सी रोकी और उसे पता बताते हुए कहा, "जितनी तेज रफ्तार से हो सके—चलो—इस काम का सम्बन्ध पुलिस से है।"

ड्राईवर ने उसकी आज्ञा का पालन किया तो रास्ते में ट्रैफिक पुलिस का एक आदमी उनके पीछे लग गया। वह मोटर साईकिल पर था। रास्ता बनाते वह टैक्सी की खिड़की के समान्तर आया तो बटलर ने अपना कार्ड निकाल कर उसके सामने लहराया—कहा, "तुम भी साथ आ जाओ—मामला महत्व का है।"

हनसन रोड पर पहुंच कर उन्होंने देखा कि वह मकान एक सुनसान जगह पर है। उसका निर्माण भी अभी अपूर्ण ही था और उसके चारों तरफ कांटेदार झाड़ियां फैली हुई थी। मकान को दूर ही से देख कर अन्दाजा होता था कि उसमें कोई रहता नहीं है।

"यह एड्रेस देकर कोई आपको मूर्ख बना गया है सर—।" टैक्सी ड्राईवर ने मकान पर दृष्टिपात करते कहा।

"मूर्ख तो सचमुच ही बनाया गया है।" बटलर ने टैक्सी से उतरते हुए कहा, "लेकिन मुझे नहीं किसी और को—।" फिर वह झाड़ियो में घुसते हुए मुड़ कर ट्रैफिक सार्जेन्ट से सम्बोधित हुआ, "निकट के किसी बूथ से हैड क्वार्टर को फोन करके फोर्स मंगवा लो। उनसे कहना कि आस-पास के क्षेत्र में इस नम्बर की एक पुरानी कार तलाश करने की कोशिश करें," उसने डाक्टर की कार का नम्बर बताया।" यह कार यकीनन ही कहीं आस-पास होगी।

मकान में प्रवेश करते ही बटलर को एक व्यक्ति जमीन पर ढेर नजर आया। उसके निकट ही डाक्टरों वाला बैग औन्धा पड़ा था। इस शख्स के बदन पर गोलियों के तीन निशान थे जिनसे

खून बहना अभी बन्द नहीं हुआ था। स्पष्ट था—इस वारदात को अधिक देर नहीं हुई थी।

दीवार पर एक कील में लालटेन लटकी हुई थी जो बुझ चुकी थी। लेकिन उसकी चिमनी अभी तक गर्म थी। लालटेन जरूर इसलिए जलाई गई थी कि दूर से मकान में रोशनी नजर आये और यह लगे कि यहां कोई रहता है। इसके अलावा वह औरत बाहर से ही डाक्टर को बातों में लगा कर अन्दर ले आई होगी। बेचारे डाक्टर को तो अन्तिम क्षण तक इस बात का अहसास ही नहीं हुआ होगा कि उसके लिए कोई जाल फैलाया गया है।

□ □ □

रात को···तीन बजे बटलर हवालात की कोठरी में सावनसन से मिलने गया। सावनसन उस वक्त सोया हुआ था। बटलर ने उसे जगाया। अन्धेरे में सावनसन उसे देखकर डर गया—पर फिर उसकी आवाज सुनते ही निश्चिन्तता की एक गहरी सांस ली उसने।

"मैं तुमसे कुछ बातें करने आया हूं—।" बटलर ने एक सिगरेट सुलगा उसे देते हुए कहा, "अपनी आवाज नीची ही रखना।" सावनसन सम्भल कर बैठ गया तो बटलर ने बताया, "तुम्हारा दोस्त डाक्टर ब्राडले कत्ल कर दिया गया है।"

"ओह···।" सावनसन की चीख निकलते-निकलते रह गई। यानि कि अब मैं कभी भी इस जेल से नहीं निकल सकूंगा! पहले मेरी बीवी मर गई और अब डाक्टर कत्ल कर दिया गया···यही दोनों ही तो मेरी बेगुनाही के गवाह थे।"

"रोना-धोना बन्द करो।" बटलर बोला—"डाक्टर की हत्या एक तरह से तुम्हारे लिए लाभदायक ही सिद्ध हुई है। उसकी हत्या के बाद मैं यह सोचने पर विवश हो गया हूं कि तुम्हारी कहानी में कुछ न कुछ सच्चाई जरूर है। कोई अज्ञात हस्ती इस कोशिश में है कि तुम रैन्गर की हत्या के इल्जाम से बरी ना होने पाओ—इसी लिए डाक्टर का मुंह भी बन्द कर दिया गया है। डाक्टर की हत्या का कोई दूसरा कारण समझ में नहीं आता। और ध्यान देने योग्य बात तो यह है कि कल शाम डाक्टर

का नाम एक ही हस्ती के सम्मुख लिया गया था... और वह है रैन्गर की बीवी। उसके एक घन्टे बाद ही डाक्टर को कत्ल कर दिया गया। इसका मतलब है कि अगर कोई और ऐसा शख्स सामने आए जो तुम्हारी बेगुनाही का सबूत दे सकता है तो उसे भी कत्ल करने की कोशिश की जाएगी।" सोच से डूबे लहजे में ही कहा था बटलर ने।

"लेकिन अब ऐसी हस्ती कोई भी नहीं है।" सावनसन ने निराशा से कहा।

'फर्ज कर लो कि ऐसा शख्स मौजूद है और उसका नाम ललकोस्ट है।" बटलर ने दबे स्वर में लेकिन एक-एक शब्द पर जोर देकर कहा, "ललकोस्ट भी डाक्टर है। वह भी तुम्हारा दोस्त है और तुम्हारी ही तरह स्वीडिश है। बुध की रात को डा० ब्राडले के साथ-साथ तुमने उसे भी सलाह-मशवरे के लिए बुलवाया था। क्योंकि तुम और तुम्हारी पत्नी बच्चे के लिए बहुत ज्यादा परेशान थे। और डाक्टर ललकोस्ट तुम्हारी बेगुनाही की गवाही देने इसलिए सामने नहीं आ सके कि उस रात के बाद वह दूसरे दिन सुबह ही विदेश चले गए थे और उन्हें इस मामले का कुछ भी ज्ञान नहीं है। वैसे वह एक कट्टरपन्थी इन्सान हैं और सिर्फ स्वीडिश अखबार ही पढ़ते हैं। तुम्हें विश्वास है कि तुम उसे सूचना दोगे तो वह तुम्हारे हक में गवाही देने जरूर आयेंगे। यह सब बातें अच्छी तरह अपने दिमाग में बिठा लो। तुम्हारे बचाव का अब यही एक रास्ता है। तुम किसी भी आफिसर से प्रार्थना करोगे कि तुम्हें डाक्टर ललकोस्ट को टेलीग्राम देने की इजाजत दी जाए। तुम ये सारी बातें उस आफिसर को बताओगे। समझे? डाक्टर कार्ल ललकोस्ट का हुलिया यह है कि सफेद बालों वाला एक झक्की सा इन्सान है। उसकी ठोढी पर छोटी सी दाढ़ी है... वह ढीले ढाले कपड़े पहनता है। आंखों पर मोटे-मोटे शीशे की ऐनक। जिस आफिसर से भी तुम टेलीग्राम देने की प्रार्थना करोगे—उसे यह हुलिया जरूर बताओगे—चाहे वह पूछे या न पूछे। शेष मैं ठीक कर लूंगा—यह स्वीडिश डाक्टर मेरा मित्र है—मैं उसे सब समझा दूंगा। अपराधी को सामने लाने के लिए इसे चारा बनाना होगा—समझे। आगे मैं स्वयं

सम्भाल लूंगा। और आज के बाद से मेरी तुम्हारी मुलाकात नहीं होगी।

□ □ □

"आप को कुछ देर इस कमरे में इन्तजार करना पड़ेगा मिसेज रैन्गर—।" पुलिस आफिसर ने उसके लिए, एक कुर्सी खींचते हुए कहा, "सम्बन्धित आफिसर डिस्ट्रिक एटार्नी के आफिस में है और वह कुछ देर तक आपको बुलवायेंगे।"

मिसेज रैन्गर कुछ खिन्न सी ही उस कुर्सी पर बैठ गई।

"मैं पुलिस को यथा सम्भव सहयोग देना चाहती हूं।" वह अप्रसन्नता से ही बोली—"पर मेरी इस भावना का अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। यह तीसरी बार है जो मुझे यहां बुलाया गया है।"

"मुझे आशा है इसके बाद आपको कष्ट नहीं दिया जाएगा।" पुलिस आफिसर ने कोमलता से कहा और दरवाजे की तरफ बढ़ गया। फिर अचानक ही जैसे उसे कुछ याद आ गया हो...वह पलट कर मेज की तरफ इशारा करते हुए बोला, "कृपया इस यंत्र को हाथ न लगाइएगा। यह वास्तव में डेकटाफोन है—और यह उस कमरे से सम्बन्धित है जहां मुजरिमों से पूछ-ताछ की जाती है। यहां किसी को बिठाने की इजाजत नहीं है। लेकिन आप...आप पर हमें पूरा-पूरा विश्वास है।" वह मुस्कराया। कमरे से निकल...दरवाजा बन्द कर दिया।

मिसेज रैंगर जिज्ञासा भरी नजरों से ही उस यंत्र को देख रही थी। उसके कदमों की आहट लुप्त होते ही मिसेज रैन्गर ने मेज पर नजर आ रहा लीवर दबा दिया। उसके निकट ही पड़े हैड-फोन पर मक्खियों की भिन भिनाहट सी सुनाई देने लगी। उसने जल्दी से हैड फोन उठाकर कानों से लगा लिया।

"अब तुम क्या चाहते हो सावनसन..." एक भारी आवाज सुनाई दी—"पिछले एक हफ्ते से तुमने मुझसे मिलने के लिए वा—वेला मचा रखा है। कहो—क्या कहना चाहते हो?"

मिसेज रैन्गर सावधान हो कर बैठ गई। उसकी जिज्ञासा अब और बढ़ चली थी। जवाब में सावनसन की जानी-पहचानी आवाज सुनाई दी—"मैं यही कहना चाहता था जनाब कि अब

भी एक ऐसा शख्स मौजूद है जो मेरी बेगुनाही की गवाही दे सकता है कि जिस रात कत्ल हुआ है मैं अपने फ्लैट में ही मौजूद था।"

"कौन है वह—?" भारी आवाज में पूछा।

"वह एक बूढ़ा स्वीडिश डाक्टर कार्ल ललकेस्ट है। डाक्टर ब्राडले ने मेरी प्रार्थना पर उसे भी बुला लिया था।"

"अगर वह तुम्हें जानता है तो अब तक सामने क्यों नहीं आया ?"

"वह अगले ही दिन विदेश चला गया था। वैसे भी वह सिर्फ स्वीडिश अखबार ही पढ़ता है। उसे अब तक मेरी गिरफ्तारी का पता भी नहीं लगा होगा। वह एक सहृदय इन्सान हैं फिर मेरे एक दयावान मित्र भी" सावनसन उसका हुलिया दोहराने लगा, फिर अन्त में बोला, "वह तो डाक्टर ब्राडले के चले जाने के बाद भी बैठा रहा था—और मुझे मशवरे देता रहा था।"

"फिर अब तुम क्या चाहते हो—?" भारी आवाज ने पूछा।

"मुझे सिर्फ उसके नाम एक टैलीग्राम भेजने की इजाजत चाहिए।"

एकाएक कमरे के बाहर भारी बूटों की चरमराहट सुनाई दी। मिसेज रैंगर ने तुरन्त ही हैडफोन उतारकर मेज पर डाल दिया और लीवर दबा दिया। वही आफिसर जो उसे वहां बिठा कर गया था—पुनः दरवाजे पर प्रकट हुआ और व्यवहारिक मुस्कान के साथ बोला—"माफ कीजिए मिसेज रैंगर···आप को इन्तजार का कष्ट उठाना पड़ा। आइए—।"

"कोई बात नहीं—।" मिसेज रैंगर ने बेहध्यानी की अवस्था में कहा। उसका मस्तिष्क कहीं और उलझा हुआ था।

▭ ▭ ▭

बूढ़ा डाक्टर ललकोस्ट ट्रेन के एक कम्पार्टमेंट में अपनी सीट पर बैठा···एक स्वीडिश अखबार पढ़ने में मग्न था। ट्रेन की गति धीमी पड़ने लगी। एक कन्डेक्टर ने कम्पार्टमेंट में आकर आने वाले स्टेशन की घोषणा की और कहा कि वहां उतरने वाले यात्री कृपया तैयार हो जायें।

बूढ़े डाक्टर ने ऐनक की ओट से कन्डेक्टर को देखा—और फिर अखबार पढ़ने में मगन हो गया। उसकी मंजिल अगला स्टेशन थी। ट्रेन रुकी तो वर्दी पहने कुली के साथ···लगभग बाईस साल का एक लम्बे कद व सम्पन्न सा दिखाई देने वाला युवक—कम्पार्टमेंट की राहदारी में दाखिल हुआ। पोर्टर ने अखबार पढ़ने में मगन डाक्टर की तरफ इशारा किया और उस युवक ने उसको धन्यवाद देते हुए एक नोट उसकी मुट्ठी में थमा दिया। पोर्टर राहदारी से होता हुआ दूसरे कम्पार्टमेंट में चला गया। और वह लम्बे कद वाला युवक बूढ़े डाक्टर की तरफ बढ़ आया।

"माफ कीजिए—क्या आप ही डाक्टर कार्ल ललकोस्ट हैं ?" उसने बूढ़े डाक्टर का कन्धा थपथपाते हुए कहा।

डाक्टर ने चौंक कर सिर उठाया और ऐनक नाक पर खिसकाते हुए उसकी तरफ देखा।

"हां—क्यों···तुम कौन हो ?" उसने स्वीडिश लहजे में पूछा।

आगन्तुक युवक की आवाज धीमी हो गई कि डाक्टर के अतिरिक्त कोई और सुन न सके—"मुझे पुलिस हैडक्वार्टर से भेजा गया है कि मैं रास्ते ही में ट्रेन पर आपसे मिलूं—और ग्रेन्ड सैन्ट्रल की बजाय यहीं से आपको साथ ले चलूं—।"

"मुझे हिरासत में तो नहीं लिया जा रहा—" शंकित भाव से ही पूछा डाक्टर ने।

"नहीं—नहीं—।" युवक हंस पड़ा। "ऐसी कोई बात नहीं है। बस डिस्ट्रिक एटार्नी निजि तौर पर आपसे मिलना चाहते हैं। और मुझे आपको सकुशल वहां तक पहुंचाने के लिए भेजा गया है। यह सावधानी इसलिए भी बर्ती जा रही है कि सैन्ट्रल स्टेशन पर सम्वाददाता आपकी नाक में दम कर देंगे। बाहर आप के लिए सरकारी गाड़ी खड़ी है। आपका सामान कहां है—लाइए में उठा लेता हूं।"

"ठीक है—" डाक्टर ने उठते हुए कहा। फिर बर्थ से अपना ट्रेवलिंग बैग उतारना चाहा—जिसे उस युवक ने तुरन्त ही थाम लिया।

डाक्टर युवक के पीछे-पीछे ही ट्रेन से उतर कर प्लेटफार्म

पर आ गया।

"बुरा मत मानिएगा—" हैडक्वार्टर से आने वाले युवा आफिसर ने नम्र लहजे में कहा।" मैं केवल अपनी तसल्ली के लिए पूछना चाहता हूं—आपके पास अपनी आईडेन्टटी (शिनाख्त) का कोई कागज हैं—दरअसल गलती से किसी दूसरे को लेकर मैं हैडक्वार्टर नहीं पहुंचना चाहता। ऐसी गलती से मुझे अपनी नौकरी से भी हाथ धोना पड़ सकता है।"

डाक्टर ने अपने ढीले-ढाले कपड़ों को टटोला—"मेरे पास ऐसे कोई विशेष कागजात नहीं हैं। हां कुछ बिल इत्यादि हैं।" वह उलझे-उलझे लहजे में बोला—हां—ठहरो—मेरे पास—मेरे दोस्त का वह टेलीग्राम भी है जिसके कारण ही मैं वापिस यहां आया हूं।" उसने जेब से एक लिफाफा निकाल कर पुलिस आफिसर की तरफ बढ़ा दिया।

उसने लिफाफे में से टेलीग्राम निकाल कर पढ़ा—।

"डाक्टर कार्ल ललकोस्ट'''सैन्ट पाल'''। कृपया तुरन्त आकर जेल में मुझसे मिलो। मुझ पर कत्ल का इल्जाम है और मुझे केवल आपकी गवाही ही बचा सकती है—सावनसल।"

टेलीग्राम पढ़ युवा आफिसर ने इत्मिनान से सिर हिलाया।

"बस यही शिनाख्त काफी है—" उसने कहा और डाक्टर को लेकर बाहर की ओर चल दिया। जिस कार का उसने जिक्र किया था वह स्टेशन से कम-से-कम एक ब्लाक के फासले पर एक निर्जन जगह पर खड़ी थी। और उस पर पुलिस का कोई निशान इत्यादि भी नहीं था। यह सतर्कता भी सम्भवत: देखने वालों की अवांछनीय उत्सुकता से बचाने के लिए बर्ती गई थी। पर डाक्टर ने इन सब बातों की तरफ ध्यान ही नहीं दिया था।

कार में कोई ड्राईवर भी नहीं था। युवा आफिसर ने डाक्टर का बैग पिछली सीट पर रखा और अगला दरवाजा खोलते हुए बोला, "आप मेरे साथ आगे ही बैठें—ताकि बातों में रास्ता काटा जा सके। हमें काफी दूर तक जाना है।"

सफर शुरू हुआ।

"सफर कैसा रहा—।" युवा आफिसर ने जैसे बात करने की इच्छा से ही पूछा।

"ओं···हां ··बड़ा खर्च आ गया—मेरा इस सफर पर···।" डाक्टर ने चौंककर कहा,—"मेरी प्रेक्टिस इन दिनों इतनी अच्छी नहीं जा रही है। अगर स.वनसन जैसे पुराने दोस्त का मामला न होता तो मैं कभी भी न आता। बेचारा किसी न किसी मुसीबत में फंसा ही रहता है। अब···यह इस कत्ल के मामले में कैसे फंस गया ?"

"सॉरी···।" जवाब मिला, "हमें आपसे इस बारे में किसी प्रकार की भी बातचीत करने की इजाजत नहीं है—। जब तक आपसे पूछताछ नहीं की जाती···तब तक तो बिल्कुल ही नहीं।" वह फिर सामान्य चर्चा पर आ गया। "हां तो आप कह रहे थे कि आपकी प्रेक्टिस अच्छी नहीं चल रही ?"

"हां—कुछ ऐसी ही है—।" डाक्टर ने जवाब दिया।

"आप वापिस अपने देश जाकर क्यों नहीं करते प्रेक्टिस ?"

"उसके लिए सरमाया चाहिए···मैं कहां से लाऊं धन···।"

"हां—यह तो है।" आफिसर ने सिर हिलाया और खामोश हो गया। सफर की समाप्ति जिस भवन पर जाकर हुई···अगर डिस्ट्रिक अटार्नी का निवास स्थान था तो आश्चर्य की ही बात थी। हाई-वे से बहुत दूर एक वीरान स्थान पर यह इमारत अकेली ही सिर उठाए खड़ी थी। इस समय शाम के साये भी गहरे हो रहे थे।

"यहां उतरना है ?" डाक्टर ने आफिसर को कार का दरवाजा खोलते देख कर पूछा।

"हां—नीचे उतर आईए—।" उसने लहजे में एक स्पष्ट-सा परिवर्तन आ चुका था। लेकिन डाक्टर दूसरों पर विश्वास करने का आदी मालूम होता था। उसने इस परिवर्तन की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और कार से उतरकर उसके मार्ग दर्शन में मकान में प्रवेश कर गया।

युवा आफिसर ने उसका बैग हाल ही में रख दिया और उसे पीछे के कमरे में ले आया,—"तुम्हें यहां कुछ देर प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।"

"क्या डिस्ट्रिक अटार्नी अभी घर नहीं आए हैं—?" मासूमियत से ही पूछा डाक्टर ने।

"नहीं—।" जवाब दिया उसने और उसे वहां अकेला छोड़ बाहर से दरवाजा बन्द कर दिया। कदमों की आहट दूर होते ही डाक्टर आश्चर्यजनक फुर्ती से उठा और लपककर दरवाजे के निकट आया। दरवाजे का हैंडल घुमाकर देखा। दरवाजा बन्द हो चुका था। वह 'कि होल' से कान लगा आहट लेने लगा। निकट ही के किसी कमरे से नारी कण्ठ सुनाई दिया—।

"तुम उसे यहां क्यों ले आए हो—अगर उसकी जुबान भी बन्द करनी पड़े तो···यह काम यहां नहीं किसी दूसरी जगह पूरा करना—।"

"मेरा ख्याल है—इस बार हमें पहले वाला तरीका नहीं अपनाना पड़ेगा।" उसी युवक की आवाज सुनाई दी जो डाक्टर को यहां तक लाया था,—"इस बार एक और तरीके से काम बन जाएगा।"

आवाजें धीमी पड़ गईं। कुछ क्षणों बाद पदचाप फिर सुनाई दिए तो डाक्टर तुरन्त ही सोफे पर आ बैठा। दरवाजे का ताला खुलने की आवाज सुनाई दी और फिर दरवाजा खुलने पर वही युवक सामने था।

"डिस्ट्रिक अटार्नी अभी आए नहीं—।" किंचित व्यग्रता दर्शाई डाक्टर ने।

"उसे भूल जाओ...।" इस बार उसका लहजा सर्द था,—"यह बताओ डाक्टर कि तुम गवाही किस तरह देना चाहोगे—जिसके लिए तुम्हारा दोस्त इतनी कोशिश कर रहा है—तुम्हारी गवाही क्या मौखिक ही है या उसके लिए कोई लिखित प्रमाण भी है तुम्हारे पास।"

"कुछ सीमा तक मौखिक और एक सीमा तक लिखित भी—।" सादगी से जवाब दिया डाक्टर ने,—"मैं एक डायरी में अपने हर मरीज की तरफ से आने वाले बुलावे का पूरा रिकार्ड रखता हूं। दिन, तारीख और वक्त इत्यादि। लेकिन मुझे लिखित रूप में शायद कुछ पेश करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेरा जबानी कह देना ही पर्याप्त होगा—मैंने जीवन में कभी झूठ नहीं बोला है।"

"मुझे वह नोटबुक दिखाओ—।" आफिसर ने उसकी बात काट दी। डाक्टर ने अपने ढीले-ढाले लिबास में कहीं हाथ डाला और एक छोटी-सी नोट बुक निकालकर उसकी तरफ बढ़ा दी।

आफिसर ने उसके पृष्ठ उलट-पुलट कर देखे,—"इस नोट बुक की शहादत के तौर पर कोई महत्व नहीं। यह तो घटना के बाद भी तैयार की जा सकती है, इससे सावनसन को कोई फायदा नहीं पहुंचेगा। हां—यह तुम्हारे अपने लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकती है।"

"वह किस तरह…?" कुछ समझ न पाने वाले भाव में पुछा डाक्टर ने।

"अगर तुम्हें तुम्हारे देश वापिस भेज दिया जाए और वहां बसने के सभी खर्चे भी दिए जाएं तो कैसा रहेगा—।" उस युवक ने पूछा।

"इससे अच्छा और क्या हो सकता है—पर यह ख़र्चा देगा कौन—।" डाक्टर के स्वर में निराशा थी।

"मैं दूंगा—।" उसने कहा और हाथ में पकड़ा बड़ा-सा पर्स खोल उसमें से कुछ नोट गिन गिन कर निकाले—डाक्टर की तरफ बढ़ाते हुए कहा, "पांच हजार डालर तुम्हारे इन खर्चों के लिए काफी रहेंगे।"

"बिल्कुल काफी रहेंगे—।" डाक्टर ने सादगी से कहा और नोट ले लिए, "सावनसन वाले काम से निपटते ही मैं पहली ट्रेन से रवाना हो जाऊंगा—।"

"तुम—सावनसन या डिस्ट्रिक्ट एटार्नी…किसी से भी नहीं मिलोगे। बल्कि अभी और इसी वक्त रवाना हो जाओगे—।" युवक का स्वर फुंफकार से कम नहीं था,—"यह नोट बुक तुम मेरे पास छोड़ जाओ और सावनसन के मामले में तुम अपनी जुबान हमेशा बन्द रखोगे। इसी के बदले तुम्हें यह कीमत दी जा रही है।"

"यह कैसे हो सकता है—।" डाक्टर ने अप्रसन्नता से कहा, "सावनसन मेरा पुराना दोस्त है—और जबकि वह बेगुनाह है… मैं चुप कैसे रह सकता हूं।"

"यह क्या तुम्हारा अंतिम निर्णय है—?"

"हां—और मैं अपने निर्णय बदला भी नहीं करता।" डा० ने स्पष्ट दृढ़ शब्दों में कहा।

"मैंने तो पहले कहा था कि इसका जवाब यही होगा।" दरवाजे की तरफ से आवाज आई, सुनहरे बालों वाली एक औरत कमरे में दाखिल हो रही थी।

"फिक्र न करो—इसका भी वही इलाज करना पड़ेगा···तुम्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। फिर वह डाक्टर से सम्बोधित हुआ, "ठीक है डाक्टर···हम इस मामले को यहीं खत्म कर देते हैं। आओ मैं तुम्हें होटल पहुंचा देता हूं।" फिर उसने औरत से कहा, "तुम भी चलो रोजी—"

डाक्टर के लिए आश्चर्य अथवा शंका की कोई बात ही नहीं रही। वह उनके साथ मकान से बाहर आ गया। हाल से गुज़रते समय उसने अपना बैग स्वयं ही उठा लिया था।

"डाक्टर—तुम कार में मेरे साथ ही अगली सीट पर बैठोगे—।"

"डाक्टर ने अपने बेग पर हाथ फेरा—जैसे इतमीनान कर रहा हो कि उसकी जिप तो बंद है ना और उसे कार की पिछली सीट पर रख दिया। वह औरत भी पिछली सीट पर बैठ चुकी थी। डाक्टर आगे वाली सीट पर आ बैठा।

कार वापिस जाने की बजाए···इसी दिशा में वीराने की तरफ बढ़ने लगी। वह मकान अब काफी पीछे रह गया तो औरत बोली,—"बस ऐलन···अब तो हम काफी आगे आ गए हैं—।"

कार की गति धीमी पड़ गई और अन्ततः पेड़ों के एक झुंड के समीप रुक गई। युवक ने एक निर्णायक मुस्कान के साथ डाक्टर की तरफ देखा।

"यहां क्यों रुक गए हो—?" डाक्टर ने स्वाभाविक भोलेपन के साथ ही पूछा—जो उसके व्यक्तित्व का एक अंग ही मालूम होती थी।

"नीचे उतरो—मूर्खस्वीडिश···मैं नहीं चाहता कि जब मैं गोलियों से तुम्हारे शरीर को छलनी करूं तो तुम्हारे खून से मेरी कार खराब हो जाए—।"

डाक्टर अब भी जैसे शंकित नहीं था—हां थोड़ा-सा आश्चर्य

जरूर था—"लेकिन तुम मुझे क्यों मारोगे—मेरी तुम्हारी क्या दुश्मनी है। मैंने तो आज पहली बार तुम्हें देखा है।"

"इसलिए कि तुम सावनसन को न बचा सको—क्योंकि वह हमारे हिस्से की सजा काट रहा है—।" युवक ने जवाब दिया।

'ओह—तो इसीलिए तुमने डाक्टर ब्राडले को भी कत्ल कर दिया था।" डाक्टर के लहजे में स्वीडिश पुट अब लुप्त था।

"तुम यह भी जानते हो—।" वह युवक गुर्राया—जिसे औरत ने ऐलन कह कर पुकारा था।" "खैर—अब इससे ज्यादा तुम कुछ नहीं जान सकोगे।"

अचानक ही डाक्टर फुर्ती से एक तरफ को सरक गया था—उसने कनखियों से ही देख लिया था कि पिछली सीट से वह औरत पिस्तौल के दस्ते का वार उसकी कनपटी पर करने वाली है। उसने पिस्तौल सहित ही औरत का हाथ पकड़कर खींच लिया—और अपने व ऐलन के मध्य ढाल बना लिया। पिस्तौल अब भी औरत के हाथ में था लेकिन उस पर गिरफ्त डाक्टर उर्फ डिटेक्टिव बटलर की थी और उसकी नाल ऐलन के चेहरे की तरफ उठी हुई थी।

"डरो मत ऐलन—।" औरत फंसी-फंसी आवाज में बोली, 'मेरी परवाह न करो—इसे गोली मार दो—वह जरूर कोई पुलिस का आदमी है।"

ऐलन के हाथ में भी पिस्तौल नजर आया, पर इससे पहले कि वह फायर कर पाता—बटलर ने कुछ इस ढंग से फायर झोंक दिया कि वह मर न सके और केवल घायल ही हो। गोली उसके चेहरे के मांस को झुलसाती हुई निकल गई और वह मारे दहशत के ही खुले दरवाजे से लटककर संज्ञा शून्य-सा हो गया।

औरत बटलर की गिरफ्त में मचल रही थी। मजबूरन बटलर ने उसकी कनपटी पर एक हाथ रसीद किया—वार नपा तुला था। वह भी अचेत हो गई।

"पति की ताजा-ताजा मौत का भी तुम्हें जरा दुख नहीं हुआ और न ही तुम्हारी आवारगी पर ही कोई असर पड़ा—मिसेज रैंगर।" बटलर अचेत औरत की तरफ देखते दुख से ही बड़बड़ाया।

फिर उसने उसे पिछली सीट पर लिटा दिया। पिछली सीट पर से उसने अपना बैग उठाकर खोला और उसमें से एक छोटा-सा टेप रिकार्डर निकाला। ऐलन दरवाजे में ही लटका- खाली-खाली निगाहों से ही उसे देखते पलकें झपका रहा था।

"तुम्हारी सारी बातें इसमें रिकार्ड हो चुकी हैं।" बट. र ने टेप रिकार्डर उसकी निगाहों के सामने लहराया, "जो तुम्हें बिजली की कुर्सी तक पहुंचाने के लिए काफी है। तुम मि० रैंगर के पार्टनर थे, तुमने जरूर कारोबार में लम्बा गबन किया होगा—उसी से डर कर उसकी बीवी ्र डोरे डाल—उसे कत्ल कर देने का मन्सूबा बनाया होगा। वारदात की रात रैंगर ने तुम्हें फोन करके अपने अस्वस्थ होने की सूचना देने के साथ ही यह प्रार्थना भी की थी कि तुम समारोह में उसकी बीवी का ख्याल रखना। पर तुम होटल में ठहरने के बजाय उसके घर के आस-पास ही उसकी बीवी का इन्तजार करते रहे होवोगे —फिर तुम दोनों ने मिलकर ही सोये रैंगर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी होगी और फिर थियेटर चले गए होंगे। मिसेज रैंगर का यह ब्यान भी गलत है कि उसने थियेटर से जब घर फोन किया तो वह सकुशल थे। उस समय तो वह बेचारा मर चुका था। बहरहाल--- अब तुम हमारे कब्जे में हो और एक नया दृष्टिकोण हमारे सामने। अदालत में हम यह सब साबित कर लेंगे।" बटलर प्रसन्न नजर आ रहा था, "मूर्ख सावनसन ने न केवल अपनी जान खतरे में डाल दी थी बल्कि पुलिस विभाग को भी कुछ और खोज बीन करने का मौका नहीं दिया था।"

अपनी बात समाप्त करते ही डिटेक्टिव रैंगर ने हथकड़ी निकाल ऐलन की कलाई में पहना दी।

▭ ▭ ▭

"क्या मुझ पर फ्राड का मुकदमा चलेगा?" सावनसन ने कोठरी से नि लने के बाद कुछ सहमे लहजे में ही पूछा था।

"मेरा ख्याल है ऐसा नहीं होगा।" बटलर ने शान्तभाव से कहा, "क्योंकि यह उस अखबार पर निर्भर करता है—और अखबार वाले नहीं चाहेंगे कि उनके पाठक अधिक दिनों तक इस सौदे को याद रखें जिनसे उनकी मूर्खता प्रकट होती है। वैसे भी

तुमने उन्हें इस वर्ष की सबसे अधिक सनसनीखेज कहानी उपलब्ध कराई है। और पुलिस तुम पर मुकदमा नहीं चलाएगी क्योंकि तुम्हारे ही कारण यह रहस्य हल हो सका है। अगर तुम इस मामले में टांग न अड़ाते तो असली मुजरिम शायद कभी भी सामने नहीं आता। बहरहाल···तुम्हारे लिए मेरा मशवरा है कि भविष्य में कभी इस प्रकार की हरकत न करना। दूसरों का अपराध लेकर इस बार तो तुम बच गए—लेकिन आगे कभी ऐसा जुर्म गले भी पड़ सकता है। अब तुम शीघ्र अति शीघ्र अपने बच्चे के पास जाओ—जो मां की गोद से महरूम हो चुका है। उसे तुम्हारे दुलार की जरूरत है। मुझे आशा है—तुम्हारे समीप में वह शीघ्र ही स्वास्थ्य कर लेगा।"

"मैं अभी रवाना हो रहा हूं।" सावनसन रुन्धे गले से बोला और फिर बेबसी से हाथ मलने लगा। अपनी निर्धनता ही उसे फिर मायूस व व्यथित कर गई थी।

बटलर ने अपनी जेब से वे नोट निकाले जो ऐलन ने उसे दिए थे। सारी रकम उसने सावनसन के हाथों में रख दी। "इन्हें रख लो—और नए सिरे से अपनी जिन्दगी शुरू करो। अगर कभी इतनी रकम बचा सको तो उसे अन्य जरूरतमन्दों में बांट देना। जाओ—तुम्हारे बेटे के लिए मेरी कामनाएं तुम्हारे साथ हैं।"

इतनी रकम देखकर सावनसन की आंखें फटी-की-फटी रह गईं। उसने कांपते हाथों से नोट थाम लिए थे। उसकी आंखें डबडबा आई थीं। बटलर का चेहरा सपाट था—पर यह अंदाजा केवल सावनसन ही लगा सकता था कि इस भावहीन चेहरे वाले के सीने में कैसा हमदर्द दिल धड़क रहा है।

Kumar@31

समाप्त

□ 'बिना कुछ सोचे···बिना पूरी बात जाने···कैसे तूने इतनी गन्दी बात जुबान से निकाल दी ! जल क्यों न गई तेरी जुबान बहन के बारे में ऐसे अपशब्द कहते हुए ! आंखें भटक गई थी तो दिल की आवाज पर ही भरोसा किया होता। मुझे बहन समझता है तो कैसे मेरे चरित्र पर संदेह कर सका ? जाहिल···मूर्ख···क्या-क्या बक गया है तू ? अपने दिल से पूछ···क्या तुझे पापिन नजर आती हूं मैं ? कभी तुमसे कुछ छिपाया है क्या···?'

उपन्यासकार

सचिन

का नवीतम उपन्यास

प्रेरणा

जिसे आप वर्षों तक नहीं भुला पायें।
आज ही अपनी प्रति सुरक्षित करा लें

सचिन पाकेट बुक्स का एक गौरव शाली प्रकाशन

स्वास्थ्य रक्षा

प्रस्तुत पुस्तक में स्वास्थ्य रक्षा के लिये निर्धारित नियमों तथा सिद्धान्तों के साथ साथ आमतौर पर हो जाने वाले लक्षण तथा निवारण हेतु प्रयोग की जाने वाली दवाओं का पूर्ण विवरण आयुर्वेद विज्ञान के अनुसार दिया गया है।

हर परिवार के लिए उपयोगी एवम् संग्रह योग्य अनमोल पुस्तक।

स्वास्थ्य रक्षा

जिसे विशेष रूप से सचिन पाकेट बुक्स के लिये

डा० सिंगल

ने अपने लम्बे अनुभव से लिखा है।

शीघ्र प्रकाशित हो रहा है

पृष्ठ संख्या
लगभग २००

मूल्य ५.००

सचिन

के बाद

हिन्दी पाठकों के लिये एक और नाम

भावना

प्यार की मादकता व दर्द की कसक लिए

लेखिका

भावना

का एक और रूमानी शाहकार

खिलौना

प्रेम व चाहत में ऐसा भी होगा···इसकी तो उसने कल्पना भी न की थी···सब कुछ खोकर भी वह उफ न कर सकी! गीली लकड़ी की भांति सुलगती रही, मिटती रही। ऐसी ही एक युवती के पवित्र प्रेम व त्याग की कहानी है।

खिलौना

एक ऐसा उपन्यास जो आप मुद्दतों न भुला सकेंगे

मर्मस्पर्शी उपन्यासों के

लिये एक ही नाम

भावना

जिनके उपन्यास अब नियमित रूप से छपेंगे

सचिन पॉकेट बुक्स

१८/४० शक्ति नगर, दिल्ली-११०००७

सिंदूर

एक ऐसी युवती की तड़पा
देने वाली कहानी.....
जिन्हें लेखक ने उन दुखभरे
क्षणों में लिखा होगा.... जो कभी कभी
आते हैं...

उपन्यासकार **सचिन**

की एक मार्मिक
रचना

पैरी मैसन

विश्व-विख्यात जासूसी उपन्यासकार अर्ल स्टेनले गार्डनर लिखित वकील पैरी मैसन के हत्या ब्लैक मैलिंग व सस्पैंस से परिपूर्ण उपन्यास को हिंदी में प्रस्तुत करने जा रहे है। रूपान्तरकार हैं आपके जाने माने राजभारती।

प्रस्तुत उपन्यास हिंदी पाठकों के लिये एक नया आकर्षण होगा। यह हमारा दावा है।

राजभारती